पंचदश माला, खंड 24, अंक 15

मंगलवार, 24 अप्रैल, 2012
4 वैशाख, 1934 (शक)

लोक सभा वाद-विवाद

(हिन्दी संस्करण)

दसवां सत्र
(पंद्रहवीं लोक सभा)

Gazettes & Debates Section
Parliament Library Building
Room No. FB-025
Block 'G'
Acc. No. 85
Dated 10 Sept. 2014

(खण्ड 24 में अंक 11 से 20 तक हैं)

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

मूल्य : अस्सी रुपये

सम्पादक मण्डल

टी.के. विश्वानाथन
महासचिव
लोक सभा

ब्रह्म दत्त
संयुक्त सचिव

नवीन चन्द्र खुल्बे
निदेशक

सरिता नागपाल
अपर निदेशक

अरुणा वशिष्ठ
संयुक्त निदेशक

राजीव शर्मा
सम्पादक

सुनीता उपाध्याय
सम्पादक

रेनू बाला सूदन
सहायक सम्पादक

© 2012 लोक सभा सचिवालय

हिन्दी संस्करण में सम्मिलित मूल हिन्दी कार्यवाही ही प्रामाणिक मानी जाएगी। इसमें सम्मिलित मूलतः अंग्रेजी और अन्य भाषाओं · दिए गए भाषणों का हिन्दी अनुवाद प्रामाणिक नहीं माना जाएगा। पूर्ण प्रामाणिक संस्करण के लिए कृपया लोक सभा वाद-विवाद का मूर संस्करण देखें।

लोक सभा सचिवालय की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी सामग्री की न तो नकल की जाए और न ही पुनः प्रतिलिपि तैयार की जाए, सा ही उसका वितरण, पुनः प्रकाशन, डाउनलोड, प्रदर्शन तथा किसी अन्य कार्य के लिए इस्तेमाल अथवा किसी अन्य रूप या साधन द्वारा प्रेषण किया जाए, यह प्रतिबंध केवल इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोप्रति, रिकॉर्डिंग आदि तक ही सीमित नहीं है। तथापि इस सामग्री का केवल निर्ज गैर वाणिज्यिक प्रयोग हेतु प्रदर्शन, नकल और वितरण किया जा सकता है बशर्ते कि सामग्री में किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए औ सभी प्रतिलिप्यधिकार (कॉपीराइट) तथा सामग्री में अन्तर्विष्ट अन्य स्वामित्व संबंधी सूचनायें सुरक्षित रहें।

विषय सूची

[पंचदश माला, खंड 24, दसवां सत्र, 2012/1934 (शक)]

अंक 15, मंगलवार, 24 अप्रैल, 2012/4 वैशाख, 1934 (शक)

विषय	कॉलम
फिनलैंड के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत	1
निधन संबंधी उल्लेख	1-2
प्रश्नों के मौखिक उत्तर	
*तारांकित प्रश्न संख्या 261	4-8
प्रश्नों के लिखित उत्तर	
*तारांकित प्रश्न संख्या 262 और 280	8-144
अतारांकित प्रश्न संख्या 2991 से 3220	144-992
अध्यक्ष द्वारा उल्लेख	
भारत द्वारा अग्नि-पांच प्रक्षेपास्त्र का सफल प्रक्षेपण और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस	991-992
सभा पटल पर रखे गए पत्र	992-994
वित्त संबंधी स्थायी समिति	
51वें से 55वां प्रतिवेदन	995
विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति	
12वां प्रतिवेदन	995
जलदस्युता विधेयक, 2012	996
छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जिलाधिकारी के कथित अपहरण के बारे में	997-1001
नियम 377 के अधीन मामले	
(एक) सैफ्टी माचिस और मैच स्किलेटस को फोकस उत्पाद स्कीम से विशेष फोकस उत्पाद स्कीम में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता	
श्री मानिक टैगोर	1001-1002
(दो) देश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के व्यक्तियों के विरुद्ध अत्याचार को रोकने के लिए कानून का प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता	
श्री पन्ना लाल पुनिया	1002-1003

*किसी सदस्य के नाम पर अंकित + चिह्न इस बात का द्योतक है कि सभा में उस प्रश्न को उस सदस्य ने ही पूछा था।

(तीन) उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से होते हुए आनंद नगर और घुघुली के बीच नई रेल लाइन का निर्माण करने के लिए निधियां प्रदान किए जाने की आवश्यकता

श्री हर्ष वर्धन 1003

(चार) लक्षद्वीप की इंडिया रिजर्व बटालियन को लक्षद्वीप स्टेट आर्म्ड फोर्स के रूप में परिवर्तित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को क्रियान्वित किए जाने की आवश्यकता

श्री हमदुल्ला सईद 1004

(पांच) केरल को मिट्टी के तेल का मासिक कोटा बहाल किए जाने की आवश्यकता

श्री कोडिकुन्नील सुरेश 1004-1005

(छह) राजस्थान के जालोर और सिरोही जिलों में पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने की आवश्यकता

श्री देवजी एम. पटेल 1005-1006

(सात) बिहार के नवादा जिले के रजौली में परमाणवीय विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता

डॉ. भोला सिंह 1006

(आठ) गुजरात में सामुद्रिक विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता

श्री हरिन पाठक 1006-1007

(नौ) उत्तर प्रदेश के हरदोई से लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, शाहाबाद और संदीला तक मेमु ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता

श्रीमती ऊषा वर्मा 1007

(दस) उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत तथा उत्तर प्रदेश के देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बरहज और मऊ के बीच घाघरा नदी पर पुल के निर्माण के लिए निधियां आबंटित किए जाने की आवश्यकता

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल 1008

(ग्यारह) बिहार के हाजीपुर से रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र को कोलकाता ले जाने संबंधी प्रस्तावित कदम की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता

प्रो. रंजन प्रसाद यादव 1008-1009

(बारह) तमिलनाडु के धर्मपुरी स्थित केन्द्रीय विद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों को भरे जाने तथा साथ ही इस विद्यालय का उच्चतर-माध्यमिक स्तर के विद्यालय के रूप में उन्नयन किए जाने की आवश्यकता

श्री आर. थामराईसेलवन 1009-1010

(तेरह) केरल में श्री नारायण गुरू द्वारा स्थापित मठ में 'शारदा प्रतिष्ठा' की शताब्दी मनाने के उपलक्ष्य में सिक्का जारी किए जाने की आवश्यकता

श्री ए. सम्पत 1010

(चौदह) ओडिशा राज्य सरकार को राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों विशेषकर भद्रक और चंडीखोले के बीच के राजमार्गों की मरम्मत कराने के लिए निधियां मुहैया कराए जाने की आवश्यकता

श्री अर्जुन चरण सेठी 1010-1011

(पंद्रह) कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के तहत वृद्ध पेंशन-भोगियों को दी जा रही पेंशन में संशोधन किये जाने की आवश्यकता

श्री जोस के. मणि 1011

सभा की सेवा से सदस्यों के निलंबन के बारे में 1012-1014

अनुबंध-I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका 1015-1016

अतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका 1016-1028

अनुबंध-II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका 1029-1030

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका 1029-1032

लोक सभा के पदाधिकारी

अध्यक्ष

श्रीमती मीरा कुमार

उपाध्यक्ष

श्री कड़िया मुंडा

सभापति तालिका

श्री बसुदेव आचार्य

श्री पी.सी. चाको

श्रीमती सुमित्रा महाजन

श्री इन्दर सिंह नामधारी

श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना

श्री अर्जुन चरण सेठी

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह

डॉ. एम. तम्बिदुरई

डॉ. गिरिजा व्यास

श्री सतपाल महाराज

महासचिव

श्री टी.के. विश्वानाथन

लोक सभा

मंगलवार, 24 अप्रैल, 2012/4 वैशाख, 1934 (शक)

लोक सभा पूर्वाह्न ग्यारह बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदया *पीठासीन हुईं)*

फिनलैंड के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यगण, सर्वप्रथम मुझे एक घोषणा करनी है। मुझे अपनी ओर से तथा सभा के माननीय सदस्यों की ओर से, फिनलैंड की पार्लियामेंट के स्पीकर, महामहिम श्री ईरो हिनालूओमा और फिनलैंड के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का, जो हमारे सम्मानित अतिथियों के रूप में भारत की यात्रा पर आए हैं, स्वागत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

वे सोमवार, 23 अप्रैल, 2012 को भारत पहुंचे। वे इस समय विशेष प्रकोष्ठ में बैठे हैं। हम अपने देश में उनके सुखद और लाभप्रद प्रवास की कामना करते हैं। हम उनके माध्यम से फिनलैंड के महामहिम राष्ट्रपति, पार्लियामेंट, सरकार और मित्रजनों का अभिनन्दन करते हैं और अपनी शुभकामनाएं देते हैं।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

निधन संबंधी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्यगण मुझे सभा को अपने दो पूर्व सहयोगियों, श्री दिनेश प्रताप सिंह और श्री एन.के.पी. साल्वे के दुःखद निधन की सूचना देनी है।

श्री दिनेश प्रताप सिंह 1952 से 1962 तक पहली और दूसरी लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने उत्तर प्रदेश के क्रमशः बहराईच (पूर्व) और गोंडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया।

श्री दिनेश प्रताप सिंह ने समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान में गहरी रुचि ली और खादी के प्रचार के लिए अथक प्रयत्न किए। उन्होंने अनेक शैक्षणिक और अन्य सामाजिक संस्थाओं की नींव रखी।

श्री दिनेश प्रताप सिंह का निधन 85 वर्ष की आयु में 17 फरवरी, 2012 को लखनऊ में हुआ।

श्री एन.के.पी. साल्वे 1967 से 1977 तक चौथी और पांचवीं लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने मध्य प्रदेश के बैतुल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिधित्व किया। वह 1978 और 2002 तक चार बार लगातार राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

एक प्रख्यात सांसद श्री साल्वे ने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य और सभापति के रूप में कार्य किया। श्री साल्वे 1982 से 1983 तक सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री; 1983 से 1984 तक इस्पात और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री; 1984 से 1990 तक संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और जनवरी 1993 से मई 1996 तक केन्द्रीय मंत्रिमंडल में विद्युत मंत्री रहे। उन्होंने कैबिनेट रैंक के साथ नौवें वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री साल्वे कई सालों तक क्रिकेट प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रेजीडेंट और एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन के रूप में कार्य किया। भारत की प्रतिष्ठित 'चैलेंजर ट्राफी' का नामकरण उनके नाम पर किया गया।

श्री साल्वे ने अनेक देशों का भ्रमण किया। "पीस इन ओशियन" विषय पर 1970 में माल्टा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वह भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे।

श्री एन.के.पी. साल्वे का निधन 90 वर्ष की आयु में 1 अप्रैल, 2012 को दिल्ली में हुआ।

हम अपने इन मित्रों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं तथा मैं अपनी ओर से तथा इस सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करती हूं।

अब सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े होंगे।

पूर्वाह्न 11.03 बजे

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

[अनुवाद]

...(व्यवधान)...

श्री बसुदेव अचार्य (बांकुरा): महोदया, मैंने शून्य काल को निलंबित करने की सूचना दी है *...(व्यवधान)...*

अध्यक्ष महोदया: वह मुझे मिल गया है। मैं आपको शून्य काल में बोलने की अनुमति दूंगी।

...*(व्यवधान)*......

अध्यक्ष महोदया: मैं स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं रद्द करती हूं।

...*(व्यवधान)*......

अध्यक्ष महोदया : मैंने आपके स्थगन प्रस्ताव की सूचना को निरस्त कर दिया है। मैं आपको शून्य काल में बोलने की अनुमति दूंगी।

...*(व्यवधान)*...

अध्यक्ष महोदया: श्री तम्बिदुरई जी मुझे आपकी सूचना मिल गई है। मैं आपको शून्य काल में बोलने की अनुमति दूंगी।

...*(व्यवधान)*...

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए।

...*(व्यवधान)*...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: श्री जसवंत सिंह जी आप बोलिए।

...*(व्यवधान)*...

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए।

...*(व्यवधान)*...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृतांत में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जायेगा। मैं अपको शून्य काल में बोलने की अनुमति दूंगी।

...*(व्यवधान)*...

अध्यक्ष महोदया: श्री जसवंत सिंह जी आप बोलिए।

...*(व्यवधान)*...

श्री जसवंत सिंह (दार्जीलिंग): महोदया, मैं एक अनुरोध करना चाहता हूं ...*(व्यवधान)*...

*कार्यावाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

अध्यक्ष महोदया: मुझे अपकी सूचना मिल गयी है। मैं आपका शून्य काल में बोलने की अनुमति दूंगी। धन्यवाद

...*(व्यवधान)*...

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप सभी बैठ जाइए।

...*(व्यवधान)*...

अध्यक्ष महदया: आप सभी अपनी सीटों पर वापस चले जाइए। इतने दिन बाद लोक सभा रही है। कृपया प्रश्नकाल चलने दीजिए।

...*(व्यवधान)*...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृतान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जायेगा

...*(व्यवधान)*...*

पूर्वाह्न 11.06 बजे

प्रश्नों के मौखिक उत्तर

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: प्रश्न संख्या 261, श्री भरत राम मेघवाल, श्री हरिभाऊ जावले उपस्थित है।

[हिन्दी]

चीनी का उत्पादन और खपत

*261. **+श्री हरिभाऊ जावले:**

श्री भरत राम मेघवाल:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में चीनी का कितना भंडार है और वर्ष 2011-12 के दौरान इसका अनुमानत: कितना उत्पादन होगा तथा वर्ष 2012-13 के दौरान इसका क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

*कार्यावाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में चीनी की अनुमानतः कितनी खपत होगी;

(ग) क्या सरकार ने इस अवधि के दौरान चीनी के निर्यात के किसी प्रस्ताव को मंजूरी दी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों के दौरान कितनी मात्रा में चीनी का निर्यात किया गया और वर्ष 2012-13 के दौरान कितनी मात्रा के निर्यात का प्रस्ताव है;

(ङ) क्या विभिन्न पक्षों से चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के सुझाव प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

[अनुवाद]

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (च) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) 31.3.2012 के अनुसार देश में चीनी मिलों के पास उपलब्ध चीनी का स्टाक अतंतिम रूप से लगभग 174 लाख टन होने का अनुमान है। 2011-12 चीनी मौसम (अक्तूबर-सितंबर) के दौरान चीनी का उत्पादन अनंतिम रूप से लगभग 252 लाख टन होने का अनुमान लगाया गया है। चूंकि अगले चीनी मौसम के लिए गन्ने का रोपण चल रहा है इसलिए 2012-13 चीनी मौसम के दौरान चीनी उत्पादन का अनुमान लगाना अभी शीघ्रता करना होगा।

(ख) वर्तमान चीनी मौसम 2011-12 के दौरान देश में चीनी की घरेलू खपत अनंतिम रूप से 220 लाख टन होने का अनुमान है।

(ग) और (घ) वर्तमान चीनी मौसम 2011-12 के दौरान केन्द्रीय सरकार ने खुले सामान्य लाइसेंस के तहत 10 लाख टन की दो खेपों में 20 लाख टन और अन्य स्कीमों के तहत 1.53 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति पहले से ही दे दी है। सरकार ने खुले सामान्य लाइसेंस के तहत 10 लाख टन और चीनी के निर्यात करने का निर्णय लिया है जिसका परिचालन अभी किया जाना है। डी.जी.सी.आई.एंड.एस. कोलकाता द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन चीनी मौसमों अर्थात 2008-09, 2009-10 और 2010-11 के दौरान निर्यात की गई चीनी की मात्रा क्रमशः 2.165 लाख टन, 2.371 लाख टन और 28.14 लाख टन थी। चूंकि सरकार ने चीनी मौसम 2012-13 के लिए चीनी उत्पादन का कोई अनुमान नहीं लगाया है इसलिए आगामी मौसम में चीनी का संभावित निर्यात दर्शा पाना संभव नहीं है।

(ङ) जी नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

श्री हरिभाऊ जावले: अध्यक्ष महोदया, कृषि उत्पाद की आयात-निर्यात नीति से देश के किसानों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है।...(*व्यवधान*)... अध्यक्ष महोदया, इस सरकार की कृषि उत्पाद की आयात-निर्यात की गलत नीति से अब तक किसानों को कई करोड़ रुपये का घाटा सहन करना पड़ा है। कपास में ऐसा ही हुआ है। जब किसानों के घर में कपास का उत्पाद आ गया तब सरकार ने कपास का निर्यात बंद कर दिया और जब किसानों के घर से कपास निकल गया तब सरकार ने कपास का निर्यात शुरू कर दिया। अध्यक्ष महोदया, ऐसा ही चीनी के बारे में हो रहा है। चीनी के बारे में माननीय मंत्री महोदय ने ऐसा कहा है, अपने उत्तर में कहा है कि इस साल 292 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन होने वाला है।...(*व्यवधान*)... अध्यक्ष महोदया यह क्या चल रहा है?...(*व्यवधान*)...

अध्यक्ष महोदया: कृपया, आप अपना प्रश्न पूछिए।

...(*व्यवधान*)...

श्री हरिभाऊ जावले: अगर हमारे प्रश्न को न्याय ही नहीं मिलेगा तो हम क्या पूछेंगे। आप इन्हें एक घंटे रुकने के लिए बोलिए।...(*व्यवधान*)...

अध्यक्ष महोदया: कृपया, आप अपना प्रश्न पूछिए।

...(*व्यवधान*)...

श्री हरिभाऊ जावले: अध्यक्ष महोदया, मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सरकार ने दस लाख मीट्रिक टन चीनी एक्सपोर्ट करने का जो निर्णय लिया है उसे वह कितने समय में एक्सपोर्ट करेंगे? चीनी निर्यात करने के बारे में टाइम बाउंड कार्यक्रम नहीं होने से चीनी उत्पादक व्यापारियों एवं गन्ना उत्पादक किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि चीनी का पूरा निर्यात करने के लिए और चीनी का जल्द से जल्द निर्यात

करने में सरकार कितना समय लेगी? चीनी पर जो नियंत्रण लगा है क्या वह नियंत्रण हटाया जाएगा? ...(*व्यवधान*)...

अध्यक्ष महोदया: कृपया आप अपनी सीट पर जाइए।

...(*व्यवधान*)...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कृपया अपने स्थान पर वापस जाएं।

...(*व्यवधान*)...

प्रो. के.वी. थॉमस: महोदया, इस वर्ष का हमारा उत्पादन अनुमान 252 लाख टन है। हमारा आंतरिक उपयोग लगभग 220 लाख टन है। वर्ष 2011-12 में, ओ.जी.एल. IV के तहत लगभग 10 लाख टन और ओ.जी.एल. V के तहत आगे ओर 10 लाख टन निर्यात की अनुमति दी गई है।

ई.जी.ओ.एम. ने ओ.जी.एल. VI का अनुमोदन किया है, और V जिससे आगे 10 लाख टन और निर्यात किया जाएगा। ओ.जी.एल. IV और V के तहत लगभग 20 लाख टन मौजूदा नियमों के अनुसार निर्यात किया गया अंतिम ओ.जी.एल. VI के अनुसार निर्यात किया गया। अंतिम ओ.जी.एल. VI निर्यात ई.जी.ओ.एम. द्वारा निर्धारित किये जाने वाले नियमों के अनुसार होगा। ...(*व्यवधान*)...

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यगण कृपया अपने स्थान पर वापस जाएं और अपना स्थान ग्रहण करें।

...(*व्यवधान*)...

अध्यक्ष महोदया: कृपया अपना स्थान ग्रहण करें।

...(*व्यवधान*)...

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप सभी बैठ जाइए।

...(*व्यवधान*)...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कृपया वापस जाइये।

...(*व्यवधान*)...

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप खड़े मत होइए। आप सभी बैठ जाइए।

...(*व्यवधान*)...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृतान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

...(*व्यवधान*)...*

अध्यक्ष महोदया: कृपया वापस जाएं।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

[हिन्दी]

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना

*262. **श्रीमती ज्योति धुर्वे:**

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में नए खाद्य प्रसंस्करण एकक स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ आबंटित धनराशि सहित तत्संबंधी राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना/स्कीम बनाई है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित योजना की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं; और

(ङ) विभिन्न राज्यों में ऐसे एकक स्थापित करने हेतु उद्यमियों को प्रदान की जाने वाली सहायता/प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में अपने स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें स्थापित नहीं करता है। परन्तु खाद्य

*कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण योजना स्कीम के अंतर्गत गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल तथा ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। स्कीम के अंतर्गत संयंत्र एवं मशीनरी तथा तकनीकी सिविल कार्यों की लागत की सामान्य क्षेत्रों में 25% की दर से परन्तु अधिकतम 50 लाख रुपए और दुर्गम क्षेत्रों जैसे जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम एवं पूर्वोत्तर राज्यों, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप और आई.टी.डी.पी. क्षेत्रों में 33.33% की दर से परन्तु अधिकतम 75 लाख रुपए की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है।

(ख) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण स्कीम के अंतर्गत निधियां राज्यवार अथवा यूनिटवार आबंटित नहीं की जाती हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों को उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) जी हां महोदया। 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय हेतु खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र पर गठित कार्यसमूह ने वर्ष 2012-13 से एक केंद्र प्रायोजित नई स्कीम - राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन (एन.एम.एफ.पी.) शुरू करने की सिफारिश की है। सरकार ने इस स्कीम के लिए तैयारी कार्यकलाप शुरू करने हेतु राज्य सरकारों के लिए एक प्रस्ताव का अनुमोदन दिया है और इस प्रयोजन हेतु 51 करोड़ रुपए जारी करने का भी अनुमोदन दिया है।

(घ) एन.एम.एफ.पी. की मुख्य-मुख्य बातें हैं - (i) आगामी अपेक्षित विकास प्रगति तथा क्षेत्र के लिए मूल्यवृद्धि के अनुरूप मंत्रालय की अगला लक्ष्य प्राप्त करना, (ii) विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण (iii) राज्य/संघराज्य क्षेत्रों की अधिक भूमिका, (iv) बेहतर आउटरीच और (v) प्रभावी पर्यवेक्षण व मॉनिटरिंग। एन.एम.एफ.पी. खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास हेतु लाभभोगियों, परियोजना स्थलों आदि के चयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र को लचीलापन भी प्रदान करेगा।

(ङ) वर्ष 2012-13 में एन.एम.एफ.पी. स्कीम में देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए ऊपर पैरा (क) में यथावर्णित 11वीं योजना के दिशानिर्देशों के पैटर्न पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है।

विवरण

*खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11 तथा चालू वर्ष के दौरान राज्यवार सहायता प्राप्त और वित्तीय सहायता प्राप्त यूनिटों की संख्या**

(लाख रुपये)

क्र.सं.	राज्य का नाम	2007-08		2008-09		2009-10	
		अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	आन्ध्र प्रदेश	43	947.49	48	908.999	41	677.05
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0
3.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	1	17.67	3	376.14
4.	असम	12	442.17	17	176.79	22	418.74
5.	बिहार	5	83.915	2	42.3	2	35.59

1	2	3	4	5	6	7	8
6.	चंडीगढ़	6	138.08	0	0	0	0
7.	छत्तीसगढ़	0	0	10	163.725	4	45.46
8.	दिल्ली	0	0	7	160.65	2	50
9.	गोवा	1	17	1	24.57	1	24.26
10.	गुजरात	32	544.06	39	714.81	42	665.18
11.	हरियाणा	19	418.72	23	349.415	11	134.96
12.	हिमाचल प्रदेश	12	325.09	5	152.745	10	269.58
13.	जम्मू और कश्मीर	9	109.855	3	22.05	7	59.73
14.	झारखण्ड	2	9.09	0	0	3	44.09
15.	कर्नाटक	34	529.62	35	629.895	24	269.55
16.	केरल	47	876.8	32	545.37	33	567.53
17.	मध्य प्रदेश	10	172.32	14	201.87	18	273.03
18.	महाराष्ट्र	95	1696.805	121	1802.633	113	1717.3
19.	मणिपुर	3	61.74	3	45.51	6	163.75
20.	मेघालय	1	8.19	2	159.57	2	123.02
21.	मिजोरम	0	0	0	0	1	11
22.	नागालैण्ड	1	27.485	4	178.205	1	64.99
23.	ओडिशा	6	129.41	2	38.68	6	84.4
24.	पुडुचेरी	2	31.3	0	0	0	0
25.	पंजाब	32	481.45	61	841.36	13	172.37
26.	राजस्थान	35	566.075	44	551.975	27	27325.46
27.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0
28.	तमिलनाडु	53	951.79	36	594.355	41	672.11
29.	त्रिपुरा	2	39.98	1	13.86	0	0
30.	उत्तर प्रदेश	63	1123.425	43	875.475	32	560.63
31.	उत्तराखण्ड	9	339.78	6	163.15	12	307.57
32.	पश्चिम बंगाल	35	653.56	19	390.135	10	136.48
	कुल	569	10725.2	579	9765.767	487	8249.97

(लाख रुपये)

क्र.सं.	राज्य का नाम	2010-11		2011-12	
		अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि
1	2	9	10	11	12
1.	आन्ध्र प्रदेश	30	562.096	105	1904.72628
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0
3.	अरुणाचल प्रदेश	2	66.420	0	0
4.	असम	26	875.701	12	242.77822
5.	बिहार	6	136.681	5	89.65674
6.	चंडीगढ़	1	25.000	0	0
7.	छत्तीसगढ़	27	297.574	75	841.82756
8.	दिल्ली	3	82.600	16	410.68
9.	गोवा	1	25.00	2	50.00
10.	गुजरात	52	1419.72	106	1975.03353
11.	हरियाणा	14	325.280	62	828.2817
12.	हिमाचल प्रदेश	7	204.530	14	377.51
13.	जम्मू और कश्मीर	5	89.095	6	98.42
14.	झारखण्ड	4	85.425	1	16.57
15.	कर्नाटक	14	377.790	61	896.29261
16.	केरल	19	411.72	52	901.285
17.	मध्य प्रदेश	14	211.294	23	376.54125
18.	महाराष्ट्र	56	1006.524	202	2824.15216
19.	मणिपुर	1	23.975	11	189.71817
20.	मेघालय	2	100.045	0	0
21.	मिजोरम	0	0	0	0
22.	नागालैण्ड	1	6.205	0	0

1	2	9	10	11	12
23.	ओडिशा	8	200.875	9	113.59075
24.	पुडुचेरी	0	0	1	25
25.	पंजाब	9	149.495	147	1692.90175
26.	राजस्थान	48	691.123	95	1236.56315
27.	सिक्किम	0	0	0	0
28.	तमिलनाडु	24	493.582	75	1389.79015
29.	त्रिपुरा	0	0	0	0
30.	उत्तर प्रदेश	47	1078.638	53	907.05132
31.	उत्तराखण्ड	6	168.523	5	138.04695
32.	पश्चिम बंगाल	10	317.945	19	319.87
	कुल	437	9432.862	1157	17846.28729

*आंकड़े समन्वय बैंक अर्थात एच.डी.एफ.सी. बैंक के समन्वयाधीन हैं।

[अनुवाद]

युवाओं के विकास हेतु योजनाएं

*263. **श्री नवीन जिन्दल:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) युवाओं के विकास हेतु कार्यान्वित की जा रही योजनाओं/कार्यक्रमों के नाम क्या हैं तथा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इन योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्य-वार कितनी धनराशि आबंटित की गई;

(ख) क्या सरकार का विचार देश में युवाओं के विकास और प्रोत्साहनार्थ तैयार की गई योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करने का है, ताकि इन्हें और अधिक प्रभावी बनाया जा सके;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) चालू योजनाओं के कार्यान्वयन में क्या कमियां पाई गई हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाए किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) युवाओं के विकास के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित स्कीमें/कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे हैं:-

(i) नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एन.वाई.के.एस.)

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आर.जी.एन.आई.वाई.डी.)

(iv) राष्ट्रीय युवा कोर (एन.वाई.सी.)

(v) राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (एन.पी.वाई.ए.डी.)

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन स्कीमों/कार्यक्रमों में से प्रत्येक के लिए आवंटित निधियों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण I और II में दिया गया है।

(ख) जी हां। युवाओं को नई चुनौतियों का सामने करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सरकार ने देश में युवाओं

के विकास और प्रगति के लिए निर्धारित स्कीमों/कार्यक्रमों की हाल ही में समीक्षा की है ताकि उन्हें और प्रभावी बनाया जा सके। युवाओं की आबादी संबंधी बदलती आंकड़ों तथा, उनकी आवश्यकताओं के साथ तालमेल स्थापित करने के लिए मंत्रालय ने राष्ट्रीय मूल्यों, सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने, युवाओं के सशक्तिकरण, स्वस्थ जीवन शैली, खेल और मनोरंजन सुविधाओं, लिंग और समानता को बढ़ावा देने, समुदाय सेवा में भागीदारी, जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए युवाओं को तैयार करने, पर्यावरण और इसके संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर विशेष बल देते हुए नई युवा नीति का प्रारूप तैयार किया हैं। नई युवा नीति को सभी राज्य सरकारों को उनसे टिप्पणियां आमंत्रित करने के लिए परिचालित कर दिया गया है और मंत्रालय की वेबसाईट पर डाल दिया गया है।

(ग) और (घ) नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एन.वाई.के.एस.) के समग्र प्रबंधन का अध्ययन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम.), अहमदाबाद द्वारा किया गया। इसमें कुछ प्रमुख सिफारिशें की गई जैसे एन.वाई.के.एस. कार्यक्रमों का पुनर्गठन युवाओं के सशक्तिकरण और विकास पर एन.वाई.के.एस. प्रभाव, सेवाओं की सुपुर्दगी में सुधार के लिए संरचनात्मक परिवर्तन और अन्य मंत्रालयों तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों आदि की स्कीमों और कार्यक्रमों के साथ समन्वय। सरकार ने इन सिफारिशों को लागू किया है और इस प्रकार युवा नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, अंचल कार्यालयों की संख्या 18 से बढ़ाकर 28 कर दी गई है, देश के 200 सीमावर्ती जनजातीय/पहाड़ी जिलों में लड़कियों के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम (एस.यू.टी.पी.) लागू किया है, युवा विकास और सशक्तिकरण पर जीवन कौशल शिक्षा, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सदभाव पर विभिन्न विषयों पर संशोधित प्रशिक्षण नियम पुस्तिकाएं तैयार की है और स्वयंसेवकों को दिए जा रहे मानदेय को 1000 रु. में बढ़ाकर 2500 रु. किया है।

इसके अलावा टाटा इंस्टिट्यूट और सोशल साइंसिस (टी.आई.एस.एस.) द्वारा एन.एस.एस. के कार्यकरण का मूल्यांकन किया गया। इस अध्ययन में विशिष्ट लक्ष्य विभिन्न जोनों में एन.एस.एस. के मौजूदा कार्यकलापों की योजना और कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा इसके प्रभाव और स्थायित्व का मूल्यांकन करना, विभिन्न स्तरों पर मौजूदा प्रशासनिक और वित्तीय कार्यावधि के ढांचे और कार्यप्रणाली की जांच करना तथा पुनर्संरचना का सुझाव देना और विभिन्न प्रशिक्षण स्कूलों में एन.एस.एस. अधिकारियों के दिए गए प्रशिक्षण का मूल्यांकन करना तथा एन.एस.एस. के सतत विकास हेतु जरूरी अभिप्रेरक कारकों का पता लगाना था। रिपोर्ट में पायी गई मुख्य कमियां हैं: एन.एस.एस. कार्यकलापों के लिए अपर्याप्त वित्तीय आबंटन, अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवकों में प्रेरणा का अभाव, जरूरी कार्यकलापों में त्रुटि, राज्य संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति न करना तथा स्कीम के लिए नियमित कार्यक्रम सलाहकार की कमी। पहले ही किए गए उपचारात्मक उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ स्कीम के अंतर्गत लागत मानकों में वृद्धि करना, कार्यक्रम अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार, स्वयंसेवकों के लिए नये साहसिक के पद के लिए भर्ती नियम बनाना शामिल है। प्रमुख क्षेत्रों यथा पर्यावरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, जन स्वास्थ्य और स्वच्छता, ग्रामीण विकास और कौशल विकास का पता लगाकर नियमित कार्यक्रमों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

विवरण-I

परिव्यय/व्यय का वर्षवार और योजनावार ब्यौरा

(करोड़ रुपये)

योजना का नाम	2009-2010		2010-2011		2011-2012		2012-2013	
	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एन.वाई.के.एस.)	127.83	127.83	123.31	121.24	133.97	133.67	134.50	

1	2	3	4	5	6	7	8	9
राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)	59.27	59.27	66.86	66.86	57.80	57.80	86.87	-
राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान	9.10	9.10	9.90	9.90	21.91	21.91	20.90	-
राष्ट्रीय युवा कोर (एन.वाई.सी)	-	-	52.25	45.98	58.00	49.42	63.50	-
राष्ट्रीय युवा तथा किशोर विकास कार्यक्रम	24.50	22.70	27.68	26.38	23.00	22.34	23.00	-

विवरण-II

विगत तीन वर्षों के दौरान नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एन.वाई.के.एस.) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अंतर्गत की गई राज्यवार आवंटित निधियों और व्यय का ब्यौरा

(लाख रुपये)

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	2009-2010				2010-2011			
	एन.वाई.के.एस.		एन.एस.एस.		एन.वाई.के.एस.		एन.एस.एस.	
	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	153	145	03	03	132	124	05	05
आन्ध्र प्रदेश	715	727	692	692	836	795	677	677
अरुणाचल प्रदेश	155	187	20	20	141	141	18	18
असम	731	691	81	81	691	692	00	00
बिहार	1119	1111	103	103	1189	1154	119	119
चंडीगढ़	60	50	31	31	39	35	47	47
छत्तीसगढ़	268	254	164	164	311	312	189	189
दादरा और नागर हपेली	29	27	02	02	25	22	04	04
दमण और द्वीव	48	44	03	03	48	42	05	05

1	2	3	4	5	6	7	8	9
दिल्ली	94	99	00	00	96	86	00	00
गोवा	62	58	53	53	53	52	60	60
गुजरात	588	555	291	291	580	521	446	446
हरियाणा	492	489	190	190	498	457	219	219
हिमाचल प्रदेश	371	401	215	215	390	335	149	149
जम्मू और कश्मीर	413	545	99	99	479	418	00	00
झारखंड	519	482	00	00	531	502	00	00
कर्नाटक	560	560	477	477	617	560	332	332
केरल	416	403	284	284	469	423	367	367
लक्षद्वीप	30	29	03	03	25	24	05	05
मध्य प्रदेश	1172	1131	238	238	1162	1138	274	274
महाराष्ट्र	944	922	561	561	1007	998	804	804
मणिपुर	280	278	00	00	259	258	00	00
मेघालय	161	189	49	49	153	151	59	59
मिजोरम	103	99	69	69	102	102	82	82
नागालैंड	255	249	21	21	209	209	25	25
ओडिशा	508	498	179	179	539	534	167	167
पुडुचेरी	87	85	12	12	89	83	39	39
पंजाब	451	435	203	203	524	477	312	312
राजस्थान	894	876	318	318	943	842	365	365
सिक्किम	141	121	38	38	128	129	33	33
तमिलनाडु	902	885	569	569	977	927	927	927
त्रिपुरा	117	107	69	69	108	108	82	82
उत्तर प्रदेश	1731	1763	553	553	1834	1862	553	553
उत्तराखंड	280	280	168	168	283	293	120	120
पश्चिम बंगाल	766	756	169	169	817	812	202	202

(लाख रुपये)

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	2011-2012			
	एन.वाई.के.एस.		एन.एस.एस.	
	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	10	11	12	13
अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	178	173	05	05
आन्ध्र प्रदेश	844	793	688	688
अरुणाचल प्रदेश	152	139	37	37
असम	806	759	96	96
बिहार	1274	1209	90	90
चंडीगढ़	33	29	47	47
छत्तीसगढ़	315	295	162	162
दादरा और नागर हवेली	33	29	04	04
दमन और द्वीव	62	57	05	05
दिल्ली	104	91	00	00
गोवा	64	60	48	48
गुजरात	645	601	267	267
हरियाणा	538	500	169	169
हिमाचल प्रदेश	400	371	154	154
जम्मू और कश्मीर	490	456	89	89
झारखंड	582	546	80	80
कर्नाटक	678	630	446	446
केरल	492	458	282	282
लक्षद्वीप	30	29	05	05
मध्य प्रदेश	1337	1255	225	225
महाराष्ट्र	1038	966	520	520
मणिपुर	302	279	43	43

1	10	11	12	13
मेघालय	170	156	50	50
मिजोरम	107	97	82	82
नागालैंड	238	223	19	19
ओडिशा	608	570	168	168
पुडुचेरी	125	118	33	33
पंजाब	534	503	241	241
राजस्थान	1011	939	302	302
सिक्किम	134	124	33	33
तमिलनाडु	1049	987	606	606
त्रिपुरा	110	100	62	62
उत्तर प्रदेश	1982	1865	416	416
उत्तराखंड	304	284	164	164
पश्चिम बंगाल	870	814	152	152

बीजों की गुणवत्ता

*264. **श्री अदगुरू एच. विश्वनाथ:**

श्री प्रदीप माझी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के दौरान बीजों की कितनी मांग थी तथा सरकार और निजी एजेंसियों द्वारा किसानों को राज्य-वार कितनी मात्रा में बीज उपलब्ध कराए गए;

(ख) क्या केन्द्र सरकार को चालू फसल मौसम के दौरान विभिन्न राज्यों से किसानों को नकली/घटिया किस्म के बीजों की आपूर्ति किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान किस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) सरकार द्वारा उन पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ङ) देश में किसानों की गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के दौरान सरकार और निजी एजेंसियां द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों का राज्य-वार आवश्यकता और गुणवत्ता का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) से (घ) वर्ष 2011-12 में वर्तमान फसल मौसम के दौरान कृषि एवं सहकारिता विभाग को घटिया/नकली बीजों के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका ब्यौरा की गई कार्रवाई के साथ संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ङ) देश में प्रमाणित/गुणवत्ताप्रद बीजों का उत्पादन 2005-06 के 140.51 लाख क्विंटल से बढ़कर 2011-12 में 353.62 लाख क्विंटल हो गया है। गुणवत्ताप्रद बीजों का पर्याप्त उत्पादन और देश के किसानों को उनकी उपलब्धता तथा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, कृषि एवं सहकारिता विभाग विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित

कर रहा है। केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम "गुणवत्ताप्रद बीजों के उत्पादन व वितरण के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास एवं सुदृढ़ीकरण" के अधीन सार्वजनिक और साथ ही निजी क्षेत्र में बीज अवसंरचना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण, बीज ग्राम कार्यक्रम के माध्यम से फार्म पर बचाए गए बीच की गुणवत्ता अपग्रेड करने, संकर बीजों के उत्पादन व वितरण, आकस्मिक स्थितियों में बीज उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए बीज बैंक की स्थापना किए जाने, बीजों की गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था आदि के लिए सहायता मुहैया कराई जाती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न फसल विकास कार्यक्रम/स्कीमों अर्थात: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, (एन.एफ.एस.एम.), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.), समेकित तिलहन, आयलपाम एवं मक्का स्कीम (आइसोपाम), बृहद् कृषि प्रबंधन (एम.एम.ए.), कपास प्रौद्योगिकी मिशन, पटसन एवं मेस्ता प्रौद्योगिकी मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए बागवानी मिशन (एच.एम.एन.ई.) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कार्यान्वित मेगा बीज परियोजना के अधीन उत्पादन व वितरण राजसहायता सहित बीज संबंधी कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा, गुणवत्ताप्रद/प्रमाणित बीजों की मांग व आपूर्ति का ध्यान रखने के लिए, प्रत्येक वर्ष के खरीफ व रबी मौसम से पहले राज्यों के साथ अंचलीय बैठकें की जाती हैं, जिनमें राज्यों और विभिन्न बीज उत्पादक एजेंसियों के बीच बीज-आपूर्ति एवं वितरण हेतु टाई-अप को सरल बनाया जाता है।

विवरण-I

2009-10, 2010-11 और 2011-12 के दौरान बीजों की राज्य-वार आवश्यकता एवं उपलब्धता

(लाख क्विंटल में)

राज्य	2009-10				2010-11			
		उपलब्धता				उपलब्धता		
	आवश्यकता	सरकारी एजेंसियां	निजी	कुल	आवश्यकता	सरकारी एजेंसियां	निजी	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आन्ध्र प्रदेश	39.27	23.09	20.91	44.00	44.01	40.59	14.43	55.02
अरूणाचल प्रदेश	0.12	0.09	0.03	0.12	0.11	0.11	0.00	0.11
असम	4.82	2.60	2.22	4.82	7.05	2.00	5.05	7.05
बिहार	11.83	8.63	4.03	12.66	13.13	7.07	6.61	13.68
छत्तीसगढ़	4.28	4.27	0.00	4.28	5.07	5.45	0.56	6.01
गोवा	0.03	0.03	0.00	0.03	0.05	0.05	0.00	0.05
गुजरात	7.90	2.62	6.61	9.23	8.11	2.65	6.56	9.20
हरियाणा	8.53	11.58	1.87	13.45	11.35	3.54	10.56	14.10
हिमाचल प्रदेश	1.38	0.78	0.59	1.38	2.28	1.59	0.77	2.37
झारखंड	2.49	2.09	0.00	2.09	3.39	2.46	2.78	5.25
जम्मू और कश्मीर	0.70	0.67	0.04	0.71	1.14	0.91	0.23	1.14

1	2	3	4	5	6	7	8	9
कर्णाटक	10.36	7.29	4.63	11.92	11.04	10.99	4.32	15.30
केरल	1.20	1.24	0.00	1.24	1.20	1.32	0.00	1.32
मध्य प्रदेश	17.63	11.78	13.77	25.55	23.52	13.61	17.47	31.08
मेघालय	0.13	0.13	0.01	0.13	0.15	0.14	0.01	0.15
महाराष्ट्र	25.31	21.93	4.88	26.81	27.04	12.84	14.93	27.78
मणिपुर	0.45	0.45	0.00	0.45	0.13	0.13	0.00	0.13
मिजोरम	0.02	0.01	0.00	0.02	0.03	0.03	0.00	0.03
नागालैंड	0.09	0.07	0.03	0.09	0.19	0.19	0.00	0.19
ओडिशा	6.48	6.64	0.00	6.64	6.86	7.64	0.00	7.64
पुडुचेरी	0.11	0.12	0.00	0.12	0.11	0.11	0.00	0.11
पंजाब	14.28	5.82	9.47	15.29	13.28	2.00	13.18	15.18
राजस्थान	19.36	10.63	9.82	20.45	18.42	9.63	9.62	19.25
सिक्किम	0.08	0.08	0.00	0.08	0.08	0.08	0.00	0.08
तमिलनाडु	11.15	3.79	10.75	14.54	5.93	3.29	6.71	10.00
त्रिपुरा	0.22	0.27	0.00	0.27	0.27	0.29	0.01	0.31
उत्तरांचल	1.69	1.66	0.00	1.67	1.00	0.98	0.03	1.01
उत्तर प्रदेश	42.70	34.23	8.83	45.11	55.25	21.88	24.74	46.63
पश्चिम बंगाल	16.49	8.22	8.37	16.60	30.88	13.86	17.33	31.19
कुल	249.12	170.80	108,92	279.72	290.76	165.44	155.92	321.36

(लाख क्विंटल में)

राज्य	20011-12			
	आवश्यकतां	उपलब्धता		
		सरकारी एजेंसियां	निजी	कुल
1	10	11	12	13
आन्ध्र प्रदेश	48.04	47.32	22.19	69.51
अरुणाचल प्रदेश	0.12	0.12	0.00	0.12

1	10	11	12	13
असम	9.61	4.27	5.34	9.61
बिहार	15.80	8.11	8.95	17.06
छत्तीसगढ़	6.27	4.81	1.20	6.01
गोवा	0.05	0.05	0.00	0.05
गुजरात	13.76	3.32	10.82	14.14
हरियाणा	10.85	4.34	11.27	15.61
हिमाचल प्रदेश	1.64	1.44	0.20	1.64
झारखंड	5.65	1.01	0.00	1.01
जम्मू और कश्मीर	1.16	0.97	0.31	1.28
कर्नाटक	11.60	8.36	5.11	13.48
केरल	1.20	1.09	0.00	1.09
मध्य प्रदेश	29.16	18.91	14.21	33.12
मेघालय	0.18	0.16	0.02	0.18
महाराष्ट्र	27.30	13.84	15.76	29.60
मणिपुर	0.16	0.16	0.00	0.16
मिजोरम	0.01	0.01	0.00	0.01
नागालैंड	1.41	0.47	0.00	0.47
ओडिशा	8.35	6.24	0.00	6.24
पुडुचेरी	0.11	0.11	0.00	0.11
पंजाब	13.59	2.52	15.30	17.82
राजस्थान	20.42	12.95	12.04	24.99
सिक्किम	0.06	0.06	0.00	0.06
तमिलनाडु	5.51	2.96	5.72	8.69
त्रिपुरा	0.24	0.25	0.00	0.25

1	10	11	12	13
उत्तरांचल	1.08	0.97	0.00	0.97
उत्तर प्रदेश	61.95	23.13	27.89	51.02
पश्चिम बंगाल	35.13	12.68	16.63	29.31
कुल	330.41	180.66	172.96	353.62

विवरण-II

वर्ष 2011-2012 के दौरान भारत सरकार द्वारा प्राप्त नकली/घाटिया बीजों की शिकायतों का ब्यौरा और इस प्रकार की शिकायतों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्यों का नाम	शिकायतों का विवरण	की गई कार्रवाई
1	2	3	4
1.	केरल	राष्ट्रीय बीज निगम लिमि. द्वारा केरल के अलापुज्जा जिले में कुट्टानाड में किसानों को वितरित बीजों के कम अंकुरण और अधिक कुट्टी धान के संबंध में अपर-कुट्टानाड धान किसान समिति, थिरूवल्ला, केरल के अध्यक्ष श्री सैनएप्पन की शिकायत।	शिकायत प्राप्त होने के पश्चात, क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमि. (एन.एस.सी.) ने केरल के कुट्टानाड जिले का दौरा किया और इस मामले पर रिपोर्ट प्राप्त की। रिपोर्ट में यह पाया गया कि एन.एस.सी. द्वारा आपूर्ति किए गए बीजों में कीट क्षति और कुट्टी बीज की उपस्थिति थी। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि कीट प्रभावित बीज मात्रा को एन.एस.सी. ने संबंधित किसानों को नए बीज देकर प्रतिस्थापित कर दिया है।
2.	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र के धूले जिले के चार किसानों ने अल्टेरनेरिया लीफ ब्लाइट रोग से गंभीर रूप से ग्रसित होने के चलते बीटी कपास संकर "सरपास 1037" बीजी II में उत्पादन हानि से संबंधित शिकायत की थी। इस संकर बीज का बायर बायो साईंस प्रा.लि. द्वारा उत्पादन और विपणन किया जाता था।	शिकायत की जांच जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति द्वारा की गई थी और निदेशक आदान एवं गुणवत्ता नियंत्रण को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई थी। रिपोर्ट में पाया गया कि अल्टेरनेरिया लीफ ब्लाइट रोग के चलते 164 किसानों को नुकसान हुआ। रिपोर्ट के आधार पर निदेशक, आदान एवं गुणवत्ता नियंत्रण, महाराष्ट्र सरकार ने बायर बायो साईंस प्रा. लिमि. को प्रभावित किसानों के 44,77,672 रुपए की धनराशि की प्रतिपूर्ति का भुगतान करने का आदेश दिया। इस मामले को कंपनी द्वारा चुनौती दी गई है और यह मुम्बई, उच्च न्यायालय में न्यायाधीन है।
3.	महाराष्ट्र	सोयाबीन बीजों के अंकुरण समस्या के संबंध में खानदेश मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र के किसानों से शिकायतें प्राप्त कीं।	ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा शिकायतों का सत्यापन कराया गया था और जिला कृषि अधीक्षता में जिला स्तरीय समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। जिला स्तरीय समिति ने बीज कंपनी को मामले के आधार पर हानि की

1	2	3	4
			प्रतिपूर्ति करने की सलाह दी थी। तदनुसार प्रभावित किसानों को 2.02 करोड़ रुपए की धनराशि निर्मुक्त की गई है। सोयाबीन बीजों के अंकुरण नहीं होने पर कंपनियों/डिलरों के खिलाफ 76 न्यायिक मामले शुरू किए गए हैं। दो कंपनियों जिन्होंने बिना लाइसेंस के सोयाबीन बीज बेचा था, के खिलाफ पुलिस केस भी दर्ज किए गए हैं। 68 सोयाबीन कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।
4.	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के 108 किसानों ने अल्टेरनेरिया लीफ ब्लाइट रोग और सफेद कीट से ग्रसित होने के चलते बीटी कपास संकर "सरपास 1037" बीजी II में पैदावार हानि की शिकायतें की हैं। इस संकर बीज का बायर बायो साईंस प्रा. लिमि. द्वारा उत्पादन और विपणन किया जाता था।	राज्य सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक टीम का गठन किया जिसमें वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शामिल थे और तत्पश्चात किसानों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अलग से याचिका फाईल करने के लिए कहा गया। प्रभावित किसानों ने जिला उपभोक्ता फोरम खरगोन में 520 मामले फाईल किए हैं और फोरम द्वारा किसानों के हित में 15,500/ रुपए प्रति पैकेट बीटी कपास बीज हेतु राहत का आदेश देते हुए किसानों के हक में 331 मामलों को निपटाया। बायर बायो साईंस प्रा.लि. ने राज्य उपभोक्ता फोरम में इस आदेश के खिलाफ अपील की है।

कृषि उत्पाद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य

*265. **श्री प्रताप सिंह बाजवा:**

श्री राम सिंह कस्वां:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा सिफारिश किए गए विभिन्न कृषि उत्पादों/जिन्सों के मूल्यों और केन्द्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य/सांविधिक न्यूनतम मूल्य के बीच विद्यमान अन्तर की ओर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या विभिन्न पक्षों से कृषि लागत और मूल्य आयोग को पुनर्गठित करने और खेती की लागत का अनुमान लगाने संबंधी आंकड़े एकत्रित करने हेतु एक स्वतंत्र तंत्र बनाने के लिए सुझाव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य/सांविधिक न्यूनतम मूल्य की तुलना में कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा निर्धारित श्रम प्रभारों और कृषि आदानों सहित विभिन्न कृषि फसलों की खेती की फसल-वार लागत कितनी है; और

(ङ) किसानों को उनकी उपज हेतु पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) और (ख) कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा सिफारिश किये गये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.)/सांविधिक न्यूनतम मूल्य/उचित तथा लाभकारी मूल्य (एस.एम.पी./एफ.आर.पी.) को सामान्यत: सरकार द्वारा स्वीकार किया जाता है, तथा वास्तव में सरकार द्वारा जैसाकि धान (2007-08 तथा 2009-10 में), गेहूं (2010-11 में) तथा खरीफ दलहनों (2007-08, 2010-11 तथा 2011-12 में) के मामले में सिफारिश किये गये न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त बोनस की मंजूरी द्वारा सुधार लाया गया है। 2008-09 में, तथापि धान के मामले में कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा सिफारिश किये गये न्यूनतम समर्थन मूल्य की विपरीत कम न्यूनतम समर्थन

मूल्य का निर्धारण किया गया था, परन्तु बाद में 50 रुपए प्रति **क्विंटल** बोनस की घोषणा की गई थी।

(ग) उत्पादन की लागत का आकलन करने के लिए कार्यप्रणाली के बारे में किसान संगठनों/राज्य सरकारों से समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। उत्पादन की लागत का आकलन करने हेतु प्रणाली की समीक्षा समय-समय पर की जाती है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) के निर्धारण संबंधी कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने हेतु डा. वाई.के. अलघ की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया था। 2009 में इस समिति की सिफारिशों के आधार पर कार्यप्रणाली में संशोधन किया गया तथा किसानों द्वारा फसल बीमा, विपणन तथा परिवहन प्रभारों के लिए किए गए भुगतान को उत्पादन की लागत का आकलन करने के लिए अतिरिक्त मदों के रूप में शामिल किया गया है। देश में प्रमुख फसलों के पैदावार की लागत का अध्ययन करने के लिए व्यापक योजना के अंतर्गत, पैदावार/उत्पादन की लागत के अनुमानों को विभिन्न राज्यों में स्थित राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र की सहायता से एकत्र किया जाता है।

(घ) सरकार विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों (एम.एस.पी.) का निर्धारण कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों, संबंधित राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों के आधार पर करती है। मूल्य नीति पर अपनी सिफारिशों को तैयार करते समय कृषि लागत और मूल्य आयोग अन्य बातों के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण तथ्यों, जिसमें उत्पादन की लागत, आदान मूल्यों में परिवर्तन, विपणन मूल्यों की प्रवृत्ति, मांग तथा आपूर्ति स्थिति, सामान्य मूल्य स्तर पर प्रभाव, जीवनयापन पर प्रभाव आदि शामिल हैं पर विचार करता है। पैदावार/उत्पादन की लागत में अन्य बातों के साथ-साथ सभी निवेश लागतों तथा श्रम प्रभार शामिल हैं। 2009-10 से प्रमुख कृषि जिन्सों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा कृषि लागत और मूल्य अयोग द्वारा आकलित अखिल भारतीय भारित औसत प्रक्षेपित उत्पादन की लागत का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ङ) सरकार केन्द्र, राज्य तथा राज्यों की सहकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किए गए प्रापण कार्यो के माध्यम से लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करती है। तथापि यदि बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्यों से अधिक मूल्य मिलते हों, किसान उस मूल्य पर बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।

विवरण

अखिल भारतीय भारित औसत प्रक्षेपित उत्पादन की लागत तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य

(रुपए प्रति क्विंटल में)

जिन्स	2009-10		2010-11		2011-12	
	उत्पादन की लागत	न्यूनतम समर्थन मूल्य	उत्पादन की लागत	न्यूनतम समर्थन मूल्य	उत्पादन की लागत	न्यूनतम समर्थन मूल्य
1	2	3	4	5	6	7
धान (सामान्य)	645	950$	742	1000	888	1080
गेहूं	701	1100	826	1120$	927	1285
अरहर (तूर)	2197	2300	2422	3000&	2702	3200&
मूंग	2705	2760	3109	3170&	3373	3500&
उड़द	2257	2520	2490	2900&	2799	3300&
चना	1641	1760	1902	2100	2121	2800
मसूर	1626	1870	2191	2250	2592	2800

1	2	3	4	5	6	7
मूंगफली	1879	2100	2100	2300	2633	2700
सोयाबीन	1200	1350	1288	1400	1560	1650
रेपसीड/सरसों	1276	1830	1520	1850	1786	2500
कपास	2111	2500	2129	2500	2528	2800
गन्ना*	76.96	129.84	85.66	139.12	99.07	145.00

& पैदावार/आगमन अवधि के दो महिनों के दौरान अधिप्रापण एजेंसियों को बेचे गए खरीफ दलहनों के बारे में 500 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त प्रोत्साहन देय है।

$ न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 50 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त प्रोत्साहन बोनस देय था।

* उचित तथा लाभकारी (एफ.आर.पी.)

राष्ट्रव्यापी उपभोक्ता नेटवर्क

***266. डा. शशी थरूर:**

श्री आनंदराव अडसुल:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उपभोक्ता मंचों में मामलों के निपटान में विलंब की ओर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो मामलों के शीघ्र निपटान हेतु उठाए गए नए कदमों/की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विवादों का तेजी से समाधान सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ता न्यायालयों में मामलों के भार को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मध्यस्थ और परामर्शदात्री नेटवर्क स्थापित करने का विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक ले लिया जाएगा?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी, हां। देश में उपभोक्ता मंचों के कार्य निष्पादन/कार्यकरण में सुधार लाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

(1) राज्य सरकारों से समय-समय पर अनुरोध किया जाता है कि वे अध्यक्ष और सदस्य के रिक्त पदों भरने के लिए समय रहते ही कार्रवाई करें और भविष्य में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार करें ताकि नियुक्तियों में देरी से बचा जा सके। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों से यह भी अनुरोध किया है कि जहां कहीं भी अपेक्षित हो, आस-पड़ोस के उपभोक्ता मंचों को साथ मिला लिया जाए ताकि अस्थाई अनुपस्थिति अथवा रिक्त के कारण उपभोक्ता मंच का कार्य प्रभावित न हो।

(2) लम्बित मामलों के निपटान के लिए राष्ट्रीय आयोग की सर्किट पीठें राज्यों का दौरा करती रही हैं। अब तक राष्ट्रीय आयोग ने हैदराबाद, बंगलौर, चेन्नई, पुणे, कोलकाता, एर्णाकुलम, अहमदाबाद और भोपाल में सर्किट पीठों की बैठकें आयोजित की हैं। कुछेक राज्य आयोगों ने पुराने लम्बित मामलों के निपटान के लिए विशेष रूप से अतिरिक्त पीठों का गठन किया है।

(3) केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उपभोक्ता मंचों के आधार-ढांचे (भवन और गैर-भवन परिसम्पत्तियों) के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। देश भर में सभी उपभोक्ता मंचों का कम्प्यूटरीकरण और कम्प्यूटर नेटवर्किंग भी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के जरिए 'कन्फोनेट' स्कीम के तहत किया जा रहा है।

(4) कुछेक राज्य आयोग और जिला मंच मामलों की शीघ्र निपटान के लिए लोक अदालतों के आयोजन की प्रक्रिया अपना रहे हैं। राष्ट्रीय आयोग ने भी लम्बित मामलों को कम करने और मामलों के तेजी से निपटान के उद्देश्य से लोक अदालतें आयोजित की हैं।

(5) उपर्युक्त के अलावा, उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) विधेयक 2011 को लोक सभा में 16.12.2011 को पुरःस्थापित किया गया। इस विधेयक में मामलों के निपटान के लिए शीघ्र निर्णय लेने, सदस्य/अध्यक्ष के चयन में होने वाली देरी से बचने के लिए चयन प्रक्रिया को सरल बनाने, आवेदनों को ऑनलाइन दायर करने तथा दण्डात्मक उपबंधों को सुदृढ़ बनाने इत्यादि के लिए उपभोक्ता मंचों को सशक्त बनाने के उपबंध किए गए हैं।

(ग) से (ङ) जी, हां। कार्यदल द्वारा बारहवीं योजना अवधि में उपभोक्ता परामर्श एवं मध्यस्थता पर एक नई स्कीम के कार्यान्वयन के लिए एक प्रस्ताव की सिफारिश की गई है। इस नई स्कीम के तहत राज्य उपभोक्ता हैल्प लाईन, उपभोक्ता परामर्श केन्द्र और मध्यस्थ परामर्श केन्द्र एक समन्वित प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे।

[हिन्दी]

स्वापक औषधि

*267. **राजकुमारी रत्ना सिंह:**

श्री हरीश चौधरी:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित देश के विभिन्न भागों से स्वापक औषधियों के व्यापार के मामलों का पता चला है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्वापक व्यापार में पुलिस की मिलीभगत की जांच की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी परिणाम क्या रहे; और

(ङ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और अवैध औषधि व्यापार को रोकने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) जी, हां। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, गत तीन वर्षों में देश में प्रमुख स्वापक औषधियों की जब्ती के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:-

वर्ष	जब्त की गई औषधियों की कुल मात्रा (कि.ग्रा. में)
2009	215142.23
2010	180069.75
2011	122487.58

(ग) और (घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पिछले तीन वर्षों में स्वापक व्यापार में पुलिस की मिलीभगत का कोई मामला सूचित नहीं किया गया है। तथापि, पिछले तीन वर्षों में, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दण्ड संहिता के अधीन स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के चार कार्मिक विचाराधीन हैं।

(ङ) स्वापक औषधियों और मनः प्रभावी पदार्थों की जांच करने, पता लगाने और उसके अवैध व्यापार को रोकने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) सीमा रक्षक बलों सहित विभिन्न औषधि विधि प्रवर्तन एजेन्सियों के बीच बेहतर समन्वय करना।

(ii) प्रचालनात्मक आसूचना के एकत्रीकरण, विश्लेषण और प्रसार में सुधार के लिए आसूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण करना।

(iii) मुखबिरों और अधिकारियों को स्वापक औषधियों की जब्ती करवाने से संबंधित सूचना देने के लिए मौद्रिक पुरस्कार देने की स्कीम का कार्यान्वयन करना।

(iv) औषधि के ज्ञात मार्गों पर गहन निवारक और निषेधात्मक उपाय करना।

(v) आयात और निर्यात बिन्दुओं पर कड़ी निगरानी और प्रवर्तन।

(vi) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एन.डी.पी.एस.) अधिनियम, 1985 के उपबन्धों को सख्ती से लागू करना।

(vii) सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे सीमा रक्षक बलों को एन.डी.पी.एस. अधिनियम के अधीन स्वापक औषधियों को निषिद्ध करने की शक्ति प्रदान की गई है।

(viii) स्वापक औषधियों और मन: प्रभावी पदार्थो तथा प्रिकर्सर रसायनों की आवाजाही पर नियंत्रण करने के लिए सूचना के आदान-प्रदान और जांच संबंधी सहायता के लिए अधिक अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग।

(ix) पात्र राज्यों को उनकी स्वापक इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है।

(x) मुखबिरों और अधिकारियों को स्वापक औषधियों की जब्ती कराने/गैर कानूनी फसलों को नष्ट करने की सूचना देने के लिए मौद्रिक पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

[अनुवाद]

अनुसंधान संस्थान

*268. **श्री मंगनी लाल मंडल:**

श्री संजय धोत्रे:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2009-10 से लेकर अब तक कृषि अनुसंधान में कार्यरत विभिन्न संस्थानों/एजेंसियों को उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

(ख) उनके द्वारा क्या प्रमुख अनुसंधान और विकास कार्य किए गए;

(ग) क्या सरकार ने हाल ही में कृषि अनुसंधान में कार्यरत अनुसंधान संस्थानों के कार्यकरण की समीक्षा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी परिणाम क्या रहे;

(ङ) उनके कार्यकरण में क्या खामियां पाई गई हैं; और

(च) इन अनुसंधान संस्थानों के प्रभावी कार्यकरण हेतु सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) योजना के दौरान वित्तीय सहायता का विषय वस्तु प्रभाग-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है, 2009-10 से कृषि अनुसंधान के लिए विभिन्न संस्थानों को दी गई योजना और गैर योजना में वित्तीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण II और III में दिया गया है। कृषि शिक्षा प्रभाग राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को विकास और बुनियादी ढांचा अनुदान प्रदान करता है, जबकि कृषि विस्तार प्रभाग, कृषि विज्ञान केन्द्रों को निधियां प्रदान करती हैं।

(ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसंधान संस्थान निम्नलिखित पहलुओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान करने में लगे हुए हैं:

1. कृषि पारिस्थितिकीय विशिष्ट उच्च पैदावार, पौष्टिक रूप से उन्नत फसलों की किस्मों/संकर के विकास के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक विधियों का इस्तेमाल करते हुए नाशीजीव, प्रतिकूल मौसम, लवणता, अम्लीयता, क्षारीयता तथा एसिडिटी के प्रति प्रतिरोधिता/सहिष्णुता; बेहतर कृषि क्रियाओं द्वारा वैज्ञानिक कृषि कार्य और उच्च गुणवत्ता वाले, अनुवांशिक रूप से प्रजनक बीज के समान बीजों को उपलब्ध कराना।

2. देश के किसानों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से पशुधन, मुर्गीपालन, सूअर, समुद्री और ताजा जल मछली और अन्य खाने योग्य जलीय पशुओं की कृषि परिस्थितकीय-विशिष्ट, उच्च पैदावार नस्लों को विकसित करना; वैज्ञानिक पशु पालन और मात्स्यिकी क्रियाओं सहित उनके स्वास्थ्य का प्रबंधन, आनुवंशिक रूप से सही गुणवत्ता वाले बीज, वीर्य, नस्ल को उपलब्ध कराना।

3. औजारों और मशीनों के प्रोटोटाईप और व्यावसायिक रूप से सक्षम निर्मित डिजाइनों और प्रक्रियाओं को विकसित करना जो कृषि नीरसता को कम करें और कृषि प्रचालनों की दक्षता को बढ़ाए और कार्बन क्रेडिट विकास के साथ ही साथ कृषि-पारिस्थितिकीय-विशिष्ट, ऊर्जा दक्षता, व्यावसायिक सस्योत्तर प्रसंस्करण केलिए कृषि वस्तुओं हेतु सस्योत्तर प्रमुख और गौण प्रक्रिया तकनीकों और मशीनरी का विकास।

4. विभिन्न कृषि परिस्थितियों में अनुसंधान परक ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उपकरणों और तकनीकों को विकसित करने के साथ आधुनिक आई.सी.टी. के उपयोग को बढ़ाना।

(क) क्या राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के 66वें दौर के सर्वेक्षण पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और योजना आयोग सहित अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की हाल की रिपोर्टों में विभिन्न पोषाहार कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बावजूद देश में पौष्टिक आहार सेवन में कमी और क्षुधा, कुपोषण तथा भुखमरी व्याप्त होने के संकेत किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी रिपोर्टों/ सर्वेक्षणों की मुख्य बातें क्या हैं;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इस समस्या से निपटने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पुनर्गठन सहित क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) इन्टरनेशनल फूड पालिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अक्तूबर 2011 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स प्रकाशित किया है। इस रिपोर्ट में 122 देशों के लिए सूचकांक की गणना की गई है गणना में अंतिम रूप से शामिल किए गये 81 देशों में भारत का स्थान 67वां है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत उन देशों में से है, जहां 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में कम भार के बच्चे सर्वाधिक हैं। लेकिन देश में पौष्टिक आहार में गिरावट आने और भुखमरी तथा कुपोषण होने के बारे में भारत के लिए विशेष रूप से कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें देश में लोगों के लिए खाद्यान्नों की उपलब्धता अथवा खाद्यान्नों तक पहुंच में कमी होने के बारे में भी कोई ब्यौरे नहीं दिए गए हैं।

राष्ट्रीय नमूना संगठन के 66वें सर्वेक्षण से पता चलता है कि वर्ष 1993-1994 से वर्ष 2009-10 तक की अवधि के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर प्रोटीन की दैनिक खुराक में ग्रामीण क्षेत्र में गिरावट आकर प्रति व्यक्ति 60.2 ग्राम से 55 ग्राम रह गई है और शहरी क्षेत्र में 57.2 ग्राम से गिरकर 53.5 ग्राम रह गई है। तथापि, इसी अवधि में वसा की खुराक में वृद्धि का रूझान दिखाई दिया है। अखिल भारतीय स्तर पर यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्र में 31.4 ग्राम से बढ़कर 38.3 ग्राम और शहरी क्षेत्र में 42 ग्राम से बढ़कर 47.9 हो गई है। सर्वेक्षण के अन्य निष्कर्षों में वर्ष 1993-94 से कुल कैलोरी खुराक (इनटेक) में अनाज इनटेक का हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 7% प्वाइंट और शहरी क्षेत्र में लगभग 3.5% प्वाइंट गिरना शामिल है। तेल और वसा का हिस्सा दोनों क्षेत्रों में 3% प्वाइंट बढ़ गया है। दूध और दूध उत्पादों का हिस्सा भी शहरी क्षेत्र में लगभग 1.4% प्वाइंट और ग्रामीण क्षेत्र में 0.6% प्वाइंट बढ़ गया है।

सरकार ने ग्लोबल हंगर इंडेक्स के निष्कर्षों को नोट किया है। तथापि, ग्लोबल हंगर इंडेक्स के निष्कर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वर्ष 2009 और वर्ष 2011 की अवधि के दौरान राजसहायता प्राप्त मूल्यों पर आबादी के कमजोर वर्गों के लिए खाद्यान्नों की उपलब्धता और वितरण में हाल में हुई वृद्धि पर ध्यान नहीं दिया गया है। कुपोषितों के अनुपात संबंधी आंकड़े वर्ष 2005 से 2007 के संबंध में है। कम वजन के बच्चों के आंकड़े वर्ष 2004 से 2009 तक के हैं। बाल मृत्यु संबंधी आंकड़े वर्ष 2009 के लिए हैं। यह तीन परस्पर जुड़े उन संकेतकों पर आधारित हैं जो सभी स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति दर्शाते हैं और वह भी मुख्यत: बच्चों के मामले में तथा समाज

में व्याप्त भुखमरी अथवा भोजन तक पहुंच के अभाव को नहीं दर्शाते हैं। किसी भी बड़े पैमाने के प्राथमिक फील्ड सर्वेक्षणों द्वारा इन आंकड़ों की परीक्षण अथवा वैधता की जांच नहीं की गई है।

(घ) सरकार आबादी के अत्यधिक कमजोर वर्गों, विशेष रूप से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के पोषाहार स्तर को सुदृढ़ करने के लिए आई.सी.डी.एस. के अधीन चलाए जा रहे अनुपूरक पोषाहार कार्यक्रम के जरिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना के जरिए, राजीव गांधी किशोरी सशक्तिकरण स्कीम (सबला) के तहत 11-18 वर्ष की आयु समूह की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे पोषाहार सशक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कई उपाय कर रही है। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से लिए नए 52 जिलों में ट्रायल आधार पर वर्ष 2010-11 में लागू की गई मातृत्व सहयोग योजना के अधीन गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषाहार स्तर में सुधार करने के लिए उन्हें नकद प्रोत्साहन दिया जाता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित अन्नपूर्णा स्कीम के अधीन बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों को प्रति माह 10 किलोग्राम अनाज मुफ्त प्रदान किया जाता है। इमरजेंसी फीडिंग कार्यक्रम ओडिशा के के.बी.के. जिलों में क्रियान्वित खाद्यान्न आधारित कार्यक्रम है, इसमें गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के वृद्धि, कमजोर और बेसहारा व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसके अधीन राज्य सरकारों द्वारा इमरजेंसी फीडिंग कार्यक्रम के लाभार्थियों को रोजाना पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन पिछले 2 वर्षों के दौरान तदर्थ अतिरिक्त आवंटनों के जरिए खाद्यान्नों का आवंटन भी बढ़ाया गया है।

राष्ट्रीय पोषाहार नीति, 1993 और राष्ट्रीय पोषाहार कार्य योजना, 1995 में एक ऐसी व्यापक अंतर-क्षेत्र रणनीति बनाने की वकालत की गई है जो कुपोषण की बहुआयामी समस्या से लड़ने और समाज के सभी वर्गों के पोषाहार स्तर में सुधार करने के लिए परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से आबादी के खुराक और पोषाहार स्तर को प्रभावित करती है।

सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कारगार बनाने के लिए कई उपाय कर रही है। इनमें 9 सूत्री कार्य योजना, जाली राशन कार्डों को रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में अधिक पारदर्शिता, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रचालनों का कंप्यूटरीकरण करने जैसे सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यंत्रों का उपयोग करना आदि शामिल हैं।

[हिन्दी]

अर्द्ध-सैन्य बलों में कार्य करने की स्थितियां

*273. **श्री हंसराज गं. अहीर:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में केन्द्रीय अर्द्ध-सैन्य सेवाओं में कार्यरत कार्मिकों विशेषकर सीमा सुरक्षा बल के जवानों की कार्य करने की स्थितियों का आकलन करने हेतु स्वतंत्र एजेंसियों के माध्यम से कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो उस सर्वेक्षण के क्या निष्कर्ष रहे;

(ग) क्या सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्याप्त सुविधाओं के बिना कार्य करते हुए तनावग्रस्त स्थितियों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में जवानों के समक्ष आ रही मुश्किलों को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ङ) केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक सेवाओं में कार्यरत कार्मिकों, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा बल के जवानों की कार्य करने की स्थिति का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा स्वतंत्र एजेंसियों के माध्यम से कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं कराया गया है। वर्ष 2005 में कतिपय विशेषज्ञों के साथ पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो तथा एल.एन.जे. एन.एन.आई.सी.एफ.एस. द्वारा संयुक्त रूप से एक अध्ययन कराया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि:

(i) क्या संघ के विभिन्न केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों में कार्यरत कार्मिक तनाव से ग्रसित हैं;

(ii) तनाव के संभावित कारण;

(iii) केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों में तनाव से निपटने से संबंधित तंत्र की उपलब्धता;

(iv) मामला संबंधी अध्ययनों में पता लगाए गए कार्मिकों द्वारा उठाए गए अन्तिम कदम के लिए जिम्मेवार कारण;

(v) समस्या से निपटने के संबंध में उपचारात्मक उपाय।

अध्ययन में, सीमा सुरक्षा बल सहित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में तनाव मौजूद रहने की पुष्टि हुई और तनाव के कतिपय सामान्य कारणों का पता लगाया गया जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) प्रतिकूल जलवायु की परिस्थितियों में कठिन एकान्त क्षेत्रों में तैनाती;

(ii) लंबे और तनावपूर्ण ड्यूटी के घंटे;

(iii) सूचना प्राप्त होने पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक/अनिश्चित आवाजाही;

(iv) खराब रहन-सहन और कार्य की स्थितियां;

(v) परिवारों में लंबे समय तक दूर रहना;

(vi) बच्चों की शिक्षा - निरंतर आवाजाही/स्थानांतरण के कारण बाधा;

(vii) एक से अधिक जगह पर भरण-पोषण करने के कारण परिवार में आर्थिक संकट;

(viii) पदोन्नति के पर्याप्त अवसरों की कमी, आदि।

समिति ने कतिपय सिफारिशें भी कीं जिनसे तनाव के स्तर से निपटने और उसमें कमी करने में सहायता मिलेगी। इन सिफारिशों को मोटे तौर पर निम्नलिखित शीर्षों और उप-शीर्षों में वर्गीकृत किया गया है:-

(क) संगठनात्मक: इस शीर्ष के तहत 37 सिफारिशें की गई थीं।

(ख) व्यक्तिगत: इस शीर्ष के तहत 8 सिफारिशें थीं जिनमें एकाकीपन को दूर करना; विभिन्न कार्यकलापों में भाग लेना; साथियों, परिवार के सदस्यों, मित्रों से परिसंवाद; शराब और मादक पदार्थों से दूर रहना; नियमित व्यायाम और खेलकूद; योग एवं ध्यान; तनाव के कारणों एवं उनसे निपटने के बारे में स्वत: शिक्षा इत्यादि शामिल हैं।

(ग) सरकारी: इस शीर्ष के तहत तीन सिफारिशें की गई थीं।

गृह मंत्रालय ने जवानों के सामने आ रही कठिनाइयों को कम करने के साथ-साथ उनका मनोबल बढ़ाने और उनके बीच तनाव को कम करने के लिए हाल के वर्षों में अनेक उपचारी कदम उठाए हैं/उपाय किए हैं। इस संबंध में किए गए महत्वपूर्ण उपाय निम्नलिखित हैं:

(i) बी.एस.एफ. कर्मियों को पर्याप्त आराम और राहत सुनिश्चित करने के लिए समुचित आराम एवं राहत नीति लागू की गई है;

(ii) उनकी तैनाती के स्थानों, विशेषकर दूर-दराज क्षेत्रों में बेहतर संचार सुविधाओं का प्रावधान ताकि बल के कार्मिक अपने परिवारों तथा मित्रों के साथ नियमित रूप से सम्पर्क में बने रहें;

(iii) विवेकपूर्ण तथा निष्पक्ष छुट्टी संबंधी नीति का कार्यान्वयन;

(iv) तनाव के स्तर को कम करने के लिए कमाण्डरों और जवानों के बीच नियमित बातचीत सुनिश्चित की जा रही है;

(v) उनके तनाव के स्तर को कम करने के लिए सैन्य टुकड़ियों के लिए नियमित रूप से तनाव प्रबंधन कैप्सूल पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं;

(vi) सुयोग्य योग अनुदेशकों के द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में नियमित रूप से योग शुरू किया गया है;

(vii) सेवारत कर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान एवं शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं;

(viii) सैन्य टुकड़ियों को बुनियादी सुख-सुविधाएं मुहैया कराने तथा उनके जीवन-यापन के स्तर को सुधारने के लिए

सीमा चौकियों (बी.पी.ओ.) में पर्याप्त अवसंरचना का विकास;

(ix) ड्यूटी पर तैनात सैन्य टुकड़ियों की शारीरिक एवं मानसिक थकान को कम करने तथा उनकी कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक गेजेट्स का समावेश, सड़कों का निर्माण, बाड़ लगाना तथा तेज रोशनी की व्यवस्था करना;

(x) तनाव के स्तर को कम करने के लिए सभी स्तरों पर खेलकूद/गेम्स इत्यादि सहित मनोरंजन सुविधाओं तथा रेजीमेन्टल एवं सामुदायिक कार्यकलापों का प्रावधान ताकि उनमें उनकी अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके;

(xi) कर्मियों के बीच किसी भी प्रकार की नाराजगी एवं असन्तोष को दूर करने के लिए ड्यूटियों का संवितरण करने में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है;

(xii) उनकी व्यक्तिगत/मनोवैज्ञानिक चिंताओं आदि का समाधान करने के लिए बी.एस.एफ. के जवानों के साथ डॉक्टरों और अन्य विशेषज्ञों की बातचीत करवाना, आदि।

[अनुवाद]

खाद्य प्रसंस्करण एककों को सहायता

*274. **श्री राधे मोहन सिंह:**

श्री ए.टी. नाना पाटील:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को महाराष्ट्र और ओडिशा सहित विभिन्न राज्य सरकारों से खाद्य प्रसंस्करण एकक स्थापित करने हेतु संभार सहायता सहित सहायता प्रदान करने हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की गई सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में खाद्य प्रसंस्करण एकक स्थापित करने के परिणामस्वरूप राज्य-वार कितने किसान और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम लाभान्वित हुए;

(घ) क्या सरकार का विचार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए वर्तमान ऋण/राजसहायता सीमा में वृद्धि करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) जी नहीं महोदया।

(ख) (i) तथापि, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण योजना स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र एवं ओडिशा सहित देश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों को संयंत्र एवं मशीनरी तथा तकनीकी सिविल कार्यों की लागत की सामन्य क्षेत्रों में 25% की दर से परन्तु अधिकतम 50 लाख रुपए अथवा दुर्गम क्षेत्रों जैसे जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम एवं पूर्वोत्तर राज्यों, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप और आई.टी.डी.पी. क्षेत्रों में 33.33% की दर से परन्तु अधिकतम 75 लाख रुपए की अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कार्यान्वयन एजेंसियों में केन्द्र/राज्य सरकार के संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/गैर सरकारी संगठन/सहकारी संगठनों तथा निजी क्षेत्र की यूनिटें एवं व्यक्ति शामिल हैं।

(ii) उपर्युक्त के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय शीत श्रृंखला, मूल्यवृद्धि एवं परिरक्षण अवसंरचना स्कीम के अंतर्गत भी संभार तंत्र सहायता जैसे रीफर वैनों आदि समेत एकीकृत शीत श्रृंखला सुविधाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है।

(iii) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगि उन्नयन/आधुनिकीकरण/स्थापना स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र और उड़ीसा समेत देश में एजेंसियों/उद्यमियों को पिछले पांच वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण मे दिया गया है।

(ग) किसान एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भी स्कीम के अंतर्गत आवेदन करने के पात्र हैं। परन्तु मंत्रालय किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अलग-अलग उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता के आंकड़े नहीं रखता है।

(घ) जी नहीं महोदया।

(ङ) मुख्य रूप से संसाधनों की विवशता के कारण सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं है।

विवरण

*खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11 तथा चालू वर्ष के दौरान राज्यवार सहायता प्राप्त और वित्तीय सहायता प्राप्त यूनिटों की संख्या**

(लाख रुपये)

क्र. सं.	राज्य का नाम	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12	
		अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि	अनुमोदित	जारी की गिई राशि	अनुमोदित	जारी की गई राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आन्ध्र प्रदेश	43	947.49	48	908.999	41	677.05	30	562.096	105	1904.72628
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	1	17.67	3	376.14	2	66.420	0	0
4.	असम	12	442.17	17	176.79	22	418.74	26	875.701	12	242.77822
5.	बिहार	5	83.915	2	42.3	2	35.59	6	136.681	5	89.65674
6.	चंडीगढ़	6	138.08	0	0	0	0	1	25.000	0	0
7.	छत्तीसगढ़	0	0	10	163.725	4	45.46	27	297.574	75	841.82756
8.	दिल्ली	0	0	7	160.65	2	50	3	82.600	16	410.68
9.	गोवा	1	17	1	24.57	1	24.26	1	25.00	2	50.00
10.	गुजरात	32	544.06	39	714.81	42	665.18	52	1419.72	106	1975.03353
11.	हरियाणा	19	418.72	23	349.415	11	134.96	14	325.280	62	828.2817
12.	हिमाचल प्रदेश	12	325.09	5	152.745	10	269.58	7	204.530	14	377.51
13.	जम्मू और कश्मीर	9	109.855	3	22.05	7	59.73	5	89.095	6	98.42
14.	झारखंड	2	9.09	0	0	3	44.09	4	85.425	1	16.57
15.	कर्णाटक	34	529.62	35	629.895	24	269.55	14	377.790	61	896.29261
16.	केरल	47	876.8	32	545.37	33	567.53	19	411.72	52	901.285

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
17.	मध्य प्रदेश	10	172.32	14	201.87	18	273.03	14	211.294	23	376.54125
18.	महाराष्ट्र	95	1696.805	121	1802.633	113	1717.3	56	1006.524	202	2824.15216
19.	मणिपुर	3	61.74	3	45.51	6	163.75	1	23.975	11	189.71817
20.	मेघालय	1	8.19	2	159.57	2	123.02	2	100.045	0	0
21.	मिजोरम	0	0	0	0	1	11	0	0	0	0
22.	नागालैंड	1	27.485	4	178.205	1	64.99	1	6.205	0	0
23.	ओडिशा	6	129.41	2	38.68	6	84.4	8	200.875	9	113.59075
24.	पुदुचेरी	2	31.3	0	0	0	0	0	0	1	25
25.	पंजाब	32	481.45	61	841.36	13	172.37	9	149.495	147	1692.90175
26.	राजस्थान	35	566.075	44	551.975	27	325.46	48	691.123	95	1236.56315
27.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
28.	तमिलनाडु	53	951.79	36	594.355	41	672.11	24	493.582	75	1389.79015
29.	त्रिपुरा	2	39.98	1	13.86	0	0	0	0	0	0
30.	उत्तर प्रदेश	63	1123.425	43	875.475	32	560.63	47	1078.638	53	907.05132
31.	उत्तराखंड	9	339.78	6	163.15	12	307.57	6	168.523	5	138.04695
32.	पश्चिम बंगाल	35	653.56	19	390.135	10	136.48	10	317.945	19	319.87
	कुल	569	10725.2	579	9765.767	487	8249.97	437	9432.862	1157	17846.28729

*आंकड़े समन्वय बैंक अर्थात एच.डी.एफ.सी. बैंक के समन्वयाधीन हैं।

किसानों की आय

*275. **श्री नीरज शेखर:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में 65 प्रतिशत से अधिक कृषक परिवारों की दैनिक आमदनी 20 रुपए से कम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार का कृषि व्यवसाय में लाभ सुनिश्चित करने तथा तथ्यों के आलोक में कृषि नीति की समीक्षा करने हेतु नए सिरे से कोई पहल करने का विचार है;

(घ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री शरद पवार): (क) और (ख) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एम.ओ.) ने 2003 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य बातों के साथ-साथ खेती,

पशुपालन, गैर-फार्म व्यापार तथा मजदूरी से संबंधित प्राप्ति तथा व्यय पर सूचना एकत्र करने के लिए किसानों का स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण शुरू किया है। वर्ष 2002-03 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर प्रति किसान परिवार की औसत मासिक आय 2115 रुपए थी। 2002-03 के दौरान प्रत्येक प्रमुख राज्यों में स्रोत द्वारा प्रति किसान परिवार की औसत मासिक आय निम्न प्रकार थी।

2002-03 के दौरान प्रमुख राज्यों में स्रोत द्वारा प्रति किसान परिवार की औसत मासिक आय (रुपए)

राज्य	खेती	मजदूरी	पशुपालन	गैर फार्म व्यापार	कुल
आन्ध्र प्रदेश	743	643	93	155	1634
असम	1792	973	141	255	3161
बिहार	846	497	265	202	1810
छत्तीसगढ़	811	709	-3	101	1618
गुजरात	1164	925	455	140	2684
हरियाणा	1494	1268	-236	356	2882
जम्मू और कश्मीर	2426	2060	382	620	5488
झारखंड	852	924	86	207	2069
कर्नाटक	1266	1051	131	168	2616
केरल	1120	2013	154	717	4004
मध्य प्रदेश	996	560	-227	101	1430
महाराष्ट्र	1263	799	144	257	2463
ओडिशा	336	573	16	137	1062
पंजाब	2822	1462	236	440	4960
राजस्थान	359	931	5	203	1498
तमिलनाडु	659	1105	110	198	2072
उत्तर प्रदेश	836	559	53	185	1633
पश्चिम बंगाल	737	887	77	378	2079
अखिल भारत	969	819	91	236	2115

(ग) से (ङ) खेती क्षेत्र का उत्पादन, उत्पादकता तथा आय में वृद्धि लाने के उद्देश्य से सरकार अन्यों के अलावा राज्य सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.), राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एन.एच.एम.), तिलहन, दलहनों तथा मक्का की एकीकृत स्कीम (आइसोपाम) का कार्यान्वयन कर रही है। इन योजना के अंतर्गत, आदानों जैसे गुणवत्ता बीजों, उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई, उपयुक्त प्रौद्योगिकी, विस्तृत सेवाओं, समर्थन आधारभूत ढांचा तथा परिवर्तनीय विपणन प्रणाली में आसान तथा उचित पहुंच के लिए बल दिया जाता है। इसके अलावा लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रति वर्ष कृषि जिन्सों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) की घोषणा करती है। किसानों के लिए राष्ट्रीय नीति 2007 में भी खेती की आर्थिक व्यवार्हता में सुधार लाने के प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह में सुधार लाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने जून, 2004 में आधार वर्ष 2003-04 के संदर्भ में तीन वर्षों में कृषि ऋण को दुगना करने का निर्णय लिया है। कृषि ऋण के प्रवाह में तीन वर्षों में कृषि ऋण को दुगना करने का निर्णय लिया है। कृषि ऋण के प्रवाह में 2003-04 से लक्ष्यों से अधिक लगातार वृद्धि हुई है। किसानों को ऋण देने को सरल बनाने तथा वित्तीय स्थिति में वृद्धि लाने के लिए किसानों को किसान ऋण कार्ड (के.सी.सी.) प्रदान किए जा रहे हैं। खरीफ 2006-07 से किसान तीन लाख रुपए की राशि तक 7 प्रतिशत ब्याज की दर से फसल ऋण प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा 2009-10 से सरकार उन किसानों को जो ऋण समय पर भुगतान करते हैं एक प्रतिशत ब्याज की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इस आर्थिक सहायता में 2010-11 में 2 प्रतिशत तथा 2011-12 में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। इस प्रकार उन किसानों के लिए जो समय पर भुगतान करते है 3 लाख रुपए तक फसल ऋण पर ब्याज की प्रभावी दर में, गिरावट आकर 4 प्रतिशत वार्षिक हो गई है।

[हिन्दी]

मलिन बस्तियों का विकास

*276. **श्री राधा मोहन सिंह:**

श्री भूदेव चौधरी:

क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के शहरी क्षेत्रों में मलिन बस्तियों झुग्गियों के पुनर्वास और विकास हेतु कौन-कौन-सी योजनाएं, व्यापक योजना और नीति मौजूद हैं;

(ख) क्या विशेषकर शहरी क्षेत्रों के ऐतिहासिक स्थलों में मलिन बस्तियों की संख्या में वृद्धि हो रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने देश में विभिन्न शहरों को मलिन बस्ती मुक्त बनाने संबंधी योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए शहरी गरीबों की संख्या का पता लगाने हेतु कोई सर्वेक्षण कराया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ राज्य और शहर/कस्बे-वार कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, जारी की गई और खर्च की गई?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) यह मंत्रालय जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन जिसके तहत शहरी गरीबों को मूल सुविधाएं और स्लमों के एकीकृत विकास पर जोर दिया गया है, के अंतर्गत शहरी गरीबों को मूल सुविधाएं संबंधी स्कीम तथा एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है।

स्लम मुक्त भारत का निर्माण करने की सरकार की परिकल्पना के अनुसरण में, दिनांक 02-06-2011 को 'राजीव आवास योजना' (रे) नामक एक नई स्कीम शुरू की गई है।

राजीव आवास योजना के चरण-I की अवधि स्कीम के अनुमोदन की तारीख से दो वर्ष की है। इस स्कीम में स्लम वासियों को संपत्ति का अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को स्लम पुनर्विकास हेतु उपयुक्त आश्रय, बुनियादी नागरिक एवं सामाजिक सेवाओं का प्रावधान और किफायती आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस स्कीम में "समग्र शहर" "सभी स्लम" "समग्र स्लम" दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है।

स्कीम के अंतर्गत बुनियादी नागरिक तथा सामाजिक अवसंरचना एवं सुविधाओं तथा आवास जिसमें किराया आवास शामिल है तथा स्लमों के स्वस्थाने पुनर्विकास के लिए अस्थायी आवास के प्रावधान की 50 प्रतिशत लागत जिसमें इस स्कीम के तहत निर्मित परिसंपत्तियों का प्रचालन और रख-रखाव शामिल है, केन्द्र

द्वारा वहन की जाएगी। पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की लागत, यदि आवश्यक हो, सहित केन्द्र की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत होगी।

भागीदारी में किफायती आवास स्कीम जो किफायती आवासों के निर्माण हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहन प्रदान करती है, को राजीव आवास योजना में मिला दिया गया है। इस स्कीम के तहत किफायती आवासीय ईकाई में 50,000 रुपए प्रति इकाई अथवा नागरिक अवसंरचना (बाह्य एवं आंतरिक) की लागत का 25 प्रतिशत जो भी कम हो, की दर से केन्द्रीय सहायता मुहैया करायी जाती है।

शहरी गरीबों को किफायती दरों पर मकान ऋण के लिए ऋण राशि प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के लिए, मौजूदा शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी, स्कीम (आई.एस.एच.यू.पी.) जिसमें एक लाख रुपए तक के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडि दी जाती है, को भी राजीव आवास योजना के साथ मिला दिया गया है।

(ख) और (ग) कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है, इसलिए कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं है।

(घ) और (ङ) राजीव आवास योजना के अंतर्गत, स्लम और स्लम परिवारों का सर्वेक्षण करने, शहरों का जी.आई.एस. मैपिंग, जी.आई.एस. और एम.आई.एस. का समेकन आदि सहित स्लम मुक्त शहर कार्य योजना तैयार करने हेतु प्रारंभिक कार्यकलाप शुरू करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता मुहैया करायी जाती है। 162 शहरों में इन कार्यकलापों को आरंभ करने के लिए 99.98 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। मंत्रालय द्वारा स्वीकृत एवं जारी राशि तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथा सूचित व्यय का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

क्र.सं.	राज्य	शामिल किए गए शहरों के नाम	स्वीकृत धनराशि (करोड़ रुपए में)	जारी धनराशि (करोड़ रुपए में)	सूचित व्यय (करोड़ रुपए में)
1	2	3	4	5	6
		वित्तीय वर्ष 2009-10			
1.	आन्ध्र प्रदेश	11	32.23	14.42*	4.73
2.	असम	1	1.53	0.76	सूचना नहीं दी गई
3.	बिहार	4	3.83	1.92	सूचना नहीं दी गई
4.	छत्तीसगढ़	4	3.66	1.83	सूचना नहीं दी गई
5.	गुजरात	8	8.63	4.32	4.32
6.	हरियाणा	3	3.03	1.51	सूचना नहीं दी गई
7.	हिमाचल प्रदेश	1	1.28	0.64	सूचना नहीं दी गई
8.	झारखंड	4	4.12	2.06	सूचना नहीं दी गई
9.	कर्नाटक	8	8.00	4.00	2.90
10.	केरल	6	5.29	2.63	सूचना नहीं दी गई
11.	मध्य प्रदेश	6	5.77	2.88	2.88

1	2	3	4	5	6
12.	महाराष्ट्र	18	18.89	9.45	0.40
13.	ओडिशा	6	3.68	1.84	1.69
14.	राजस्थान	8	5.62	2.81	2.00
15.	मणिपुर	1	5.49	0.56	सूचना नहीं दी गई
16.	तमिलनाडु	9	9.60	4.80	1.13
17.	त्रिपुरा	1	1.09	0.54	सूचना नहीं दी गई
18.	उत्तर प्रदेश	18	14.66	7.33	सूचना नहीं दी गई
19.	उत्तराखंड	3	2.29	1.15	सूचना नहीं दी गई
20.	पश्चिम बंगाल	3	8.47	4.23	0.49
	वित्तीय वर्ष 2010-11				
21.	आन्ध्र प्रदेश	2	2.23	1.11	सूचना नहीं दी गई
22.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	1.52	0.76	सूचना नहीं दी गई
23.	दमन और द्वीप	2	1.16	0.58	सूचना नहीं दी गई
24.	दादरा और नगर हवेली	2	0.87	0.44	सूचना नहीं दी गई
25.	दिल्ली	1	19.64	9.82	सूचना नहीं दी गई
26.	गोवा	3	2.23	1.12	सूचना नहीं दी गई
27.	जम्मू और कश्मीर	6	4.74	2.37	सूचना नहीं दी गई
28.	लक्षद्वीप	3	0.78	0.15	सूचना नहीं दी गई
29.	मेघालय	1	1.91	0.96	सूचना नहीं दी गई
30.	मिजोरम	8	9.34	4.67	सूचना नहीं दी गई
31.	नागालैण्ड	2	2.16	1.08	1.08
32.	पुदुचेरी	2	1.58	0.79	सूचना नहीं दी गई
33.	सिक्किम	1	1.25	0.62	सूचना नहीं दी गई
34.	पंजाब	5	11.67	5.83	सूचना नहीं दी गई
कुल	34 राज्य	162 शहर	208.24	99.98	21.62

*नोट: इसमें वित्तीय वर्ष 2010-11 में दूसरी किस्त के रूप में जारी 9.69 करोड़ रुपए की राशि शामिल है।

[अनुवाद]

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का आधुनिकीकरण

*277. **श्री अशोक तंवर:**

श्री आर. थामराईसेलवन:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कुल कितने क्षेत्रीय हब स्थापित किए गए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के आधुनिकीकरण हेतु कर्नाटक सहित राज्य-वार कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ख) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों में और अधिक क्षेत्रीय हब स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को सुदृढ़ करने हेतु अन्य देशों के विशेष बलों के साथ मिलकर अभ्यास की योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) मुम्बई (महाराष्ट्र), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) तथा चेन्नई (तमिलनाडु) में राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के चार क्षेत्रीय केन्द्र (हब) स्थापित किए गए हैं। ये केन्द्र 3 जून/01 जुलाई, 2009 से कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद को निधियां केन्द्रीय तौर पर अवंटित की जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद को निधियों का राज्य-वार आवंटन नहीं किया जाता है। अत: विशेष रूप से कर्नाटक के लिए निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (4 क्षेत्रीय केन्द्रों सहित) के लिए सम्पूर्ण प्रापण राष्ट्रीय सुरक्षा गारद मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीकृत रूप से किया जाता है। आधुनिकीकरण योजना के तहत एन.एस.जी. को आवंटित कुल निधियों का उल्लेख नीचे किया गया है:-

वित्त वर्ष	आबंटित निधियां (राशि करोड़ रुपए)
1	2
2002-03	3.03
2003-04	1.07
2004-05	2.61
2005-06	7.86
2006-07	2.04
2007-08	11.89
2008-09	8.00
2009-10	24.00
2010-11	18.70
2011-12	23.00
कुल	102.20

(ख) जी, नहीं। फिलहाल, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के और क्षेत्रीय केन्द्रों के सृजन का कोई निश्चित प्रस्ताव नहीं है।

(ग) उपर्युक्त (ख) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) और (ङ) अन्य देशों में समकक्ष संगठनों के साथ कुछ प्रशिक्षण अभ्यास किए गए हैं और भविष्य में भी आयोजित किए जा सकते हैं।

[अनुवाद]

बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र जिले हेतु निधियां

*278. **श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी:** क्या **उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष से बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र जिले हेतु केन्द्रीय अव्यपगत संसाधन पूल के अंतर्गत एक पृथक केन्द्रीय निधि नियत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विकास कार्यों की गति तेज करने के लिए असम सरकार के माध्यम से निधियां न देकर बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद को सीधे केन्द्रीय निधियों प्रदान करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पबन सिंह घाटोवार): (क) से (ङ) चालू वित्तीय वर्ष से बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र जिले (बी.टी.ए.डी.) हेतु केन्द्रीय अव्यपगत संसाधन पूल के अंतर्गत एक पृथक केन्द्रीय निधि नियत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

तथापि वर्ष 2003 में भारत सरकार, असम सरकार और बोडो लिब्रेशन टाइगर (बी.एल.टी.) के द्वारा हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.एस.) के अनुसार भारत सरकार असम राज्य को दी जाने वाली सामान्य योजनागत सहायता के अतिरिक्त बोडो प्रादेशिक परिषद (बी.टी.सी.) क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक अवसंरचना विकास हेतु परियोजनाओं के लिए पांच वर्ष तक 100 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष अर्थात् कुल 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर सहमत हो गई थी। इसके अतिरिक्त माननीय प्रधान मंत्री ने अगस्त, 2008 में बी.टी.ए.डी. के लिए "250 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बी.टी.सी. पैकेज" की घोषणा की थी।

एन.एल.सी.पी.आर. स्कीम और बी.टी.सी. पैकेज के तहत बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बी.टी.सी.) प्रशासन को असम सरकार के माध्यम से निधियां उपलब्ध कराई जाती हैं।

राष्ट्रीय ग्रंथालय मिशन

*279. **श्रीमती अश्वमेध देवी**: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय ग्रंथालय मिशन शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त मिशन के अंतर्गत किन-किन कार्यकलापों को शुरू किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार ने ग्रंथालयों के संबंध में राष्ट्रीय ज्ञान आयोग की सिफारिशों के क्रियान्वयन हेतु कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त सिफारिशों के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) देश में आम लोगों से पढ़ने की आदत विकसित करने तथा ग्रंथालयों के विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाने का प्रस्ताव है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) जी, हां, महोदया।

(ख) 'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' नामक एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है 'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' के विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं:

(i) राष्ट्रीय महत्व के सभी पुस्तकालय और सूचना क्षेत्र संबंधी विषयों के बारे में भारत सरकार को सलाह देना,

(ii) पुस्तकालय क्षेत्र के विकास के लिए दीर्घकालीन योजनाएं और कार्यनीति तैयार करना,

(iii) पुस्तकालय मामलों पर राज्य सरकार से विचार-विमर्श करना,

(iv) पुस्तकालय सेवाओं के लिए मानक निर्धारित करना,

(v) पुस्तकालय और सूचना क्षेत्र के विकास में कार्यरत निगमित क्षेत्र, लोकोपकारी संगठनों तथा द्विपक्षी एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ भागीदारी को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना,

(vi) पुस्तकालय और सूचना विज्ञान शिक्षा की वर्तमान स्थिति की समीक्षा और मूल्यांकन करना,

(vii) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (एन.के.सी.) की पुस्तकालय संबंधी सिफारिशों का प्रभावी कार्यान्वयन और कार्यान्वयन के बाद की स्थिति का प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए स्वामित्वधारी मंत्रालयों जैसे - संस्कृति मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय आदि के साथ समन्वय स्थापित करना।

(viii) पुस्तकालय और सूचना क्षेत्र के अन्य राष्ट्रीय स्वामित्वधारकों के साथ समन्वय-स्थापित करना।

(ix) सहयोग के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए अन्य देशों की समकक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग करना जिससे भारत का पुस्तकालय एवं सूचना क्षेत्र सुदृढ़ होगा।

(x) संभाषण, प्रयोग, निष्कर्ष और प्रभाव का साक्ष्य उपलब्ध कराकर पक्ष समर्थन और मीडिया के माध्यम से जन समर्थन जुटाना।

(xi) राज्य पुस्तकालय अधिनियम तैयार करने में राज्य सरकारों (जिनके पास अभी तक पुस्तकालय विधान नहीं है) की सहायता करना।

उक्त मिशन के अंतर्गत शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं - पुस्तकालयों की राष्ट्रीय गणना, सार्वजनिक पुस्तकालयों में बुनियादी संरचना का विकास, पुस्तकालय सेवाओं में सुधार के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग, पुस्कालय और सूचना विज्ञान शिक्षा का सुदृढ़ीकरण, पुस्तकालय कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाएं तथा कौशल विकास कार्यक्रम, विकलांगों और अन्य विशेष समूहों का विकास, ज्ञान केन्द्रों की स्थापना, पुस्तकालयों आदि की सूची तैयार करना और नेटवर्किंग आदि।

(ग) और (घ) जी, हां। अन्य बातों के साथ राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (एन.के.सी.) ने सिफारिश की कि राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन स्थापित किया जाना चाहिए जो आगे चलकर स्थायी राष्ट्रीय पुस्तकालय आयोग बनेगा। तदनुसार, उच्च स्तरीय समिति (राष्ट्रीय मिशन) गठित की गई है। एन.के.सी. की अन्य सिफारिशें निम्नलिखित हैं: (i) सभी पुस्तकालयों की राष्ट्रीय गणना तैयार करना, (ii) पुस्तकालय सूचना विज्ञान (एन.आई.एस.) शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं का नवीकरण करना, (iii) पुस्तकालयों के कार्मिकों का पुनः निर्धारण, (iv) केन्द्रीय पुस्तकालय निधि स्थापित करना, (v) पुस्तकालय प्रबंधन को आधुनिक करना, (vi) पुस्तकालय प्रबंधन में अधिक से अधिक सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना, (vii) सभी पुस्तकालयों में सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) के प्रयोग को बढ़ावा देना, (viii) निजी संग्रहों के डोनेशन और अनुरक्षण को सुगम बनाना और (ix) एल.आई.एस. में सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना। ये सिफारिशें राष्ट्रीय मिशन के अधिदेश के अधीन व्यापक रूप से शामिल हैं।

(ङ) राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आर.आर.आर.एल.एफ.), देश में सार्वजनिक पुस्तकालय क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यरत है। यह प्रतिष्ठान, अपनी स्कीमों के माध्यम से सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकें प्रदान करता है। बुनियादी अवसंरचना के विकास के लिए अनुदान प्रदान करता है, कंप्यूटर प्राप्त करता है और भवनों का निर्माण आदि करता है। पढ़ने की आदत बढ़ाने के लिए, आर.आर.एल.एफ. विभिन्न समूहों जैसे - बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों आदि के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों में विशेष कार्नर स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रीय पुस्ताकालय मिशन द्वारा शुरू की जाने वाली इस परिकल्पित स्कीम से सार्वजनिक पुस्तकालयों का उन्नयन होगा और पूरे देश में पढ़ने की आदत में वृद्धि होगी।

[हिन्दी]

शहरी गरीबी उपशमन योजनाएं

*280. **श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे:** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा देश में राज्य-वार क्रियान्वित की जा रही शहरी गरीबी उपशमन योजनाओं की संख्या क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य-वार और योजना-वार इन योजनाओं के अंतर्गत कितनी राशि आबंटित की गई, जारी की गई और उपयोग की गई तथा लाभार्थियों की संख्या कितनी रही;

(ग) क्या सरकार ने उक्त योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को अब तक प्राप्त कर लिया है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय वर्ष 1997 से स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एस.जे.एस. आर.वाई.) नामक एक शहरी गरीबी उपशमन स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है। इस स्कीम को वर्ष 2009 में व्यापक रूप से संशोधित किया गया है। इस संशोधित स्कीम का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रह रहे शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से स्व-रोजगार उद्यमों की स्थापना को प्रोत्साहित करके और सामाजिक और आर्थिक रूप से उपयोगी सार्वजनिक परिसम्पत्ति के निर्माण में उनके श्रम का उपयोग करके मजदूरी रोजगार मुहैया कराकर शहरी बेरोजगारों और अल्प रोजगार प्राप्त गरीबों को लाभप्रद रोजगार मुहैया करना है।

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक के दौरान स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ शासित राज्यों द्वारा लाभार्थियों को आबंटित, जारी और प्रयुक्त निधियों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। चालू वर्ष 2012-13 के दौरान अब तक किसी भी राज्य/संघ शासित राज्य को कोई निधियां जारी नहीं की गई हैं।

(ग) जी हां।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) एस.जे.एस.आर.वाई. के अंतर्गत तीव्र कार्यान्वयन और लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल है: (i) वास्तविक और वित्तीय लक्ष्यों तथा उपलब्धियों के संबंध में तिमाही और मासिक प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से स्कीम की नियमित निगरानी; (ii) राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरों पर राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्कीम के कार्यान्वयन की नियमित पुनरीक्षा; (iii) मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा राज्यों और शहरों के मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा अवधिक फील्ड दौरों; (iv) राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य संसाधन केन्द्रों के नेटवर्क को शामिल करने के साथ ही राज्य, शहरी और समुदाय स्तरीय अधिकारियों को प्रदान की गई क्षमता निर्माण सहायता।

विवरण

स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एस.जे.एस.आर.वाई.) के अंतर्गत आबंटित, जारी और प्रयुक्त केन्द्रीय निधियों के तहत शामिल लाभार्थियों की संख्या

(*19-04-2012 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित राज्य	2009-10					2010-11				
		वास्तविक उपलब्धि और शामिल लाभार्थी		वित्तीय (लाख रु.)			वास्तविक उपलब्धि और शामिल लाभार्थी		वित्तीय (लाख रु.)		
		व्यक्तिगत/समूह सूक्ष्य उद्यमों की स्थापना हेतु सहायता प्रदत्त शहरी गरीबों की संख्या	कौशल प्रशिक्षण मुहैया कराए गए लाभार्थियों की संख्या	अनन्तिम केन्द्रीय आबंटन	वास्तविक जारी केन्द्रीय निधियां	प्रयुक्त केन्द्रीय निधियां	व्यक्तिगत/समूह सूक्ष्य उद्यमों की स्थापना हेतु सहायता प्रदत्त शहरी गरीबों की संख्या	कौशल प्रशिक्षण मुहैया कराए गए लाभार्थियों की संख्या	अनन्तिम केन्द्रीय आबंटन	वास्तविक जारी केन्द्रीय निधियां	प्रयुक्त केन्द्रीय निधियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आन्ध्र प्रदेश	8389	23914	3390.53	3390.53	3390.53	22505	26753	3790.43	5226.02	5226.02
2.	अरुणाचल प्रदेश	16	20	207.85	103.93	103.93	34	28	201.79	201.79	103.93
3.	असम	472	420	2956.05	1478.03	1478.03	90	0	2869.96	2869.96	2869.96
4.	बिहार	0	0	1790.24	895.12	895.12	0	17134	2001.40	2001.40	566.71
5.	छत्तीसगढ़	2490	1083	1075.14	881.30	881.30	2773	3701	1201.95	1201.95	1201.95

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
6.	गोवा	0	0	90.56	0.00	0.00	0	0	101.24	0.00	0.00
7.	गुजरात	19394	23754	1501.44	1501.44	1501.44	11302	31517	1678.53	1928.53	1473.54
8.	हरियाणा	4490	5495	585.34	585.34	585.34	2424	4724	654.37	654.37	654.37
9.	हिमाचल प्रदेश	33	149	12.15	12.15	12.15	26	25	50.00	50.00	50.00
10.	जम्मू और कश्मीर	0	0	120.93	0.00	0.00	200	0	135.21	135.21	0.00
11.	झारखंड	364	209	728.91	0.00	0.00	784	2874	814.88	814.88	0.00
12.	कर्नाटक	8298	15853	3524.71	3524.71	3524.71	7557	13397	3940.45	5376.04	3036.67
13.	केरल	2493	2696	948.13	948.13	948.13	2895	3190	1059.96	474.03	474.03
14.	मध्य प्रदेश	16817	33088	4087.96	4087.96	4087.96	17822	31439	4570.13	5914.80	5914.80
15.	महाराष्ट्र	37575	40693	8075.96	8075.96	8075.96	42148	38669	9028.52	10464.11	3436.00
16.	मणिपुर	8	2469	461.88	461.88	461.88	8	97	448.43	448.43	134.28
17.	मेघालय	24	47	369.51	0.00	0.00	52	154	358.74	0.00	0.00
18.	मिजोरम	159	230	369.51	369.51	369.51	546	3145	358.74	641.66	641.66
19.	नागालैंड	345	46	277.13	277.13	277.13	326	154	269.06	419.06	34.53
20.	ओडिशा	8500	5697	1476.59	1476.59	1476.59	9506	3356	1650.75	1650.75	800.35
21.	पंजाब	14	0	358.93	0.00	0.00	66	0	401.27	0.00	0.00
22.	राजस्थान	9415	5315	2623.52	1311.76	1311.76	7353	3355	2932.96	2932.96	518.63
23.	सिक्किम	86	0	46.19	46.19	46.19	150	320	44.84	194.84	142.44
24.	तमिलनाडु	3624	1224	3817.38	3817.38	3817.38	8585	7198	4267.63	4267.63	4267.63
25.	त्रिपुरा	200	1014	461.88	0.00	0.00	382	1586	448.43	224.25	205.40
26.	उत्तर प्रदेश	992	1744	488.70	488.70	488.70	914	2168	546.34	546.34	546.34
27.	उत्तराखंड	3410	15281	6462.43	6462.43	6462.43	9943	52419	7224.67	7224.67	7224.67
28.	पश्चिम बंगाल	22595	7049	1940.44	1940.44	1940.44	5019	5878	2169.31	2169.31	2033.29
29.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	43	1	37.50	0.00	0.00	43	0	37.50	18.75	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
30.	चंडीगढ़	0	0	78.52	0.00	0.00	114	124	78.52	39.26	0.00
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	17.58	17.58	17.58	0	0	17.58	8.79	0.00
32.	दमन और द्वीप	0	0	16.41	0.00	0.00	0	0	16.41	0.00	0.00
33.	दिल्ली	125	109	93.34	0.00	0.00	2511	548	200.00	0.00	0.00
34.	पुदुचेरी	706	44	6.66	6.66	6.66	1423	276	50.00	50.00	0.00
	कुल	181077	487644	48500.00	42100.85	42160.85	157501	254229	53620.00	68149.79	61657.20

(*19-04-2012 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित राज्य	2011-12				
		वास्तविक उपलब्धि और शामिल लाभार्थी		वित्तीय (लाख रु.)		
		व्यक्तिगत/समूह सूक्ष्य उद्यमों की स्थापना हेतु सहायता प्रदत्त शहरी गरीबों की संख्या	कौशल प्रशिक्षण मुहैया कराए गए लाभार्थियों की संख्या	अनन्तिम केन्द्रीय आबंटन	वास्तविक जारी केन्द्रीय निधियां	प्रयुक्त केन्द्रीय निधियां
1	2	13	14	15	16	17
1.	आन्ध्र प्रदेश	12823	62031	4827.60	2910.24	4827.60
2.	अरुणाचल प्रदेश	143	213	259.97	129.99	0.00
3.	असम	206	1006	3274.79	3274.79	0.00
4.	बिहार	0	302	3158.72	1579.36	0.00
5.	छत्तीसगढ़	3341	8512	1342.71	1921.96	1007.03
6.	गोवा	14	59	115.29	0.00	0.00
7.	गुजरात	9753	43179	3843.37	3843.37	2172.13
8.	हरियाणा	1291	2440	1597.70	1597.70	543.90
9.	हिमाचल प्रदेश	69	262	109.54	109.54	0.00
10.	जम्मू और कश्मीर	88	1380	293.30	293.30	124.33

1	2	13	14	15	16	17
11.	झारखंड	116	438	1627.99	814.00	0.00
12.	कर्नाटक	8951	22370	4874.28	4874.28	2585.39
13.	केरल	3330	5040	1376.53	1970.37	1181.46
14.	मध्य प्रदेश	8550	22066	5719.08	5719.08	2663.09
15.	महाराष्ट्र	12069	20160	10304.04	10304.04	1832.56
16.	मणिपुर	0	1283	799.30	399.65	0.00
17.	मेघालय	0	0	469.49	0.00	0.00
18.	मिजोरम	759	2755	358.74	514.74	0.00
19.	नागालैंड	492	643	269.06	269.06	0.00
20.	ओडिशा	2085	3060	2083.28	2083.28	641.58
21.	पंजाब	58	755	2275.11	2275.11	56.98
22.	राजस्थान	3340	4609	4187.60	4187.60	488.15
23.	सिक्किम	96	755	44.84	44.84	0.00
24.	तमिलनाडु	10484	24589	6346.09	6346.09	3173.04
25.	त्रिपुरा	433	1688	523.81	523.81	0.00
26.	उत्तर प्रदेश	725	1890	583.96	583.96	247.32
27.	उत्तराखंड	4804	28036	11119.01	11119.01	4248.55
28.	पश्चिम बंगाल	11501	18577	5764.81	5764.81	2703.89
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	65	0	23.34	23.34	9.17
30.	चंडीगढ़	156	331	147.13	147.13	7.43
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	17.30	8.65	0.00
32.	दमन और द्वीप	0	0	12.23	0.00	0.00
33.	दिल्ली	316	395	350.00	175.00	0.00

1	2	13	14	15	16	17
34.	पुदुचेरी	206	92	150.00	75.00	0.00
	कुल	962654	278916	78250.01	77883.10	39813.00

* राज्यों/संघ शासित राज्यों से प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों के आधार पर

$ दिसम्बर 2011 को समाप्त हो रहे तिमाही तक की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से राज्यों द्वारा रिपोर्ट किए गए व्यय के आधार पर।

[अनुवाद]

कर्नाटक में आकाशवाणी केन्द्र

2991. **श्री जी.एम. सिद्देश्वर:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दाबणगेरी सहित कर्नाटक में विधि भारती और राष्ट्रीय प्रसारण कार्यक्रमों के प्रसारणार्थ उच्च शक्ति ट्रांसमीटर वाले आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त उच्च शक्ति ट्रांसमीटर वाले आकाशवाणी केन्द्र कब तक चालू हो जाएंगे?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि विविध भारती सेवा को रिले करने के लिए अभिप्रेत बेंगलुरु स्थित मौजूदा 500 किवा शॉवे ट्रांसमीटर के स्थान पर नया 500 किवा शॉवे (डी.आर.एम.) डिजिटल ट्रांसमीटर लगाया जा रहा है।

प्राथमिक चैनल सेवा के लिए अभिप्रेत बेंगलुरु और धारवाड़ स्थित मौजूदा 200 किवा मीवे ट्रांसमीटर के स्थान पर भी नया 200 किवा मीवे (डी.आर.एम.) डिजिटल ट्रांसमीटर लगाया जा रहा है।

आकाशवाणी के उपर्युक्त 3 उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों (एच.पी.टी.) के अधिष्ठापन का कार्य वर्ष 2013 में पूरा कर लिए जाने की संभावना है।

उपर्युक्त, कर्णाटक के निम्नलिखित 6 स्थानों में नए एफ.एम. ट्रांसमीटर (रिले) भी स्थापित किए जा रहे हैं:-

क्र.सं.	स्थान	एफ.एम. ट्रांसमीटर की क्षमता
1.	देवनगेरे	100 वाट
2.	होसदुर्ग	100 वाट
3.	कुमाता	100 वाट
4.	सागर	100 वाट
5.	तुमकुर	100 वाट
6.	भद्रावती	1 किवा

उपर्युक्त ट्रांसमीटरों के अधिष्ठापन संबंधी कार्य के इस वर्ष के दौरान पूरे हो जाने की संभावना है।

साथ ही, 12वीं पंचवर्षीय योजना में देवनगेरे में एक 5 किवा एफ.एम. ट्रांसमीटर सहित कर्नाटक के 13 अतिरिक्त स्थानों में नए आकाशवाणी एफ.एम. स्टेशनों की स्थापना करने का प्रस्ताव किया गया है जोकि निधियों के आबंटन और योजना आयोग के अनुमोदन के अध्यधीन होगा।

गैर-सरकारी संगठनों में नौकरशाहों की संलिप्ति

2992. **श्री राजय्या सिरिसिल्ला:**

श्री रूद्रमाधव राय:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वरिष्ठ नौकरशाहों तथा उनके संबंधियों की अवास्तविक गैर-सरकारी संगठनों में संलिप्ति तथा उनसे अपनी स्वार्थसिद्धि करने के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे दोषी पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या विदेशी सहायता प्राप्त कर रहे गैर-सरकारी संगठनों के कार्यकरण पर निगाह रखने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) गृह मंत्रालय के विदेशी प्रभाग के एफ.सी.आर.ए. विंग के निगरानी एकक को विदेशी मुद्रा (विनियमन) अधिनियम, 2010 के प्रावधानों के अनुसार विदेशी निधियां प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) के कार्यकरण की निगरानी करने का अधिदेश दिया गया है।

सुरक्षा-बंदोबस्त

2993. **श्री रूद्रमाधव राय**: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दागी और आरोप-पत्र में नामित राजनेताओं और नौकरशाहों की सुरक्षा पर कुल कितनी धनराशि व्यय हुई है;

(ख) क्या सरकार का ऐसे सभी व्यक्तियों की सुरक्षा का बंदोबस्त हटा लेने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (घ) सुरक्षा मुख्य रूप से व्यक्तियों के संबंध में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यथा आकलित खतरे की आशंका के आधार पर अथवा किसी व्यक्ति द्वारा धारित पद के आधार पर निर्धारित नियमों और अनुदेशों के अनुसार प्रदान की जाती है।

ऐसी सुरक्षा प्राथमिक रूप से उस राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रदान की जाती है, जिसके क्षेत्राधिकार में वह व्यक्ति उस समय होता है। स्थानीय पुलिस के अलावा, केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी सुरक्षा प्राप्त कुछ व्यक्तियों को सुरक्षा कवर के कुछ या सभी घटक उपलब्ध कराती हैं। राज्य सरकारों सहित इसमें शामिल विभिन्न एजेंसियों के मद्देनजर, सुरक्षा प्रदान करने पर होने वाले कुल व्यय का आकलन करना संभव नहीं होगा। प्रदान की जाने वाली सुरक्षा आवधिक समीक्षा के अध्यधीन होती है, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा कवर को जारी रखा जा सकता है, बढ़ाया जा सकता है, कम किया जा सकता है अथवा वापस लिया जा सकता है।

[हिन्दी]

शहरी क्षेत्र के गरीबों हेतु आवास

2994. **श्रीमती कमला देवी पटले**: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में शहरी क्षेत्र के बेघर-बार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने संबंधी कोई प्रस्ताव मंजूर किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त प्रयोजनार्थ आवास-निर्माण कार्य में संलग्न सरकारी क्षेत्र की कंपनी ने काम बंद कर दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/उठाने का प्रस्ताव किया है और इसके बाद यह कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के घटक शहरी गरीबों को मूलभूत सेवाएं (बी.एस.यू.पी.) और एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आई.एच.एस.डी.पी.) के तहत जारी परियोजनाओं के ब्यौरे संलग्न विवरण-I और विवरण II में दिये गए हैं।

(ग) और (घ) राज्य शहरी विकास एजेंसी, छत्तीसगढ़ ने सूचित किया है कि हिन्दुस्तान प्रीफैब लिमिटेड (एच.पी.एल.), नई दिल्ली (सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) को बी.एस.यू.पी. परियोजना (फेज-I), रायपुर और आई.एच.एस.डी.पी. (फेज-I और फेज-II) बिलासपुर के लिए आवास निर्माण हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया था। कार्य के मूल्यांकन और अन्य गुणवत्ता संबंधी मुद्दों पर एच.पी.एल., रायपुर नगर निगम और

बिलासपुर नगर निगम के बीच विवाद के कारण कार्य रुक गया है।

(ङ) जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत यह राज्य सरकारों पर है कि वे स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन किसी एजेंसी, सार्वजनिक या प्राइवेट को कार्य सौंपे। यह छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार पर है कि वह उनके बीच के करार की शर्तों के अनुसार कार्यान्वयन एजेंसियों से निपटें।

विवरण-I

जे.एन.एन.यू.आर.एम. शहरी गरीब को मूलभूत सेवाएं (उप मिशन-II)
कुल अनुमोदित परियोजना (अस्थायी)

क्र. सं.	राज्य का नाम/ संघ क्षेत्र	मिशन शहर	अनुमोदित परियोजनाएं	अनुमोदित कुल परियोजना लागत	रिहायशी ईकाईयों की कुल संख्या (नई+ उन्नयन)	अनुमोदित कुल केन्द्रीय अंश	अनुमोदित कुल राज्य अंश	स्वीकृत प्रथम किस्त
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	छत्तीसगढ़	नया रायपुर	रायपुर, छत्तीसगढ़ में बी.एस.यू.पी. स्कीम	28.79	888	23.03	5.76	5.76
2.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर फेज-II (1136 डी.यू.एस.) छत्तीसगढ़ में (संशोधित बी.एस.यू.पी. स्कीम)	41.64	976	29.60	12.04	7.40
3.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-1-15), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	58.25	3600	46.47	11.78	11.62
4.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-16-30), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	108.28	6504	86.43	21.84	21.61

1	2	3	4	5	6	7	8	9
5.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-31-45), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	152.82	12248	121.83	30.99	30.46
6.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-46-61), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	72.10	5624	57.45	14.65	14.36
7.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-I में 512 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	21.12	512	16.61	4.51	4.51
8.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-II में 1648 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	69.40	1648	54.33	15.07	13.58
9.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-III में 2048 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	86.01	2048	67.39	18.62	16.85
10.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-IV में 1040 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	42.24	1040	33.27	8.97	8.32
	कुल			680.65	35088	536.42	144.22	134.11

क्र. सं.	राज्य का नाम/ संघ क्षेत्र	मिशन शहर	अनुमोदित परियोजनाएं	स्वीकृत द्वितीय किस्त	स्वीकृत तृतीय किस्त	स्वीकृत चतुर्थ किस्त	जारी कुल ए.सी.ए.	सी.एस.एम. सी. की तारीख
1	2	3	4	10	11	12	13	14
1.	छत्तीसगढ़	नया रायपुर	रायपुर, छत्तीसगढ़ में बी.एस.यू.पी. स्कीम				5.76	21-फरवरी-09
2.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर फेज-II (1136 डी.यू.एस.) छत्तीसगढ़ में (संशोधित बी.एस.यू.पी. स्कीम)				7.44	8-फरवरी-10
3.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-1-15), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	11.62			23.24	28 नवंबर-06
4.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-16-30), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	21.61			43.22	28-नवंबर-06
5.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-31-45), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	30.46			60.92	28-नवंबर-06
6.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायगढ़ शहर (स्थल-46-61), छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थलों पर स्लमों में रह रहे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं	14.36			28.72	28-नवंबर-06

1	2	3	4	10	11	12	13	14
7.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-I में 512 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	11.62			0.00	23-मार्च-12
8.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-II में 1648 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	21.61			0.00	23-मार्च-12
9.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-III में 2048 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	30.46			0.00	23-मार्च-12
10.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुर (सी.जी.) डी.पी.आर.-IV में 1040 रिहायशी एककों का निर्माण के लिए बी.एस.यू.पी. परियोजना	14.36			0.00	23-मार्च-12
	कुल			156.09	0.00	0.00	169.29	

विवरण-II

क्र. सं.	राज्य का नाम/ संघ क्षेत्र	जिला का नाम	शहर/शहरी स्थानीय निकायों की संख्या	अनुमोदित परियोजनाओं की कुल संख्या	अनुमोदित कुल परियोजना लागत	रिहायशी ईकाईयों की कुल संख्या (नई+ उन्नयन)	अनुमोदित कुल केन्द्रीय अंश	अनुमोदित कुल राज्य अंश
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	छत्तीसगढ़	रायपुर	अभनपुर	1	2.61	210	1.92	0.69
2.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	बलोद	1	2.58	200	1:91	0.68

1	2	3	4	5	6	7	8	9
3.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	बेमतारा	1	2.58	200	1.91	0.68
4.	छत्तीसगढ़	रायपुर	भटपरा	1	4.98	450	3.62	1.36
5.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	भिलाई	1	12.16	1168	8.79	3.37
6.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	बिलासपुर (फेज-I)	1	17.85	1344	12.13	5.72
7.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	बिलासपुर (फेज-I-II)	1	79.33	6492	53.08	26.25
8.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	डांगगांव	1	7.99	480	6.01	1.98
9.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	डांगगांव	1	2.58	200	1.91	0.68
10.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	दुर्ग	1	18.14	1638	13.20	4.94
11.	छत्तीसगढ़	बस्तर	जगदलपुर	1	9.02	880	6.51	2.51
12.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	जामूल	1	2.95	228	2.18	0.77
13.	छत्तीसगढ़	क्वारदा	क्वारदा	1	15.63	1032	11.68	3.95
14.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	खैरागढ़	1	7.52	492	5.62	1.90
15.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	कुमहरी	1	3.40	320	2.46	0.94
16.	छत्तीसगढ़	धमतरी	खुर्द	1	2.38	204	1.74	0.64
17.	छत्तीसगढ़	रायगढ़	रायगढ़	1	15.93	1312	10.65	5.29
18.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	राजनंद गांव	1	17.97	1072	13.52	4.45
	योग		17	18	225.60	17922	158.83	66.78

क्र. सं.	राज्य का नाम/ संघ क्षेत्र	जिला का नाम	शहर/शहरी स्थानीय निकायों की संख्या	प्रथम किस्त (अनुमोदित केन्द्रीय अंश का 50%)	अनुमोदित द्वितीय किस्त	जारी कुल ए.सी.ए.	सी.एस.सी. बैठक की तारीख
1	2	3	4	10	11	12	13
1.	छत्तीसगढ़	रायपुर	अभनपुर	0.96	0.96	1.92	28-सितम्बर-06
2.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	बलोद	0.95	0.95	1.91	28-सितम्बर-06
3.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	बेमतारा	0.95	0.95	1.91	11-अक्तूबर-06
4.	छत्तीसगढ़	रायपुर	भटपरा	1.81	1.81	3.62	28-सितम्बर-06

1	2	3	4	10	11	12	13
5.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	भिलाई	4.40	4.40	8.79	28-सितम्बर-06
6.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	बिलासपुर (फेज-I)	6.06	6.06	9.10	28-सितम्बर-06
7.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	बिलासपुर (फेज-I-II)	26.54	26.54	39.81	28-सितम्बर-06
8.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	डांगगांव	3.00		3.00	28-फरवरी-09
9.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	डांगगांव	0.95	0.95	1.43	28-सितम्बर-06
10.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	दुर्ग	6.60	6.60	13.20	28-सितम्बर-06
11.	छत्तीसगढ़	बस्तर	जगदलपुर	3.25	3.25	6.51	28-सितम्बर-06
12.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	जामूल	1.09	1.09	2.18	11-अक्तूबर-06
13.	छत्तीसगढ़	क्वारदा	क्वारदा	5.84		5.84	28-फरवरी-09
14.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	खैरागढ़	2.81		2.81	28-फरवरी-09
15.	छत्तीसगढ़	दुर्ग	कुमहरी	1.23	1.23	2.46	28-सितम्बर-06
16.	छत्तीसगढ़	धमतरी	खुर्द	0.87	0.87	1.74	28-सितम्बर-06
17.	छत्तीसगढ़	रायगढ़	रायगढ़	5.32		5.32	11 अक्तूबर-06
18.	छत्तीसगढ़	राजनंद गांव	राजनंद गांव	6.76		6.76	28-फरवरी-09
	योग		17	79.41	55.68	118.31	

[अनुवाद]

गन्ने की गुणवत्ता

2995. **श्री एन. चेलुवरया स्वामी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में उत्पादित गन्ने में सूक्रोज की कितनी मात्रा है;

(ख) इसमें सूक्रोज की मात्रा बढ़ाने तथा इस प्रकार देशी स्रोतों से ही चीनी का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से क्या अनुसंधान एवं विकास कार्य हुआ है;

(ग) खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गन्ने में सूक्रोज की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत कितनी मात्रा होनी चाहिए;

(घ) क्या अधिकतम सूक्रोज-मात्रा सुनिश्चित करने वाले विशेष गुणवत्ता के कोई गन्ना बीज उपलब्ध है;

(ङ) क्या चीनी उत्पादन की मात्रा एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु बेहतर बीजों व अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने के बारे में गन्ना-उत्पादकों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का सरकार का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) भारत में परम्परागत किस्मों के गन्ने के रस में लगभग 15 प्रतिशत सूक्रोज पाया जाता है जबकि देश के उपोषण क्षेत्र में इस समय उगाये जाने वाली किस्मों के गन्ने के रस में 17-19 प्रतिशत सूक्रोज पाया जाता है और देश के उष्णकटिबंधी क्षेत्रों में गन्ने के रस में 18 से 21.5 प्रतिशत सूक्रोज अंश पाया जाता है। देश के विभिन्न भागों में शर्करा की औसतन रिकवरी 10.5 प्रतिशत है जोकि 8.5 प्रतिशत से 13.5 प्रतिशत के बीच है।

(ख) गन्ने की किस्मों में सूक्रोज तत्व को बढ़ाने के लिए अनुसंधान के फलस्वरूप सूक्रोज तत्व को बढ़ाने हेतु कई नई किस्में जारी की गई हैं। गन्ना उगलने वाले राज्यों के लिए अधिक शर्करा देने वाली अनेक किस्में जारी की गई हैं। ऐसी अधिसूचित किस्में मुख्य जैविक तथा मुख्य अजैविक दबावों के प्रति भी सहिष्णु हैं तथा देश में उगायी जा रही हैं। देसी किस्मों में अधिक सूक्रोज से बेहतर शर्करा की रिकवरी प्राप्त की जा सकती है। खेती के लिए पहचानी गई किस्मों की वैज्ञानिक योजना से वांछनीय कृषि जलवायु, परिपक्वता वार कटाई तथा न्यूनतम कट-टू-क्रश समय से अधिक सूक्रोज उत्पादन हो सकता है।

(ग) खाद्य तथा कृषि संगठन अंतर्राष्ट्रीय ने गन्ने के लिए सूक्रोज अंश से संबंधी कोई मानक निर्धारित नहीं किया है।

(घ) कई किस्में जिनके रस में 17.5 से 19.37 प्रतिशत के बीच सूक्रोज है उन्हें खेती के लिए जारी किया गया है। ऐसी किस्मों की सूची संलग्न विवरण में दी गई है।

(ङ) जी हां।

(च) गन्ना प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ तथा अखिल भारतीय समन्वित गन्ना अनुसंधान परियोजना, स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठकें आयोजित करते हैं जिसमें गन्नों की नई किस्मों तथा प्रौद्योगिकियों के बारे में मिलों के संबद्ध अधिकारियों तथा राज्यों के गन्ना विभाग को सूचना दी जाती है जिनसे यह जानकारी गन्ना उत्पादकों तक पहुंचती है। इसके अलावा, उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए अद्यतन प्रौद्योगिकियों को अपनाने हेतु किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए गन्ना उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण तथा वार्षिक किसान मेले आयोजित किये जाते हैं। संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र भी विभिन्न प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन तथा परिष्करण के कार्य में लगे हुए हैं जिसमें किस्मों, फसल उत्पादन तथा फसल स्वास्थ प्रबंधन शामिल है ताकि प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को किसानों के लिए प्रदर्शित किया जा सके।

विवरण

गन्ने की अधिक सूक्रोज वाली किस्में

क्रम.सं.	किस्म	जारी करने तथा अधिसूचना का वर्ष	गन्ना उत्पादन (टन/है.)	गन्ने के रस में सूक्रोज (प्रतिशत)	व्यवसायिक गन्ना (टन/है.)
1	2	3	4	5	6
		प्रायद्वीपीय क्षेत्र			
1.	सी.ओ. 99004 (दामोदर)-मध्य पछेती	2007	116.7	18.8	16.83
2.	सी.ओ. 2001-13 (सुलभ)-मध्य पछेती	2009	108.59	19.03	14.73
3.	सी.ओ. 2001-15 (मंगल)-मध्य पछेती	2009	112.99	19.37	15.65
4.	सी.ओ. 0218	2010	103.77	20.79	15.17
		पूर्वी तटीय क्षेत्र			
5.	सी.ओ.सी. 01061-अगेती	2006	110.8	17.4	14.18
		उत्तर पश्चिमी क्षेत्र			
6.	सी.ओ.एस. 95255 (रचना)-अगेती	2004	70.5	17.5	8.45
7.	सी.ओ. 98014 (करन-I)-अगेती	2007	76.3	17.6	9.26

1	2	3	4	5	6
8.	सी.ओ.एस. 96268 (मिठास)-अगेती	2007	69.3	17.9	8.65
9.	सी.ओ. पन्त 97222-मध्य पछेती	2007	88.2	18.2	11.14
10.	सी.ओ.एस. 96275 (स्वीटी)-मध्य पछेती	2007	80.8	17.3	9.52
11.	सी.ओ. 0118 (करन-2)-अगेती	2009	78.2	18.45	9.88
12.	सी.ओ. 0238 (करन-3)-अगेती	2009	81.08	17.99	9.95
13.	सी.ओ. 0124 (करन-5)-मध्य पछेती	2010	75.71	18.22	9.68
14.	सी.ओ. 0239 (करन-6)-अगेती	2010	79.23	18.58	10.37
		उत्तर मध्य			
15.	सी.ओ.एस.ई. 96234 (रश्मि)-अगेती	2007	64.1	17.9	8.04
16.	सी.ओ.एस.ई. 96436 (जलपरी)-मध्य पछेती	2004	67.1	17.7	8.29
17.	सी.ओ.एल.के. 94184 (बीरेन्द्र)-अगेती	2008	76.0	18.0	9.28
18.	सी.ओ.0233 (कोसी)-मध्य पछेती	2009	67.77	17.54	8.25

[हिन्दी]

कुतुब मीनार का रख-रखाव

2996. **श्री कपिल मुनि करवारिया:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का कुतुब मीनार का वार्षिक भूगणितीय-परिक्षण करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उक्त परीक्षणों का निष्कर्ष क्या रहा;

(ग) उक्तावधि के दौरान उक्त स्मारक-स्थल के रख-रखाव और संरक्षण हेतु आबंटित तथा प्रयुक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त स्मारक-स्थल के समुचित संरक्षण एवं रख-रखाव के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कुतुबमीनार का वार्षिक भूगणितीय प्रेक्षण कराने के लिए भारतीय सर्वेक्षण से अनुरोध किया है। भारतीय सर्वेक्षण से अध्ययन रिपोर्ट प्रतीक्षित है।

(ग) कुतुबमीनार के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान आबंटित और उपयोग की गई तथा चालू वित्तीय वर्ष के आबंटित धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र. सं.	वर्ष	आबंटित/उपयोग की गई धन राशि (रु. में)
1.	2009-10	14892762
2.	2010-11	23505637
3.	2011-12	3868744
4.	2012-13	8552000 (आबंटन)

(घ) स्मारक के संरक्षण का कार्य मरम्मत की आवश्यकता

और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए नियमित रूप से किया जाता है और यह भली-भांति परिरक्षित है।

[अनुवाद]

किलों का संरक्षण

2997. **श्री निलेश नारायण राणे:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार/भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में रख-रखाव किए जा रहे किलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में स्थित किलों के सुधार एवं विकास कार्य के लिए विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कुल कितनी धनराशि मंजूर/आबंटित की गई है;

(ग) क्या महाराष्ट्र और विभिन्न राज्यों द्वारा उक्त आबंटित राशि का पूरा उपयोग किया गया है;

(घ) यदि हां, तो उक्तावधि के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित किलों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) से (ङ) पिछले दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान और चालू वर्ष में महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में किलों सहित स्मारकों के संरक्षण के लिए आबंटित/उपयोग की गई कुल धनराशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। आबंटित धनराशि का पूरी तरह उपयोग किया गया।

विवरण-I

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित किलों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	किलों की संख्या
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	19
2.	अरुणाचल प्रदेश	[illegible]
3.	असम	-
4.	बिहार	10
5.	छत्तीसगढ़	7
6.	गोवा	1
7.	गुजरात	3
8.	हरियाणा	1
9.	हिमाचल प्रदेश	3
10.	जम्मू और कश्मीर	3
11.	झारखंड	1
12.	कर्नाटक	19
13.	केरल	5
14.	मध्य प्रदेश	22
15.	महाराष्ट्र	41
16.	मणिपुर	-
17.	मेघालय	-
18.	मिजोरम	-
19.	नागालैंड	1
20.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	8
21.	ओडिशा	5
22.	पंजाब	2
23.	राजस्थान	11
24.	सिक्किम	-
25.	तमिलनाडु	17
26.	त्रिपुरा	-
27.	उत्तराखंड	1

1	2	3
28.	उत्तर प्रदेश	39
29.	पश्चिम बंगाल	5
	संघ राज्य क्षेत्र	
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-
2.	चंडीगढ़	-
3.	दादरा और नगर हवेली	-
4.	दमन और दीव	2
5.	लक्षद्वीप	-
6.	पुडुचेरी	-

विवरण-II

पिछले दो वर्षों के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन किलों सहित स्मारकों के संरक्षण के लिए किए गए खर्च और लागू वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए आबंटन का राज्य-वार ब्यौरा

(लाख रुपयों में)

क्र.सं.	राज्य का नाम	मंडल/शाखा	व्यय 2010-2011	व्यय 2011-2012	आबंटन 2012-13
1	2	3	4	5	6
1.	उत्तर प्रदेश	आगरा मंडल	758.00	544.49	525.00
2.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ मंडल	1706.99	1208.00	900.00
3.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद मंडल	315.00	310.70	305.00
4.	महाराष्ट्र	मुबंई मंडल	389.99	359.00	350.00
5.	कर्नाटक	बंगलौर मंडल	1245.95	1041.00	900.00
6.	कर्नाटक	धारवाड़ मंडल	981.88	943.98	855.00
7.	मध्य प्रदेश	भोपाल मंडल	654.87	607.90	655.00
8.	ओडिशा	भुवनेश्वर मंडल	261.36	289.98	345.00
9.	पश्चिम बंगाल, सिक्किम	कोलकाता मंडल	504.59	433.08	430.00
10.	तमिलनाडु, पुदुचेरी	चैन्नई मंडल	530.00	530.00	525.00
11.	पंजाब, हरियाणा	चंडीगढ़ मंडल	687.04	529.99	525.00
12.	हिमाचल प्रदेश	शिमला मंडल	89.80	62.81	80.00
13.	दिल्ली	दिल्ली मंडल	1849.84	927.39	975.00

1	2	3	4	5	6
14.	गोवा	गोवा मंडल	110.00	110.00	110.00
15.	सिक्किम के अलवा, पूर्वोत्तर राज्य	गुवाहाटी मंडल	144.64	213.32	140.00
16.	राजस्थान	जयपुर मंडल	350.00	445.49	500.00
17.	आन्ध्र प्रदेश	हैदराबाद मंडल	664.86	640.00	625.00
18.	बिहार और उत्तर प्रदेश (भाग)	पटना मंडल	364.99	383.96	325.00
19.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर मंडल	283.29	270.00	260.00
20.	जम्मू और कश्मीर	लघु मंडल, लेह	52.15	85.00	85.00
21.	केरल	त्रिशूर मंडल	337.01	301.50	290.00
22.	गुजरात	वडोदरा मंडल	509.93	574.97	500.00
23.	उत्तरा खंड	देहरादून मंडल	147.18	139.99	155.00
24.	छत्तीसगढ़	रायपुर मंडल	341.00	303.58	290.00
25.	झारखंड	रांची मंडल	64.98	62.58	60.00
		रासायनिक परिरक्षण (अखिल भारतीय)	507.46	556.39	535.00
		बागवानी कार्यकलाप (अखिल भारतीय)	1796.70	1514.78	1565.00
		महानिदेशक का कार्यालय, भा.पु.स.			*1325.00
		कुल	15649.50	13389.88	14135.00

*महानिदेशालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास आरक्षित धनराशि अभी मंडल-वार/शाखा-वार वितरित की जानी है।

[हिन्दी]

लघु एवं मध्यम शहरों की शहरी अवसंरचना विकास योजना के तहत परियोजनाएं

2998. **श्री लक्ष्मण टुडु:**

श्री यशवंत लागुरी:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा राज्य में लघु एवं मध्यम शहरों की शहरी अवसंरचना विकास योजना (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.) के तहत विभिन्न परियोजनाएं समय से पीछे चल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. के अंतर्गत ओडीशा के लिए

207.28 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) से 15 कस्बों में 257.00 करोड़ रुपये लागत की 18 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। राज्य सरकार ने दूसरी किस्त जारी करने के अनुरोध के साथ सात उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया हैं। सुधार न हो पाने के कारण उनके अनुरोध पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

(ग) राज्य सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय (यू.एल.बी.) स्तरीय सुधारों की उपलब्धि की निगरानी और कार्यान्वयन का अनुरोध किया है। जहां भी आवश्यक हो सरकार द्वारा समय-समय पर हैण्डहोल्डिंग मुहैया की जाती है।

[अनुवाद]

दिल्ली मेट्रो में वाई-फाई तकनीकी की सुविधा

2999. **श्री पी. विश्वनाथन:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन में वाई-फाई तकनीक सुविधा उपलब्ध करने का वायदा किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का ऐसी सुविधाएं दिल्ली की अन्य मेट्रो ट्रेनों में भी देने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत क्रिकेट निकाय

3000. **श्री सी. शिवासामी:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का क्रिकेट निकायों को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंतर्गत लाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मिला है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

हाई-टेक बागवानी केन्द्र

3001. **श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार:**
श्री मनोहर तिरकी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में हाई टेक बागवानी केन्द्र बनाने के लिए कोई योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना को किन-किन राज्यों में कार्यान्वित किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, नहीं

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

नागालैंड में परियोजनाओं का बाह्य सहायता

3002. **श्री सी.एम. चांग:** क्या **उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक से बाह्य सहायता प्राप्त कर रही विभिन्न परियोंजनाओं, विशेषकर-नागालैंड स्थित परियोजनाओं की प्रगति की स्थिति क्या है;

(ख) क्या ऐसी कोई नई परियोजनाएं भी विचाराधीन हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पबन सिंह घाटोवार): (क) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय विश्व बैंक से प्राप्त ऋण से मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में उत्तर पूर्व ग्रामीण आजीविका परियोजना (एन.ई.आर.एल.पी.) कार्यान्वित कर रहा है जिसका उद्देश्य इन राज्यों की ग्रामीण आजीविका, विशेषकर महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और अत्यधिक अपवंचितों की आजीविका में सुधार करना है।

एन.ई.आर.एल.पी. के तहत इन चार राज्यों में प्रत्येक राज्य के दो-दो जिले कवर होंगे और इसे 58 ब्लॉकों के 1624 गांवों में लगभग तीन लाख परिवार लाभान्वित होंगे। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सी.सी.ई.ए.) ने दिनांक 16 नवंबर, 2011 को 683.20 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की उत्तर पूर्वी ग्रामीण आजीविका परियोजना के कार्यान्वयन का अनुमोदन किया था जिसमें विश्व बैंक से 614.8 करोड़ रुपये की सहायता और 68.4 करोड़ रुपये का केन्द्र सरकार का निधीयन शामिल है। दिनांक 20 जनवरी, 2012 को विश्व बैंक और भारत सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा ऋण करार और परियोजना करार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए थे। एन.ई.आर.एल.पी. के तहत नागालैंड में निम्नलिखित ब्लॉक कवर होंगे:-

जिला का नाम	ब्लॉक
पेरेन	तेनिंग, पेरेन, जालुकी
तुएनसांग	लोंगखिम, चारे, नोकसेन, सांगसानग्यू, शामाटोर, चेसोर, नोकलक, थोनोकन्यू

शहरी विकास मंत्रालय ने एशियाई विकास बैंक की सहायता से "उत्तर पूर्वी क्षेत्र राजधानी शहर विकास निवेश कार्यक्रम" शुरू किया है। 200 मिलियन यू.एस. डॉलर की कुल ऋण राशि से चलाए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य पांच उत्तर पूर्वी राज्यों के पांच राजधानी शहरों अर्थात् अगरतला (त्रिपुरा), आई.जोल (मिजोरम), शिलांग (मेघालय), कोहिमा (नागालैंड) और गंगटोक (सिक्किम) में 1.2 मिलियन लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और शहरी उत्पादकता बढ़ाना है। कोहिमा में निवेश कार्यक्रम के शहरी अवसंरचना और सेवा सुधार घटक के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम कवर होते हैं:

क. जलापूर्ति: (i) गैर राजस्व जल कार्यक्रम के लिए सहायता (ii) 8 क्षेत्रीय जलाशयों का प्रतिस्थापन (iii) विद्यमान जल शोधन संयंत्रों को पुन: नवीन रूप देना और (iv) तीन प्रमुख जलाशयों के लिए क्लोरीनेटर्स की आपूर्ति और संस्थापना।

ख. ठोस कचरा प्रबंधन (i) कम्पोस्ट संयंत्र और सेनेटरी लैंडफिल स्थल सहित ठोस कचरा प्रबंधन केन्द्र का निर्माण और उसमें उपस्करों की स्थापना और (ii) प्राथमिक और गौण कचरा संग्रहण में सुधार।

(ख) और (ग) उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बिजली के संचारण और वितरण प्रणाली में सुधार के लिए "उत्तर पूर्वी क्षेत्र में संचारण और वितरण की संयुक्त स्कीम" नामक एक परियोजना विश्व बैंक को प्रस्तुत की गई है और नागालैंड प्रस्तावित लाभार्थी राज्यों में से एक है।

केरल में आतंकवादियों का प्रशिक्षण

3003. श्री जोस के. मणि: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऐसी खबर है कि केरल में कुछ कट्टरपंथी आतंकवादी समूह प्रशिक्षण पा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) जी, नहीं। ऐसी किसी वर्तमान प्रशिक्षण गतिविधि की जानकारी देने वाली केन्द्रीय आसूचना एजेंसियों की कोई विशिष्ट सूचना नहीं है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम में संशोधन

3004. श्री असादूद्दीन ओवेसी: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (ए.एफ.एस.पी.ए.) में संशोधन काफी समय से लंबित है;

(ख) यदि हां, तो समाचार माध्यमों द्वारा की गई टिप्पणियों के मद्देनजर इसमें क्या-क्या संशोधन किया जाना प्रस्तावित है;

(ग) क्या सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने ए.एफ.एस.पी.ए. में संशोधन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (घ) ए.एफ.एस.पी.ए. को हटाने संबंधी सार्वजनिक मांग प्रत्युत्तर में, अधिनियम में निहित प्रावधानों की समीक्षा करने के लिए वर्ष 2004 में जस्टिस जीवन रेड्डी समिति गठित की गयी थी। इस समिति ने 6 जून, 2005 को प्रस्तुत की गयी अपनी रिपोर्ट में अधिनियम को निरस्त करने तथा यू.ए.पी.ए. को संशोधित करने का सुझाव दिया था ताकि ए.एफ.एस.पी.ए. के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। इस मुद्दे पर अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श किया गया है परन्तु कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे मामलों पर, भारत सरकार सम्पूर्ण स्थिति का आकलन करने के बाद उपयुक्त निर्णय लेती है और कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

केबल टी.वी. का डिजिटलीकरण

3005. **श्री संजय दिना पाटील:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि जल्द ही देश में 1000 से अधिक टी.वी. चैनल विद्यमान होंगे;

(ख) यदि हां, तो सरकार डिजीटल केबल टी.वी. सेवा से अधिक राजस्वार्जन करने की दृष्टि से केबल टी.वी. को डिजिटलीकृत करने की योजना बना रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) से (ग) मंत्रालय ने, अभी तक की स्थिति के अनुसार, 833 टी.वी. चैनलों के लिए अनुमति प्रदान की है। सरकार, मौजूदा ऐनलॉग प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए केबल टी.वी. क्षेत्र में संबोधनीयता के साथ डिजिटलीकरण को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित कर रही है। डिजिटलीकरण की स्कीम को चार चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। मंत्रालय ने दिनांक 11.11.2011 की अपनी अधिसूचना के तहत केबल टी.वी. सेवाओं में संबोधनीयता के साथ डिजिटलीकरण को कार्यान्वित करने के लिए अंतिम तारीखें अधिसूचित की थीं जिसके फलस्वरूप 31 दिसंबर, 2014 तक ऐनलॉग सेवाओं का पूरी तरह से अंतरण हो जाएगा। डिजिटल संबोधनीय केबल टीवी प्रणाली के कार्यान्वयन से उक्त क्षेत्र के व्यावसायिक कारोबार में पूरी तरह से पारदर्शिता लाई जा सकेगी जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सरकार द्वारा संग्रहित किए जाने वाला कर बाजार के आकार के अनुरूप हो जिसके फलस्वरूप सरकार को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

(घ) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दिनांक 22.12.2011 को "डिजिटल संबोधनीय केबल टीवी प्रणालियों के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दे" नामक एक परामर्श-पत्र जारी किया है जिसमें उन मुद्दों को अभिज्ञात किया गया हे जिनका निदान एक विनियामक प्रणाली के माध्यम से किए जाने की जरूरत है। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करने से संबंधित इन मुद्दों में, अन्य के साथ-साथ, डिजिटल संबोधनीय प्रणाली के लिए प्रशुल्क, इंटरकनेक्शन व सेवा गुणवत्ता के पहलुओं के बारे में विनियामक प्रावधान शामिल हैं।

दुग्ध उद्योग में निजी क्षेत्र

3006. **श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दुग्ध उद्योग में निजी क्षेत्र की भागीदारी की पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न राज्यों में दुग्ध उद्योग को संवर्धित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं; और

(घ) चालू पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान इस हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) से (ग) यह विभाग राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के माध्यम से देश में 01 सितम्बर, 2010 से डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना (डी.ई.डी.एस.)

नामक केन्द्रीय क्षेत्र योजना कार्यान्वित कर रहा है। कोई भी व्यक्ति/किसान एवं सहायता समूह, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समिति, कम्पनी आदि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी है। इस योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लिए कुल परियोजना लागत के 25 प्रतिशत की दर पर बैक एंडिड पूंजी राजसहायता के तौर पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रहा है जिसका उद्देश्य नई प्रसंस्करण क्षमता का सृजन करना और दुग्ध सहित मौजूदा प्रसंस्करण क्षमताओं का उन्नयन करना है। योजना के तहत उद्यमियों को वित्तीय सहायता संयंत्र एवं मशीनरी तथा तकनीकी सिविल निर्माण कार्यों की लागत के 25 प्रतिशत की दर पर बशर्ते कि यह राशि सामान्य क्षेत्रों के लिए 50 लाख रुपए से अधिक न हो (पूर्वोत्तर और दुर्गम क्षेत्रों के लिए 33.33 प्रतिशत बशर्ते कि राशि 75 लाख रुपए से अधिक न हो) सहायता अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।

(घ) कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है क्योंकि डी.ई.डी.एस. योजना मांग प्रेरित है।

राष्ट्रमंडल खेलों के प्रसारण में विसंगतियां

3007. श्री राजेन गोहैन: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** 2.08.2011 के अतारांकित प्रश्न संख्या 337 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दैशिक प्रसारण के संबंध में उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट में मंत्रालय को क्या-क्या विसंगतियां मिली हैं;

(ख) उक्त प्रत्येक विसंगति के संबंध में लगभग कितना वित्तीय भार अंतर्ग्रस्त है;

(ग) उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट में की गई उन टिप्पणियों, इत्यादि का ब्यौरा क्या है जिन्हें मंत्रालय ने प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिमंडल सचिवालय को अग्रेषित किया है;

(घ) मंत्रालय की टिप्पणियों पर प्रधानमंत्री कार्यालय/मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा दिए गए निदेशों, की गई टिप्पणियों इत्यादि का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने उक्त रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों व त्रुटियों के संबंध में कोई कार्रवाई की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

आयोजन समिति पर बकाया धनराशि

3008. श्री ई.जी. सुगावनम: क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रमंडल खेलों की आयोजन समिति पर विभिन्न देशी/विदेशी फर्मों का लाखों करोड़ों रुपया बकाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयोजन समिति को प्रत्येक फर्म को कितनी राशि चुकाई जानी है;

(ग) क्या उक्त फर्मों को बकाया राशि के भुगतान के संबंध में कोई विवाद है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं और उक्त फर्मों को बकाया राशि का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) से (घ) आयोजन समिति, राष्ट्रमंडल खेल, 2010 पर विभिन्न विक्रेताओं/संगठनों के दावों सहित दावा की गई धनराशि और वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाली एक तालिका संलग्न विवरण में दी गई है।

(ङ) आयोजन समिति, राष्ट्रमंडल खेल, 2010 दावों के निपटान के लिए शीघ्र अतिशीघ्र आवश्यक कदम उठा रही है। विवादों को कब तक निपटाया जा सकता, इसके लिए किसी संभावित तारीख का उल्लेख करना संभव नहीं है क्योंकि विक्रेताओं के कई ऐसे भुगतान, चल रही दांडिक जांच, अदालती मामलों और मध्यस्थता मामलों के कारण, लंबित है।

विवरण

29.2.2012 की स्थिति के अनुसार आयोजन समिति, राष्ट्रमंडल खेल पर विक्रेता/संगठनों के दावे और उनकी स्थिति

क्र.सं.	कार्यात्मक क्षेत्र	दावा की धनराशि (रु.)	स्थिति
1	2	3	4
1.	टेक्नोलॉजी-टेलिकॉम कंसल्टेंट्स ऑफ इंडिया लि. (टी.सी.आई.एल.)	34.99 करोड़	ओ.सी. के कार्यकारी बोर्ड ने यह निर्णय लिया कि टी.सी.आई.एल. द्वारा उसके मूल मंत्रालय के माध्यम से प्रस्ताव भेजने के बाद ही उस पर विचार किया जाएगा।
2.	(क) अन्य भुगतान यथा आवास (विभिन्न हॉटल्स) विमान यात्रा, (बालमेर एंड लारी) आदि	5.78 करोड़	विधिवत जांच किए गए बिल वॉउचरों के प्राप्त होने पर भुगतान किया जाएगा। वाउचरों की जांच और सत्यापन किया जा रहा है तथा संतोषजनक सत्यापन के बाद भुगतान किया जाएगा।
	(ख) विवादित भुगतान जैसे अर्नस्ट एंड यंग (ईएंडवाई) बैंडविद एंड मॉडर्न स्टेज आदि	3.57 करोड़	दरों, अंतिम भुगतान आदि पर विवाद।
3.	ओवरलेज (पिको, दीपाली, ई.एस.ए.जे.वी. नुस्सली एंड जी.एल. लिट्मस आदि)	377.68 करोड़ (संविदा राशि और भुगतान की गई राशि के बीच का अंतर)	ओवरलेज आपूर्तिकर्ताओं के लिए कुल संविदा राशि 630.21 करोड़ रु. थी जिसके लिए 252.53 करोड़ रु. राशि का भुगतान ओसी द्वारा पहले ही किया जा चुका है। संविदा राशि और भुगतान की गई राशि का अंतर 377.68 करोड़ रु. है। सरकार द्वारा भारत के तत्कालीन महा सालिसिटर के परामर्श से दी गई सूचना के अनुसार ओवरलेज आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान रोक दिया गया क्योंकि संबंधित मामले अन्वेषणाधीन है। भुगतान के कुछ मामलों में मुकदमा और मध्यस्थता भी चल रहे हैं। ओवरलेज के लेखाओं और शेष भुगतान, यदि कोई है, का निपटान इसके बाद ही किया जा सकता है।
4	कर देयता		
	(क) आयकर	9.00 करोड़	ओ.सी. ने बताया है कि ओ.सी. को भारी घाटे के बावजूद आयकर ने 9 करोड़ रु. का दावा भेजा है। अपीलों के माधयम से इन दावों को अमान्य सिद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है।
	(ख) कार्यबल क्षतिपूर्ति	6.90 करोड़	ओ.सी. ने बताया है ओ.सी. ने कोई निर्माण कार्य नहीं किया, इसके बावजूद निर्माण कार्य की क्षतिपूर्ति के दावे प्राप्त हुए हैं। ओ.सी. द्वारा अपीलों के माध्यम से इन दावों को अमान्य सिद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है।

1	2	3	4
	(ग) डी.वी.ए.टी.	27.60 करोड़	ओवरलेज तथा विक्रेताओं के साथ किराये संबंधी कुछ अन्य संविदाओं जिनके लिए सर्विस टैक्स लगाया गया है, इस तथ्य बावजूद डी.वी.ए.टी. के दावे प्राप्त हुए हैं जिनका विरोध दर्ज कराया जा रहा है।
5.	विभिन्न न्यायालयों/मध्यस्थता/वाद/विवाद में लंबित मामलें।	105.70	एस.एम.ए.एम., एम जयचंद्रन ए.एफ.पी. मैन्युफेक्चरिंग कंपनी लि. ए 2 जेड मैनटेनिंस प्रा.लि. विजक्राफ्ट इंटरनेशनल आदि के विधिक मामले

प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवा-सेवन के मामले

3009. **श्री ए.के.एस. विजयन:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश की विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवा (डोप)- सेवन के बढ़ते मामलों से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान खेल गतिविधि-वार ऐसे कितने मामले सामने आए और दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) ऐसे दोषियों को दंडित करने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/क्या कदम उठा रही है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) जी हां, विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेल-वार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

विवरण

क्र.सं.	खेल विधा	पॉजीटिव मामलों की वर्ष वार सं.			
		2009	2010	2011	2012 (मार्च तक)
1	2	3	4	5	6
1.	एथलेटिक्स	12	15	25	05
2.	बास्केटबाल	-	01	01	-
3.	बाडी बिल्डिंग	29	02	04	-
4.	मुक्केबाजी	04	06	11	07
5.	साइक्लिंग	03	-	02	-
6.	घुड़सवारी	-	-	02	-
7.	फुटबाल	-	-	02	-
8.	हाकी	-	01	-	-
9.	जूडो	02	02	02	01
10.	कबड्डी	-	32	21	-

1	2	3	4	5	6
11.	क्याकिंग एवं कैनोइंग	-	-	01	03
12.	नेटबाल	-	01	-	-
13.	पावर लिफ्टिंग	02	12	11	-
14.	रोइंग	-	-	02	02
15.	रग्बी	-	01	-	-
16.	निशानेबाजी	-	-	-	01
17.	साफ्ट टेनिस	-	01	-	-
18.	तैराकी	01	03	03	-
19.	ताइक्वांडो	-	02	01	02
20.	ट्राइथलन	-	-	01	-
21.	वालीबाल	-	01	01	-
22.	भारोत्तोलन	09	19	20	08
23.	कुश्ती	05	08	06	03
	कुल	67	107	116	32

(ग) राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी (नाडा) ने ऐसे मामलों से निपटने के लिए 'डोप-रोधी नियम, 2010' नामक नियम लागू किए हैं। इन नियमों के अंतर्गत अपराध की प्रकृति के आधार पर आजीवन प्रतिबंध के विशेष दंड तथा वैयक्तिक परिणामों को अयोग्य घोषित करने का भी प्रावधान है।

मूल्य वृद्धि

3010. **श्री एन. पीताम्बर कुरुप:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दालों और खाद्य तेलों सहित आवश्यकता वस्तुओं के मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का इन वस्तुओं को भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खरीद कर इन्हें सस्ती दरों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित करने का कोई कार्यक्रम/प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) सरकार द्वारा वर्ष 2011-12 (अप्रैल से मार्च तक) के दौरान रिलीज किए गए थोक मूल्य सूचकांक, जो देश में सामान्य मूल्य रुझान का सूचक है, में दूध, खाद्य तेलों, गेहूं, चावल, चना और आलू जैसी आवश्यक वस्तुओं के संबंध में वृद्धि दिखाई दी है, परन्तु यह वृद्धि लगातार नहीं बनी रही क्योंकि कुछ महीनों के दौरान सूचकांक में गिरावट आई।

(ख) और (ग) इन वस्तुओं को भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खरीद कर इन्हें सस्ती दरों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित करने का कोई कार्यक्रम/प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण के लिए 10 रु. प्रति कि.ग्रा. की सब्सिडी के साथ राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से सब्सिडी वाली आयतित दालों के वितरण की एक स्कीम है, जिसको 30.06.2012 तक आगे बढ़ा दिया गया है। राशनकार्ड धारकों को वितरण के लिए 15 रु. प्रति कि.ग्रा. की सब्सिडी के साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के

माध्यम से सब्सिडी वाले खाद्य तेलों के वितरण की स्कीम को भी 30.09.2012 तक आगे बढ़ा दिया गया है।

सीमा सुरक्षा बल में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति

3011. **श्री एस. पक्कीरप्पा:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) में कार्यरत किसी कर्मचारी/सैनिक की असमय मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवार के सदस्यों की अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति का कोई प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मृत कर्मचारी की विधवा को, यदि उसके द्वारा इस बारे में मांग की जाती है, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति की जाती है; और

(घ) यदि हां, तो वर्तमान में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों का ब्यौरा क्या है और सभी लंबित मामलों को निपटाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) जी, हां। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा कार्यालय ज्ञापन संख्या 14014/06/94-स्थापना दिनांक 9 अक्तूबर 1998 के तहत जारी की गई योजना के अनुसार, किसी कर्मचारी/सैनिक की असामयिक मृत्यु हो जाने की दशा में सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) कर्मियां के परिवार के पात्र सदस्यों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति देने का प्रावधान है। उक्त योजना में ऐसे बी.एस.एफ. कर्मियों, जिनकी सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है या जो कार्रवाई में मारे जाते हैं या चिकित्सीय आधार पर निकाल दिए जाते हैं, के परिवार के आश्रित सदस्य (पति/पत्नी, दत्तक पुत्र सहित पुत्र, दत्तक पुत्री सहित पुत्री, अविवाहित सरकारी सेवकों के मामले में भाई या बहन) को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति देने का प्रावधान है। अनुकम्पा के आधार पर नियुक्तियां किसी समूह 'ग' अथवा 'घ' के पदों में सीधी भर्ती के कोटा के अन्तर्गत आने वाली रिक्तियों के अधिकतम 5% तक की जा सकती हैं।

(ग) और (घ) मृतक कर्मचारी की विधवा को अथवा मृतक सरकारी सेवक के परिवार के पात्र आश्रित सदस्य को तब नियुक्ति दी जाती है जब वे अनुकम्पा के आधारों पर इसकी मांग करते हैं, बशर्ते अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति कोटा के विरुद्ध रिक्तियां उपलब्ध हों और वे निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूरा करते हों। तथापि, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति कोटा का प्रतिशत सीमित होने, के कारण, कई बार विशिष्ट पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी आवेदकों को नियुक्ति देना संभव नहीं हुआ है और इसी कारणवश उनके द्वारा अपेक्षित पदों में रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के कोटा के विरुद्ध उनकी नियुक्तियों पर विचार करने के लिए बल द्वारा एक प्रतीक्षा सूची बनाकर रखी जाती है। आज की तारीख तक परिवार के सदस्यों द्वारा की गई मांग के अनुसार विशेष पदों में रिक्तियों की कमी के कारण अनुकम्पा के आधार पर नियुक्तियों के लिए लम्बित मामलों की संख्या निम्नानुसार है:-

(i) कांस्टेबल (दफ्तरी) -19

(ii) कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी एवं ट्रेडसमेन) -12

(iii) ए.एस.आइ. (स्टेनो) तथा हेड कांस्टेबल (मिन)-53

लम्बित मामलों को निपटाने के लिए जब भी और जैसे ही अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति कोटा में रिक्तियां होती हैं, वैसे ही विभिन्न पदों पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्तियों के मामलों पर विचार करने के लिए अभ्यर्थियों की उपयुक्ता के परीक्षण किए जाते हैं। ऐसी उपयुक्ता के परीक्षण मासिक आधार पर किए जाते हैं।

[हिन्दी]

स्मारकों/स्थलों का रख-रखाव

3012. **श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव:**
श्री एम. अंजन कुमार यादव:
क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के रख-रखाव और संरक्षण कार्य में निजी क्षेत्र के निगमों का सहयोग लेती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अपनाए जा रहे मानदंडों/मार्गनिदेशों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ऐसे निगमों द्वारा उक्त मानदंडों/

मार्गनिदेशों का अनुपालन नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस बारे में निगम-वार क्या कार्रवाई की गई?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संस्कृति निधि नामक न्यास के तत्वावधान में संरक्षित स्मारकों और स्थलों के संरक्षण, पुनरूद्धार और पर्यावरणीय विकास के लिए सरकारी निजी भागीदारी को बढ़ावा दे रही है। राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित स्मारकों के अनुरक्षण और विकास के लिए कुछ कंपनियां आगे आई हैं। स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, पुनरूद्धार और विकास संरक्षण मैनुअल और यूनेस्को के दिशा-निर्देशों तथा चार्टरों के अनुसार किया जाता है। सहयोगियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

विवरण

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अभिरक्षा में स्मारक संबंधी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण-राष्ट्रीय संस्कृति निधि परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	स्मारक का नाम	प्रायोजक एजेंसी का नाम	राज्य	इस परियोजना के लिए प्रदान की गई धनराशि (रुपए)
1	2	3	4	5
1.	लोदी गार्डन स्थित स्मारक	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	1.00 करोड़
2.	हुमायूं का मकबरा, नई दिल्ली	आगा खान संस्कृति ट्रस्ट और ओबेराय होटल समूह	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	2.25 करोड़
3.	जंतर मंतर	ए.पी.जे. सुरेंद्र पार्क होटल लिमिटेड	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	10 लाख
4.	जैसलमेर किला, जैसलमेर	विश्व स्मारक कोश	राजस्थान	$ 4,39,000 और 4 करोड़ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा
5.	सूर्य मंदिर, कोणार्क	इंडियन ऑयल फाउंडेशन	ओडिशा	25 करोड़
6.	कन्हेरी गुफाएं, मुंबई		महाराष्ट्र	
7.	खजुराहो मंदिर समूह		मध्य प्रदेश	
8.	वैशाली		बिहार	
9.	वारंगल किला, वारंगल		आन्ध्र प्रदेश	
10.	ताज महल, आगरा	इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (टाटा समूह)	उत्तर प्रदेश	1.87 करोड़
11.	शनिवारवाडा, पुणे	पुणे नगर निगम	महाराष्ट्र	34.18 लाख

1	2	3	4	5
12.	कृष्णा मंदिर परिसर, हम्पी,	हम्पी फाउंडेशन	कर्नाटक	4 करोड़
13.	लौरिया नंदनगढ़, पश्चिम चंपारण	बोकारो स्टील प्लांट	बिहार	50 लाख
14.	वजीरपुर का गुम्बद, मुनीरका	मै. पी.ई.सी. लिमिटेड	दिल्ली	25 लाख
15.	हिडिम्बा देवी मंदिर	यूको बैंक, कोलकाता	हिमाचल प्रदेश	20 लाख
16.	गोल गुम्बज, बीजापुर	स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड	कर्नाटक	50 लाख
17.	तुगलकाबाद किला	जी.ए.आई.एल.	दिल्ली	30 लाख
18.	इब्राहिम रोजा और गोल गुम्बज, बीजापुर	नौरस ट्रस्ट	कर्नाटक	30 लाख
19.	स्मारकों का समूह, मांडु (मध्य प्रदेश) मंदिर समूह, जागेश्वर (उत्तराखंड), पुरातत्वीय स्थल, विक्रमशिला (बिहार)	एन.टी.पी.सी.	मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार	5 करोड़
20.	अम्बरनाथ शिव मंदिर	नागरिक सेवा मंडल	महाराष्ट्र	22 लाख
21.	अहोम स्मारक	ओ.एन.जी.सी.	असम	30 लाख
22.	हजारद्वारी पैलेस	एस.बी.आई., कोलकाता	पश्चिम बंगाल	75 लाख
23.	महाबलीपुरम	भारतीय नौवहन निगम	तमिलनाडु	25 लाख

आबंटियों को बुनियादी सुविधाएं

3013. **श्री महेश्वर हजारी:**

श्रीमती ऊषा वर्मा:

श्रीमती सीमा उपाध्याय:

श्री कामेश्वर बैठा:

श्रीमती सुशीला सरोज:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) ने डी.डी.ए. हाऊसिंग स्कीम, 2010 के आबंटियों को अभी तक बिजली, पानी, सीवरेज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा दी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) आबंटियों को ये सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी हां। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि डी.डी.ए. आवासीय स्कीम, 2010 के आबंटियों को कुछ स्थानों, जिनमें दिल्ली जल बोर्ड (डी.जे.बी.) द्वारा जल उपलब्ध नहीं कराया गया है, को छोड़कर जल निकासी, सीवरेज, जल आपूर्ति और सड़कें जैसी सभी सेवाएं वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं।

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) ने सूचना दी है कि इसे वे दिसम्बर, 2012 तक पूरा कर लेंगे।

बोतल बंद मिनरल वाटर

3014. श्री अशोक कुमार रावत: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में बोतल बंद पानी/मिनरल वाटर उत्पादन के कार्य में लगी कम्पनियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बोतल बंद पानी की गुणवत्ता के विनियमन हेतु किसी प्राधिकरण की नियुक्ति की है; और

(ग) यदि हां, तो उत्पाद की खराब गुणवत्ता के बारे में उक्त प्राधिकरण को गत वर्ष तथा चालू वर्ष में प्राप्त शिकायतों तथा उन पर की गई कार्रवाई का कम्पनी-वार ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) आज की तारीख तक देश में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा नैचुरल मिनरल वाटर (आई.एस. 13428) के 21 विनिर्माताओं और पैकेज्ड पेयजल (आई.एस. 14543) के 3350 विनिर्माताओं को लाइसेंस दिया गया है। सम्पूर्ण ब्यौरों सहित राज्यवार सूची (500 पृष्ठों से अधिक) भारतीय मानक ब्यूरो की वेबसाइट www.bis.org.in पर उपलब्ध है।

(ख) पैकबंद पेयजल और पैकबंद नेचुरल मिनरल वाटर को खाद्य अपमिश्रण निवारण, अधिनियम (अब भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) के अंतर्गत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राजपत्र में जारी की गई अधिसूचना सा.का.नि. 759(अ) तथा सा.का.नि. 760(अ) तारीख 29 सितम्बर, 2000 के तहत अनिवार्य प्रमाणन के अधीन लाया गया है।

भारतीय मानक ब्यूरो अपने लाइसेंसधारकों द्वारा विनिर्मित पैकेज्ड पेयजल/पैकेज्ड नैचुरल मिनरल वाटर की गुणवत्ता अपने स्तर पर एक सुपरिभाषित प्रमाणन स्कीम के जरिए सुनिश्चित करता है जिसमें लाइसेंसधारकों की फैक्टरी का निरीक्षण करके उनके परिसरों की निरंतर निगरानी की जाती है और उत्पाद की अनुरूपता की निष्पक्ष जांच करने के लिए फैक्टरी और बाजार से नमूने लिए जाते हैं।

(ग) वर्ष 2010-11 और 2011-12 के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आई.एस.आई. मार्क उत्पादों की खराब गुणवत्ता के संबंध में प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ उन पर की गई कार्रवाई से संबंधित ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

पैकेज्ड पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या

वर्ष	शिकायतों की संख्या	टिप्पणियां	लाइसेंसधारक का नाम जिसके विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई	दर्ज की गई शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई
1	2	3	4	5
2010-11	05	2 मामलों में शिकायत दर्ज की गई है	1. बिजोलीग्रिल एरिटेड वाटर कं. (प्रा.) लि., बी.एल. शाह रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	1. स्टॉप मार्किंग अधिरोपित किया गया। 2. जिस सामग्री के संबंध में शिकायत की गई थी, फर्म ने उसे बदल दिया।
			2. गौतमी इंडस्ट्रीज, चोरिया-पल्ली, हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश	1. स्टॉप मार्किंग अधिरोपित किया गया।
2011-12	08	3 मामलों में शिकायत दर्ज की गई है।	1. पन्ना बेवरेजिज, मेडक, आन्ध्र प्रदेश	1. जांच की गई। 2. जिस सामग्री के संबंध

1	2	3	4	5
				में शिकायत की गई थी, फर्म ने उसे बदलने की पेशकश की, किन्तु शिकायतकर्ता द्वारा 15 दिनों के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
			2. ओम साई फूड एंड बेवरेजिज, कुराली, मोहाली, पंजाब	1. स्टॉप मार्किंग अधिरोपित किया गया।
			एक्वा मिनरल इंडिया, बंगलौर, कर्नाटक	1. सामग्री को बदल दिया गया।

[अनुवाद]

प्याज के आर्थिक पैदावार वाले प्रजनक बीज

3015. **श्री आर. घ्रुवनारायण:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक में खेती हेतु प्याज के अधिक पैदावार वाले प्रजनक बीज उपयोग में लाए जा रहे है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अभी तक पैदावार के मामले में इसके क्या परिणाम रहे हैं; और

(ग) सरकार द्वारा अन्य राज्यों में भी अधिक पैदावार देने वाले प्याज के प्रजनक बीजों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, नहीं।

(ख) कर्नाटक में प्रयोग किए जाने हेतु अधिक उपज देने वाले प्रजनक बीज का उत्पादन भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आई.आई.एच.आर.), बंगलौर, प्याज एवं लहसून अनुसंधान निदेशालय (डी.ओ.जी.आर.), पुणे तथा राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास फाउण्डेशन (एन.एच.आर.डी.एफ.), नासिक द्वारा किया जाता है। किसानों द्वारा कर्नाटक में प्याज की अधिक उपज वाली किस्मों और साथ ही स्थानीय किस्मों को उगाया जाता है। अधिक उपज वाली किस्में अर्थात् अर्का कल्याण, अर्का प्रगति, अर्का निकेतन, एग्रीफाउण्ड लाईट रेड तथा एग्रीफाउण्ड डार्करेड स्थानीय किस्मों अर्थात बेलारी रेड, तेलगी रेड और सतारा गार्वा तथा का स्थान ले रही है। प्रतिरोपित फसलों में इन किस्मों की औसत विपणन योग्य पैदावार रबी के दौरान 250-300 क्विंटल प्रति हैक्टेयर और खरीफ के दौरान 150-175 क्विंटल प्रति हैक्टेयर जो कि स्थानीय किस्मों की तुलना में 15-20% अधिक है। आई.आई.एच.आर. प्रति वर्ष अर्का कल्याण, अर्का निकेतन और अर्का प्रगति किस्मों के लगभग 10 टन प्याज प्रजनक बीज का उत्पादन करता है तथा लगभग 3 टन का उत्पादन कृषि विज्ञान केन्द्रों (के.वी.के.) के जरिए किया जाता है। डी.ओ.जी.आर. प्रति वर्ष 2-3 टन प्रजनक बीज का उत्पादन करता है जबकि एन.एच.आर.डी.एफ. ने वर्ष के दौरान चार किस्मों अर्थात एग्रीफाउण्ड डार्क रेड, एग्रीफाउण्ड लाईट रेड, एन.एन.आर.डी.एफ. रेड तथा एग्रीफाउण्ड व्हाइट के 23.56 क्विंटल बीज का उत्पादन किया है।

(ग) कृषि एवं सहकारिता विभाग, भारत सरकार अधिक उपज वाली प्याज की किस्मों के बीजोत्पादन तथा देश के प्याज उत्पादकों को वितरण करने के लिए एन.एच.आर.डी.एफ. को राष्ट्रीय बागवानी कार्यक्रम के अधीन सहायता मुहैया करा रहा है। इस तरह से उत्पादित गुणवत्ताप्रद बीजों को कर्नाटक राज्य के किसानों को भी वितरित किया जा रहा है। देश में पिछले तीन वर्षों में एन.एच.आर.डी.एफ. द्वारा उत्पादित और वितरित प्याज के बीज का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

एन.एच.आर.डी.एफ. द्वारा उत्पादित और वितरित प्याज की विभिन्न किस्मों के राज्य-वार गुणवत्ताप्रद बीज

मात्रा क्विंटल में

राज्य	एग्रीफाउण्ड डार्क रेड			एग्रीफाउण्ड लाइट रेड			एन.एच.आर.डी.एफ. रेड		
	2009-10	2010-11	2011-12	2009-10	2010-11	2011-12	2009-10	2010-11	2011-12
दिल्ली	29.22	7.49	6.85	45.19	50.03	21.50	0.50	0.20	2.27
हरियाणा	6.99	4.78	5.00	38.69	30.84	10.00	1.05	46.25	5.00
गुजरात	97.64	35.88	19.61	12.02	63.92	6.29	0.60	1.88	0.00
उत्तर प्रदेश	26.29	20.00	31.50	105.00	55.00	57.52	0.00	0.00	0.00
कर्नाटक	40.00	15.00	5.53	6.30	25.00	2.18			
आन्ध्र प्रदेश	13.89	7.50	14.98	45.00	30.00	4.00			
महाराष्ट्र	501.89*	520.88*	517.3*	532.718*	541.09*	560.74*			
तमिलनाडु	24.40	38.70	29.13						
मध्य प्रदेश	63.25	37.42	60.59	195.90	56.57	212.76	0.23	0.14	0.38
राजस्थान	130.77	37.20	236.12	50.00	48.14	45.44			
केरल	0.00	0.06	0.02						
पंजाब	19.42	11.56	14.01	30.00	25.00	24.86	1.50	0.40	4.08
बिहार	24.88	25.00	52.00	50.00	32.00	48.56			
ओडिशा	5.00	0.00	0.00	35.33	0.00	140.00			
कुल	983.64	761.47	992.64	1146.15	957.59	1133.85	3.88	48.87	11.73

* महाराष्ट्र राज्य बीज नबगत लि. द्वारा वितरित 500 क्विंटल शब्द को ऐसे किया करे। प्याज बीज शामिल हैं।

सरकारी भवनों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध

3016. **श्री रामकिशुन:** क्या **गृह मंत्री** सरकारी भवनों में सुरक्षा उपाय के बारे में 20.03.2012 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1002 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सरकारी भवनों के भीतर मोबाइल फोन के उपयोग से सुरक्षा को खतरे के बारे में अध्ययन करने के लिए समिति नियुक्त की है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस बारे में क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर, ये प्रश्न ही नहीं उठते।

सब्जियों और फलों की कमी

3017. **श्रीमती जे. शांता:**

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के कुछ भागों में असमय वर्षा के कारण, जिससे फसलें बर्बाद हो गई, सब्जियों और फलों की कमी हो गई और परिणामस्वरूप इनकी कीमतें बढ़ गई;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नवम्बर, 2011 और जनवरी, 2012 के दौरान प्याज, टमाटर, मटर, गोभी, (बीन्स), सेम, गाजर, केला, सेब इत्यादि का अनुमानित/वास्तविक उत्पादन कितना रहा;

(घ) क्या यह सत्य है कि देश में वर्ष 2010-11 के दौरान फलों और सब्जियों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या इनकी पैदावार के अलावा इन उत्पादों के निर्यात में भी वद्धि हुई है; और

(छ) यदि हां, तो पिछले वर्षों की तुलना में फलों और सब्जियों के निर्यात में कितने प्रतिशत बढ़ोतरी हुई?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) बे-मौसमी वर्षा के कारण फसलों के नष्ट होने से संबंधित कोई रिपोर्ट जिसके कारण फलों और सब्जियों के विक्रय मुल्य में वृद्धि हुई है कृषि एवं सहकारिता विभाग को प्राप्त नहीं हुई। फल और सब्जियों के मूल्य में वृद्धि मांग और आपूर्ति तथा मंडी ताकतों पर निर्भर होते हैं।

(ग) से (ङ) 2009-10, 2010-11 और 2011-12 की अवधि के दौरान केला, सेब, प्याज, टमाटर, मटर, फूल गोभी, फलियां और गाजर सहित फलों और सब्जियों के उत्पादन का ब्यौरा इस प्रकार है:

(मिट्रिक टन लाख में)

वर्ष	फल	सब्जियां
2009-10	715.16	1337.38
2010-11	748.78	1465.54
2011-12	775.25	1496.07

स्रोत: राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड

*अनन्तिम अनुमान

(च) और (छ) पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2011-12 के दौरान फलों और सब्जियों के निर्यात में थोड़ी सी वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की तुलना 2011-12 में फलों और सब्जियों के निर्यात के संबंध में प्रतिशतता वृद्धि वर्ष 2010-11 के दौरान 64.79 प्रतिशत की तुलना में 65.54 प्रतिशत है।

बागवानी बोर्डों के लिए निधियां

3018. **श्री रायापति सांबासिवा राव:**

श्रीमती श्रुति चौधरी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजनावधि में विभिन्न बागवानी बोर्डों को धनराशि प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि में इन बोर्डों को राज्य-वार क्या प्रोत्साहन दिए गए और फिलहाल उनके कामकाज की स्थिति क्या है; और

(घ) प्रत्येक राज्य हेतु बारहवीं योजना अवधि के लिए क्या कार्य योजना तैयार की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी हां, सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड तथा नारियल विकास बोर्ड को निधियां मुहैया कराई हैं।

(ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड और नारियल विकास बोर्ड को क्रमश: 68233.65 लाख रु. और 36661.00 लाख रुपए मुहैया कराए हैं।

(ग) मंत्रालय राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड और नारियल विकास बोर्ड को अनुदान सहायता मुहैया कराता है और वे भी निर्विघ्न कार्य करते हैं।

(घ) कार्य योजना को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

कृषि ऋण

3019. **श्री सुरेश कुमार शेटकर**: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वित्त वर्ष 2011-12 में कृषि ऋण 20 प्रतिशत बढ़कर 4.5 लाख रुपये हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस कृषि ऋण का मुद्रास्फीति पर क्या प्रभाव पड़ा है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) वर्ष 2010-11 के दौरान कृषि ऋण का संवितरण 3,75,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य की तुलना में 4,68,291.28 करोड़ रु. था जो कि लक्ष्य से लगभग 25% अधिक रहा। वर्ष 2011-12 के दौरान (31 जनवरी, 2012 की स्थिति के अनुसार), कृषि ऋण का संवितरण 4,75,000 करोड़ रु. की तुलना में 3,93,410.99 करोड़ रु. रहा।

(ग) जैसा कि राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने सूचित किया है, फार्म ऋण कुल धन आपूर्ति का बहुत कम हिस्सा (0.04%) बैठता है, इसलिए मुद्रास्फीति पर इसका कोई अधिक प्रभाव नहीं होगा।

नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

3020. **डॉ. रत्ना डे**: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ विगत तीन वर्षों के दौरान कोई बैठक की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त राज्यों द्वारा अपने-अपने राज्यों में नक्सल गतिविधियों से निपटने के लिए दिए गए सुझावों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्यों ने नक्सलवादियों का मुकाबला करने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता की मांग की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ङ) केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान दिनांक 07.01.2009, 17.08.2009, 14.07.2010, 01.02.2011 और 16.04.2012 को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 05 बैठकें आयोजित की हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में राज्य स्तर और केन्द्रीय स्तर पर वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कई बैठकें आयोजित की हैं।

इन बैठकों के दौरान राज्य सरकारों ने प्राथमिक रूप से वामपंथी उग्रवाद संबंधी समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता सहित सुरक्षा और विकास संबंधी विभिन्न दखलों की मांग की है।

भारत सरकार ने राज्य बलों की सहायता के लिए सी.ए.पी.एफ. की 75 बटालियनें तैनात की हैं। केन्द्र सरकार सुरक्षा संबंधी व्यय (एस.आर.ई.) योजना और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में विशेष अवसंरचना की योजना जैसी योजनाओं के मध्यम से क्षमता के निर्माण में राज्यों को सहायता भी प्रदान करती है। केन्द्र सरकार ने उग्रवाद रोधी एवं आतंकवाद रोधी

विद्यालयों की स्थापना करने तथा इंडिया रिजर्व (आई.आर.) बटालियनों के गठन के लिए भी राज्यों को सहायता प्रदान की है। नक्सल-रोधी अभियानों के लिए हेलीकॉप्टर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। केन्द्र सरकार वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए 'एकीकृत कार्य योजना (आई.ए.पी.)' कार्यान्वित कर रही है। इन क्षेत्रों में फ्लैगशिप योजनाओं के कार्यान्वयन की सीधी निगरानी भी योजना आयोग द्वारा की जाती है।

कृषि संबंधी अनुसंधान और व्यापार

3021. **श्री नरहरि महतो:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि संबंधी अनुसंधान और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त करार से क्या-क्या लाभ होने की संभावना है;

(ग) क्या विभिन्न विदेशी संगठन देश की कृषि नीति पर अनुचित दबाव डाल रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) मार्च, 2010 में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों के बीच कृषि और खाद्य सुरक्षा में सहयोग के लिए एक अम्ब्रेला समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए थे ताकि द्विपक्षीय रूप से और अन्य देशों के सहयोग से कार्य किया किया जा सके जिससे खाद्य सुरक्षा में सामूहिक तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

कृषि अनुसंधान एवं व्यापार के क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्वविद्यालयों/एजेंसियों के साथ हस्ताक्षर किए गए करारों/समझौता ज्ञापनों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता है।

विवरण

(I) कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) ने देश में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में अमरीकी विश्वविद्यालयों के साथ करार किए है। इस करारों का ब्यौरा इस प्रकार है:

(i) आई.सी.ए.आर. ने कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए 3.11.1998 को कार्नेल विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। दो वर्षों 2011-12 के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के अधीन एक कार्य योजना पर हस्ताक्षर किए गए और विभिन्न चल रहे कार्यकलापों के माध्यम से इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(ii) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.), भारत और कानसास राज्य विश्वविद्यालय (के.एस.यू.), यू.एस.ए. के बीच अगस्त, 2010 में पत्रों के आदान-प्रदान के जरिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष 2011-12 के लिए कार्य योजना का मसौदा तैयार कर लिया गया है और कानसास पक्ष को उनकी टिप्पणियों/सहमति के लिए भेज दिया गया है। कानसास पक्ष से उत्तर प्रतिक्षित है।

(iii) कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए आई.सी.ए.आर. और अमोवा राज्य विश्वविद्यालय के बीच एक एम.ओ.यू. पर 28.1.1998 को हस्ताक्षर किए गए थे। उसके पश्चात कोई प्रगति नहीं हुई है तथा मामला आगे नहीं बढ़ा है।

(iv) ओहियो राज्य विश्वविद्यालय, यू.एस.ए. और आई.सी.ए.आर. के बीच 15.04.1999 को एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए थे। किन्तु मामले में आगे कोई प्रगति नहीं हुई।

(v) कृषि अनुसंधान और शिक्षा ने क्षेत्र में सहयोग के लिए आई.सी.ए.आर. ने इलीनोइस विश्वविद्यालय के साथ 5.10.2010 को एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। वर्ष 2012-13 के लिए कार्य योजना का मसौदा तैयार कर लिया है और इलीनोइस विश्वविद्यालय को उनकी टिप्पणियों/सहमति के लिए भेज दिया गया है। अब तक, इलीनोइस पक्ष से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है।

	उप-केन्द्र, गुवाहाटी,	
	असम	
1.	गुवाहाटी	तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, फुटबाल, फेन्सिंग, कबड्डी, खोखो, ताइक्वांडो, तैराकी और भारोत्तोलन
2.	गोलाघाट	मुक्केबाजी, फुटबाल और टेबल टेनिस
	मेघालय	
3.	शिलांग	तीरंदाजी, मुक्केबाजी, फुटबाल, जूडो, करोटे, ताइक्वांडो और टेबल टेनिस

विशेष क्षेत्र खेल योजना (एस.ए.जी.)

क्र.सं.	क्षेत्र/राज्य/सेंटर	खेल विधा
1	2	3
	पूर्वी	
	झारखंड	
1.	रांची	तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबाल, हाकी और वालीबाल
	ओडिशा	
2.	जगतपुर	कैनोइंग, कयाकिंग और रोइंग
3.	सुन्दरगढ़	तीरंदाजी, एथलेटिक और हाकी
	बिहार	
4.	मुजफ्फरपुर	फुटबाल, कबड्डी और वुशु
5.	किशनगंज	फुटबाल और वालीबाल

1	2	3
6.	गिढौर	एथलेटिक्स, फुटबाल और वालीबाल
	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	
7.	पोर्ट ब्लेयर	साइक्लिग, कयाकिंग, फुटबाल, रोइंग और भारोत्तोलन
	त्रिपुरा	
8.	अगरतला	एथलेटिक्स, फुटबाल, जिम्नास्टिक जूडो और तैराकी
	पश्चिम बंगाल	
9.	बोलपुर	तीरंदाजी, एथलेटिक्स और बास्केटबाल
	दक्षिणी	
	केरल	
10.	एलेपी	कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग
11.	तेलिचेरी	एथलेटिक्स, बास्केटबाल, फेन्सिग, जिम्नास्टिक और वालीबाल
	तमिलनाडु	
12.	नागरकोइल	बास्केटबाल और कबड्डी
13.	मेलियाधुथरी	एथलेटिक्स, बास्केटबाल, हाकी, कबड्डी, वालीबाल और भारोत्तोलन
	उत्तर पूर्व	
	मणिपुर	
14.	इंफाल	मुक्केबाजी, फेन्सिग, जिम्नास्टिक, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, भारोत्तोलन, कुश्ती और वुशु
15.	उत्लोव	मुक्केबाजी, फुटबाल, ताइक्वांडो और भारोत्तोलन
	मिजोरम	
16.	आइजवाल	मुक्केबाजी, हाकी, जूडो, कराटे, सेपकटकरा, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती
	एस.सी.-गुवाहाटी	
	अरुणाचल प्रदेश	
17.		मुक्केबाजी, कराटे, ताइक्वांडो और भारोत्तोलन
	असम	
18.	तीनसुकिया	एथलेटिक और फुटबाल
19.	कोकराझार	तीरंदाजी, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, फुटबाल, जूडो, कबड्डी, कराटे ताइक्वांडो और वुशु
20.	सिक्किम	तीरंदाजी, मुक्केबाजी, फुटबाल और ताइक्वांडो
	नामची	
	मध्य	
	मध्य प्रदेश	
21.	धार	एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हैंडबाल, हाकी और कुश्ती

वर्ष 2011-12 के दौरान एस.टी.सी./एस.ए.जी. केन्द्रों के विस्तार केन्द्र योजना के अंतर्गत अपनाए गए स्कूलों एवं कॉलेजों से प्रशिक्षुओं के ब्यौरे

क्र.सं.	स्कूल एवं कॉलेज का नाम	खेल विधा
1	2	3
	पश्चिमी	
	गोवा	
1.	सेंट जोसफ हाई स्कूल, कालानगोट, बरदेज	फुटबाल
2.	सेंट एंटोनी हाई स्कूल बरदेज	फुटबाल
	गुजरात	
3.	केन्द्रीय विद्यालय नं. 3 सूरत	बैडमिंटन
4.	केजी एंड आर.जी. चौधरी हा. से. स्कूल, मंसा	वालीबाल
	महाराष्ट्र	
5.	क्रीड़ा प्रबोधनी स्कूल, पिम्परी, पुणे	कबड्डी
6.	मूलाजी जैथा कॉलेज जलगांव	बैडमिंटन
7.	नवकृष्ण स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, सांगली	एथलेटिक्स
8.	न्यू इंग्लिश स्कूल, नूल, कोल्हापुर	हाकी
9.	कोडली हाई स्कूल एवं एस.टी. पाटील जू कॉलेज, कोडली	एथलेटिक्स
10.	महात्मा एजुकेशन सोसायटी रसयानी, रायगढ़	एथलेटिक्स
		वालीबाल
	राजस्थान	
11.	गवैनमेंट से. स्कूल, बाओरी, सीकर	हाकी
12.	एस.के. कल्याण सी.स्कूल, सीकर	बास्केटबाल
13.	बाल विद्यालय, कोटा	हैंडबाल
14.	गवैनमेंट हाई. से. स्कूल दूधसार, जयपुर	हाकी
15.	गवैनमेंट कॉलेज, अजमेर	हाकी
16.		बास्केटबाल
17.		हाकी
18.		वालीबाल
19.		एथलेटिक्स
20.	दयानंद कॉलेज, अजमेर	कबड्डी
21.	चोपासानी सी. से. स्कूल, जोधपुर	फुटबाल

1	2	3
22.	सोफिया कॉलेज, अजमेर	बास्केटबाल
	साई सेंटर, चंडीगढ़	
	चंडीगढ़	
1.	न्यू पब्लिक स्कूल, सेक्टर-18B	बास्केटबाल
2.	आई.एस. देवी समाज (गर्ल्स) स्कूल, सेक्टर-2	फुटबाल
		बास्केटबाल
	हिमाचल प्रदेश	
3.	गवेनमेंट हाई. से. स्कूल, नलगढ़	कबड्डी
4.	गवेनमेंट ब्यॉस सी. से. स्कूल, रामरा, सेक्टर, बीलासपुर	हैंडबाल
5.	एन.एस.सी.बी.एम. पो. ग्रेजुएट कॉलेज, हमीरपुर	एथलेटिक्स
6.	डी.ए.वी. सी. से. स्कूल, उना	हाकी
	जम्मू और कश्मीर	
7.	विस्तार केन्द्र पूंछ	हाकी
8.	गवेनमेंट सी. से. स्कूल, सिंहपूर कलान, बारामूला	हाकी
9.	जम्मू विवि, जम्मू	बास्केटबाल
		फुटबाल
	पंजाब	
10.	गवेनमेंट सी. से. स्कूल, सरभा, तरन तारण	फुटबाल
11.	गवेनमेंट सी. से. स्कूल, सरभा, लुधियाना	फुटबाल
12.	गुरू अर्जुन देव गवेनमेंटगर्ल्स सी. से. स्कूल, तरन तारण	एथलेटिक्स
		हाकी
13.	खालसा सी. से. स्कूल, बाबा बुघ, तरन तारण	एथलेटिक्स
		फुटबाल
14.	स्प्रींगडेल सी. से. स्कूल, अमृतसर	हाकी
15.	गवेनमेंट सी. से. स्कूल, फतेहबाद, तरन तारण	फुटबाल
16.	गवेनमेंट गर्ल्स सी. से. स्कूल, कैरोन, तरन तारण	एथलेटिक्स
		हैंडबाल
17.	गुरुनानक देव विवि, अमृतसर	एथलेटिक्स
		हैंडबाल
		हाकी
		कबड्डी
		वालीबाल

1	2	3
18.	खालसा सी.से. स्कूल, रोपड़	हैंडबाल
19.	डी.ए.वी. कॉलेज, अमृतसर	जूडो
		भारोत्तोलन
20.	पंजाब विवि चंडीगढ़	बैडमिंटन
		फुटबाल
		जिम्नास्टिक
		हाकी
		तैराकी
	उत्तरी, सोनीपत	
	हरियाणा	
1.	भावना पब्लिक स्कूल, सेक्टर-15, पंचकूला	टेबल टेनिस
2.	बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कनाल, जिला कैथल	वालीबाल
3.	एस.डी. कॉलेज पानीपत	कबड्डी
	दिल्ली	
4.	युवाशक्ति स्कूल, रोहिणी	हैंडबाल
5.	ममता मोर्डन स्कूल, विकासपुरी	फुटबाल
6.	राष्ट्र शक्ति विद्यालय, गांव हस्तसाल, नई दिल्ली	वालीबाल
7.	जामिया मिलिया इस्लामिया विवि, नई दिल्ली	एथलेटिक्स, फुटबाल हाकी और वालीबाल
	मध्य	
	छत्तीसगढ़	
1.	युगांतर पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव	बास्केटबाल
	मध्य प्रदेश	
2.	लो मान्य तिलक हाई स्कूल, उज्जैन	जिम्नास्टिक
3.	लोयोला पब्लिक स्कूल	हाकी
	उप-केन्द्र, लखनऊ	
	उत्तराखण्ड	
1.	बृहस्पति खेल अकादमी नारायनपुर, उधमसिंह नगर	वालीबाल
2.	समर वेली, देहरादून	टेबल टेनिस

1	2	3
	उत्तर प्रदेश	
3.	एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल, राय बरेली	हाकी
4.	कीरतू राय इंटर कॉलेज, अठागोवान, सैयादपुर, गाजीपुर	हाकी
5.	मेघबरन सिंह, कॉलेज करमपुर, गाजीपुर	हाकी
6.	रणवीर रंजय पी.जी. कॉलेज, अमेठी	फुटबाल
7.	खंडवरी देवी इंटर कॉलेज, चंदौली	एथलेटिक
	एच.एम.एस. इस्लामिक इंटर कॉलेज, इटावा	हाकी
8.	यू.पी. बैडमिंटन अकेडमी, विपिनखंड, लखनऊ	बैडमिंटन
9.	करामत हुसैन पी.जी. कॉलेज, लखनऊ	हाकी
10.	नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोंडा	भारोत्तोलन
11.	राजीव गांधी डिग्री कॉलेज, सुल्तानपुर	निशानेबाजी
12.	गाडविन पब्लिक स्कूल, मेरठ	निशानेबाजी
		वुशु
		एथलेटिक्स
13.	यू.पी. कॉलेज, वाराणसी	बास्केटबाल, फुटबाल और हाकी
	दक्षिणी	
	आन्ध्र प्रदेश	
1.	कालेडा रूरल स्कूल, कालेडा, वारंगल	तीरंदाजी
	कर्नाटक	
2.	श्री आदिचुनचनगिरी कम्पोजिट हाई स्कूल, शिमोगा	एथलेटिक्स
	केरल	
3.	मालाबार क्रीश्चिन कॉलेज हा. से. स्कूल, कालीकट	फुटबाल
4.	मार अथासियस कॉलेज, कोथामंगलम	एथलेटिक्स
5.	मार बासिल हाई. से. स्कूल, कोथामंगलम	एथलेटिक्स
6.	सेंट जाजै हाई. से. स्कूल, कोथामंगलम, एरनाकुलम	एथलेटिक्स
7.	सेंट थामस कॉलेज, कोजिकेरी	वालीबाल
8.	कलाडी हा. से. स्कूल, कुमारामपुथुर, पालाकाड	एथलेटिक्स
9.	सर्वजन हाई स्कूल, पुथुकोडे	हाकी
10.	पारली हाई स्कूल, पालाकाड	एथलेटिक्स
11.	मुंडुर हाई स्कूल, मुंडुर	एथलेटिक्स

1	2	3
12.	मेरी माथा हाई स्कूल, पंथालमडार्न	हाकी
13.	निर्मला कॉलेज, मुवट्टूफुझा, एरनाकुलम	फुटबाल
14.	क्राइस्ट कॉलेज, इरीन्जालाकुडा	हाकी
15.	चेरूपुष्पा हाई स्कूल, चेरूपुष्पम, कन्नूर	बास्केटबाल
16.	कोट्टायम राजा हाई स्कूल, पथिरियाड, कन्नूर	हाकी
	तमिलनाडु	
17.	गवैनमेंट हा. से. स्कूल, थिट्टाचेरी	वालीबाल
	उत्तर पूर्वी	
	मणिपुर	
1.	मेरीकॉम मुक्केबाजी अकेडमी, इंफाल	मुक्केबाजी
	मिजोरम	
2.	महिला हाकी सेन्टर, थेन्जवाल (एस.ए.जी. विस्तार)	हाकी
3.	लुन्गलाई (एस.ए.जी. विस्तार)	मुक्केबाजी
		जूडो
		ताइक्वांडो
		कुश्ती
4.	रामलुन (एस.ए.जी. विस्तार)	मुक्केबाजी
		फुटबाल
		टेबल टेनिस
	उप-केन्द्र गुवाहाटी	
	असम	
1.	डिब्रूगढ़ विवि, डिब्रूगढ़, तीनसुकिया	बैडमिंटन और टेबल टेनिस
	पूर्वी	
	ओडिशा	
1.	बरहामपुर विवि, बरहामपुर, (गंजम)	भारोत्तोलन
2.	एस.डी. विद्यापीठ, पैकाशी	वालीबाल
3.	बिन्जुआ हाई स्कूल, पो. बिन्जुआ	तीरंदाजी
4.	गवैनमेंट हाई स्कूल, ठाकुरगोडा, मयूरभंज	तीरंदाजी
5.	चौंदुआ गवैनमेंट हाई स्कूल, ठाकुरगोडा	एथलेटिक
6.	करनजीआ कॉलेज, मयूरभंज	फुटबाल

1	2	3
	उत्कृष्टता केन्द्र (सी.ओ.ई.) योजना	
क्र.सं.	सेंटर/रीजन	खेल विद्या
	पश्चिमी	
	गुजरात	
1.	गांधीनगर	कबड्डी
	महाराष्ट्र	
2.	कांदिवली	एथलेटिक्स
		हाकी और कुश्ती
	मध्य	
	मध्य प्रदेश	
3.	भोपाल	एथलेटिक्स, हाकी, कयाकिंग और कैनोइंग
		जूडो
	उत्तरी	
	हरियाणा	
4.	सोनीपत	मुक्केबाजी, कबड्डी और जूडो
5.	हिसार	मुक्केबाजी
	उप-केन्द्र, लखनऊ	
	उत्तर प्रदेश	
6.	लखनऊ	भारोत्तोलन
	एन.एस. एन.आई.एस	
	पंजाब	
7.	एन.आई.एस. पटियाला	एथलेटिक्स, साइक्लिंग, जूडो और हाकी
	दक्षिणी	
	कर्णाटक	
8.	बंगलौर	एथलेटिक्स, हाकी और भारोत्तोलन
	केरल	
9.	कोल्लम	एथलेक्सि, साइक्लिग और वालीबाल

1	2	3
	एल.एन.सी.पी.ई. त्रिवेन्द्रम	
10.	त्रिवेन्द्रम	एथलेटिक्स, साइक्लिंग, तैराकी और वालीबाल
	पूर्वी	
	पश्चिम बंगाल	
11.	कोलकाता	तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबाल, जिम्नास्टिक और टेबल टेनिस
	उत्तर पूर्वी	
	मणिपुर	
12.	इंफाल	एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, साइक्लिंग, फेन्सिंग, कराटे ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और वुशु

[हिन्दी]

बुंदेलखंड में कृषि उत्पादन

3037. **श्री राधा मोहन सिंह:**

श्री हरी मांझी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बुंदेलखंड तथा देश के अन्य सूखा प्रवण क्षेत्रों में गेहूं, चना, अरहर और सरसों इत्यादि की भरपूर फसल हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी फसल-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने बुंदेलखंड सहित उक्त क्षेत्रों के किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए कोई योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। बुंदेलखंड एवं अन्य सूखा प्रवण क्षेत्रों सहित देश में वर्ष 2011-12 के दौरान खाद्यान्नों एवं तिलहनों का बहुत अच्छा उत्पादन हुआ है। देश में 2011-12 के दौरान प्रमुख फसलों - चावल, गेहूं, चना, अरहर एवं सरसों का उत्पादन नीचे दिया गया है:

वर्ष 2011-12 के दौरान खाद्यान्नों एवं तिलहनों का फसल-वार उत्पादन (दूसरा अग्रिम अनुमान)

(मिलियन टन में)

चावल	102.75
गेहूं	88.31
चना	7.66
अरहर	2.72
कुल खाद्यान्न	250.42
सरसों	75
कुल तिलहन	208

(ग) और (घ) विभिन्न फसल विकास योजनाओं के तहत गुणवत्ताप्रद बीजों, पोषकों, पौध संरक्षण रसायनों, फार्म मशीनरी जैसे कृषि आदानों की खरीद के लिए किसानों, जिसमें बुंदेलखंड

क्षेत्र के किसान शामिल हैं, को प्रोत्साहन दिया गया है। हालांकि बुंदेलखंड क्षेत्र में सूखा शमन के लिए विशेष पैकेज के रूप में चिन्हित कार्यक्रमों के लिए उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकारों को विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य को दिए गए आवंटन में से अलग राशि निर्धारित करने का परामर्श दिया गया है। इस क्षेत्र के समेकित पनधारा विकास के लिए राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण (एन.आर.ए.ए.) के पर्यवेक्षण के अंतर्गत अलग से एक बुंदेलखंड पैकेज कार्यान्वयनाधीन है।

कृषि उत्पादकता

3038. **श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में कृषि उत्पादकता राष्ट्रीय मानकों/मानदंडों की तुलना में कम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा बिहार में कृषि उत्पादकता को राष्ट्रीय स्तर पर लाए जाने के लिए उठाए गए कदमों/तैयार की गयी स्कीमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार में कृषि अनुसंधान और विकास पर हुए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान उपयोग की गयी निधियों और इसके परिणामस्वरूप प्राप्त सफलता का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। अपर्याप्त संस्थागत ऋण, कृषि हेतु ऊर्जा अवसंरचना, बाढ़ नियंत्रण उपायों के साथ छोटी एवं विखण्डित भू-जोत, उत्तरी बिहार में आवर्ती बाढ़ और दक्षिण बिहार में सूखे जैसी स्थिति, अनियमित एवं अनिश्चित मानसून वर्षा, परम्परागत फसल प्रबंधन पद्धति, महत्वपूर्ण आदानों का इष्टतम उपयोग न किया जाना राज्य में कम उत्पादकता के प्रमुख कारण हैं।

(ग) कई कृषि विकास स्कीमों और कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.), समेकित तिलहन, दलहन, मक्का और आयलपाम स्कीम (आईसोपाम), वृहत कृषि प्रबंधन मोड आदि को राज्य में कार्यान्वित किया गया है ताकि फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाने की **विशेष** स्कीम (बी.जी.आर.ई.आई.) को वर्ष 2010-11 में शुरू किया गया था जो मुख्यत: बिहार सहित पूर्वी क्षेत्र में चावल आधारित फसलन पद्धति का उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रीत करती है।

(घ) और (ङ) पिछले तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान बिहार में कृषि विकास पर किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
उपयोगित निधि (रु. करोड़)	191.34	320.84	734.11	787.86

उपरोक्त के अलावा, पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार में फसल अनुसंधान के लिए चने पर केन्द्र की अखिल भारत समन्वित अनुसंधान परियोजना/आई.सी.ए.आर. के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा 18.05 करोड़ रुपये व्यय किए गए और वर्तमान वर्ष में 7.19 करोड़ रुपये व्यय किए गए।

बी.जी.आर.ई.आई. के साथ बिहार सरकार द्वारा कार्यान्वित अन्य कृषि विकास कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप चावल, गेहूं और अन्य फसलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। संकर चावल प्रौद्योगिकी का संवर्धन लोकप्रिय हुआ है और इससे चावल के उत्पादन वृद्धि में सहयोग मिला है।

ये कार्यक्रम बीज प्रतिस्थापन दर को बढ़ाने, फार्म यंत्रीकरण को अपनाने, बेहतर कृषि पद्धतियों जैसे चावल तीव्रीकरण पद्धति, संकर चावल प्रौद्योगिकी, हरी खाद और जैविक खेती को बढ़ाने में सफल रहे हैं।

[अनुवाद]

राष्ट्र गान को बजाया जाना

3039. **श्री कुलदीप बिश्नोई:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश में, विशेषकर हरियाणा में कुछ मल्टीप्लेक्स फिल्म शुरू होने से पहले राष्ट्रीय गान बजाकर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रकार की **घटनाओं** की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को **रोकने** के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) जी, नहीं। फिल्म शुरू होने से पहले अथवा उसके अंत में राष्ट्रीय गान बजाए जाने के बारे में गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में भी कोई प्रावधान नहीं है।

(ख) और (ग) ये प्रश्न ही नहीं उठते।

[हिन्दी]

दूरदर्शन कार्यक्रमों का प्रसारण

3040. श्री जयप्रकाश अग्रवाल: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न हिस्सों में दूरदर्शन के कार्यक्रमों तथा रेडियो के प्रसारण की गुणवत्ता असंतोषजनक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके राज्य-वार कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उक्त क्षेत्रों में ट्रांसमीटरों की संख्या बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं और कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारी उपाय किया गया है/किया जा रहा है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) से (घ) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन सैटेलाइट व स्थलीय मोड में कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। इन दोनों पद्धतियों में दूरदर्शन के ट्रांसमिशन की गुणवत्ता संतोषजनक है।

इस समय, दूरदर्शन नेटवर्क में 1415 टी.वी. ट्रांसमीटर हैं जोकि देश की लगभग 92% आबादी और लगभग 81% क्षेत्र को कवरेज मुहैया कराते हैं।

स्थलीय ट्रांसमीटरों द्वारा कवर न किए गए सभी क्षेत्रों और देश के शेष भाग को दूरदर्शन की फ्री-टु-एयर डी.टी.एच. सेवा के जरिए बहु-चैनल टीवी कवरेज मुहैया कराई गई है।

12वीं पंचवर्षीय योजना में दूरदर्शन ने टीवी कवरेज को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ ट्रांसमीटरों की स्थापना करने का प्रस्ताव किया है। इन ट्रांसमीटरों की राज्य-वार अवस्थितियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। हालांकि, यह सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन होगा।

आकाशवाणी के संबंध में आकाशवाणी के कार्यक्रमों की अभिग्रहण-गुणवत्ता को संतोषजनक पाया गया है। वर्ष 2010-11 के दौरान संचालित रेडियो श्रोता सर्वेक्षण से पता चलता है कि देशभर में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को शामिल करते हुए सभी छह अंचलों के प्रतिवादियों द्वारा आकाशवाणी कार्यक्रमों की अभिग्रहण-गुणवत्ता पर प्रदत्त चैनल-वार राय संतोषजनक पाई गई।

प्राथमिक चैनल में ज्यादातर प्रतिवादियों (63.4%) ने अभिग्रहण-गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। जबकि विविध भारती चैनल में आधे से अधिक प्रतिवादियों (50.3%) ने अभिग्रहण-गुणवत्ता को संतोषजनक बताया है। जहां तक एफ.एम. चैनल का संबंध है, आधे से अधिक प्रतिवादियों (56.1%) की राय में गुणवत्ता को संतोषजनक पाया गया। ऐसी ही स्थिति ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में पाई गई।

कवरेज में वृद्धि करने के उद्देश्य से 11वीं योजना के अंतर्गत देश में विभिन्न क्षमताओं के 305 नए मीवे/एफ.एम. ट्रांसमीटरों की स्थापना करने की स्कीम का पहले ही अनुमोदन कर दिया गया है और उसे कार्यान्वित किया जा रहा है।

12वीं योजना में 385 नए स्थानों में विभिन्न क्षमताओं के नए एफ.एम. ट्रांसमीटरों की स्थापना करने का भी प्रस्ताव किया गया है लेकिन निधियों का आबंटन और योजना आयोग का अनुमोदन प्रतीक्षित है।

(ङ) दूरदर्शन ने कार्यक्रमों की तकनीकी गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि करने के लिए निर्माण व प्रसारण संबंधी सुविधाओं का डिजिटलीकरण शुरू किया है।

विवरण

बारहवीं पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित नए ट्रांसमीटर

राज्य	प्रस्तावित स्थान	क्षमता
बिहार	फोरबेसगंज	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	रक्सौल	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	जयनगर	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
उत्तर प्रदेश	निशांगरा	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	बंकटवा	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	नौगढ़ (सिद्धार्थ नगर)	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
उत्तराखंड	पिथौरागढ़	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	टनकपुर	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
राजस्थान	करनपुर	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	खजुवाला	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	डॉ	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	भरेवाला	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	जेनियो	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	किशनगढ़	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
गुजरात	ताराड	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	कोटेश्वर	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
अरुणाचल प्रदेश	तवांग	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	सेप्पा	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	बोमडिला	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	दप्रिजो	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	कोलोरियंग (कुरूंग कुमे)	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	अलोंग	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	यंगिकियोंग	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर

राज्य	प्रस्तावित स्थान	क्षमता
	अनिनी	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	हवाई	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
	चंग्लंग	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर
	खोसा	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर
	जिरो	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर
मिजोरम	चम्फई	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
मणिपुर	मोरे	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
त्रिपुरा	रबिरायपारा	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर
	बेलोनिया	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर
असम	करीमगंज	उच्च शक्ति ट्रांसमीटर

नोट: तकनीकी कारणों की वजह से कुछ ट्रांसमीटरों के स्थान और क्षमता में परिवर्तन हो सकता है।

डी.डी.ए. द्वारा आवंटन-पत्र जारी किया जाना

3041. **श्री कौशलेन्द्र कुमार:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) ने हाल के आवास योजना के अधीन द्वारका के विभिन्न क्षेत्रों में एच.आई.जी. फ्लैट सहित सभी प्रकार के फ्लैटों के आवंटन के लिए हुए ड्रॉ के सफल आवेदकों को आवंटन/मांग पत्र जारी कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त फ्लैटों की बुनियाद में भूकम्प सह्य तकनीकों का उपयोग किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी हां। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि डी.डी.ए. आवासीय स्कीम-2010 के अंतर्गत वसन्त कुंज डी-6 के 484 फ्लैटों तथा सेक्टर-18 बी द्वारका के 217 फ्लैटों को छोड़कर द्वारका के विभिन्न सेक्टरों में एच.आई.जी. फ्लैटों सहित सभी प्रकार के फ्लैटों के सफल आवेदकों को डी.डी.ए. द्वारा मांग एवं आबंटन पत्र पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

(ख) जिन फ्लैटों में मांग एवं आबंटन पत्र पहले ही जारी किए जा चुके हैं, उन फ्लैटों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

एच.आई.जी.	-	2581 फ्लैट
एम.आई.जी.	-	461 फ्लैट
एल.आई.जी.	-	111,93 फ्लैट
जनता	-	648 फ्लैट

विस्तारित आवासीय स्कीम के अंतर्गत

ए टाईप	267 फ्लैट
बी टाईप	109 फ्लैट

(ग) और (घ) जी हां, डी.डी.ए. ने सूचित किया है कि आई.एस. 1893-2002 के प्रावधानों के अनुसार यह किया गया है।

(ङ) उपर्युक्त उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

आपदा संबंधी एन.डी.एम.ए. के दिशा-निर्देश

3042. **श्री सुरेश अंगड़ी:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न आपदा विशिष्ट विषयों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन दिशा-निर्देशों के आधार पर राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार की जानी हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) जी, हां। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने विभिन्न विशिष्ट विषयों पर दिशा निर्देश तैयार किए हैं:-

1. भूकम्प
2. सूनामी
3. चक्रवात
4. बाढ़
5. शहरी बाढ़
6. सूखा
7. भू-स्खलन एवं हिमपात
8. नाभकीय एवं रेडियोधर्मी आपात स्थितियां (गैर-वर्गीकृत भाग-I)
9. रासायनिक आपदा (औद्योगिक)
10. रासायनिक (आतंकवाद) आपदा
11. चिकित्सा तैयारी और व्यापक हताहत प्रबंधन
12. जैवकीय आपदा
13. आपदा की स्थिति में मन: सामाजिक सहायता तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवा
14. राज्य आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी
15. घटना प्रतिक्रिया कार्रवाई प्रणाली
16. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सूचना एवं संचार प्रणाली
17. अग्निशमन सेवाओं का अनुमान, उपकरणों का प्रकार तथा प्रशिक्षण

(क) और (घ) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में राष्ट्रीय प्राधिकरण को आपदा की रोकथाम संबंधी उपायों का समेकन करने अथवा विकास योजनाओं तथा परियोजनाओं में इसके प्रभावों को कम करने के प्रयोजनार्थ भारत सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों अथवा विभागों द्वारा अपनी राज्य योजनाएं तैयार करने में राज्य प्राधिकारियों द्वारा अपनाए जाने वाले दिशानिर्देश तैयार करने के अधिदेश दिये गये हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जुलाई, 2007 में राज्य आपदा प्रबंधन योजनाएं की तैयारी संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

[हिन्दी]

बागवानी में वाणिज्यिक और ठेका कृषि

3043. **श्री भीष्म शंकर *उर्फ* कुशल तिवारी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में किसानों के लाभ के लिए विशेषकर बागवानी उत्पादों के लिए वाणिज्यिक और ठेका कृषि के संवर्धन का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुछ औद्योगिक घराने तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इस क्षेत्र में अपनी रूचि दर्शायी है;

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या सरकार ने देश में कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा दिए जाने के लिए कोई स्कीम तैयार की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। सरकार बागवानी उत्पादों से संबंधित वाणिज्यिक कृषि को बढ़ावा देती रही है। "उत्पादन और कटाई पश्चात प्रबंधन के माध्यम से वाणिज्यिक बागवानी का विकास" स्कीम के अंतर्गत हाईटेक बागवानी उत्पादन, कटाई पश्चात प्रबंधन,

प्राथमिक प्रसंस्करण और विपणन अवसंरचना आदि के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सामान्य क्षेत्रों में 25.00 लाख रु. प्रति परियोजना और पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्रों, हिमालयी और अनुसूचित क्षेत्रों में 30.00 लाख रु. प्रति परियोजना से कुल परियोजना लागत की सीमा के 20 प्रतिशत की दर पर ऋण से जुड़ी हुई पार्श्वान्त राजसहायता के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है।

वैकल्पिक विपणन चैनलों को सरल करने के लिए जैसे ठेका कृषि के लिए, मंडी सुधार बढ़ाने के लिए सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में वर्ष 2003 में इसको अपनाने के लिए एक आधुनिक कृषि उत्पाद विपणन समिति (ए.पी.एम.पी.) अधिनियम प्रचालित किया गया है। ऐसे राज्य जिन्होंने ठेका कृषि प्रावधानों को अपनाया है, इस प्रकार हैं: आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैण्ड, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा और संघ शासित चंडीगढ़। ठेका कृषि प्रावधानों में बागवानी उत्पादों सहित कृषि उत्पाद के विपणन को बढ़ाने का विचार है।

(ग) और (घ) जी, हां। सरकार देश में बागवानी उत्पाद के वाणिज्यिक कृषि और ठेका कृषि को बढ़ावा दे रही है।

(ङ) और (च) जी, हां। सरकार देश में कृषि आधारित उद्योगों के प्राथमिक प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन को बढ़ावा दे रही है। कृषि विपणन अवसंरचना, ग्रेडिंग और मानकीकरण के विकास/सुदृढ़ीकरण स्कीम के अंतर्गत डेयरी, मांस, मात्स्यिकी और लघु वनीय उत्पादों सहित कृषि एवं समवर्गी क्षेत्रों में कृषि विपणन अवसंरचना परियोजना के विकास के लिए सहायता प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन स्कीम के अंतर्गत बागवानी उत्पाद के लिए शीत श्रृंखला और प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं के विकास के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भी फार्म गेट से उपभोक्ताओं तक समेकित शीत श्रृंखला और परिरक्षण अवसंरचना सुविधाओं, को बढ़ावा देने सहित शीत श्रृंखला, मूल्य वर्धन और परिरक्षण अवसंरचना के लिए सहायता प्रदान करता है।

धान की बीमारियां

3044. श्री देवजी एम. पटेल: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या फंगस की बीमारी के कारण देश के कई हिस्सों में धान की फसल के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है/में कमी आयी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा धान की फसल में रिजोक्टोनिया फंगस के कारण होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। जैसा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सूचित किया गया है, सामान्यतया नुकसान होने वाली फसलों में रोगों के कारण लगभग 10 से 30 प्रतिशत तक उपज में क्षति होती है, जैसाकि पूरे देश में किए गए बहु-स्थानिक प्रयोगों से स्पष्ट हुआ। कवक संबंधी रोगों में से ब्लास्ट, ब्राऊन स्पॉट, शीथ ब्लाइट, शीथ रॉट, फॉल्स स्मट और बैकेन भारी उपज क्षति पहुंचाते हैं।

(ग) धान फसलों में राइजोटोनिया द्वारा होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(1) ग्रीष्म ऋतु में गहरी जुताई और खूंटी को जलाना।

(2) बीजों की प्रतिरोधक किस्मों का चयन।

(3) जैसा कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा संस्तुत किया गया है, रासायनिक कवकनाशी और जैव नाशीजीवमारों से बीज उपचार।

(4) इष्टतम अंतर अपनाना।

(5) उर्वरकों की अधिक खुराक से बचना।

(6) खरपतवार परिपोषी को समूल नष्ट करना।

(7) संक्रमित खेतों से स्वस्थ खेतों में सिंचाई जल के प्रवाह को रोकना।

(8) राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा यथासंस्तुत रासायनिक कवकनाशियों का पर्णीय छिड़काव।

डेयरी विकास

3045. श्री भूपेन्द्र सिंह: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बुंदेलखंड में विशेष पैकेज के अधीन डेयरी विकास के लिए कौन सी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं; और

(ख) इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) योजना आयोग के अन्तर्गत वर्षाजल सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण, डेयरी सहकारिता सोसाइटियों की स्थापना, थोक दुग्ध कूलरों की स्थापना, डेयरी संयंत्रों/प्रशीतन केन्द्रों का उन्नयन, क्षमता निर्माण, कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण, प्रदर्शन दौरे इत्यादि घटकों को शामिल करते हुए उत्तर प्रदेश के 7 जिलों और मध्य प्रदेश के 6 जिलों में डेयरी विकास के लिए बुंदेलखंड में विशेष पैकेज को क्रियान्वित कर रहा है।

(ख) बुंदेलखंड पैकेज के अन्तर्गत, डेयरी विकास के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में क्रियान्वयन के लिए क्रमशः 26.74 करोड़ रु. और 41.31 करोड़ रु. की राशि अनुमोदित कर जारी की गई है।

820 डेयरी सहकारिता सोसाइटियों के लक्ष्य की तुलना में अब तक मध्य प्रदेश में 315 सोसाइटियों और उत्तर प्रदेश में 335 सोसाइटियां स्थापित की गई हैं। मध्य प्रदेश के बुंदलेखंड जिले में नौ थोक दुग्ध कूलर स्थापित किए गए है। झांसी में स्थित मौजूदा दुग्ध प्रसंस्करण, संयंत्र का राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के जरिए आधुनिक प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ (20,000 लीटर प्रति दिन क्षमता) उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार सागर जिला (मध्य प्रदेश) में स्थित प्रसंस्करण संयंत्र को 20,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता तक उन्नयन किया जा रहा है। दोनों संयंत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश में चार दुग्ध प्रशीतन केन्द्रों के उन्नयन प्रक्रिया भी चल रही है। मध्य प्रदेश में प्रति दिन 25,000 लीटर एकत्रित दूध के लक्ष्य की तुलना में 24,000 लीटर दूध एकत्रित किया जा रहा है। इसी प्रकार, उत्तर प्रदेश राज्य ने भी (60,000 लीटर प्रति दिन) डेयरी दुग्ध एकत्रीकरण का 50% से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

जनजातीय संस्कृति का संवर्धन

3046. श्री माणिकराव होडल्या गावित: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की जनजातीय संस्कृति के संवर्धन की कोई योजना/कार्यक्रम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार महाराष्ट्र सहित देश में विभिन्न जनजातियों की संस्कृतियों के संवर्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो गत एक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी गैर-सरकारी संगठन-वार ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) सरकार की जनजातीय संस्कृति सहित देश की विविध संस्कृति और इसके विरासत के विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्कीमें हैं। संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ऐसी स्कीमों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय के अधीन अनेक संबद्ध, अधीनस्थ और स्वायत्त संगठनों द्वारा जनजातीय कला और संस्कृति आदि का संरक्षण और परिरक्षण भी किया जाता है।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

विवरण

संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित स्कीमें

क्र.सं.	स्कीम का नाम
1	2
1.	विशिष्ट मंच कला परियोजनाओं में कार्यरत व्यावसायिक समूहों और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता।
2.	सांस्कृतिक समारोह अनुदान स्कीम (सी.एफ.जी.एस.)।
3.	स्वैच्छिक संगठनों को शताब्दी/वर्षगांठ का आयोजन करने के लिए सहायता अनुदान।
4.	बौद्ध/तिब्बती कला एवं संस्कृति के परिरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायता।
5.	हिमालयी सांस्कृतिक विरासत के विकास के लिए वित्तीय सहायता।

1	2
6.	सांस्कृतिक विरासत युवा नेतृत्व कार्यक्रम।
7.	भारतीय संस्कृति और विरासत के लिए समर्पित पत्रिकाओं और जर्नलों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता।
8.	पुस्तक मेलों, पुस्तक प्रदर्शनियों तथा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/प्रकाशन समारोहों आदि में भागीदारी के लिए वित्तीय सहायता।
9.	विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को शिक्षावृत्ति प्रदान करना।
10.	संस्कृति के क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति प्रदान करना।
11.	टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक अनुसंधान अध्येतावृत्ति।
12.	साहित्य, कला तथा जीवन के ऐसे अन्य क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों, जो दीनहीन परिस्थितियों में रह रहे हों, तथा उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता।
13.	स्टूडियो थियेटरों सहित भवन अनुदान।
14.	टैगोर सांस्कृतिक परिसर।
15.	क्षेत्रीय एवं स्थानीय संग्रहालयों की स्थापना, संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता।
16.	नए विज्ञान शहरों एवं विज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए संशोधित मानदण्ड/दिशा-निर्देश।
17.	राष्ट्रीय स्मारकों के विकास एवं रख-रखाव के लिए स्वैच्छिक संगठनों/सोसायटियों को सहायता अनुदान।
18.	टैगोर स्मरणोत्सव अनुदान स्कीम (टी.सी.जी.एस.)

[अनुवाद]

टी.आर.पी. प्रणाली की स्थापना

3047. **श्री एल. राजगोपाल:**

श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यरत निजी टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स की रेटिंग एजेंसियों तथा सरकार द्वारा उनकी मान्यता/प्रमाणन की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) मौजूदा टी.आर.पी. प्रणाली में नोट की गयी कमियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में मौजूदा टी.आर.पी. की समीक्षा के लिए हाल में गठित समिति के विचारार्थ विषय और गठन क्या है;

(घ) नई टी.आर.पी. प्रणाली किस हद तक टी.वी. चैनलों, केबल, डी.टी.एच. इंटरनेट प्रोटोकॉल टी.वी., एफ.एम. आदि जैसे प्रसारण सेवाओं को अपने दायरे में लाएगा और किस समय तक इसे कार्यान्वित किए जाने की संभावना है;

(ङ) क्या सरकार का टी.आर.पी. के सृजन में शामिल निजी कंपनियों के टी.आर.पी. रेटिंग/प्रमाणन दिए जाने/मानकीकरण की निगरानी के लिए एक संस्थागत तंत्र की स्थापना का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कब तक कार्रवाई किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) इस समय, टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स (टी.आर.पी.) तैयार करने का कार्य पूरी तरह से निजी उद्योग के कार्यक्षेत्र में आता है। इस मंत्रालय द्वारा कोई मान्यता/प्रत्यायन नहीं प्रदान किया गया है। सरकार द्वारा पूर्व महासचिव, फिक्की की अध्यक्षता में मई, 2010 में गठित टी.आर.पी. समिति की रिपोर्ट के अनुसार, टेलीविजन ऑडियंस मेजरमेन्ट (टैम) और ऑडियंस मेजरमेन्ट ऐंड एनालिटिक्स लिमिटेड (एमैप) नामक दो निजी क्षेत्रक एजेंसियां हैं जो टेलीविजन दर्शक संख्या मापन का कार्य कर रही हैं।

(ख) टी.आर.पी. समिति की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा प्रणाली की खामियों में, अन्य के साथ-साथ शामिल हैं: सैंपल आकार की अपर्याप्तता; जम्मू एवं कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों को पर्याप्त/कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं होता है तथा अपनायी गई विधियों में पारदर्शिता व विश्वसनीयता का अभाव आदि।

(ग) 5 मई, 2010 को सरकार द्वारा गठित टी.आर.पी. समिति के विचारार्थ विषय व संरचना संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(घ) टी.आर.पी. समिति ने, अन्य के साथ-साथ, यह अनुशंसा की है कि सैंपल आकार में स्थलीय टी.वी., डिजिटल एवं ऐनलॉग केबल, डी.टी.एच. व आई.पी.टी.वी. आदि जैसे सभी प्लेटफॉर्मों व

प्रौद्योगिकियों को शामिल किया जाए। चूंकि, समिति की सिफारिशों पर उद्योग द्वारा कार्रवाई की जानी है, इसलिए उक्त रिपोर्ट को उपयुक्त कार्रवाई हेतु भारतीय प्रसारण प्रतिष्ठान के पास भेज दिया गया था। प्रसारण दर्शक अनुसंधान परिषद ने इस प्रयोजनार्थ प्रारंभिक कार्यकलाप शुरू कर दिए हैं और उसके द्वारा जुलाई, 2013 तक रेटिंग संबंधी रिपोर्टों का प्रकाशन शुरू कर दिए जाने की संभावना है।

(ङ) और (च) सरकार के स्तर पर ऐसे किसी तंत्र के लिए टी.आर.पी. समिति द्वारा ऐसी कोई सिफारिश नहीं की गई। दरअसल, टी.आर.पी. समिति ने यह भी अनुशंसा की थी कि संयुक्त औद्योगिकी निकाय अर्थात प्रसारण दर्शक अनुसंधान परिषद (बार्क) व्यापक आधार व समावेशी मनोवृत्ति के साथ स्व-सुविधा वाली टी.आर.पी. प्रणाली में परिशुद्धता व विश्वसनीयता के लिए सबसे अधिक कारगर माध्यम है।

विवरण

मौजूदा टी.आर.पी. प्रणाली की समीक्षा करने के लिए समिति की संरचना

(i)	डॉ. अमित मित्रा, महासचिव, फिक्की	अध्यक्ष
(ii)	श्री राजीव मेहरोत्रा, प्रबंधन न्यासी, पी.एस.बी.टी.	सदस्य
(iii)	सुश्री नीरजा चौधरी, प्रतिष्ठित पत्रकार	सदस्य
(iv)	भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के निदेशक या उनके नामजद	सदस्य
(v)	भारतीय सांख्यकीय संस्थान, कोलकाता के निदेशक या उनके नामदज	सदस्य
(vi)	श्री डी.सी. माथुर, भारत सरकार के सेवानिवृत्त सचिव	सदस्य
(vii)	संयुक्त सचिव (प्रसारण) सूचना और प्रसारण मंत्रालय	सदस्य सचिव

समिति के विचारार्थ विषय

1. यह जांच करना कि क्या उच्च टी.आर.पी. के लिए प्रतियोगिता से टेलीविजन कार्यक्रमों की विषय-वस्तु पर कोई प्रतिकूल व नाकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और किस सीमा तक पड़ रहा है।

2. निम्नलिखित विशेष संदर्भ के साथ टी.आर.पी. के निर्माण की वर्तमान प्रणाली की जांच करना:-

   क. नमूना आकार की पर्याप्तता।

   ख. क्या वर्तमान प्रणाली देश के लोगों के अवलोकन स्वभाव को चित्रित करती है।

   ग. क्या क्षत्र के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्रों और जम्मू और कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों सहित संपूर्ण देश के अवलोकन आधार का पर्याप्त रूप से चित्रण किया जा रहा है।

   घ. क्या समाज के सभी वर्गों के अवलोकन आधार को पर्याप्त रूप से चित्रित किया जा रहा है।

   ङ क्या स्थलीय, केबल, डी.टी.एच., आई.पी.टी.वी. सहित सभी वितरण मंचों के अवलोकन आधार का ध्यान रखा जा रहा है।

   च. क्या लोगों के मीटर लगाने के लिए नमूना घरों के चयन में पर्याप्त पारदर्शिता है।

   छ. क्या मूल निर्धारण एजेंसियों द्वारा अपनाए गए वर्तमान प्रकटीकरण मानदण्ड टी.आर.पी. मूल्य निर्धारणों के निर्माण में वांछनीय पारदर्शिता पर अवरोध पैदा करते हैं।

   ज. क्या टी.आर.पी. द्वारा अपनाई गई वर्तमान लेखा-परीक्षा प्रणाली पर्याप्त और पारदर्शी है।

   झ. टी.आर.पी. व्यावसाय में मौजूदा एजेंसियों का शेयर होल्डिंग पैटर्न और इच्छुक पार्टियों/स्टेकहोल्डरों जैसे विज्ञापकों, विज्ञापन एजेंसियों और प्रसारकों द्वारा किस सीमा तक शेयर धारित किए गए हैं।

3. यह जांच करना कि क्या वर्तमान कमियों से रहित टी.आर.पी. के सृजन के लिए ट्राई द्वारा यथा अनुशंसित बी.ए.आर.सी. जैसे उद्योग की अगुवाई वाला निकाय सबसे उपयुक्त तंत्र है। यदि ऐसा है तो इस प्रकार के निकाय का संघटन और अधिदेश।

4. यदि समिति यह समझती है कि उद्योग की अगुवाई वाला निकाय उपयुक्त नहीं हो सकता है तो वह इन मॉडलों में सरकार की भूमिका के साथ-साथ वैकल्पिक मॉडलों की जांच और सिफारिश कर सकती है।

5. यह जांच करना कि क्या सरकार को एक विकल्प के तौर पर कानून निर्माण के माध्यम से एक संस्थागत तंत्र की स्थापना करनी चाहिए जो या तो टी.आर.पी. मूल्य निर्धारण को प्रत्यक्ष तौर से निर्मित कर सके या टी.आर.पी. के निर्माण कार्य को निजी व्यावसायियों पर छोड़ते समय एक प्रत्यायन/मानकीकरण निकाय के रूप में कार्य कर सके।

6. इस विषय-सामग्री से संबंधित या प्रासंगिक और कोई मुद्दा।

वायदा व्यापार

3048. **श्री रामसिंह राठवा:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वायदा व्यापार के बारे में खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी संसदीय समिति का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त समिति की सिफारिशों पर कोई कार्रवाई शुरू की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी, हां। खाद्य उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने, भावी संविदा (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2010 की जांच के बाद, अपनी 15वीं रिपोर्ट 22 दिसंबर, 2011 को प्रस्तुत की है। समिति ने, अन्य बातों के साथ-साथ, व्यापक रूप से निम्नलिखित सिफारिशों के साथ विधेयक का समर्थन किया है:

सामान्य सिफारिशें

(i) सरकार द्वारा कुछेक कृषि वस्तुओं, विशेष रूप में खाद्यान्नों के व्यापार पर प्रतिबंध अधिरोपित करने/हटाने की शक्तियों का प्रयोग, विद्यमान बाजार परिस्थितियों और किसानों एवं उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक किया जाए;

(ii) व्यापक जागरूकता अभियान आरंभ करने की अत्यंत आवश्यकता है;

(iii) एक्रेडिटेड भांडागारों, कोल्ड स्टोरेजों की शृंखला, कृषि उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण एवं ग्रेडिंग सहित आधारभूत संरचना का उन्नयन;

(iv) स्पॉट और भावी मूल्यों को एक विनियामक आधारभूत ढांचे के तहत लाना;

(v) बेहतर मूल्य खोज प्रदान करने के लिए बैंकों, बीमा कंपनियों और म्यूचुअल फंड को वस्तु बाजार में भाग लेने की अनुमति देना;

(vi) एक्सचेंजों द्वारा लेनदेन पर युक्तियुक्त न्यूनतम सीमा निश्चित करने के अर्थोपाय सुनिश्चित करना;

विशिष्ट सिफारिशें

(i) 'कमोडिटी डेरिवेटिव' की परिभाषा में मामूली परिवर्तन;

(ii) वायदा बाजार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की अर्हताओं और कार्यकाल का निर्धारण करना;

(iii) वायदा बाजार आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के चयन के लिए चयन समिति का गठन करना;

(iv) वायदा बाजार आयोग के लेखा-परीक्षित लेखों को संसद के सदन में रखने के लिए समय-सीमा निर्धारित करना;

(v) अधिनियम के अध्याय 4 के कुछ उपबंधों के उल्लंघन के लिए दंडों में संशोधन करना;

(vi) पांच वर्ष के बाद कर में छूट को वापस लेना;

(vii) वस्तु बाजार में विदेशी प्रतिभागियों/विदेशी बिचौलियों के प्रवेश को मंजूरी देना;

(viii) 'आंतरिक व्यापार' और 'मूल्य संवेदी सूचना' शब्दों को विधेयक में विशेष रूप से और व्यापक रूप से परिभाषित करना; और

(ix) वायदा बाजार आयोग में जांच प्राधिकारी की नियुक्ति करना।

(ग) और (घ) समिति की सिफारिशों की जांच की जा रही है।

गोदामों के लिये ऋण

3049. **श्री अमरनाथ प्रधान:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बर्बादी को कम करने के लिये वेयरहाउस एवं भण्डारण क्षेत्र के लिये न्यूनतम दर पर ऋण प्रदान करने के लिये योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उन बैंकों एवं अन्य एजेंसियों के नाम क्या हैं जिनका चयन उक्त ऋण प्रदान करने हेतु किया गया है;

(ग) क्या सरकार 52.32 लाख टन भण्डारण क्षमता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये सरकारी-निजी भागीदारी के अंतर्गत निजी उद्यमियों से संपर्क करने के बारे में सोच रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) 2011-12 में भारत सरकार ने भाण्डागारण सुविधाओं का सृजन करने के लिए ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकास निधि से 2000 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की थी। भाण्डागारण इंफ्रास्ट्रचर का वित्त पोषण करने के लिए प्रचालन दिशा निर्देश राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा जारी किए गए हैं। इस स्कीम के अधीन राज्य सरकारों, केन्द्र/राज्य सरकारों की अपनी/उनके द्वारा समर्थित एजेंसियों, सहकारी समितियों आदि के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है। इसके भाण्डागारण इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना का वित्त पोषण करने के लिए बैंकों को पुन: वित्त देकर विस्तार भी किया गया है। तदनुसार भाण्डागारण इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए 2011-12 के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य/जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों, को शहरी सहकारी बैंकों और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा मंजूर किए गए सभी प्रस्ताव उपर्युक्त स्कीम के अधीन राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से पुन: वित्त पोषण के लिए पात्र हैं। ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकास निधि (भाण्डागारण), 2011-12 की मुख्य विशेषताएं संलग्न विवरण-। में दी गई हैं।

(ग) और (घ) खाद्यान्नों की अधिक खरीदारी होने के कारण और कवर एवं प्लिंथ के अधीन भण्डारण में कमी लाने के लिए सरकार ने पब्लिक प्राइवेट प्रतिभोगिता पद्धति के अधीन निजी उद्यमियों, केन्द्रीय भण्डारण निगम और राज्य भंडारण निगमों के जरिए भण्डारण गोदामों को निर्माण करने की स्कीम तैयार की है। इस स्कीम के अधीन जरूरी अतिरिक्त भण्डारण का आकलन समूची खरीद/खपत और पहले से ही उपलब्ध भण्डारण स्थान पर आधारित है। उपभोक्ता क्षेत्रो के लिए किसी राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं की चार माह की जरूरत को पूरा करने के लिए भंडारण क्षमता का सृजन किया जाना है। खरीद क्षेत्रों के लिए अपेक्षित भंडारण क्षमता का निर्णय करने के लिए पिछले तीन वर्षों में अधिकतम स्टाक स्तर माना जाता है।

इस विश्लेषण और स्कीम विहित मापदण्डों के आधार पर राज्यवार अपेक्षित क्षमता और स्थानों की पहचान की गई थी। इस स्कीम के अधीन अब भारतीय खाद्य निगम निजी उद्यमियों को सुनिश्चित किराए के लिए 10 वर्ष की गारंटी देगा। 19 राज्यों में लगभग 152 लाख टन क्षमता सृजित की जानी है। राज्यवार संलग्न विवरण-॥ में दिए गए हैं। 31.03.2012 की स्थिति के अनुसार इसमें से निजी उद्यमियों द्वारा लगभग 90.75 लाख टन भंडारण क्षमता का सृजन करने के लिए निविदाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस स्कीम के अधीन भंडारण निगम और राज्य भंडारण निगम क्रमश: 5.4 और 14.75 लाख टन क्षमता का निर्माण कर रहे हैं।

विवरण-।

ग्रामीण और अवसंरचना विकास निधि (भाण्डागारण) 2011-12 की मुख्य विशेषताएं

क्र.सं.	उधार लेने वालों का प्रकार	ऋण की अवधि	ब्याज दर	प्रतिभूति
1	2	3	4	5
1.	राज्य सरकारें	7 वर्ष	आर.आई.डी.एफ. दरें (वर्तमान में 6.5%)	आर.बी.आई. के पास पंजीकृत राज्य सरकार का अधिदेश
		7 वर्ष से अधिक, 12 वर्षों तक	आर.आई.डी.एफ. दरें + नाबार्ड से विस्तारित अवधि निधियों हेतु अतिरिक्त लागत	

1	2	3	4	5
	राज्य के स्वामित्व की/ सहायता प्राप्त कंपनियां, केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व	7 वर्ष	आर.आई.डी.एफ. दरें (वर्तमान में 6.5%)	प्राथमिक प्रतिभेति + प्राप्य राशि का निलंब आदि +
	की/सहायता प्राप्त कंपनियां	7 वर्ष से अधिक, 12 वर्षों तक	आर.आई.डी.एफ. दरें + नाबार्ड से विस्तारित अवधि निधियों हेतु अतिरिक्त लागत	भुगतान में किसी कमी को कवर करने हेतु सरकार का अधिदेश
2.	आर.बी.आई. अधिदेश रहित राज्य के स्वामित्व की/सहायता प्राप्त कंपनियां, केन्द्र सरकार के स्वामित्व	7 वर्ष	आई.आर.डी.एफ. दरें + जोखिम प्रीमियम	प्राथमिक प्रतिभूति + सम्पार्श्विक प्रतिभूति + प्राप्य राशि का निलंब आदि
	की/सहायता प्राप्त कंपनियां/ यथा प्रयोज्य सरकारी गारंटी	7 वर्ष से अधिक, 12 वर्षों तक	आई.आई.डी.एफ. दरें + नाबार्ड से विस्तारित अवधि निधियों हेतु लागत + जोखिम प्रीमियम	प्राथमिक प्रतिभूति + सम्पार्श्विक प्रतिभूति + प्राप्य राशि का निलंब आदि
3.	निजी कंपनियां, उद्यमी	7 वर्ष तक/7 वर्षों से अधिक	आई.आई.डी.एफ. दरें + जोखिम प्रीमियम आई.आई.डी.एफ. + नाबार्ड से विस्तारित अवधि निधियों हेतु लागत + जोखिम प्रीमियम नाबार्ड से विस्तारित अवधि (7 वर्ष से अधिक हेतु) निधियों हेतु लागत	प्राथमिक प्रतिभूमि + सम्पार्श्विक प्रतिभूति + बैंक गारंटी प्राप्य राशि का निलंब आदि

विवरण-II

(आंकड़े टन में)

क्र.सं.	राज्य	पी.ई.जी. स्कीम के अधीन अनुमोदित कुल क्षमता
	1	2
1.	पंजाब	5125000
2.	उत्तर प्रदेश	1860000
3.	हरियाणा	3880000
4.	राजस्थान	250000
5.	हिमाचल प्रदेश	142550
6.	पश्चिम बंगाल	156600
7.	बिहार	300000
8.	ओडिशा	300000
9.	छत्तीसगढ़	222000
10.	मध्य प्रदेश	435000
11.	महाराष्ट्र	655500
12.	आन्ध्र प्रदेश	451000
13.	कर्नाटक	416500
14.	तमिलनाडु	345000
15.	झारखण्ड	175000

1		2
16.	जम्मू और कश्मीर	361690
17.	केरल	15000
18.	गुजरात	80000
19.	उत्तराखण्ड	25000
	सकल जोड़	15,195,840

खाद्यान्नों के परिवहन पर व्यय

3050. **श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) के अंतर्गत वितरण के लिये खाद्यान्नों के परिवहन पर होने वाले व्यय के खाद्यान्नों की लागत बढ़ती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान किफायती लागत, केन्द्रीय निर्गम मूल्य, परिवहन पर व्यय और पी.डी.एस. के अंतर्गत खाद्यान्नों के वितरण का अंतिम मूल्य क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार रणनीतिक स्थानों पर बेस डिपो सहित गोदामों का निर्माण करने का है जिससे खाद्यान्नों की परिवहन लागत कम की जा सके;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित है; और

(ङ) इस प्रकार के व्यय को तर्कसंगत बनाने एवं रोकने हेतु अन्य क्या क़दम उठाये जाने का विचार है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन वितरित खाद्यान्नों के केन्द्रीय निर्गम मूल्य देश भर में एक समान होते हैं और इन्हें जुलाई, 2002 से संशोधित नहीं किया गया है। तथापि, अंत्योदय अन्न योजना को छोड़कर लक्षित सार्वजनिक़ वितरण प्रणाली के अधीन वितरित खाद्यान्नों के अंतिम खुदरा मूल्य भारतीय खाद्य निगम के डिपुओं से उचित दर दुकानों तक की ढुलाई लागत, भंडारण और हैंडलिंग खर्चे, थोक विक्रेताओं/खुदरा विक्रेताओं के लिए मार्जिन आदि जैसे विभिन्न घटकों को ध्यान में रखकर संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वहन की गई ढुलाई लागत के ब्यौरे इस विभाग में नहीं रखे जाते हैं।

पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खाद्यान्नों की आर्थिक लागत और केन्द्रीय निर्गम मूल्य बताने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ग) से (ङ) भारतीय खाद्य निगम में गोदामों का निर्माण समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार और (i) इंजीनियरिंग व्यवहार्यता, (ii) रेल से माल भरे जाने वाले गोदामों के मामले में रेलवे साइडिंग से दूरी और (iii) जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली संबंधी जरूरत जैसे विभिन्न घटकों पर विचार करके किया जाता है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5,74,230 टन क्षमता का निर्माण करने का प्रस्ताव है।

तथापि, देश में गोदामों का निर्माण करने के लिए निजी उद्यमी गारण्टी स्कीम के अधीन उपभोक्ता क्षेत्रों के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं की 4 माह की आवश्यकता और खरीद क्षेत्रों के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान जमा हुए अधिकतम स्टाक स्तर के आधार पर भंडारण अंतर की पहचान की गई है और तदनुसार, देश के 19 राज्यों में 151.21 लाख टन क्षमता सृजित करने की मंजूरी दी गई है। अनुमोदित क्षमता और 31.3.2012 की स्थिति के अनुसार निजी उद्यमी गारण्टी स्कीम के अधीन निर्माण कार्य की स्थिति संलग्न विवरण-II में दी गई है।

खाद्यान्नों की ढुलाई लागत में कमी करने के लिए निजी उद्यमी गारण्टी स्कीम के अधीन 25,000 टन अथवा उससे अधिक क्षमता के सभी गोदाम अधिमानत: रेलवे साइडिंग गोदाम होंगे और अन्य गोदाम रेलवे माल शैड, जहां पूरी मालगाड़ी की साइडिंग की सुविधा हो, के 8 किलोमीटर के दायरे में होंगे।

निजी उद्यमी गारण्टी स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार गोदामों को पूरा करने की समयावधि रेलवे साइडिंग से इतर गोदामों के मामले में कार्य आदेश जारी करने के बाद एक वर्ष और रेलवे साइडिंग के गोदामों के लिए परियोजना पूरी करने के लिए अवधि 2 वर्ष है।

केन्द्रीय भंडारण निगम ने वर्ष 2012-13 के दौरान 2.10 लाख टन अतिरिक्त भंडारण क्षमता सृजन करने की योजना बनाई है।

विवरण-I

चावल और गेहूं की आर्थिक लागत और केन्द्रीय निर्गम मूल्यों को दर्शाने वाला विवरण

(रुपए प्रति क्विंटल)

आर्थक लागत	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (संशोधित अनुमान)	2012-13 (बजट अनुमान)
गेंहू	1380.58	1424.61	1494.35	1651.93	1822.50
चावल	1740.73	1820.07	1983.11	2184.20	2418.68

(रुपए प्रति क्विंटल)

जुलाई, 2006 से केन्द्रीय निर्गम मूल्य	गरीबी रेखा से ऊपर	गरीबी रेखा से नीचे	अंत्योदय अन्न योजना
गेंहू	610	415	200
चावल	830	565	300

विवरण-II

31.03.2012 की स्थिति के अनुसार निजी उद्यमी गारंटी योजना के तहत केन्द्रीय भण्डारण निगम, राज्य भण्डारण निगम और निजी निवेशकों द्वारा पूरी की गई राज्यवार क्षमता को दर्शाने वाला ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	निजि उद्यमी गारंटी योजना के तहत अनुमोदित कुल क्षमता	क्षमता जिसके लिए निजी निवेशकों को निविदाएं स्वीकृत की गई+ केभनि और राभनि को आबंटन किया गया	31.03.2012# तक पूरी की गई क्षमता	पूर्ण होने के अन्तिम चरण में क्षमता*	पूरी की गई कुल क्षमता	निर्माणाधीन क्षमता	क्षमता जिसके लिए निर्माण कार्य अभी शुरू किया जाना है।	मार्च 2013 तक पूरी होने की संभावना वाली क्षमता
1	2	3	4	5	6=(4+5)	7	8	9	10
1.	पंजाब	5125000	4,492,738	1,098,900	409,740	1,508,640	2,391,708	998,830	2,681,148
2.	उत्तर प्रदेश	1860000	1,470,700	7,000	-	7,000	1,001,000	462,700	1,381,700
3.	हरियाणा $	3880000	1,682,273	394,430	164,700	559,130	592,815	695,028	428,115
4.	राजस्थान	250000	235,000	20,000	-	20,000	200,000	15,000	128,000

1	2	3	4	5	6=(4+5)	7	8	9	10
5.	हिमाचल प्रदेश	142550	20,840	-	-	-	2,500	18,340	15,840
6.	पश्चिम बंगाल	156600	29,600	-	-	-	29,600	-	-
7.	बिहार	300000	120,000	10,000	-	10,000	20,000	90,000	-
8.	ओडिशा	300000	300,000	105,400	26,600	132,000	98,600	96,000	130,000
9.	छत्तीसगढ़	222000	222,000	69,750	5,000	74,750	139,200	13,050	142,400
10.	मध्य प्रदेश	360000	360,000	6,400	26,600	33,000	233,600	120,000	312,000
11.	महाराष्ट्र *	655500	589,900	89,250	112,650	201,900	432,430	68,220	383,000
12.	आन्ध्र प्रदेश	451000	401,000	101,800	45,300	147,100	264,000	35,200	199,900
13.	कर्नाटक	416500	331,500	20,000	33,350	53,350	299,850	11,650	171,500
14.	तमिलनाडु	345000	145,000	35,000	25,000	60,000	25,000	85,000	-
15.	झारखंड	175000	115,000	-	-	-	20,000	95,000	55,000
16.	जम्मू और कश्मीर	361690	134,000	-	10,000	10,000	18,000	116,000	73,000
17.	केरल	15000	5,000	-	-	-	5,000	-	-
18.	गुजरात	80000	50,000	-	-	-	5,000	45,000	45,000
19.	उत्तराखंड	25000							
	सकल जोड़	15,120,840	10,704,551	1,957,930	858,940	2,816,870	5,778,303	2,965,018	6,146,603

कॉलम सांविधिक न्यूनतम मूल्य, 4 में क्षमता हर तरह से पूरी कर ली गई है और उसे अधिकार में लेने की पेशकश की जा रही है।

* कॉलम सांविधिक न्यूनतम मूल्य 5 में क्षमता कुछ छुटपुट अनुषंगी कार्यों को छोड़कर भौतिक रूप से पूरी कर ली गई है।

$ भट्टू केन्द्र (हरियाणा) में 3,40,000 टन क्षमता पर लोकायुक्त, हरियाणा की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए उच्चीनी विकास निधि स्तरीय समिति के निर्णय के अनुसार पुनर्विचार किया जा रहा है।

नोट : क्षेत्रों से प्राप्त के.पी.आई. के अनुसार, अनुमान है कि मार्च, 2013 के अन्त तक कुल 61.46 लाख टन क्षमता पूरी हो जाएगी। इस क्षमता में 57.78 लाख टन क्षमता शामिल है जिसके लिए निर्माण कार्य पहले दिन शुरू कर दिया गया है तथा 3.68 लाख टन क्षमता के लिए निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

विदेशी राजनयिकों की सुरक्षा

*3051. **श्री मनीष तिवारी:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजनयिक सुरक्षा बल गत पन्द्रह वर्षों से कागज तक सिमट कर रह गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह बल जो 1973 में विदेशी राजनयिकों के लिये गठित किया गया था विशिष्ट कार्मिकों के बगैर अस्थायी आधार पर चलता रहा है;

(घ) यदि हां तो एक डी.एस.पी. की नियुक्ति हेतु क्या कदम उठाये गये हैं तथा यह बल कब कार्य करना शुरू कर देगा;

(ङ) क्या विदेशी राजनयिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा कवर प्रदान करने हेतु विचार किया जा रहा है;

(च) क्या यह कार्मिक सुरक्षा कवर इसी प्रकार उनके परिवारों को भी दिया जाएगा;

(छ) यदि हां, तो क्या संगत अंतर्राष्ट्रीय कानून राजनयिकों को व्यक्तिगत सुरझा के रूप में उनके संबंधित देशों से हथियार युक्त निजी/सुरक्षा कार्मिक नियुक्त करने की अनुमति प्रदान करते हैं; और

(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (च) जी, नहीं। सरकार ने राजनयिक सुरक्षा बल (डी.एस.एफ.) का गठन किया है। डी.एस.एफ. यूनिट का पर्यवेक्षण करने के लिए 1 उप पुलिस आयुक्त, 1 सहायक पुलिस आयुक्त और एक निरीक्षक की तैनाती की गई है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न दूतावासों और राजनयिक परिसरों में स्थायी गार्ड ड्यूटी पर डी.एस.एफ. के परिचालनात्मक नियंत्रण के तहत पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिकों/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिकों की तैनाती की गई है।

राजनयिक मिशनों और विदेशों के राजनयिकों तथा देश में स्थित अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के लिए भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है और दिल्ली पुलिस/राज्य पुलिस को उचित परामर्शी पत्र जारी किए जाते हैं। इन जानकारियों और परामर्शी-पत्रों तथा स्थानीय खतरों के आकलनों के आधार पर दिल्ली पुलिस/संबंधित राज्य पुलिस द्वारा वास्तविक व्यवस्थाएं की जाती हैं। केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस/राज्य पुलिस सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए उपयुक्त उपाय करती है।

(छ) और (ज) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

नवीन कृषि परिपाटी

3052. **डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि परिपाटी से संबंधित उन विभिन्न बुनियादी खोजों पर ध्यान दिया है जिनसे लागत कम हो सके और कृषि उत्पादन बढ़ सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राष्ट्रीय स्तर पर इन खोजों के क्रियान्वयन को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जाने का विचार है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) उपयुक्त प्रौद्योगिकियों के विकास एवं विश्लेषण के लिए कृषि क्रियाओं में जमीनी स्तर के अन्वेषणों पर ध्यान दिया गया है। लागत प्रभावी कृषि क्रियाओं के विकास और प्रसार के लिए कुछ संकल्पनाओं को ठोस रूप देने के भी प्रयास किए गए हैं।

इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने किसानों के बेहतरीन अन्वेषणों का प्रलेखीकरण भी किया है और कृषि अन्वेषण करने वाले किसानों के साथ परस्पर मेलजोल द्वारा उन्हें राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार के 690 से अधिक अन्वेषणों का प्रलेखीकरण किया गया और अन्वेषण करने वाले इन किसानों को मान्यता देने तथा अपने अनुभवों के अदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से भा.कृ.अ.प. ने वर्ष 2010 में 'राष्ट्रीय कृषि अन्वेषणकर्ता बैठक का आयोजन किया है। इसमें 25 राज्यों के 221 से ज्यादा किसानों ने हिस्सा लिया।

(ग) भा.कृ.अ.प. ने 1997 से जगजीवन राम अभिनव किसान पुरस्कार/जगजीवन राम इन्नोवेटिव किसान पुरस्कार द्वारा अन्वेषण करने वाले किसानों को सम्मानित किया है। सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की राष्ट्रीय फाउंडेशन द्वारा भी अन्वेषणकर्ताओं को सम्मानित करती है।

[हिन्दी]

फर्जी मुठभेड़

3053. **श्री विश्व मोहन कुमार:**
श्री नीरज शेखर:

श्री पी. करूणाकरन:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान बिहार और चेन्नई सहित राज्य-वार फर्जी मुठभेड़ के कुल कितने मामलों का पता चला/कितने मामले दर्ज किये गये, आरोपित कार्मिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा पीड़ितों के परिवारों को कितना मुआवजा दिया गया;

(ख) फर्जी मुठभेड़ के कुल कितने मामले हल किये गये/ हल नहीं किये जा सके तथा सभी मामलों को हल करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये;

(ग) क्या सरकार का विचार इन फर्जी मुठभेड़ को रोकने हेतु कोई ठोस नीति बनाने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) वर्ष 2009-10 से 2011-12 की अवधि के दौरान पुलिस, रक्षा और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा की गई कथित फर्जी मुठभेड़ों के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दर्ज किए गए कुल 426 मामलों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। चालू वर्ष 2012-13 के लिए दिनांक 17-4-2012 की स्थिति के अनुसार ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उपर्युक्त अवधि के दौरान, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा किसी भी मामले में सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई/ अभियोजन की सिफारिश नहीं की गई थी। दिनांक 1-4-2009 से 31-3-2012 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा संस्तुत मौद्रिक राहत/मुआवजे का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ख) कथित फर्जी मुठभेड़ों के 426 मामलों में से 84 मामलों का समाधान हो गया है और शेष 342 मामलों का समाधान नहीं हुआ है। समाधान नहीं किए गए मामलों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के लिए, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा संबंधित राज्य सरकारों से मृत्यु-समीक्षा रिपोर्टें/शव-परीक्षा रिपोर्ट, मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट आदि प्राप्त करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाते हैं।

(ग) और (घ) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार "पुलिस" एवं "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय हैं। प्रत्येक अपराध के मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। केन्द्रीय सरकार परामर्शी पत्र जारी करती है, जबकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिशानिर्देश एवं सिफारिशें जारी करता है जिनका अनुपालन पुलिस कार्रवाई के दौरान मृत्यु के सभी मामलों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाना होता है।

विवरण-I

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दर्ज किए गए मामले

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	0	3	5
2.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	1
3.	असम	5	7	18
4.	बिहार	1	3	8
5.	छत्तीसगढ़	3	5	12
6.	गोवा	0	0	0
7.	गुजरात	0	2	2

1	2	3	4	5
8.	हरियाणा	0	2	7
9.	हिमाचल प्रदेश	0	0	0
10.	जम्मू और कश्मीर	2	11	10
11.	झारखंड	1	6	20
12.	कर्नाटक	1	0	5
13.	केरल	0	0	0
14.	मध्य प्रदेश	1	8	7
15.	महाराष्ट्र	4	1	2
16.	मणिपुर	32	12	6
17.	मेघालय	1	3	2
18.	मिजोरम	0	0	0
19.	नागालैंड	0	0	0
20.	ओडिशा	3	7	8
21.	पंजाब	1	1	2
22.	राजस्थान	0	3	6
23.	सिक्किम	0	0	0
24.	तमिलनाडु	6	2	8
25.	त्रिपुरा	0	0	2
26.	उत्तर प्रदेश	30	40	42
27.	उत्तराखंड	7	0	3
28.	पश्चिम बंगाल	4	11	13
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	1
30.	चंडीगढ़	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0
32.	दमन और दीव	0	0	0
33.	दिल्ली	1	2	4

1	2	3	4	5
34.	लक्षद्वीप	0	0	0
35.	पुडुचेरी	0	0	0
	कुल	103	129	194

विवरण-II

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा संस्तुत मौद्रिक राहत/मुआवजा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	मामलों की संख्या	राशि (रुपए में)
आन्ध्र प्रदेश	8	61,50,000
असम	14	75,00,000
बिहार	4	25,00,000
छत्तीसगढ़	1	5,00,000
दिल्ली	2	10,00,000
हरियाणा	3	17,50,000
जम्मू और कश्मीर	2	8,00,000
झारखंड	4	20,00,000
कर्नाटक	1	5,00,000
मध्य प्रदेश	5	22,00,000
महाराष्ट्र	6	30,00,000
मणिपुर	2	11,00,000
मेघालय	1	5,00,000
राजस्थान	1	5,00,000
तमिलनाडु	1	3,00,000
उत्तर प्रदेश	88	4,84,00,000
उत्तराखंड	11	61,00,000
पश्चिम बंगाल	1	5,00,000
कुल	155	8,53,00,000

सुरक्षा एजेन्सियों के बीच समन्वय

3054. **डॉ. भोला सिंह:**

श्री जोस. के. मणि:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय खुफिया एजेन्सियों और राज्य पुलिस के बीच समन्वय के अभाव की खबरें आई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्य बलों और केन्द्रीय खुफिया एजेन्सियों के बीच आंकड़ों के आदान-प्रदान में सुधार लाने हेतु क्या उपाय किये गये हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ग) जी, नहीं। केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों, सुरक्षा और पुलिस एजेंसियों के बीच प्रभावकारी समन्वय विद्यमान है। दिनांक 31-12-2008 को एक शासकीय आदेश जारी किया गया है जिसके तहत बहु अभिकरण केन्द्र (एम.ए.सी.) राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की एजेंसियों सहित सभी अन्य एजेंसियों के साथ आसूचना का आदान-प्रदान करने के लिए बाध्य है। इसी तरह, सभी अन्य एजेंसियों भी एम.ए.सी. के साथ आसूचना का आदान-प्रदान करने के लिए बाध्य हैं। एम.ए.सी. की सदस्य एजेंसियां खतरा संबंधी आकलनों का मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से बैठकें करती हैं। आसूचना ब्यूरो की स्ट्रेन्थ को भी संवर्धित किया गया है। आसूचना ब्यूरो में बहु अभिकरण केन्द्र को सुदृढ़ बनाया गया है और उसका पुनर्गठन किया गया है ताकि वह चौबीसों घण्टे प्रतिदिन (24x7) आधार पर कार्य करने में सक्षम हो सके।

[अनुवाद]

जेलों में अध्ययन केन्द्र

3055. **श्री एस. सेम्मलई:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान ने देश की प्रमुख जेलों में अध्ययन केन्द्रों की शुरूआत कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा कितनी जेलों में इस प्रकार के अध्ययन केन्द्रों की शुरूआत की गई;

(ग) क्या व्यावसायिक प्रशिक्षण को कैदियों के अध्ययन पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा सकता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और **(ख)** भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-II की प्रविष्टि **4** के अनुसार "कारागार" राज्य का विषय है। अत: कारागारों का प्रशासन और प्रबंधन प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। इस संबंध में आंकड़े केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं। तथापि, दिल्ली की जेलों में, केन्द्रीय कारागार संख्या 3, तिहाड़, नई दिल्ली में वर्ष 1994 में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई थी।

(ग) और (घ) वर्ष 2010 के अंत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरों (एन.सी.आर.बी.) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 में दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षणों के अंतर्गत 36995 कैदियों को प्रशिक्षित किया गया था।

[हिन्दी]

अपहरण के बारे में उच्चतम न्यायालय के निदेश

3056. **श्रीमती जयश्रीबेन पटेल:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने सरकार को देश में अपहरण के मामलों का नियंत्रण करने हेतु कोई विशेष दल गठित करने का निदेश दिया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार को इस बारे में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एन.एच.आर.सी.) से कोई सुझाव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (घ) गृह मंत्रालय को देश में अपहरण के मामलों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के ऐसे किसी निर्देश अथवा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के किसी सुझाव के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। तथापि लापता बच्चों के बारे में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सिफारिशें

हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सिफारिशें आवश्यक कार्रवाई हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को भेज दी गई हैं।

गृह मंत्रालय ने 4 दिसम्बर, 2009 को सभी राज्य सरकारों को दिल्ली पुलिस के एक मानक आदेश (संख्या 252/09 दिनांक 24-10-09) का हवाला देते हुए लापता व्यक्तियों के सम्बन्ध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में एक पत्र जारी किया है ताकि देश भर में लापता व्यक्तियों का आसानी से पता लगाने में सुविधा हो सके।

लापता बच्चों-दुर्व्यापार को रोकने तथा बच्चों का पता लगाने के लिए आवश्यक उपायों से संबंधित दिनांक 31 जनवरी, 2012 की एक पृथक सलाह में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को बच्चों को बलात्कार, यौन उत्पीड़न बाल अश्लील साहित्य, अंग व्यापार आदि का पीड़ित होने जैसे किसी जघन्य या संगठित अपराध का शिकार होने से रोकने की विशेष सलाह दी गई थी।

गृह मंत्रालय ने अवैध मानव व्यापार और बाल अपराध को रोकने के लिए 9 सितम्बर, 2009 और 14 जुलाई, 2010 को सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों को विस्तृत सलाहें भेजी हैं।

ट्रैवल एजेन्सियों द्वारा हथियारों की आपूर्ति

3057. **श्री प्रदीप कुमार सिंह**: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस बात की जानकारी मिली है कि देश की कुछ ट्रैवल एजेन्सियां नक्सली और आतंकवादी गुटों को हथियार एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामलों की जानकारी मिली है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ग) ट्रैवल एजेंसियों द्वारा नक्सलियों को हथियार और अन्य सामग्री उपलब्ध कराने से संबंधित कोई सूचना गृह मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

[अनुवाद]

फार्म भण्डारण सुविधायें

3058. **श्री नित्यानंद प्रधान**:
श्री बैजयंत पांडा:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी ने अनुमान लगाया है कि देश में घटिया फार्म भण्डारण सुविधाओं के कारण कृषि उत्पाद को क्षति होने के कारण राष्ट्र को लगभग 44000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या यूनिट कार्यों जैसे कटाई, एकलीकरण, छंटाई, ग्रेडिंग, ओसाने, सफाई, सुखाने, पैकिंग, परिवहन और भण्डारण के दौरान बहुत अधिक हानि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त लीकेज को रोकने एवं कमियों को दूर करने हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) भारत के 106 जिलों में 46 फसलों और जिंसों, जिनमें 5 अनाज, 4 दाल, 6 तिलहन, 8 फल, 8 सब्जी, 8 पौधरोपण फसल और मसाले, 6 पशु उत्पाद और गुड़ शामिल हैं, के संबंध में फसल कटाई उपरान्त हानियों के अनुमान पर एक सर्वेक्षण किया गया था। फिल्ड में जांच और निगरानी द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों की जांच और सांख्यिकी विश्लेषण किया गया था ताकि राष्ट्रीय स्तर पर कटाई और कटाई उपरान्त होने वाली हानियों की मात्रा का समूचा अनुमान लगाया जा सके।

हानियों का आकलन करने के लिए जिन प्रचालनों पर विचार किया गया उनमें फसल कटाई, एकत्रण, थ्रेशिंग, ग्रेडिंग/सार्टिंग, छाजन/सफाई, सुखाना, पैकिंग, जिंस पर निर्भर करते हुए ढुलाई और भंडारण शामिल थे। चुनिन्दा अनाजों, दालों और तिलहनों क्रमशः 3.9-6%, 4.3-6.1% और 2.8-10.1% की रेंज में पाई गई थीं। चुनिन्दा फलों और सब्जियों में हानियां 5.8-18% की रेंज में पाई गई थीं। अंतर्देशीय के और समुद्री मत्सय क्षेत्रों में औसत हानियां क्रमशः 6.9% और 2.9% थीं। दूध के क्षेत्र में हानि 0.8% तथा मांस और मुर्गी पालन क्षेत्रों में क्रमशः 2.3% और 3.7% थी।

अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर फसलों और पशु उत्पादों की कटाई और कटाई उपरांत की हानियों की कुल आर्थिक कीमत राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 44,000 करोड़ रुपये होने का

अनुमान लगाया गया है। इस राशि का हिसाब मई, 2009 माह के लिए फसल/जिन्स के थोक मूल्य के आधार पर लगाया गया है।

(घ) कृषि विभाग, 'ग्रामीण भंडारण योजना' नामक स्कीम चलाता है जिसके अधीन अन्य बातों के साथ-साथ फसल कटाई उपरांत की हानियों को कम करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और संबद्ध उत्पादों के लिए वैज्ञानिक भंडारण सुविधाओं की स्थापना करने हेतु किसानों और उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। खाद्यान्नों की खरीदारी बढ़ने और कवर तथा प्लिंथ के अधीन भंडारण में कमी लाने के लिए सरकार ने निजी उद्यमियों, केन्द्रीय भंडारण निगम और राज्य भंडारण निगमों के जरिए भंडारण गोदामों का निर्माण करने की स्कीम तैयार की है।

जासूसी के मामले

*3059. **श्री यशवीर सिंह:**

श्री नीरज शेखर:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार के मंत्रियों के कार्यालयों में जानकारी में आये जासूसी के मामलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके परिणाम क्या रहे;

(घ) जासूसी के दोषी पाये गये व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है तथा उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) भविष्य में इन मामलों को रोकने हेतु सरकार द्वारा कार्रवाई की गई?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) विगत दो वर्षों में संघ सरकार के मंत्रियों के कार्यालयों में जासूसी के किसी मामले का पता नहीं चला है।

(ख) से (ङ) वर्ष 2010 में केन्द्रीय वित्त मंत्री के कार्यालय में कुछ स्थानों पर चिपके हुए पाए गए चिपचिपे पदार्थ का पता लगाने के लिए जांच की गई थी। रासायनिक/विधिविज्ञान विश्लेषण से पता चला कि उस पदार्थ में च्युइंग गम जैसे पदार्थ थे। भौतिक जांच में किसी ऐसे चिन्ह अथवा निशान का पता नहीं चला जिससे वहां कोई डिवाइस लगाए जाने की जानकारी मिल सके। सभी महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों में जासूसी के उपकरणों का पता लगाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वीपिंग अभ्यास नियमित रूप से किए जाते हैं। अब तक, इन अभ्यासों के दौरान किसी भी डिवाइस का पता नहीं चला है।

[हिन्दी]

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा नवीकरण कार्य

3060. **श्री महेश जोशी:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में कुल कितने फ्लैट हैं जिनमें 2010-11 और 2011-12 के दौरान केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सी.पी.डब्ल्यू.डी.) द्वारा नवीकरण कार्य किया गया है;

(ख) कितने आवासों में सी.पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वयं नवीकरण कार्य किया गया है तथा कितने आवासों में नवीकरण कार्य निजी एजेन्सियों द्वारा ठेके पर किये गये हैं या किये जा रहे हैं; और

(ग) कितने आवासों में दिसम्बर 2011 तक नवीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, आज की स्थिति के अनुसार कितने आवास नवीकरण के अधीन हैं तथा इनका नवीकरण कब तक पूरा होने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क)

वर्ष	नवीकरण किए गए फ्लैटों की संख्या
2010-11	1731
2011-12	1925

(ख) उपर्युक्त सभी आवासों में निजी एजेन्सियों द्वारा संविदा पर नवीकरण कार्य किए गए हैं।

(ग) इस संबंध में स्थिति इस प्रकार है:

कार्रवाई	मकानों की संख्या	पूर्ण करने की तारीख
(i) नवीकरण कार्य पूर्ण	5998	दिसम्बर, 2010
(ii) नवीकरण कार्य चल रहा है	548	30 जून, 2012

सरकारी आवास

3061. **श्री घनश्याम अनुरागी:** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार शहरी गरीबों को नि:शुल्क सरकारी आवास देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस योजना का कार्यान्वयन कब तक किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) भारत सरकार शहरी गरीबों को मुफ्त सरकारी वास मुहैया कराने का कोई प्रस्ताव नहीं करती है। तथापि, शहरी गरीबों को विभिन्न स्कीमों के तहत नीचे दिए गए अनुसार सब्सिडी मुहैया करायी जाती है।

(i) भारत सरकार ने देश में शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं (बी.एस.यू.पी.) कार्यक्रमों के तहत देश में 65 चुनिंदा शहरों में शहरी गरीबों के लिए आवास और अवसंरचनात्मक सुविधाएं आरंभ करने में शहरों और कस्बों को सहायता उपलब्ध करने के लिए जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) लागू किया है। अन्य शहरों और कस्बों के लिए एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आई.एच.एस.डी.पी. लागू किया गया था न्यूनतम 12 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान निर्धारित किया गया है जो अनुसूचित जाति/अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांगों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत होगा।

(ii) लाभार्थी अंशदान के संबंध में राजीव आवास योजना (रे) में भी इसी प्रकार का एक प्रावधान जोड़ा गया है।

(iii) शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आई.एस.एच.यू.पी.) के तहत लाभार्थी सब्सिडी वाले आवास ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं जहां बैंकों के स्तर पर समग्र ऋण अवधि के लिए ब्याज के निवल वर्तमान मूल्य (एन.पी.वी.) के 5 प्रतिशत की सब्सिडी मुहैया की जाती है ताकि ऋण अवधि के दौरान उनको यह लाभ मिल सके।

(iv) भागीदारी में किफायती आवास (ए.एच.पी.) स्कीम के तहत विकासकों को किफायती आवासीय इकाइयों के लिए प्रति रिहायशी एकक 50,000 रुपये तक अथवा अवसंरचना की लागत का 25 प्रतिशत जो भी कम हो, का प्रोत्साहन दिया जाता है।

(ग) ये सभी मांग आधारित स्कीमें हैं और रे तथा जे.एन.एन.यू.आर.एम. के तहत राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित गति पर तथा आई.एस.एच.यू.पी. के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ई.डब्ल्यू.एस.)/निम्न आय वर्ग (एल.आई.जी.) के लाभार्थियों द्वारा और भागीदारी में किफायती आवास के तहत निर्माताओं/विकासकों द्वारा अपनाने पर निर्भर करती है।

[अनुवाद]

डी.डी.ए. फ्लैटों का यूनिट मूल्य

3062. **श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनता, एल.आई.जी. और एम.आई.जी. फ्लैट के गत चार आवंटनों के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) द्वारा प्रति यूनिट निर्धारित मूल्य का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हाल के समय में डी.डी.ए. द्वारा निर्धारित प्रति यूनिट मूल्य में भारी वृद्धि हुई है जिससे गरीबों/निम्न मध्यम वर्गीय लोगों के व्यक्तियों के लिये घर का सपना पूरा करना असंभव हो गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या डी.डी.ए. का विचार अपने द्वारा दिये गये प्रति यूनिट फ्लैट के मूल्य में कमी करने का है जिससे यह गरीबों एवं निम्न मध्यम वर्ग के लोगों के लिये वहनीय हो सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) डी.डी.ए. ने बताया है कि मांग तथा आबंटन पत्र जारी होने की तिथि को कुर्सी क्षेत्र दर (पी.ए.आर.) और प्रचलित भूमि दरों के आधार पर फ्लैट की कीमत की गणना की जाती है। ये दरें इसके प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित की गई हैं। गत चार स्कीमों की दरें इस प्रकार हैं:

आवासीय स्कीम 2005 के लिए पी.ए.आर.

जनता के लिए 5500 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए 6000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए (टर्न की आधारित) 7000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए 7000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए (टर्न की आधारित) 8000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

आवासीय स्कीम 2006 के लिए पी.ए.आर.:

जनता के लिए 6300 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए 7500 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए (टर्न की आधार पर) 87000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए 9000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए (टर्न की आधार पर) 93,000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

आवासीय स्कीम 2008 के लिए पी.ए.आर.:

जनता के लिए 7400 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए 9400 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए (टर्न की आधारित) 10000 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए 10500 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए (टर्न की आधारित) 10700 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

आवासीय स्कीम 2010 के लिए पी.ए.आर.:

जनता के लिए 9300 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए 11800 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एल.आई.जी. के लिए (टर्न की आधार पर) 12500 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए 13100 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

एम.आई.जी. के लिए (टर्न की आधार पर) 13400 रुपये प्रति वर्गमीटर + भूमि की कीमत

(ख) और (ग) जी नहीं। प्राधिकरण ने 21.01.2002 को हुई अपनी बैठक में प्रस्ताव पास किया कि डी.डी.ए. द्वारा निर्मित फ्लैटों की कीमत को वास्तविक लागत से मानक लागत में परिवर्तित किया जाना है (संकल्प सं. 7/2002 के तहत)। उक्त निर्माण की कुर्सी क्षेत्र की दर (पी.ए.आर.) की गणना की जाएगी और एक वर्ष में दो बार घोषित की जाएगी तथा यह प्रत्येक वर्ष में पहली अप्रैल और पहले अक्तूबर से लागू होंगी यथानिर्णित प्रति वर्ग मीटर निर्माण लागत का आधार विभिन्न क्षेत्रों के निर्माण की वास्तविक लागत का वेटेड औसत होगा। इससे यह स्पष्ट है कि फ्लैट की कीमत बिना नफा-नुकसान पर आधारित है अतः यह यथार्थपरक है।

(घ) और (ङ) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

[हिन्दी]

डी.डी.ए. द्वारा मास्टर प्लान की समीक्षा

3063. **श्री बलीराम जाधवः**
डॉ. पद्मसिंह बाजीराव पाटीलः
श्री रायापति सांबासिवा रावः

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दिल्ली में प्रारूपित किये जा रहे मास्टर प्लान की दिल्ली में रह रहे लोगों के परामर्श से समीक्षा करने तथा क्षेत्र-वार मास्टर प्लान समीक्षा प्रकोष्ठ की स्थापना करने हेतु निदेश जारी किये हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी समीक्षा हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित है तथा इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ग) क्या सरकार ऐसी संपत्तियों जो मेट्रो लाइनों की दोनों तरफ 500 मीटर के दायरे में वर्ष 2006 तक अनधिकृत रूप से निर्मित की गई हैं उनसे जुर्माना वसूल कर नगरपालिकाओं को नियमित एवं कानूनी दर्जा प्रदान करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार कुछ अनधिकृत कालोनियों को अनधिकृत कालोनियों का दर्जा देने से पूर्व उन संपत्तियों जो 2006 से पहले निर्मित की गयी थीं को भी कानूनी दर्जा देने पर विचार कर रही है; और

(च) यदि हां, तो कालोनी-वार और क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) दिल्ली मास्टर प्लान-2021 (एम.पी.डी.-2021) दिनांक 07 फरवरी 2007 को अधिसूचित किया गया जिसमें 5 वर्ष के अंतराल पर मध्य आवधिक समीक्षा किए जाने का प्रावधान है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि भागीदारी दृष्टिकोण के साथ प्रथम मध्य अवधि समीक्षा पहले ही आरंभ कर दी गई है। सुझाव प्राप्त करने के लिए जिले-वार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं।

दिल्ली मास्टर प्लान-2021 की मध्य अवधि समीक्षा करने के लिए प्रमुख मुद्दों को निपटाने के लिए 11 प्रबंध कार्य समूहों का गठन किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल की अध्यक्षता में विभिन्न सरकारी विभागों, निजी संगठनों के मुखियों, व्यवसायियों और कुशल सदस्यों के रूप में अन्य कॉरपोरेट व्यक्तिकों को शामिल करके एक उच्च स्तरीय परामर्शदात्री समूह का गठन किया गया है। मध्य अवधि समीक्षा का कार्य पहले ही आरंभ कर दिया गया है और प्रबंधन कार्य समूह और परामर्शदात्री समूह की नियमित बैठकें की जाती है। इसके अलावा, जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनता, आर.डब्ल्यू.ए., व्यावसायियों आदि से दिल्ली मास्टर प्लान-2021 की मध्य अवधि समीक्षा हेतु सुझाव आमंत्रित करने के लिए छह जिला/जोनल की ओपन हाउस मीटिंग की जाती है ताकि दिल्ली मास्टर प्लान-2021 की समीक्षा में लोगों की अधिकतम भागीदारी हो सके।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) जी नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

आई.एस.आई. की गतिविधियां

3064. **श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में आई.एस.आई. की गतिविधियां बढ़ रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस क्षेत्र की बड़ी हस्तियों की कथित संलिप्तता की जानकारी मिली है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त क्षेत्र में आई.एस.आई. की गतिविधियों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (घ) जी, नहीं। देश में पूर्वोत्तर क्षेत्र में आई.एस.आई. की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी के बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं है।

(ङ) सरकार, आई.एस.आई. की गतिविधियों से निपटने के लिए एक सुसमन्वित तथा बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाती रही है, जिसमें घुसपैठ तथा सीमापार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सीमाओं पर चौकसी को सुदृढ़ करना; पाकिस्तानी एजेण्टों को रोकने के लिए आसूचना मशीनरी को चुस्त बनाना; आतंकवादियों तथा आई.एस.आई./राष्ट्र-विरोधी तत्वों की योजनाओं के निष्क्रिय बनाने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों की विभिन्न एजेन्सियों के बीच निकट सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित करना; राज्य पुलिस तथा सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन करना शामिल हैं।

उत्तर पूर्व क्षेत्र में विकास

3065. **श्री जोसेफ टोप्पो:**

श्री निनोंग ईरींग:

श्री अशोक तंवर:

क्या **उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर पूर्व राज्यों में अवसंरचना विकास के कार्यान्वयन के अंतर्गत योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान इन योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्धारित, स्वीकृत प्रयुक्त और अन्यथा प्रदोन की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार इन राज्यों में कार्यान्वयनाधीन योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पबन सिंह घाटोवार): (क) और (ख) योजना आयोग संबंधित राज्य सरकारों के परामर्श से उत्तर पूर्वी राज्यों सहित राज्यों की वार्षिक योजनाओं को अंतिम रूप देता है। प्रत्येक वर्ष की योजना के आकार को राज्यों के उपलब्ध संसाधनों (राज्यों की अपनी निधियां, उधार और कोई अन्य स्रोत) और उपलब्ध केन्द्रीय सहायता के आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है। राज्य सरकारों को क्षेत्रों में प्राथमिकता परियोजनाएं शुरू करने और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए योजना में संसाधन गैप को पूरा करने के लिए सक्षम बनाने हेतु वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के दौरान वार्षिक योजना परिव्यय/वास्तविक व्यय दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा अव्यपगत केन्द्रीय संसाधन पूल (एन.एल.सी.पी.आर.) स्कीम के तहत उत्तर पूर्वी राज्य सरकारों को सहायता अनुदान भी दिया जाता है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की गई स्कीमों/कार्यक्रमों (पूर्वोत्तर परिषद सहित) और पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्कीमों के लिए बजट अनुमान तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(करोड़ रु.)

स्कीम/कार्यक्रम	2009-10		2010-11		2011-12	
	निर्धारित निधियां	प्रयुक्त निधियां	निर्धारित निधियां	प्रयुक्त निधियां	निर्धारित निधियां	प्रयुक्त निधियां
अव्यपगत केन्द्रीय संसाधन पूल (एन.एल.सी.पी.आर.)	700.00	668.62	800.00	805.78	800.00	798.99
विशेष बी.टी.सी. पैकेज	50.00	3.15	50.00	50.00	50.00	50.00
एन.एल.सी.पी.आर.-केन्द्रीय	2012-13 से शुरू					
पूर्वोत्तर परिषद	624.00	620.99	700.00	678.30	700.00	688.18

(ग) और (घ) इस स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के निष्पादन की विभिन्न आवधिक रिपोर्टों और उपयोग प्रमाणपत्रों, तिमाही प्रगति रिपोर्टों आदि के माध्यम से नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठकों के दौरान भी निष्पादन की समीक्षा की जाती है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान वार्षिक योजना परिव्यय/व्यय

(करोड़ रु.)

राज्य	2009-10		2010-11		2011-12	
	अनुमोदित परिव्यय	वास्तविक व्यय	अनुमोदित परिव्यय	वास्तविक व्यय	अनुमोदित परिव्यय	वास्तविक व्यय
1	2	3	4	5	6	7
अरुणाचल प्रदेश	2100.00	2591.90	2500.00	2500.00	3200.00	3200.00
असम	6000.00	5023.09	7645.00	6883.00	9000.00	9000.00

1	2	3	4	5	6	7
मणिपुर	2000.00	1784.41	2600.00	2600.00	3210.00	3210.00
मेघालय	2100.00	1417.86	2230.00	2127.73	2727.00	2727.00
मिजोरम	1250.00	1067.22	1500.00	1500.00	1700.00	1700.00
नागालैंड	1500.00	1428.50	1500.00	1500.00	1810.00	1810.00
सिक्किम	1045.00	1019.26	1175.00	1175.00	1400.00	1400.00
त्रिपुरा	1680.00	1735.57	1860.00	1447.43	1950.00	1950.00

स्रोत : योजना आयोग

[हिन्दी]

विदेशियों का निर्धारित समयावधि से अधिक ठहरना

3066. **श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्यटक वीजा पर आने वाले अनेक विदेशियों की वीजा अवधि के समाप्त होने के बाद भी रुकने की सूचना मिली है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान ज्ञात ऐसे मामलों का देश-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) पर्यटक वीजा पर आने वाले तथा निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विदेशी नागरिकों के बारे में विशिष्ट आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, विभिन्न प्रकार के वीजा पर भारत में प्रवेश करने वाले अनेक विदेशी नागरिक निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए हैं। वर्ष 2008, 2009 तथा 2010 के दौरान निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे पाए गए ऐसे विदेशी नागरिकों का देश-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। वर्ष 2011 तथा वर्तमान वर्ष (मार्च, 2012 तक) की अपेक्षित सूचना संकलित नहीं की गई है।

(ग) विदेशी विषयक अधिनियम, 1946 की धारा 3 (2) (ग) के तहत किसी विदेशी नागरिक को प्रत्यावर्तित करने की शक्तियां केन्द्र सरकार में निहित की गई है। अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान तथा उन्हें प्रत्यावर्तित करने की ये शक्तियां राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भी प्रत्यायोजित की गई हैं। ऐसे अवैध आप्रवासियों की पहचान करना तथा उन्हें प्रत्यावर्तित करना एक सतत् रूप से चलने वाली प्रक्रिया है।

विवरण

देश	31 दिसम्बर की स्थिति के अनुसार निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे पाए गए विदेशियों की संख्या		
	2008	2009	2010
1	2	3	4
अफगानिस्तान	14511	13569	13747
आस्ट्रेलिया	176	309	212

1	2	3	4
बहरीन	51	65	37
बांग्लादेश	31229	32644	28667
कनाडा	357	658	550
चीन	479	559	662
इथोपिया	69	82	77
फिजी	309	290	136
फ्रांस	191	413	367
जर्मनी	158	390	394
इंडोनेशिया	36	71	77
इरान	184	246	248
ईराक	371	669	979
इटली	50	116	107
आइवरी कोस्ट	85	207	194
जापान	161	331	335
किनिया	237	365	318
दक्षिण कोरिया	516	783	661
मलेशिया	201	361	321
मॉरिशस	510	781	394
मंगोलिया	55	88	66
म्यांमार	558	705	733
नीदरलैंड	69	79	123
न्यूजीलैंड	34	49	39
नाइजीरिया	451	1121	967
ओमान	351	412	400
पाकिस्तान	7547	7691	8319

1	2	3	4
फिलीपीन्स	124	150	153
पुर्तगाल	12	106	7
रूस	120	159	260
सउदी अरब	62	160	74
शेसल्स	295	335	225
सिंगापुर	153	203	195
दक्षिण अफ्रीका	48	62	118
श्रीलंका	1790	2490	1817
राज्यविहीन-तिब्बत	194	235	251
सूडान	163	293	296
स्वीडन	37	91	83
तंजानिया	303	664	744
थाइलैंड	116	418	267
यू.एस.ए.	998	1535	2461
यूगांडा	88	98	90
यू.के.	491	895	813
वियतनाम	48	102	60
यमन	168	549	122
अन्य	993	1842	2022
कुल	65149	73441	69188

[अनुवाद]

कृषि उपकरण

3067. **श्री अम्बिका बनर्जी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल सहित देश में प्रतिवर्ष कुल कितने कृषि उपकरणों का निर्माण हुआ है;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान देश में घरेलू उपयोग हेतु बेचे गए अथवा निर्यात हेतु जारी किए गए कृषि उपकरणों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) चालू वर्ष के दौरान कृषि उपकरणों के निर्माण और निर्यात के संबंध में लगाए गए अनुमान का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश

रावत): (क) और (ख) ट्रैक्टर और अन्य मशीनों को छोड़कर कृषि उपकरण और औजार सामान्यत: लघु उद्योगों के माध्यम से और गैर-संगठित क्षेत्र में तैयार करने के माध्यम से निर्मित होते हैं। इन कृषि उपकरणों और औजारों पर कोई संगणना उपलब्ध नहीं है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में कृषि मशीनों का उत्पादन ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

देश में घरेलू बिक्री के लिए ट्रैक्टरों और अन्य मशीनों का उत्पादन ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान कुछ कृषि मशीनों और उपकरणों का उत्पादन और निर्यात का अनुमानित प्रेक्षेपण का ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

विवरण-I

(संख्या में)

पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में कृषि मशीनों का उत्पादन

उपकरणों के नाम	2009-10	2010-11	2011-12
पावर टिलर	500	650	725
पावर रिपर	50	150	300
ड्रम सिडर	5,000	6500	8225
स्प्रेयर (हस्तचालित)	30,000	35,000	40,000
पैडी थ्रेशर (हस्तचालित)	35,000	38,500	42,250

स्रोत: कृषि विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

विवरण-II

ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनों का वार्षिक उत्पादन

(संख्या में)

क्र.सं.	औजार का नाम	2009-10	2010-11	2011-12
1.	ट्रैक्टर	3,93,836	5,45,109	6,07,658
2.	पावर टिलर	38,734	55,000	62,550
3.	कम्बाइन हारवेस्टर	लागू नहीं	लागू नहीं	9800 में से 3400 सेल्फ प्रोपेल्ड है, 1500 ट्रैक टाइप और 4900 ट्रैक्टर मौन्टेड कम्बाईन हारवेस्टर हैं।
4.	रोटावेटर	70,000	95,000	1,04,500
5.	पावर थ्रेशर	52,000	50,000	50,200
6.	बीज सह उर्वरक ड्रिल/जीरो-टिल-बीज ड्रिल	55,000	60,000	66,000

स्रोत: सी.आई.ए.ई., भोपाल और एफ.आई.सी.सी.आई., नई दिल्ली

विवरण-III

वर्तमान वर्ष के दौरान कृषि मशीनों और उपकरणों का उत्पादन एवं निर्यात के लिए प्रेक्षेपणों का ब्यौरा:

क्र. सं.	मशीनों और उपकरणों का नाम	वर्ष 2012-13 के लिए प्रेक्षेपण	
		उत्पादन (लाख में)	निर्यात संख्या में
1.	ट्रैक्टर	6.56	80,000
2.	पावर टिलर	0.65	-
3.	कम्बाइन हार्वेस्टर	0.10	100
4.	पावर थ्रैशर	0.50	2,000
5.	रोटावेटर	0.47	500
6.	जिरो टिल सीड ड्रिल/सीड-कम-फर्टीलाइजर ड्रिल	0.71	2,000
7.	स्प्रैयर	8.5	-
8.	सिंचाई पम्प सेट	8.5	-
9.	प्राथमिक टिलेज उपकरण	1.5	1,000
10.	कृषि ट्रेलरस	2.18	3,500
11.	ट्रैक्टर संचालित फ्रंट मौन्टेड लोडर और बैकहो	0.25	3,500

स्रोत:- ट्रैक्टर निर्माण संगठन (टी.एम.ए.), पावर टिलर निर्माण संगठन, (पी.टी.एम.ए.), जॉन डियर ट्रैक्टर प्रा.लि., पुना (महाराष्ट्र), ऑल इंडिया कृषि मशीनरी मैनुफैक्चरस एसोसिएशन (ए.आई.ए.एम.एम.ए.), लुधियाना (पंजाब)।

एंडोसल्फान के पीड़ितों को राहत

3068. **श्री पी. करूणाकरन:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में एंडोसल्फान के पीड़ितों को राहत प्रदान करने हेतु कोई विशेष पैकेज प्रदान किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केरल में इण्डोसल्फान से पीड़ितों को राहत और पुनर्वास के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

(1) एक समिति गठित की गई थी जिसने केरल के प्रभावित गावों का दौरा किया और अन्य बातों के साथ-साथ जल, मृदा, मानव/पशु रक्त के नमूनों का नियमित रूप से मानीटरिंग और परिवार संकेन्द्रित सामुदायिक केन्द्रित पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम के विकास की सिफारिश की।

(2) केसार गोड़ जिलों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एन.आर.एच.एस.) योजना में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित सभी कार्यकलापों को अनुमोदित किया गया।

(3) राज्य सरकार से वर्ष 2011-12 के लिए केरल के संसाधन कोष में उपलब्ध 4.49 करोड़ रुपये राजस्व कोष में से केसार गोड जिले में कुछ अतिरिक्ति कार्यकलापों को शुरू करने पर विचार विमर्श करने का अनुरोध किया गया था।

भूख के कारण मौतें

3069. **श्री वरूण गांधी:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने सरकार को भूख से मरने वाले बच्चों की संख्या के संबंध में कोई शपथ पत्र दाखिल करने के लिए निर्देश दिया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई शपथ पत्र दाखिल कर दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (घ) खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) को भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा भुखमरी के कारण मर रहे बच्चों की संख्या के संबंध में शपथ पत्र दाखिल करने का निदेश नहीं दिया गया है। अत: शपथ-पत्र दाखिल करने का प्रश्न नहीं उठता है।

यातायात नियमों का उल्लंघन

3070. **श्री ताराचन्द भगोरा:**

श्री जय प्रकाश अग्रवाल:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.टी.) दिल्ली में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लिए अभियोजन की दर में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या दिल्ली यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कोई विशेष अभियान चलाया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कुल कितने विशेष अभियान चलाए गए और उनसे कितना राजस्व एकत्र हुआ; और

(ङ) सरकार ने सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के लिए मोटर वाहन चालकों को शिक्षित करने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या पर नियंत्रण पाने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) वर्ष 2009, 2010, 2011 और 2012 के लिए (दिनांक 31.03.2012 तक) प्रतिशत अन्तर सहित अभियोजन के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:

वर्ष	चालानों की संख्या	प्रतिशत अन्तर
2009	3448595	-
2010	2606011	24.43 (-)
2011	3051505	17.09 (+)
2012 (31.03.2012 तक)	750641	

(ग) और (घ) दिल्ली यातायात पुलिस यातायात नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाती है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात 2009, 2010, 2011 और 2012 (दिनांक 31.03.2012 तक) के लिए दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा एकत्र किए गए राजस्व का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वर्ष	प्राप्त धनराशि (रुपये)
2009	52,38,64,600/-
2010	44,16,06,900-
2011	44,52,21,400/-
2012 (31.03.2012 तक)	11,48,60,800/-

(ङ) दिल्ली यातायात पुलिस सभी सड़क प्रयोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए कार्यविधि/क्रिया-पद्धति अपनाती है जिसमें वार्तालाप-व्याख्यापन, अध्यापन का क्लासरूप तरीका, फिल्म शो, चल-प्रदर्शनी वैनों का प्रदर्शन, प्रश्न-मंच/चित्रकला/भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित करना, पांच यातायात प्रशिक्षण पार्कों में व्यवहारिक प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली यातायात पुलिस व्यावसायिक वाहन चालकों, टी.एस.आर. ड्राइवरों, पैदल यात्रियों, बस में सफर करने वालों, साइकिल चालकों, द्विपहिया वाहन चालकों, **निजी**

चौपहिया वाहनों के चालकों, सरकारी संगठनों आदि के ड्राइवरों जैसे सड़क प्रयोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित करती है। इसके अलावा, यातायात संबंधी-प्रमुख नियमों आदि पर मोटर चालकों की शिक्षा और दिशानिर्देश के लिए प्रमुख समाचार पत्रों के विज्ञापन प्रसारित किए जाते हैं।

कश्मीरी विस्थापितों का उत्पीड़न

3071. **श्री शरीफुद्दीन शारिक:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऐसी रिपोर्टें मिली है कि हैदराबाद सहित देश के विभिन्न भागों में कश्मीरी विस्थापितों का उत्पीड़न किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान पता चले ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक सलाहकारी पत्र जारी किया है कि समस्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में रह रहे सभी कश्मीरियों के साथ पुलिस की समस्त कार्रवाई में अत्यन्त संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाना चाहिए और समस्त पुलिस थानों को उप्रयुक्त निर्देश जारी करें कि वे कश्मीरी लड़कों एवं लड़कियों के प्रति असंवेदनशीलता तथा भेदभाव का प्रदर्शन न करें।

[हिन्दी]

कृषि विकास दर

3072. **श्री कामेश्वर बैठा:**
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे:
श्री धर्मेन्द्र यादव:
श्री आनंदराव अडसुल:
श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे:
श्रीमती सुशीला सरोज:
श्री संजय भोई:
श्री गजानन ध. बाबर:
श्री महेश्वर हजारी:
श्री पूर्णमासी राम:
श्रीमती सीमा उपाध्याय:
श्रीमती ऊषा वर्मा:
श्री आर. ध्रुवनारायण:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि क्षेत्र हेतु निर्धारित और प्राप्त वार्षिक वृद्धि दर का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान दर्ज की गयी कृषि विकास दर का प्रतिशत क्या रहा है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान कृषि विकास दर निर्धारित लक्ष्यों से कम रही है और कृषि विकास की दृष्टि से यह चीन और पाकिस्तान से काफी पीछे है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु उच्च विकास दर लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में उच्च कृषि विकास दर प्राप्त करने के लिए क्या कार्य योजना तैयार की गयी है/की जा रही है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) 11वीं योजना अवधि (2007-08 से 2011-12) में 4 प्रतिशत लक्षित सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) वृद्धि दर की तुलना में, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों ने 2004-05 मूल्यों पर उसी अवधि के दौरान 3.3 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्शायी है। 31 जनवरी, 2012 को केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी तीव्र अनुमानों के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों ने 2007-08 में 5.8 प्रतिशत, 2008-09 में 0.1 प्रतिशत, 2009-10 में 1.0 प्रतिशत तथा 2010-11 में 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शायी थी। इसके अतिरिक्त, 7 फरवरी, 2012 को केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी अग्रिम अनुमानों के अनुसार, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का अनुमान 2004-05 मूल्यों पर 2011-12 में 2.5 प्रतिशत वृद्धि का है।

2009-10 के दौरान देश के अधिकांश भागों में अत्यधिक सूखे तथा 2010-11 में कुछ राज्यों नामत: बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल में सूखे/कम वर्षा के कारण कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को झटका लगा। तुलनात्मक मूल्यों, कृषि जलवायु परिस्थितियों, भू-कृषि जोत स्वामित्वयता तथा प्रबंधन पद्धति आदि कई कारण है 'जिसकी वजह से विभिन्न देशों में कृषि सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि दर भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।

(घ) और (ङ) 12वीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव कागजात में यह प्रक्षेपित किया गया है कि कृषि क्षेत्र में 4 प्रतिशत तक की वृद्धि होनी है जो समग्र रूप से अर्थ-व्यवस्था के लिए 9 प्रतिशत वृद्धि दर के अनुरूप है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्तमान समय में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न फसल विकास योजनाओं के तहत किसानों को अद्यतन फसल उत्पादन प्रौद्योगिकियों के प्रभावी अंतरण के माध्यम से देश में उच्चतर कृषि विकास को बरकरार रखने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार महाराष्ट्र राज्य सहित संपूर्ण रूप से राज्य के लिए कार्ययोजना तैयार करती है। इसके बाद स्थानीय आवश्यकताओं/अपेक्षाओं के अनुसार राज्य के कृषि विभागों द्वारा क्षेत्रवार कार्ययोजनाएं तैयार की जाती हैं।

मलिन बस्ती मुक्त शहरों हेतु डी.पी.आर.एस.

3073. **श्री प्रेमचन्द गुड्डू:** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राज्य को मलिन बस्ती मुक्त बनाने हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश के किन-किन शहरों का चयन किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने शहरों को मलिन बस्ती मुक्त बनाने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार को निधियां प्रदान की हैं;

(ग) यदि हां, तो उन शहरों के नाम क्या हैं जिनके लिए सरकार को पहले चरण हेतु डी.पी.आर. प्राप्त हुए हैं;

(घ) क्या सरकार ने राज्य सरकारों से विभिन्न शहरों हेतु डी.पी.आर. तैयार करने के कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम रहे हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) इस सरकार के भारत को स्लम मुक्त बनाने के विजन के अनुसरण में, दिनांक 02-06-2011 को 'राजीव आवास योजना' (रे) नामक एक नई स्कीम आरंभ की गई है। राजीव आवास योजना के प्रथम चरण की अवधि इस स्कीम के अनुमोदन की तारीख से दो वर्ष तक के लिए है। मध्य प्रदेश में राजीव आवास योजना के प्रथम चरण में शामिल शहर इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन और सागर हैं।

(ख) स्लम मुक्त शहर आयोजना स्कीम के अंतर्गत राज्य और शहर तकनीकी प्रकोष्ठ बनाने के लिए राजीव आवास योजना के प्रारंभिक चरण, स्लम सर्वेक्षण कराने जी.आई.एस. मैपिंग, जी.आई.एस. और एम.आई.एस. का समेकन और स्लम मुक्त शहर कार्य योजना तैयार करने संबंधी अन्य कार्यकलापों के लिए 288.25 लाख रुपए की राशि मध्य प्रदेश सरकार को जारी की गई है।

(ग) राजीव आवास योजना के अंतर्गत चयन किए गए स्लमों को शामिल करते हुए प्रयोगिक परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट इंदौर, ग्वालियर, सागर और जबलपुर शहरों हेतु प्राप्त हुई हैं, जिनका अनुमोदन कर दिया गया है।

(घ) और (ङ) इस मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रायोगिक परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्ररियोजना रिपोर्ट और स्लम मुक्त शहरी कार्य योजना तैयार करने के कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया है। इसकी आवधिक बैठकों/विचार-विमर्शों में समीक्षा की जा रही है। पांच राज्यों नामत: आन्ध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, ओडीशा, और राजस्थान से 08 प्रायोगिक परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं, जो अनुमोदित कर दी गई हैं।

[अनुवाद]

खाद्यान्नों की आवश्यकता

3074. **श्री ए. सम्पत:**

श्री एन. चेलुवरया स्वामी:

श्री एम.बी. राजेश:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय पूल में चावल सहित खाद्यान्नों का भंडार,

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) और अन्य कल्याण योजनाओं के अंतर्गत आवश्यकताओं की पूर्ति करने और खाद्यान्नों के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए भी पर्याप्त है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खाद्यान्नों की खरीद, भंडार और मांग का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान चावल सहित आयातित खाद्यान्नों की मात्रा और उनकी किस्मों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने खाद्य मुद्रास्फिति की चुनौतियों को पूरा करने के लिए पी.डी.एस. के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न जारी किए हैं;

(ङ) यदि हां, तो गत एक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में खाद्यान्नों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) 1.4.2012 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय पूल में खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) का स्टाक 533.02 लाख टन था जिसमें 333.50 लाख टन चावल और 199.52 लाख टन गेहूं शामिल है। खाद्यान्नों के स्टाक का मौजूदा स्तर वर्तमान वर्ष के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के अधीन आवंटन के मौजूदा स्तर के अनुसार खाद्यान्नों की जरूरत पूरा करने के लिए पर्याप्त है। पिछले तीन फसल वर्षों के दौरान (2008-09 से 2010-11) चावल और गेहूं की खरीदारी और पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पहली जनवरी को खाद्यान्नों का स्टाक नीचे दिया गया है:-

खरीदारी (लाख टन में)

वर्ष	चावल	गेहूं
2008-09	341.04	253.82
2009-10	320.34	225.14
2010-11	341.98	283.35

स्टाक: (लाख टन में)

वर्ष	चावल	गेहूं	जोड़
1 जनवरी, 2009	175.76	182.12	357.88
1 जनवरी, 2010	243.53	230.92	474.45
1 जनवरी, 2011	255.80	215.40	471.20
1 जनवरी, 2012	297.18	256.76	553.94

केन्द्रीय पूल में उपलब्ध अधिशेष स्टाक का उपयोग खाद्यान्नों के मूल्यों को नियंत्रण में रखने के लिए भी किया जा सकता था।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन खाद्यान्नों का आवंटन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अंत्योदय अन्न योजना परिवारों सहित गरीबी रेखा से नीचे की समस्त स्वीकृत संख्या के लिए 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की दर पर किया जाता है। केन्द्रीय पूल में स्टाक की उपलब्धता और विगत के उठान पर निर्भर करते हुए गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए खाद्यान्नों का आवंटन किया जाता है। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए आवंटन का मौजूदा स्तर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 15 किलोग्राम और 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह के बीच में है। मध्याह्न भोजन योजना, आई.सी.डी.एस. के अधीन गेहूं आधारित पोषाहार कार्यक्रम, राजीव गांधी किशोरी सशक्तिकरण स्कीम (सबला) आदि जैसी अन्य कल्याण योजनाओं के लिए भी इन स्कीमों के अधीन आकलित आवश्यकता के आधार पर खाद्यान्नों का आवंटन किया जाता है। उपर्युक्त के आधार पर 2012-13 के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के लिए लगभग 554 लाख टन खाद्यान्नों की मांग होने का अनुमान है।

(ग) केन्द्रीय पूल में स्टाक की सुगम स्थिति होने के कारण पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय पूल की जरूरत के लिए खाद्यान्नों अर्थात गेहूं और गैर-बासमती चावल का कोई आयात नहीं किया गया है।

(घ) और (ङ) वर्ष 2011-12 के दौरान सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए 50 लाख टन, गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए 50 लाख टन और गरीबी रेखा से नीचे तथा अंत्योदय अन्न योजना परिवारों के लिए 27 राज्यों के 174 निर्धनतम/पिछड़े जिलों में वितरण करने हेतु रिलीज की गई 23.69 लाख टन मात्रा सहित 123.69 लाख टन खाद्यान्नों

की अतिरिक्त मात्रा रिलीज की है। वर्तमान वर्ष, 2012-13 के दौरान सरकार ने गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए 61.73 लाख टन अतिरिक्त मात्रा रिलीज की है।

(च) सरकार ने विकेन्द्रीकृत खरीद योजना के अधीन खरीद प्रक्रिया में राज्य सरकारों को अधिकाधिक शामिल करके खरीद प्रचालनों को तेज किया है। अपरम्परागत राज्यों, विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्र में खरीद पर अधिक ध्यान देने से केन्द्रीय पूल के लिए अधिक खरीदारी हुई है जिससे स्टाक की सुगम स्थिति सुनिश्चित हुई है।

खेल संघों को वित्तीय शक्तियां

3075. **श्री मानिक टैगोर:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ओलंपिक और अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं हेतु खेल उपकरणों की खरीद करने हेतु वित्तीय शक्तियां देते हुए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघों को शक्तियां प्रदान करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त दिशानिर्देशों को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) जी, हां।

(ख) सरकार ने राष्ट्रीय टीमों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों के आयोजन के लिए खेल उपभोज्य वस्तुओं/खेल उपकरणों की खरीद के लिए दिनांक 12 अप्रैल, 2012 के परिपत्र द्वारा संशोधित दिशा-निर्देश अनुमोदित किए हैं। इन संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार खेल उपभोज्य वस्तुओं जैसे - गेंद, शटलकाक और शूटिंग खेल में प्रयुक्त गोला बारूद की खरीद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा दिए गए अनुमोदन के आधार पर संबंधित खेल को संचालित करने वाले राष्ट्रीय खेल परिसंघ द्वारा की जानी है। इस प्रयोजन के लिए अध्यक्ष, टीम डिवीजन की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रमुख/संस्थान प्रमुख साई परियोजना अधिकारी (टीम)/क्षेत्र या संस्था का तकनीकी व्यक्ति, भाखेप्रा, राष्ट्रीय कोच और एन.एस.एफ. के एक प्रतिनिधि से युक्त समिति आवश्यकता का मूल्यांकन करती है और मात्रा का निर्धारण करती है। खरीद की लागत का भुगतान राष्ट्रीय खेल परिसंघों द्वारा संबंधित एन.एस.एफ. के अनुरोध पर जारी 75% अग्रिम राशि सहित किया जाना होता है। खेल उपकरणों के मामलों में उन मदों के लिए जिनकी प्रत्येक मामले में मूल्य 7.50 लाख रुपये से कम है, की खरीद संबंधित एन.एस.एफ. द्वारा की जाएगी और भाखेप्रा द्वारा संबंधित एन.एस.एफ. को निधियां उपलब्ध करायी जाएंगी। खरीद के बाद प्रतिपूर्ति की जाएगी। 7.50 लाख रु. से अधिक मूल्य के मदों के लिए। खरीद भाखेप्रा द्वारा की जाएगी। महानिदेशक, भाखेप्रा के निर्णय पर आपवादिक मामलों में 10 लाख रु. तक के उपकरणों की खरीद राष्ट्रीय खेल परिसंघों द्वारा भी की जा सकती है जिसके लिए भाखेप्रा द्वारा निधियां उपलब्ध करायी जाएंगी।

(ग) इन दिशा-निर्देशों का कार्यान्वयन पहले से ही किया जा रहा है।

[हिन्दी]

शहरों का वर्गीकरण

3076. **श्री पन्ना लाल पुनिया:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जनसंख्या और मूलभूत जन सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर शहरों का वर्गीकरण किया है; और

(ख) यदि हां, तो देश में शहरी क्षेत्रों हेतु बनाई गई श्रेणियों की संख्या कितनी है और उनके अंतर्गत कितने शहरों को कवर किया गया है और इस संबंध में क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) भारत की जनगणना में जनसंख्या के अनुसार कस्बों और शहरों का वर्गीकरण किया गया है। भारत की जनगणना में निम्नलिखित श्रेणियों में शहरों को वर्गीकृत किया गया है:

श्रेणी-I : 1 लाख और इससे अधिक जनसंख्या

श्रेणी-II : 50,000 से 99,999 तक जनसंख्या

श्रेणी-III : 20,000 से 49,999 तक जनसंख्या

श्रेणी-IV : 10,000 से 19,999 तक जनसंख्या

श्रेणी-V : 5,000 से 9,999 तक जनसंख्या

श्रेणी-VI : 5,000 से कम जनसंख्या

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अंतर्गत निम्नलिखित मानदण्डों/मानकों के अनुसार शहरों की 3 श्रेणियों की पहचान की गई है:

श्रेणी	शहर/शहरी समूह	संख्या
क.	वर्ष 2007 की जनगणना के अनुसार 4 मिलियन से अधिक जनसंख्या शहर/शहरी समूह	07
ख.	वर्ष 2007 की जनगणना के अनुसार 1 मिलियन से अधिक किन्तु 4 मिलियन से कम जनसंख्या वाले शहर/शहरी समूह	28
ग.	चुनिन्दा शहरी/शहरी समूह (राज्य राजधानियां तथा धार्मिक/ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व के अन्य शहर/शहरी समूह)	30
	कुल	65

नगर निगमों को निधियां

3077. **श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े:**

श्री जोस के. मणि:

श्री भूदेव चौधरी:

श्री बलीराम जाधव:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में अनेक नगर निगम गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं;

(ग) वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों की संख्या कितनी है;

(घ) उन प्रस्तावों की राज्यवार वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के नगर निगमों को स्वीकृत/जारी निधियों का राज्यवार ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी हां।

(ङ) और (च) मंत्रालय ने निर्धारित तारीखों से किए जाने वाले आवश्यक परिवर्तनों के बारे में लोगों को जागरूक बनाने और साथ ही, उनके सरोकारों का निदान करने और उनके प्रश्नों का उत्तर देने के उद्देश्य से एक सूचना एवं जन-जागरण अभियान शुरू किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनांक 05.02.2012 को भारत के सभी मुख्य दैनिकों में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया। एक टॉल फ्री दूरभाष सं. 180001804343 को कार्यशील बनाया गया है जोकि अधिकांशत: जनता के विभिन्न प्रश्नों का निदान करने और उनका स्पष्टीकरण करने के लिए सभी कार्य दिवसों पर प्रात : 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक कार्य करता है। जनता के सरोकरों से संबंधित मुद्दों के सभी पहलुओं का निदान करने के लिए एक अंतर-क्रियात्मक मंच मुहैया कराने के उद्देश्य से एक फेसबुक अकाउंट - www.facebook.com/DigitalIndia MIB - स्थापित किया गया है। इस विषय पर (www.Digitalindiamib.com) नामक एक वैबसाइट को भी कार्यशील बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने जागरूकता पैदा करने के लिए रेडियो जिंगल्स व टेलीविजन स्पॉट्स का भी सृजन किया है।

[हिन्दी]

सब्जियों और फलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य

3090. **श्री आर.के. सिंह पटेल:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सब्जियों और फलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) निर्धारित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में कोई निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत, उन जिंसों को शामिल किया जाता है जो अधिकांशत: खाद्य/पौषाहार सुरक्षा के लिए अपेक्षित उचित लम्बे सेल्फ लाईफ के साथ अखिल भारतीय स्तर के सामूहिक उपभोक्ताओं के लिए सामग्री है। सरकार बागवानी जिंसों के प्रापण के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना (एम.आई.एस.) क्रियान्वित करती है। बम्पर फसल की स्थिति में कम बिक्री से बागवानी जिंसों के उत्पादकों की रक्षा करने के उद्देश्य से, बाजार हस्तक्षेप योजना का क्रियान्वयन उस राज्य सरकार के अनुरोध पर एक विशेष जिंस के लिए किया जाता है जो इसके क्रियान्वयन में, 50 प्रतिशत की हानि (पूर्वोत्तर राज्यों की स्थिति में 25 प्रतिशत), यदि कोई है, का वहन करने को तैयार है।

[अनुवाद]

आंतरिक सुरक्षा पर मुख्यमंत्रियों की बैठक

3091. **श्री गुरूदास दासगुप्त:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए 16 अप्रैल को मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन आहूत किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा एवं परिणाम क्या है;

(ग) क्या उक्त बैठक में प्रस्तावित राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केन्द्र (एम.सी.टी.सी.) के गठन के मुद्दे पर चर्चा हुई थी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) जी, हां। सरकार ने दिनांक 16.04.2012 को मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था, जिसमें निम्नलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया था:-

(i) देश में आंतरिक सुरक्षा की स्थिति;

(ii) पुलिस सुधार और क्षमता निर्माण;

(iii) आसूचना विंगों का सुदृढ़ीकरण;

(iv) आर्थिक अपराध (विशेष रूप से एफ.आई.सी.एन.);

(v) अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली (सी.सी.टी.एन.एस.);

(vi) राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण की योजना का

विस्तार और डी.एस.जी.पी. को वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन में वृद्धि करना;

(vii) तटीय सुरक्षा;

(viii) सीमा प्रबंधन संबंधी मुद्दे;

(ix) वामपंथी उग्रवाद (नक्सल) संबंधी मुद्दे;

(x) सीमा सुरक्षा बल संशोधन विधेयक, 2012;

(ग) और (घ) जी, नहीं।

असंरक्षित स्मारकों का आकलन

3092. **डॉ. सुचारू रंजन हलधर:**

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय:

श्री वरूण गांधी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में असंरक्षित राष्ट्रीय स्मारकों की संख्या का अनुमान लगाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पश्चिम बंगाल तथा उत्तर प्रदेश सहित देश में ऐसे असंरक्षित स्मारकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिनके टूटने-फूटने एवं बंदरंग होने की खबर है;

(घ) पश्चिम बंगाल तथा उत्तर प्रदेश सहित देश में किसी असंरक्षित स्मारक की पहचान सरकार/भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षण एवं परिरक्षण हेतु की गयी है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्रवाई क्या है; और

(च) देश में उक्त असंरक्षित स्मारकों के पुनरूद्धार तथा रख-रखाव के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) राष्ट्रीय स्मारक और पुरावशेष मिशन का आरंभ सहायक स्रोतों से निर्मित विरासत और स्थलों संबंधी राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने के उद्देश्य से किया गया था। मिशन का अनुमोदन 2007-2012 तक की अवधि के लिए किया गया था।

राष्ट्रीय स्मारक और पुरावशेष मिशन द्वारा संकलित असंरक्षित स्मारकों और स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ग) देश में विध्वस्त/विकृत सूचित किए गए असंरक्षित स्मारकों का कोई डाटाबेस नहीं है।

(घ) और (ङ) उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पहचान किए गए असंरक्षित स्मारक की सूची संलग्न विवरण-II में दी गई है।

(च) सरकार का विरासत स्थल संबंधी राष्ट्रीय आयोग स्थापित करने के लिए नया विधान अधिनियमित करने का प्रस्ताव है, यह आयोग अन्य बातों के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार को विरासत स्थलों के संरक्षण, परिरक्षण और प्रबंधन के संबंध में लघु और दीर्घावधिक नीतियों की सिफारिश करेगा।

विवरण-I

भारत में असंरक्षित स्मारकों और स्थलों की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्मारकों की संख्या
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	2379
2.	अंडमान और निकोबार	73
3.	असम	89
4.	अरुणाचल प्रदेश	22
5.	बिहार और झारखंड	2330
6.	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	10
7.	छत्तीसगढ़	718
8.	दादरा और नगर हवेली	16
9.	दिल्ली	1245
10.	दीव	290
11.	गोवा	1491
12.	गुजरात	3179

1	2	3
13.	हरियाणा	4355
14.	हिमाचल प्रदेश	1557
15.	जम्मू और कश्मीर	5187
16.	कर्णाटक	3598
17.	केरल	1058
18.	मध्य प्रदेश	3440
19.	महाराष्ट्र	3201
20.	मणिपुर	65
21.	मिजोरम	39
22.	मेघालय	47
23.	नागालैंड	07
24.	ओडिशा	7439
25.	पंजाब	2309
26.	राजस्थान	9717
27.	सिक्किम	305
28.	तमिलनाडु और पुडुचेरी	6812
29.	त्रिपुरा	388
30.	उत्तराखंड	1635
31.	उत्तर प्रदेश	7193
32.	पश्चिम बंगाल	5025
	योग	75,307

विवरण-II

उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित किए जाने के लिए विचार करने हेतु पहचान किए गए स्मारकों/स्थलों की सूची

क्र.सं.	स्मारक/स्थल का नाम	राज्य
1.	उत्खनित स्थल, श्रृंगवेरपुरा, जिला इलाहाबाद*	उत्तर प्रदेश
2.	नौसेरी बानू मस्जिद और चौक मज्जिद, केल्ला निजामत, जिला मुर्शिदाबाद	पश्चिम बंगाल
3.	पुरातत्वीय स्थल (सकीसेना टीला), मोगलबाड़ी, जिला पश्चिम मेदिनापुर	पश्चिमी बंगाल
4.	ख्वाजा अनवर बेर (नवाब बाड़ी), जिला बर्धमान	पश्चिम बंगाल
5.	बृंदावन चंन्द्र मंदिर और राधा दामोदर मंदिर, जिला बांकुरा	पश्चिम बंगाल

* परिरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा अनुमोदित

[हिन्दी]

विज्ञापन के लिए निर्धारित समय

3093. **डॉ. मुरली मनोहर जोशी:**
श्री अर्जुन राय:
श्री अनन्त कुमार हेगड़े:
श्री हर्ष वर्धन:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने टीवी चैनलों के सीरियलों तथा अन्य कार्यक्रमों के प्रसारण के दौरान विज्ञापनों को दिखाने के लिए कोई दिशानिर्देश/नियम बनाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त नियमों/दिशानिर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र क्या हैं;

(ग) क्या भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने टीवी चैनलों पर विज्ञापन दिखाने के लिए समयावधि सीमित करने का प्रस्ताव तैयार किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी रूपरेखा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को उक्त प्रस्ताव के क्रियान्वयन के संबंध में किसी हलके से कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सभी टीवी चैनलों द्वारा उक्त दिशानिर्देशों/नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) प्राइवेट सैटेलाइट/केबल टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित विज्ञापनों के संबंध में केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के नियम 7 में निर्धारित विज्ञापन संहिता का अनुपालन किया जाना आवश्यक होता है जिसमें ऐसे टीवी चैनलों द्वारा कड़ाई से अनुसरित किए जाने वाले समस्त सिद्धांत अंतर्विष्ट हैं। सरकार ने कार्यक्रम एवं विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघन का पता लगाने के उद्देश्य से ऐसे टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों व विज्ञापनों की निगरानी करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग केंद्र (ई.एम.एम.सी.) की स्थापना की है।

(ग) और (घ) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी स्टेकहोल्डरों के साथ परामर्श करने हेतु विज्ञापनों की अवधि व फॉर्मेट का विनियमन करने के लिए एक प्रस्ताव प्रवर्तित करते हुए हाल ही में दिनांक 16-03-2012 को "टी.वी. चैनलों में विज्ञापनों से संबंधित मुद्दों" पर एक परामर्श-पत्र जारी किया है।

(ङ) और (च) ट्राई के पूर्वोक्त परामर्श-पत्र के संबंध में इस मंत्रालय में कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं। इस समय, ट्राई के पत्र पर केवल परामर्श की प्रक्रिया चल रही है और अभी तक ट्राई द्वारा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

[अनुवाद]

कृषि स्नातक

3094. **श्री कोडिकुन्नील सुरेश:**

श्री एस.आर. जेयदुरई:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) ने आकलन और प्रारूप नीति में सुझाव दिया है कि आगामी दशक के दौरान देश मे कृषि स्नातकों की संख्या दुगुनी करने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आई.सी.ए.आर. ने इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उठाए जाने वाले कदम भी सुझाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो देश में कृषि स्नातकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) भा.कृ.अ.प. ने वर्ष 2011 में राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना (एन.ए.आई.पी.) द्वारा प्रायोजित एक परियोजना के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में मानव पूंजी आवश्यकताओं का आकलन किया है। अध्ययन में कृषि के विभिन्न विषयों में यू.जी., पी.जी. तथा पी.एच.डी छात्रों की वार्षिक मांग 2010 के वर्तमान 23789 से वर्ष 2020 में 53,630 तक बढ़ाने की सिफारिश की है।

(ग) इस अध्ययन में शिक्षा नियोजन, अपेक्षित कुशलता और प्रक्रिया-विधि तथा वित्तीय सहायता एवं नीति संबंधी हस्तक्षेप के बारे में सुझाव दिया है।

(घ) "भारत में उच्च कृषि शिक्षा का सुदृढ़ीकरण और विकास" नामक एक योजना स्कीम के माध्यम से कृषि शिक्षा के सुदृढ़ीकरण एवं प्रोत्साहन तथा गुणवत्ता प्रसार के लिए जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं इनसे राज्य सरकारों द्वारा स्थापित समस्त कृषि विश्वविद्यालयों को मदद मिलेगी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण का यमुना क्रीड़ा परिसर

3095. **श्री अनन्त गंगाराम गीते:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) के यमुना क्रीड़ा परिसर में शाम में सामान्य कोचिंग घंटों में अनधिकृत निजी टेनिस कोचिंग चलाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर क्या कार्रवाई की गयी है;

(ग) क्या डी.डी.ए. यमुना क्रीड़ा परिसर ने किसी एकेडमी विशेष को टेनिस कोर्ट किराए पर दिये हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उसके लिए निबंधन एवं शर्तें क्या है;

(ङ) क्या टेनिस एकेडमी द्वारा चलाए जाने वाले अभ्यास क्षेत्रों के कारण डी.डी.ए. यमुना क्रिड़ा परिसर के नियमित सदस्य टेनिस कोर्ट में खेलने से वंचित रह जाते हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) **जी**, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) डी.डी.ए. ने सूचित किया है कि किसी भी अकादमी को कोई भी टेनिस कोर्ट किराए पर नहीं दिया गया है। तथापि, पेनिनसुला अकादमी को अकादमी और स्पोर्टस काम्पलेक्स के मध्य क्रमश: 60:40 के अनुपात के आधार पर राजस्व-हिस्सेदारी पर टेनिस कोचिंग के लिए तीन टेनिस कोर्ट आबंटित किए गए हैं। सायं 4.30 से 6.30 तक की अवधि में नियमित कोंचिग दी जाती है और सुबह 6.00 से 9.00 तथा सांय 4.00 से 7.30 की अवधि में उच्च स्तर की कोंचिग दी जाती है।

(ङ) और (च) डी.डी.ए. ने सूचित किया है कि पेनिनसुला टेनिस अकादमी कोंचिग के लिए केवल तीन टेनिस कोर्ट आबंटित किए गए है। रिपोर्ट काम्पलैक्स नियमित सदस्य काम्पलैक्स के शेष 7 कोर्टों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नियमित सदस्य पेनिनसुला टेनिस अकादमी को आबंटित कोर्ट का भी उसके निर्धारित कोंचिग समय के पूर्व और उसके बाद उपयोग कर सकते हैं।

तटीय सुरक्षा के लिए प्रस्ताव

3096. **श्री सी.आर. पाटिल:**

श्री पी.टी. थॉमस:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक तथा चालू वर्ष के दौरान तटीय सुरक्षा योजना के अंतर्गत गुजरात एवं केरल सहित तटवर्ती राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राज्यों को इस संबंध में दिए गए अनुमोदनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत ऊंट निगरानी प्रणाली, वाच टावर आदि के लिए सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) विगत तीन वर्षों के दौरान, तटीय पुलिस थानों, जांच चौकियों, आउट पोस्टों, बैरकों आदि के निर्माण और वाहनों की खरीद सहित अवसंरचना के सृजन के लिए निधियां जारी करने हेतु तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनेक प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जारी निधियों के लिए प्रदान की गई मंजूरी का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13 (19.04.12 तक)
1	2	3	4	5	6
1.	गुजरात	42.60	शून्य	643.40	शून्य
2.	महाराष्ट्र	231.80	शून्य	243.00	शून्य
3.	गोवा	37.05	शून्य	75.80	शून्य

1	2	3	4	5	6
4.	कर्नाटक	शून्य	शून्य	238.80	शून्य
5.	केरल	237.40	शून्य	400.00	शून्य
6.	तमिलनाडु	161.00	शून्य	945.00	शून्य
7.	आन्ध्र प्रदेश	शून्य	शून्य	97.10	शून्य
8.	ओडिशा	182.38	शून्य	95.22	शून्य
9.	पश्चिम बंगाल	157.50	शून्य	200.00	शून्य
10.	पुडुचेरी	शून्य	शून्य	50.11	शून्य
11.	लक्षद्वीप	शून्य	शून्य	49.19	शून्य
12.	दमन और दीव	शून्य	शून्य	98.00	शून्य
13.	अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह	शून्य	26.11	1502.00	शून्य

(ग) और (घ) तटीय सुरक्षा योजना के तहत ऊंट गश्त प्रणाली, निगरानी टॉवर से संबंधित कोई भी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

[हिन्दी]

यूनेस्को विश्व विरासत सूची

3097. श्री तूफानी सरोज:

श्री पन्ना लाल पुनिया:

श्री चन्द्रकांत खैरे:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) यूनेस्को विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल किए गए भारतीय स्मारकों/स्थलों के राज्य-वार नाम क्या हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक एवं चालू वर्ष के दौरान उक्त स्मारकों/स्थलों के रख-रखाव तथा स्तर बरकरार रखने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि आबंटित की गयी है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक एवं चालू वर्ष के दौरान अजंता तथा एलोरा की गुफाओं सहित उक्त स्थलों पर आगंतुकों/पर्यटकों की आवक का स्थल-वार ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल भारतीय स्मारकों/स्थलों के राज्य-वार नामों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) विश्व विरासत स्मारकों/स्थलों सहित स्मारकों के अनुरक्षण और रखरखाव के लिए सरकार द्वारा आबंटित धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:-

वर्ष	व्यय/आबंटन
2009-10	रु. 15300.43
2010-11	रु. 15649.50
2011-12	रु. 13389.88
2012-13 (आबंटन)	रु. 14135.00

(ग) अजंता और एलोरा सहित विश्व विरासत स्थलों पर पिछले तीन वर्षों के दौरान आगन्तुकों/पर्यटकों के आगमन और उससे अर्जित राजस्व का ब्यौरा संलग्न विवरण-II और III में दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष के संबंध में आंकड़े अभी तक उपलब्ध नहीं हैं।

विवरण-I

भारत में विश्व विरासत स्थल

सांस्कृतिक स्थल (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षणाधीन)

क्र. सं.	स्थल का नाम	राज्य
1.	अजंता गुफाएं (1983)	महाराष्ट्र
2.	एलोरा गुफाएं (1983)	महाराष्ट्र
3.	आगरा किला (1983)	उत्तर प्रदेश
4.	ताज महल (1983)	उत्तर प्रदेश
5.	सूर्य मंदिर, कोणार्क (1984)	ओडिशा
6.	महाबलिपुरम स्थित स्मारक समूह (1984)	तमिलनाडु
7.	गोवा के चर्च और कोन्वेंट्स (1986)	गोवा
8.	मंदिर समूह, खजुराहो (1986)	मध्य प्रदेश
9.	स्मारक समूह, हम्पी (1986)	कर्नाटक
10.	स्मारक समूह, फतेहपुर सीकरी (1986)	उत्तर प्रदेश
11.	मंदिर समूह, पट्टदकल (1987)	कर्नाटक
12.	ऐलिफेंटा गुफाएं (1987)	महाराष्ट्र
13.	विशाल जीवंत चोल मंदिर, तंजावुर, गंगैकोंडाचोलापुरम और दारासुरम (1987 और 2004)	तमिलनाडु
14.	बौद्ध स्मारक, सांची (1989)	मध्य प्रदेश
15.	हुमायूं का मकबरा, दिल्ली (1993)	दिल्ली
16.	कुतुब मीनार परिसर, दिल्ली (1993)	दिल्ली
17.	भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (2003)	मध्य प्रदेश
18.	चंपानेर-पावागढ़ पुरातत्वीय पार्क (2004)	गुजरात
19.	लाल किला परिसर, दिल्ली (2007)	दिल्ली
(रेल मंत्रालय के संरक्षणाधीन)		
20.	भारतीय पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग (1999), नीलगिरी (2005), कालका शिमला (2008)	पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश

क्र. सं.	स्थल का नाम	राज्य
21.	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पहले विक्टोरिया टर्मिनस) (2004)	महाराष्ट्र
(बौद्धगया मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षणाधीन)		
22.	महाबोधि मंदिर, बौद्धगया (2002)	बिहार
(राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के संरक्षणाधीन)		
23.	जंतर-मंतर, जयपुर (2010)	राजस्थान
(प्राकृतिक स्थल (पर्यावरण और वन मंत्रालय के संरक्षणाधीन)		
1.	काजीरंगा नेशनल पार्क (1985)	असम
2.	मानस वन्य जीवाअभयागणन्य (1985)	असम
3.	केवलादेव (1985)	राजस्थान
4.	सुन्दरवन राष्ट्रीय उद्यान (1987)	पश्चिम बंगाल
5.	नंदादेवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान	उत्तराखंड

विवरण-II

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (अप्रैल से जनवरी) में केन्द्रीय संरक्षित टिकट वाले स्मारकों पर प्रवेश शुल्क से अर्जित राजस्व डाटा

क्र.सं.	स्मारक का नाम	2009-10 (रुपयों में)	2010-11 (रुपयों में)	2011-12 (अप्रैल से जनवरी) (रुपयों में)
1	2	3	4	5
आगरा मण्डल				
1.	ताजमहल, आगरा	171764850	198130470	166292600
2.	आगरा किला, आगरा	110228510	105768160	68108930
3.	फतेहपुर सीकरी	47854660	57540130	47580180
4.	अकबर का मकबरा, सिकन्दरा, आगरा	5543490	14334540	6601255
5.	मरियम का मकबरा, सिकन्दरा, आगरा	71800	127205	109880

1	2	3	4	5
6.	इतिमद-उद-दौला, आगरा	4702380	6397835	5546385
7.	रामबाग, आगरा	155220	131805	397295
8.	मेहताब बाग, आगरा	842210	1784540	1974825
	योग	**341163120**	**384214685**	**296611350**
औरंगाबाद मण्डल				
9.	अजन्ता गुफाएं	10422980	10884050	8916770
10.	एलोरा गुफाएं	15980830	19925070	17693410
11.	बीबी का मकबरा, औरंगाबाद	6723005	6950970	6438490
12.	दौलताबाद किला, औरंगाबाद	2992505	3771100	3463490
13.	पाण्डुलेणा गुफाएं	694005	783360	878820
14.	औरंगाबाद गुफाएं, औरंगाबाद	399325	431540	373975
	योग	**37212650**	**42746090**	**37764955**
बंगलौर मण्डल				
15.	विश्व विरासत स्थल, हम्पी	12421560	13463950	10669867
16.	दरिया दौलत बाग, श्रीरंगपटना	6264925	7068130	6169579
17.	केशव मंदिर सोमनाथपुर	2019845	1904420	3431423
18.	टीपू सुल्तान, बंगलौर	890985	1313440	1170907
19.	चित्रदुर्ग किला, चित्रदुर्ग	1333895	1645955	1662055
20.	बेल्लारी किला, बेल्लारी	34175	34625	31320
	योग	**22965385**	**25430520**	**23135151**
भोपाल मण्डल				
21.	बौद्ध गुफाएं, बाघ	121260	109970	72365
22.	किले में महल, बुरहानपुर	358345	262630	232880
23.	भोजशाला और कमलमौला की मस्जिद, धार	15215	14384	10069

1	2	3	4	5
24.	होशंगशाह का मकबरा, मांडू	990640	1043490	906385
25.	शाही महल, मांडू	1535365	1584030	1401870
26.	रूपमती मण्डप, मांडू	1561390	1708790	1453010
27.	पश्चिमी मंदिर समूह, खजुराहो	22700110	25899180	20600990
28.	बौद्ध स्मारक, सांची	3389530	3750620	2844940
29.	ग्वालियर किला, ग्वालियर	2408335	2598615	2203975
	योग	**33080190**	**36971709**	**29726484**
भुवनेश्वर मण्डल				
30.	सूर्य मंदिर, कोर्णाक	20798670	24672700	19711590
31.	उदयगिरी एवं खण्डगिरी स्थल, भुवनेश्वर	2233745	2702255	2057000
32.	राजारानी मंदिर, भुवनेश्वर	329165	336680	276460
33.	रत्नागिरी स्मारक, भुवनेश्वर	184935	183105	133850
34.	बौद्ध अवशेष, ललितगिरी स्मारक	89380	99985	104800
	योग	**23635895**	**27994725**	**22283700**
चेन्नई मण्डल				
35.	स्मारक समूह, मामल्लपुरम	26305510	25880120	22166690
36.	किला, तिरूमयम	403420	416915	245120
37.	जिंजी किला, जिंजी	1163355	1247225	1013720
38.	पहाड़ी पर किला, डिण्डीगुल	204930	172420	162175
39.	मूवरकोइल कोदम्बलूर, पुदुकोट्टई	4400	8480	14155
40.	शैलकृत जैन मंदिर, सितन्नावसल	94425	108950	161855
41.	उत्कीर्णन सहित प्राकृतिक कंदराएं, इलादिपट्टम, सितान्नावसल	80450	70470	139385
	योग	**28256490**	**27904580**	**23903100**

1	2	3	4	5
चंडीगढ़ मण्डल				
42.	शेख चिल्ली का मकबरा, थानेसर	612615	455645	442255
43.	सूरजकुण्ड, फरीदाबाद	159670	174315	115815
	योग	**772285**	**629960**	**558070**
धारवाड़ मण्डल				
44.	दुर्गमंदिर परिसर, ऐहोले	1398975	1512950	1346670
45.	जैन एवं वैष्णव गुफाएं, बादामी	2562715	3638620	2410410
46.	स्मारक समूह (विवि), पटटदकल	3972640	4398672	3362099
47.	गोल-गुम्बज, बीजापुर	5069210	5460160	4860250
48.	इब्राहिम रोजा, बीजापुर	1045715	1188335	1219780
49.	मंदिर और मूर्तिशाला, लाक्कुंडी	89555	66240	2085069
	योग	**14138810**	**16264977**	**15284278**
दिल्ली मण्डल				
50.	जन्तर मंतर, दिल्ली	2566285	3025495	3197115
51.	खान-ए-खाना, दिल्ली	50990	65725	82948
52.	पुराना किला, दिल्ली	3486710	3763285	4008150
53.	सुल्तानगढ़ी मकबरा, दिल्ली	2875	1650	1300
54.	तुगलकाबाद किला, दिल्ली	252225	292755	293085
55.	कोटला फिरोजशाह, दिल्ली	317400	291860	390630
56.	सफदरजंग मकबरा, दिल्ली	722295	1016990	837805
57.	लालकिला, दिल्ली	55563070	59087850	54227495
58.	हुमायूं का मकबरा, दिल्ली	55214360	65846900	54955570
59.	कुतुब मीनार, दिल्ली	89276120	100531280	91349480
	योग	**207452330**	**233923790**	**209343578**

1	2	3	4	5
गुवाहाटी मण्डल				
60.	अहोम राजा का महल, गढ़गांव, जिला शिव सागर	200865	243780	215630
61.	अहोम राजा का करेंनघर, शिव सागर	691835	945880	722690
62.	रंगघर मण्डप, जयसागर	342445	378495	288620
63.	विष्णुदोल, जयसागर	51045	78465	58390
64.	चार मैदाम समूह, चराईदेव, जिला शिवसागर	171815	192520	166870
	योग	**1458005**	**1839140**	**1452200**
हैदराबाद मण्डल				
65.	चारमीनार, हैदराबाद	10608325	7855085	7275255
66.	गोलकोंडा किला, हैदराबाद	1576700	9186730	7928385
67.	बौद्ध स्तूप और अवशेष, अमरावती	118525	111010	89665
68.	नागार्जुनकोंडा स्थित प्राचीन अवशेष	494560	786780	631225
69.	शैलकृत हिन्दू मंदिर, उंदावली	238125	288110	336965
70.	बौद्ध स्मारक़, गुंटूपल्ली	103335	112125	94270
71.	किला, वारंगल	1636745	557595	490160
72.	किला, चन्द्रगिरी	451230	74000	455235
	योग	**15227545**	**18971435**	**17301160**
जयपुर मण्डल				
73.	चित्तौड़गढ़ किला, चित्तौड़गढ़	3765955	4246880	3735743
74.	कम्भलगढ़ किला, जिला राजसमंद	2468070	2596130	2160057
75.	डीग महल, डीग, जिला भरतपुर	267930	333090	232350
	योग	**6501955**	**7176100**	**6128150**

1	2	3	4	5
कोलकाता मण्डल				
76.	कूचबिहार महल, कूचबिहार	1859835	1779985	1657950
77.	हजारद्वारी महल, मुर्शीदाबाद	3070050	6139185	5919280
78.	विष्णुपुर मंदिर समूह, विष्णुपुर	480835	453865	398645
	योग	**5410720**	**8373035**	**7975875**
लखनऊ मण्डल				
79.	सहेठ श्रावस्ती	591195	1130960	1031135
80.	झांसी किला, झांसी	745620	990015	1316770
81.	रानी महल, झांसी	38240	69490	93235
82.	रेजीडेंसी, लखनऊ	825670	1179395	1320515
	योग	**2200725**	**3369860**	**3761655**
मुम्बई मण्डल				
83.	एलेफेंटा गुफाएं	8545780	8938340	6282420
84.	कन्हेरी गुफाएं	758920	1237450	1166990
85.	शनिवारवाड़ा	2411335	3466175	3731230
86.	आगाखां महल	1181780	1411360	1213060
87.	लेनयाद्री गुफाएं	1545280	2040450	1630840
88.	करला गुफाएं	850325	1360810	1082815
89.	भाजा गुफाएं	217510	346460	283015
90.	रायगढ़ किला	946615	930890	783560
91.	कोलाबा किला	321170	278220	240875
92.	शोलापुर किला	125600	90440	66805
	योग	**16904315**	**20100595**	**16481610**
पटना मण्डल				
93.	पाटलीपुत्र के अवशेष, कुम्रहार	523565	509450	429270

1	2	3	4	5
94.	वैशाली का प्राचीन स्थल, कोल्हुआ	1195615	1051190	1042200
95.	नालन्दा स्थित उत्खनित अवशेष	3433115	4068400	3709610
96.	विक्रमशिला के अवशेष, अंटीचक	181680	250035	1107125
97.	शेरशाह सूरी का मकबरा, सासाराम	782905	917225	886975
98.	पुराना किला (शाही किला), जौनपुर	6629950	686205	729675
99.	लॉर्ड कार्नवालिस का मकबरा, गाजीपुर	65885	87035	78805
100.	मानसिंह (मान महल) वेधशाला, वाराणसी	37885	69550	66020
101.	सारनाथ स्थित उत्खनित अवशेष	7267015	6687480	7064770
	योग	**20117615**	**14326570**	**15114450**
रायपुर मण्डल				
102.	लक्ष्मण मंदिर	222380	182990	126610
	योग	**222380**	**182990**	**126610**
शिमला मण्डल				
103.	कांगड़ा किला, कांगड़ा	411695	485095	547125
104.	शैलकृत मंदिर, मसरूर	124630	166825	169170
	योग	**536325**	**651920**	**716295**
श्रीनगर मण्डल				
105.	रामनगर स्थित महल परिसर, जिला उधमपुर	12350	13985	14240
106.	किरमची स्थित मंदिर समूह, जिला उधमपुर	7355	12250	11930
107.	अवन्तिस्वामी मंदिर, अवन्तिपुर, जिला पुलवामा	43840	41305	92685
108.	लेह स्थित प्राचीन महल, जिला लेह	433375	524000	
	योग	**496920**	**591540**	**118855**

1	2	3	4	5
त्रिशूर मण्डल				
109.	बेकल किला, पल्लिक्करे जिला केसरगौड	762475	1238725	1371523
110.	मत्तनचेरी महल संग्रहालय, कोच्चि, जिला एर्णाकुलम	427424	1759585	1442495
	योग	**1189899**	**2998310**	**2814018**
वडोदरा मण्डल				
111.	जामी मस्जिद, चम्पानेर-पावागढ़ सहर की मस्जिद, चम्पानेर पावागढ़	934815	1298720	1188680
112.	सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा	1274685	1392895	1539825
113.	रानी-की-वाव, पाटन	1297925	1412585	1394355
114.	अशोक के शिलालेख, जूनागढ़	287490	233395	188000
115.	बौद्ध गुफाएं, जूनागढ़	359245	322855	284390
116.	बाबा प्यारा गुफाएं, जूनागढ़ एवं खपरा खोड़िया गुफाएं, जूनागढ़	1915	2550	5010
117.	पुरातत्वीय संग्रहालय, लोथल	59495	44475	188435
	योग	**4156075**	**4663000**	**4788695**
	कुल योग	783099634	879325531	735390239

विवरण-III

गत तीन वर्षों में विश्व विरासत केंद्रीय संरक्षित टिकट वाले स्मारकों/स्थलों पर पर्यटक आगमन

क्र.सं.	स्मारक का नाम	2009-10		2010-11		2011-12 (अप्रैल से दिसम्बर)	
		भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी
1	2	3	4	5	6	7	8
आगरा मंडल							
1.	ताज महल	2970221	581418	4181228	623944	3613210	446252
2.	आगरा किला	1447226	383025	1437513	339146	1227793	190229

1	2	3	4	5	6	7	8
3.	फतेहपुर सीकरी	303191	179291	331013	216920	329118	153850
	योग	**4720638**	**1143734**	**5949754**	**1180010**	**5170121**	**790331**
औरंगाबाद मंडल							
4.	अजंता गुफाएं	362448	27194	388230	27827	306830	16124
5.	एलोरा गुफाएं	900483	27904	2168716	32276	1003412	18995
	योग	**1262931**	**55098**	**2566946**	**60103**	**1310242**	**35119**
बंगलौर मंडल							
6.	विश्व विरासत स्थल, हम्पी	432915	33199	456777	35446	328066	18552
	योग	**432915**	**33199**	**456777**	**35446**	**328066**	**18552**
भोपाल मंडल							
7.	पश्चिमी मंदिर समूह, खजुराहो	228361	81666	248943	93639	175748	60235
8.	बौद्ध स्मारक, सांची	175453	6540	201187	6955	148406	3326
	योग	**403814**	**88206**	**450130**	**100594**	**324154**	**63561**
भुवनेश्वर मंडल							
9.	सूर्य मंदिर, कोणार्क	1863767	8644	2050635	8505	1496816	5150
	योग	**1863767**	**8644**	**2050635**	**8505**	**1496816**	**5150**
चेन्नई मंडल							
10.	स्मारक समूह, मामल्लपुरम	955476	67003	985537	71364	758871	41977
	योग	**955476**	**67003**	**985537**	**71364**	**758871**	**41977**
दिल्ली मंडल							
11.	लाल किला	2398783	141516	2292110	144667	2060976	111803

1	2	3	4	5	6	7	8
12.	हुमांयू का मकबरा	309186	208490	406373	232341	382648	173307
13.	कुतुब मीनार	2297296	899400	2591538	295159	2319960	224341
	योग	**5005265**	**1249406**	**5290021**	**672167**	**4763584**	**509451**
धारवाड़ मंडल							
14.	स्मारकों का समूह, (विश्व विरासत), पट्टदकल	255214	5682	294392	5819	231279	2730
	योग	**255214**	**5682**	**294392**	**5819**	**231279**	**2730**
मुम्बई मंडल							
15.	एलीफेंटा गुफाएं	299903	22187	324959	22755	252098	9488
	योग	**299903**	**22187**	**324959**	**22755**	**252098**	**9488**
वडोदरा मंडल							
16.	जामी मस्जिद, चंपानेर-पावागढ़ सहर की मस्जिद चंपानेर पावागढ़	102173	1404	75747	2165	91121	1170
	योग	**102173**	**1404**	**75747**	**2165**	**91121**	**1170**
	कुल योग	15302096	2674563	18444898	2158928	14726352	1477529

बहुमंजिला फ्लैटों का निर्माण

3098. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बहुमंजिला फ्लैटों के निर्माण हेतु नई दिल्ली के डॉ. विश्मभर दास मार्ग पर बंगला संख्या 1 से 9 को ध्वस्त करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक वर्ग में बनाए जाने वाले फ्लैटों की संख्या क्या है;

(ग) क्या उक्त परियोजना को प्रारंभ करने में कोई बाधा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उसे दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) उक्त परियोजना के कब तक पूर्ण होने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) ज़ी हां।

(ख) डॉ. विश्म्बर दास मार्ग नई दिल्ली पर बंगला सं. 1, 3, 5, 7 और 9 को तोड़ने का प्रस्ताव है। बंगला सं. 7 को छोड़कर उपयुक्त सभी बंगलों को तोड़ दिया गया है। इन बंगलों के खाली स्थल पर माननीय संसद सदस्यों हेतु विशेष श्रेणी के 52 फ्लैटों के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ग) कार्य प्रगति पर है। बंगला सं. 7 को तोड़े न जाने के कारण पूर्ण स्थल उपलब्ध नहीं है। इससे कार्य में बाधा आ रही है।

(घ) संबंधित एजेंसियों द्वारा बंगला सं. 7 को खाली कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

(ङ) परियोजना के अगस्त, 2013 तक पूर्ण होने की संभावना है, बशर्ते बंगला सं. 7 उपलब्ध हो जाए।

[अनुवाद]

खाद्यान्न उत्पादन

3099. **श्री शेख सैदुल हक:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के कुछ राज्य खाद्यान्न उत्पादन में पिछड़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में ऐसे राज्यों से कोई प्रस्ताव मिले हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) चावल, गेहूं, मोटे अनाज तथा दलहनों के क्षेत्र कवरेज तथा उत्पादकता में भिन्नता पर निर्भर होने से देश में खाद्यान्न फसलों के कुल उत्पादन में राज्य-वार राज्य में विविधता है। 2010-11 तथा 2011-12 (दूसरे अग्रिम अनुमान) के दौरान देश में खाद्यान्नों के उत्पादन का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) पगडन्डी राज्यों सहित भिन्न राज्यों में कृषि उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि लाने के उद्देश्य से, भारत सरकार अनेक फसल विकास योजनाएं/कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.), कृषि का बृहत प्रबन्धन (एम.एम.ए.), तिलहनों की एकीकृत योजना, पाम आयल तथा मक्का (आइसोपाम) आदि का कार्यान्वयन कर रही है।

एन.एफ.एस.एम. के अंतर्गत, मुख्य केन्द्र बिन्दु कम उत्पादकता तथा अंर्तनिहित उच्च सम्भाव्य क्षेत्रों में उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि लाना है। तदनुसार पूर्वी भारत (बी.जी.आर.ई.आई.) में हरित क्रांति लाने के लिए, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की उप-योजना पूर्वी प्रदेश के संभाव्य उपयोग, जहां उत्पादकता सामान्यता कम है, पर संकेन्द्रित किया गया है।

कृषि योजना के वृहत प्रबन्धन के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा राज्यों को प्रस्तुत कार्य योजना के आधार पर धन राशि जारी की जाती है। योजना राज्यों को उनकी प्रादेशिक अग्रता के आधार पर कृषि कार्यक्रमों में विकास तथा अनुसरण हेतु पर्याप्त नम्यता प्रदान करती है।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों को परियोजना के विनिर्माण के लिए उनकी अग्रता चुनने लिए नम्यता प्रदान की गयी है। राज्य सरकारों को राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर मंजूर समिति (एस.एल.एस.सी.) द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं का कार्यान्वयन करने के लिए धनराशि जारी की जाती है।

विवरण

2010-11 तथा 2011-12 के दौरान खाद्यान्नों के उत्पादन का राज्य-वार अनुमान

राज्य	उत्पादन (000 टनों में)	
	2010-11	2011-12*
1	2	3
आन्ध्र प्रदेश	20315.0	17609.7
असम	4876.5	4648.7
बिहार	9222.0	13576.8

1	2	3
छत्तीसगढ़	7055.2	7052.2
गुजरात	8341.6	7975.4
हरियाणा	16629.5	17192.0
हिमाचल प्रदेश	1421.1	1498.3
जम्मू और कश्मीर	1521.6	1436.9
झारखंड	1876.6	4447.3
कर्नाटक	13877.2	12611.2
केरल	527.2	552.9
मध्य प्रदेश	14952.1	15099.7
महाराष्ट्र	15420.4	12298.2
ओडिशा	7619.3	7549.5
पंजाब	27866.3	27607.2
राजस्थान	18832.2	19689.8
तमिलनाडु	7594.9	8421.4
उत्तर प्रदेश	47247.6	49337.6
उत्तराखंड	1815.6	1872.0
पश्चिम बंगाल	14466.9	16633.8
अन्य	3300.8	3308.7
अखिल भारत	244779.7	250419.3

*03.02.2012 के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार

जेलों में बंद नक्सली

3100. श्री एस.आर. जेयदुरई: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न जेलों में विभिन्न आरोपों के कारण जेल में बंद माओवादियों/नक्सली नेताओं की संख्या क्या है;

(ख) क्या इन माओवादियों/नक्सली नेताओं पर अभियोजन चलाने के लिए जबावदेह राज्यों ने अब तक उनका अभियोजन शुरू नहीं किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या माओवादी/नक्सली निर्दोष लोगों के बंधक बना रहे हैं और इन कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ग) गृह मंत्रालय में इस प्रकार के आंकड़े केन्द्रीय रूप से **नहीं रखे** जाते हैं।

(घ) और (ङ) सी.पी.आई. (माओवादी) और अन्य वामपंथी उग्रवादी गुट जबरन धन वसूली, स्थानीय लोगों में भय व्याप्त करने, कैदियों की रिहाई सहित अपनी मांगे मनवाने के लिए राज्य मशीनरी पर दबाव डालने इत्यादि जैसे विभिन्न कारणों से व्यपहरण करते रह हैं। हाल ही में, दिनांक 14 मार्च, 2012 को ओडिशा के कंधमाल जिले के दारिंगीबाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र से सी.पी.आई. (माओवादी) द्वारा दो स्थानीय युवकों सहित इटली के दो नागरिकों, श्री पाओलो बोस्को तथा श्री क्लोडियो कोलंगेलों का अपहरण किया गया था। एक अन्य घटना में ओडिशा के कोरापुर जिले में तोयापुट गांव के पास लक्ष्मीपुर पुलिस थाना क्षेत्र से दिनांक 23.-24 मार्च, 2012 की अर्धरात्रि को सी.पी.आई. (माओवादी) तथा चारती भुलिया आदिवासी संघ (एन.एल.गुट, सी.पी.आई. माओवादी का एक फ्रंट) के कार्यकर्ताओं द्वारा श्री झीना हिकाका, विधान सभा सदस्य, लक्ष्मीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का अपहरण कर लिया गया था। कानून एवं व्यवस्था राज्य के विषय होने के कारण, ऐसे मामलों को सीधे संबंधित राज्य सरकारें देखती हैं। तथापि, जब कभी राज्य सरकारों द्वारा अनुरोध किया जाता है, भारत सरकार उन्हें सभी संभव सहायता मुहैया करवाती है।

[हिन्दी]

प्राचीन वस्तुओं की तस्करी

3101. **श्री इज्यराज सिंह:**

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल:

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न भागों से कीमती प्राचीन वस्तुओं की तस्करी की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक तथा चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में दर्ज एफ.आई.आर. की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान बरामद चुरायी गयी/खोयी प्राचीन वस्तुओं की संख्या कितनी है; और

(घ) प्राचीन वस्तुओं की चोरी तथा तस्करी रोकने तथा इसके रक्षोपाय करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 17-06-2010 को सूचित किया है कि न्यूयार्क में डिपार्टमेंट ऑफ होम लैंड सिक्यूरिटी, इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने मन्दिरों के खंडहरों (गड़गच मंदिर), अटरू, जिला बारण (राजस्थान) की एक पत्थर से निर्मित मूर्ति का पता लगाया है जिसकी 22-23 अप्रैल, 2009 को चोरी/तस्करी की गई थी। इस संबंध में 23-04-2009 को सं. 96/09 के तहत एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान किसी भी प्रकार के चोरी हुए/खोए हुए पुरावशेष पुन: प्राप्त/बरामद नहीं हुए हैं।

(घ) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों, स्थलों और संग्रहालयों से पुरावशेषों की चोरी और तस्करी रोकने के लिए उपयुक्त कदम उठाए हैं। चौबीसों घंटे पहरा और निगरानी स्टाफ नियुक्त किया गया है तथा इनकी संख्या को निजी सुरक्षा गार्डों, राज्य पुलिस हथियारबंद गार्डो और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को नियुक्त करते हुए और अधिक बढ़ाया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पुरावशेषों की तस्करी पर सूचना के आदान-प्रदान के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीमाशुल्क प्राधिकारियों, राजस्व आसूचना विभाग तथा स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में है। भारत सांस्कृतिक सम्पदा में अवैध व्यापार के निषेध तथा निवारण के उपायों संबंधी 1970 युनेस्को कन्वेन्शन का एक हस्ताक्षरी भी है।

[अनुवाद]

व्यापक जिला कृषि योजना

3102. **श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकर ने व्यापक जिला कृषि योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) महाराष्ट्र सहित देश में इस योजना के क्रियान्वयन की स्थिति क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) आर.के.वी.वाई. के अंतर्गत कृषि विकास योजनाओं के लिए वित्तीय आवश्यकता और वित्तीय संसाधनों सहित

जिलों के सम्पूर्ण विकास को देखते हुए कृषि एवं समवर्गी क्षेत्रों के लिए वर्तमान परिदृश्य एवं कार्यक्रम हेतु देश में व्यापक जिला कृषि योजना (सी.डी.ए.पी.) तैयार की गई हैं। राज्यों द्वारा 602 सी.डी.ए.पी. तैयार की गई हैं। तैयार डी.ए.पी. के राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) ग्यारहवीं योजना के दौरान महाराष्ट्र सहित राज्यों में सम्पूर्ण कृषि एवं समवर्गी क्षेत्रों में दोनों क्षेत्रों में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए तथा अवसंरचना की स्थापना के लिए 5700 से भी अधिक परियोजनाएं शुरू की गई है।

विवरण

जिला कृषि योजना (डी.ए.पी.) की राज्यवार स्थिति

क्र.सं.	राज्य	तैयार डी.ए.पी.
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	3
2.	अरुणाचल प्रदेश	23
3.	असम	16
4.	बिहार	27
5.	छत्तीसगढ़	38
6.	गोवा	शून्य
7.	गुजरात	26
8.	हरियाणा	21
9.	हिमाचल प्रदेश	12
10.	जम्मू और कश्मीर	22
11.	झारखण्ड	24
12.	कर्नाटक	29
13.	केरल	13
14.	मध्य प्रदेश	50
15.	महाराष्ट्र	33
16.	मणिपुर	9
17.	मेघालय	7
18.	मिजोरम	7
19.	नागालैण्ड	8
20.	ओडिशा	30
21.	पंजाब	20
22.	राजस्थान	33
23.	सिक्किम	4
24.	तमिलनाडु	29
25.	त्रिपुरा	4
26.	उत्तराखण्ड	13
27.	उत्तर प्रदेश	71
28.	पश्चिमी बंगाल	17
	कुल	602

शहरी स्थानीय निकायों के संबंध में विश्व बैंक का अध्ययन

3103. **श्री अधलराव पाटील शिवाजी:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व बैंक ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि अधिकतर शहरी स्थानीय निकाय नगरपालिका सेवा प्रदान करने के संबंध में अपने दृष्टिकोण में जनकेन्द्रित नहीं हैं तथा वे अपर्याप्त स्टाफ तथा मानकीकरण की कमी से ग्रस्त है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या यह निष्कर्ष इस तथ्य के आलोक में महत्वपूर्ण है कि नगरपालिकाओं के लिए बजट आवंटन जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन की योजनाओं के अंतर्गत आठ या दस गुणा होने की आशा है; और

(घ) यदि हां, तो विश्व बैंक के निष्कर्ष के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) से (घ) विश्व बैंक ने मार्च 2007 के "शहरी स्थानीय निकायों (यू.एल.बी.) में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और उत्तरदायित्व (पी.एफ.एम.ए.) के संश्लेषण अध्ययन" के अपने अध्ययन में वर्णित किया है कि देश में अधिकतर यू.एल.बी. और राज्य कानूनों को लोगों पर अधिक केन्द्रिय करने की आवश्यकता है और अनुपालन पर लक्षित करने की आवश्यकता है तथा अधिकतर यू.एल.बी. में स्टाफ पैटर्न और मानकीकरण से संबंधित मुद्दों को उपयुक्त रूप से निपटाने की आवश्यकता है। भारत सरकार पहले से मुद्दे को समझती है तथा इन मुद्दों पर विभिन्न प्रोत्साहनों और स्कीमों जैसे जे.एन.एन.यू.आर.एम. शहरी स्थानीय निकायों हेतु क्षमता विकास स्कीम जल और स्वच्छता और क्षेत्र ई. शासन हेतु राज्य स्तरीय बैंचमार्कों राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति आदि के माध्यम से काम कर रही है। सामुदायिक भागीदारी जे.एन.एन.यू.आर.एम. का एक मुख्य विवेचित घटक है।"

सरकार ने 20 वर्ष की अवधि हेतु शहरी अवसंरचना सेवाओं के लिए अनुमानित निवेश आवश्यकताओं के लिए डॉ. इशर जज अहलुवालिया की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त विशेषज्ञ समिति (एच.पी.ई.सी.) का गठन किया था। उसने शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता विकास पर भी बल दिया है। अरूण मैरा सदस्य योजना आयोग की अध्यक्षता में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) के अगले चरण की रूपरेखा की सिफारिश के लिए 15 सितम्बर 2011 को एक समिति का गठन किया गया है। राज्य स्तर पर नगर निगम काडर की स्थापना और राज्यों द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रमों से संबंधित मामलों पर समय-समय पर सरकार द्वारा बल दिया गया है। जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अगले चरण की नीति और रूपरेखा पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

भारत-पाक सीमा पर किसानों को मुआवजा

3104. डॉ. रतन सिंह अजनाला : क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत-पाक सीमा पर 554 कि.मी. के काटेदार बाड के घेरे पर स्थित जमीन के मालिक किसानों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पंजाब राज्य सरकार ने मुआवजे की राशि को 2500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये करने का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ङ) उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार, भारत-पाकिस्तान सीमा पर बाड़ लगाने के लिए गई भूमी के मुआवजे का भुगतान सरकार द्वारा कर दिया गया है। वर्ष 1999-2000 के दौरान योजना आयोग ने केन्द्रीय सहायता योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 2500/- रु. की दर से 6.00 करोड़ रु. की धनराशि मंजूर की थी। पंजाब सरकार ने भारत सरकार से वर्ष 1999-2000 से प्रति एकड़ 5,000/- की दर से मुआवजे का भुगतान करने का अनुरोध किया है जो लगभग 8.60 करोड़ रु. प्रति वर्ष बनता है। राज्य सरकार से स्वामित्व संबंधी विवरणों सहित भूमि का विशिष्ट ब्यौरा देने का अनुरोध किया गया है।

[हिन्दी]

चीनी उद्योग की समस्याएं

3105. श्री दानवे रावसाहेब पाटील:

श्री निलेश नारायण राणे:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चीनी उत्पादकों और चीनी उद्योग के समक्ष आ रही समस्याओं की जांच करने के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जब कभी चीनी उत्पादकों और/अथवा चीनी उद्योग के सामने पेश आ रही किसी समस्या की जानकारी मिलती है तो केन्द्र सरकार आवश्यक पग उठाती है। डॉ. सी. रंगराजन, अध्यक्ष, प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की अध्यक्षता में चीनी क्षेत्र का नियमन समाप्त करने के सभी मुद्दों की जांच करने के लिए 20-1-2012 को एक समिति का गठन किया गया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

अवैध और अविनियमित फिशिंग

3106. **श्री जे.एम. आरुन रशीद:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अवैध और अविनियमित ढंग से मछली पकड़ने की बढ़ती घटनाओं के कारण कैट फिश, बाम्बे डक और पोम्फ्रेट जैसी प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को इन प्रजातियों के अवैध और अविनियमित फिशिंग से संरक्षण हेतु राष्ट्रीय मछुआरा मंच से कोई मांग प्राप्त हुई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास मंहत) : (क) से (घ) नीचे दिए गए लैंडिंग आंकड़ों से पता चलता है कि वस्तुत: इन प्रजातियों की औसत वार्षिक लैंडिंग विगत दशक (1991-2000) की तुलना में अंतिम दशक में (2001-10) में बढ़ी है:-

क्र.सं.	प्रजाति का नाम	औसत वार्षिक उतराई (टन में)	
		1991-2000	2001-2010
1.	कैपफिश	44,128	66,455
2.	पोम्फ्रेट	40,563	45,116
3.	बॉम्बे डक	1,06,337	1,12,967

किफायती आवास में सूक्ष्म वित्तीय संस्थान (एम.एफ.आई.)

3107. **श्रीमती अन्नू टन्डन:** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 तक देश को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त और सभी के लिए वहनीय आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार शहरी क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों को शामिल करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) यह मंत्रालय जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन जिसके तहत शहरी गरीबों को मूल सुविधाएं और स्लमों के एकीकृत विकास पर जोर दिया गया है, के अंतर्गत शहरी गरीबों को मूल सुविधाएं संबंधी स्कीम तथा एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है।

स्लम मुक्त भारत का निर्माण करने की सरकार की परिकल्पना के अनुसरण में, दिनांक 02.06.2011 को 'राजीव आवास योजना' (रे) नामक एक नई स्कीम शुरू की गई है।

राजीव आवास योजना के चरण-I की अवधि स्कीम के अनुमोदन की तारीख से दो वर्ष की है। इस स्कीम में स्लम वासियों को संपत्ति का अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को स्लम पुनर्विकास हेतु उपयुक्त आश्रय, बुनियादी नागरिक एवं सामाजिक सेवाओं का प्रावधान और किफायती आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस स्कीम में "समग्र शहर" "सभी स्लम" "समग्र स्लम" दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है।

स्कीम के अंतर्गत बुनियादी नागरिक तथा सामाजिक अवसंरचना एवं सुविधाओं तथा आवास जिसमें किराया आवास शामिल है, तथा स्लमों के स्वस्थाने पुनर्विकास के लिए अस्थायी आवास के प्रावधान की 50 प्रतिशत लागत जिसमें इस स्कीम के तहत निर्मित परिसंपतितयों का प्रचालन और रख-रखाव शामिल है, केन्द्र द्वारा वहन की जाएगी। पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की लागत, यदि आवश्यक हो, सहित केन्द्र की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत होगी।

भागीदारी में किफायती आवास स्कीम जो किफायती आवासों के निर्माण हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहन प्रदान करती है, को राजीव आवास योजना में मिला दिया गया है। इस स्कीम के तहत किफायती आवासीय इकाई में 50,000 रुपए प्रति इकाई अथवा नागरिक अवसंरचना (बाह्य एवं आंतरिक) की लागत का 25 प्रतिशत जो भी कम हो, की दर से केन्द्रीय सहायता मुहैया करायी जाती है।

शहरी गरीबों को किफायती दरों पर मकान ऋण के लिए

ऋण राशि प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के लिए, मौजूदा शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आई.एस.एच.यू.पी.) जिसमें एक लाख रुपए तक के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाती है, को भी राजीव आवास योजना के साथ मिला दिया गया है।

सभी के लिए किफायती आवास मुहैया कराने के लिए एक समय सीमा का उल्लेख करना संभव नहीं है।

(ख) और (ग) जी नहीं।

भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी

3108. डॉ. पी. वेणुगोपाल:

श्री सी. शिवासामी:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के सभी क्षेत्रों में भारतीय खेल प्राधिकरण (एस.ए.आई.) के कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एस.ए.आई. में श्रमशक्ति की कमी के मुद्दे के समाधान हेतु कोई कार्रवाई की थी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहले ही 11 संस्थागत, क्षेत्रीय और उप-केन्द्र स्थापित किए हैं जो निम्नानुसार हैं:-

1 पटियाला

2 तिरूवनंतपुरम

3 कोलकाता

4 गांधीनगर

5 बंगलुरू

7 लखनऊ

8 सोनीपत

9 चंडीगढ़

10 इम्फाल

11 गुवाहाटी

(ग) और (घ) 1990 के शुरू से भारतीय खेल प्राधिकरण में किसी भी स्तर पर कोई भर्ती नहीं हुई है। भारतीय खेल प्राधिकरण में जनशक्ति की कमी की समस्या को दूर करने के लिए निम्नलिखित श्रेणियों में कर्मिकों की भर्ती की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है:-

(i) सहायक निदेशक

(ii) कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी

(iii) कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक

(iv) कोच (ग्रेड III)

(v) कनिष्ठ लेखाकार

(vi) अवर श्रेणी लिपिक

उपर्युक्त के अलावा आरक्षित रिक्तियों के बैकलॉग को भरने के लिए भी कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

लुप्त प्राय प्रजातियों का संरक्षण

3109. श्री चौधरी लाल सिंह: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जुगाली करने वाले छोटे पशुओं, सूकर-भारवाहक पशु-अश्व और याक की लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण हेतु कितना परिव्यय निर्धारित किया गया है;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान आवंटित की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वांछित उद्देश्य प्राप्त करने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्रीय प्रायोजित योजना "जुगाली करने वाले छोटे पशुओं, सूअरों भारवाही पशुओं, अश्वों और याक के संकटाधीन

नस्लों के संरक्षण" के लिए 11वीं योजना परिव्यय 16.00 करोड़ रु. था जिसे 2008-09 के दौरान बढ़ाकर 45.00 करोड़ रु. कर दिया गया था और योजना को "संकटाधीन पशुधन नस्लों का संरक्षण" का नाम दिया गया था। विभिन्न राज्यों को 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जारी की गई धनराशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ग) और (घ) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना के अंतर्गत वर्षवार लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विवरण-I

योजना का नाम: 11वीं योजना के दौरान पशुधन की संकटापन्न नस्लों के संरक्षण के लिए जारी की गई धनराशि

(लाख रु. में)

क्र. सं.	राज्य	प्रजाति	नस्ल	वर्ष 2007-08 के दौरान जारी की गई राशि	वर्ष 2008-09 के दौरान जारी की गई राशि	वर्ष 2009-10 के दौरान जारी की गई राशि	वर्ष 2010-11 के दौरान जारी की गई राशि	वर्ष 11-12 के दौरान जारी की गई राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	असम	सूअर	दूम				28.50	
2.	अरुणाचल प्रदेश	सूअर	दूम	0.00	0.00	10.00		
		टट्टू	भुटिया	0.00	0.00	20.00		
		याक	याक	0.00	0.00	20.00		
3.	गुजरात	अश्व	किथियावाड़ी	36.81	0.00	36.81		
		बकरी	सुरती	0.00	32.25	0.00		
		ऊंट	कच्छी	0.00	68.00	0.00	32.25	40.00
4.	हिमाचल प्रदेश	टट्टू	स्पीती	0.00	0.00	20.00		
		याक	याक	0.00	0.00	20.00		
		बकरी	चेगू			30.00		20.00
5.	जम्मू और कश्मीर	अश्व	झंसकारी	0.00	6.00	0.00		
		याक	याक			20.00	50.00	35.00
6.	केरल	सूअर	अंगामली	0.00	9.20	0.00		
		बकरी	अटापडी	0.00	27.25	20.75		
7.	महाराष्ट्र	बकरी	संगमनेरी	32.00	0.00	0.00		
		बकरी	बेरारी	0.00	0.00	34.95		

1	2	3	4	5	6	7	8	9
		भेड़	मडगयाल	0.00	0.00	10.00		
8.	मणिपुर	टट्टू	मणिपुरी	0.00	0.00	0	25.50	
9.	मिजोरम	मिथुन	मिथुन	0.00	0.00	20.00		
		सूअर	जोवाकं	0.00	0.00	10.00		
10.	पंजाब	बकरी	बीटल	30.00	30.00	0.00		
11.	सिक्किम	बकरी	बनपाला			18.25		28.00
		याक	हाजी	0.00	20.00	0.00		
12.	पश्चिमी बंगाल	सूअर	घंगरू	0.00	0.00	10.00		
		फाउल	हरिंघटा ब्लेक	-	-	35.00		35.00
		बकारी	ब्लैक बंगाल गोट					9.25
13.	तमिलनाडु	भेड़	नीलगिरी					36.50
	सकल योग			98.81	194.95	355.76	136.25	203.75

विवरण-II

11वीं योजना के दौरान संकटापन्न नस्ल के संरक्षण के तहत लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा

संकटापन्न नस्लों का संरक्षण के तहत गतिविधियां	लक्ष्य 2007-08	उपलब्धि 2007-08	लक्ष्य 2008-09	उपलब्धि 2008-09	लक्ष्य 2009-10	उपलब्धि 2009-10	लक्ष्य 2010-11	उपलब्धि 2010-11	लक्ष्य 2011-12	उपलब्धि 2011-12
1. सहायता प्राप्त प्रजनक/किसान संघ सहकारिता/एन.जी.ओ. की संख्या	2	7	2	2	2	2	4	3	4	4
2. पहचान किए गए विभिन्न संकटापन्न नस्लों और संबंधित प्रजनन क्षेत्र में रखरखाव किए गए पशुओं की संख्या	750	1368	550	500	550	500	500	250	500	950

[हिन्दी]

खेल संघों के विरूद्ध शिकायतें

3110. **श्री सज्जन वर्मा:**

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय खेल संघों के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की प्रवृत्ति और उन पर की गई कार्रवाई का खेल संघ-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का अगले वित्तीय वर्ष में उन खेल संघों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है जिन्होंने अपने लेखे-प्रस्तुत किए हैं और पूर्व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपने खेल संघों में अध्यक्ष और सचिव आदि पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने खेल संगठनों को नियंत्रित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित किए हैं अथवा निर्धारित करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) जी, राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एन.एस.एफ.) से संबंधित विभिन्न प्रकार की तथा सरकारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने से संबंधी शिकायतों सहित निर्वाचन मामलों के विवाद समय-समय पर सरकार को प्राप्त होते रहते हैं। एन.एस.एफ. स्वायत पंजीकृत निकाय हैं और सरकार प्रायः इनके कार्यकरण में दखल नहीं देती। अतः शिकायतों का वर्षवार और परिसंघवार ब्यौरा नहीं रखा जाता। सरकार ने एन.एस.एफ. की कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन लाने के लिए कई कदम उठाये ताकि सरकारी निधियों के दुरुपयोग, एन.एस.एफ. के अधिकारियों की आयु और कार्यकाल संबंधी सरकारी निर्देशों का अनुपालन न करने संबंधी शिकायतों को कम किया जा सके, खेलों में अनैतिक कार्यों जैसे डोपिंग, खेलों में महिलाओं के यौन शोषण, आयु संबंधी फ्रॉड आदि को रोका जा सके। उठाये गए कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें भी शामिल हैं:

(i) सरकारी मान्यता प्राप्त करने और भारत सरकार से वित्तीय सहायता तथा अन्य प्रकार की सहायता जैसे रेलवे रियायत, आयकर छूट, सीमा शुल्क छूट आदि प्राप्त करने की पात्रता हासिल करने तथा महाद्विपीय तथा विश्व स्तर की मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन के लोक कार्यों का निष्पादन करने का प्राधिकार प्राप्त करने, जिसमें सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व शामिल है तथा अंतर्राष्ट्रीय संघों, स्पर्धाओं, प्रतियोगिताओं, सम्मेलनों आदि में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे सरकार के निर्देशों का अनुपालन करें। किसी भी राष्ट्रीय खेल परिसंघ को जिसने 1-5-2010 के इन दिशा निर्देशों को जारी होने के बाद हुए चुनावों के लिए इन अनुदेशों का पालन नहीं किया है, सरकार द्वारा वार्षिक मान्यता प्रदान नहीं की गयी है।

(ii) सभी एन.एस.एफ. को यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिये गये है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को एक कार्यकाल या अधिकतम 4 वर्ष, जो भी कम हो, से अधिक सेवा अवधि के लिए किसी खेल एसोसिएशन/परिसंघ में प्रभावी पद धारण नहीं कर सकता।

(iii) सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने और मान्यता के वार्षिक नवीनीकरण के लिए खातों की वार्षिक लेखा जांच जमा कराना एक अनिवार्य शर्त बना दी गई है।

(ग) और (घ) विगत वित्तीय वर्ष की वार्षिक लेखा जांच, सरकार द्वारा जारी किए गए पूर्व अनुदानों की उपयोगिता रिपोर्ट और पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट जमा कराने पर एन.एस.एफ. को वित्तीय सहायता जारी की जाती है। तथापि, एन.एस.एफ. को अनुदान जारी करने के लिए खेल परिसंघों में अध्यक्ष और सचिव आदि पदों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पूर्व खिलाड़ियों की नियुक्ति करना अनिवार्य नहीं है।

(ङ) और (च) जी नहीं। सरकार खेल संघों को नियंत्रित करने के लिए निर्देश नहीं करती या प्रस्ताव नहीं करती। तथापि,

राष्ट्रीय खेल निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेहता लाने के लिए सरकार ने एक नियामक रूपरेखा तैयार की है जिसका उद्देश्य खेल निकायों के बीच सुशासन का विकास करना है। राष्ट्रीय खेल विधेयक का प्रारूप सार्वजनिक कर दिया गया है ताकि स्टेकहोल्डरों से विधायी पूर्व परामर्श लिया जा सके, जिसकी प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(i) खेलों के विकास एवं उन्हें बढ़ावा देने के लिए जिसमें वित्तीय और अन्य सहायता राष्ट्रीय टीमों, एथलीटों के कल्याणात्मक उपायों की तैयारी एवं खेलों में एथिकल प्रणालियों के विकास की कार्यपद्धति जिसमें खेलों में डोपिंग को खत्म करना, आयु संबंधी फ्राड एवं यौन उत्पीड़न के मामले एवं भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खेल परिसंघों के अधिकारों और प्रतिबद्धताओं के मामले शामिल हैं, के लिए केंद्रीय सरकार की सहायता (इसमें सुशासन के बुनियादी सिद्धांतों को अपनाना एवं खेलों के व्यवसायिक प्रबंधन का मामला भी शामिल है)।

(ii) संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों और भारतीय ओलंपिक संघ के प्रबंधन/निर्णय लेने के संबंध में एथलीट सलाहकार परिषद के माध्यम से एथलीटों को शामिल करना।

(iii) भारतीय खेल प्राधिकरण और भारत सरकार के कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियां जिन्हें स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।

(iv) खेल विवादों के समाधान हेतु कार्यविधि तथा विवाद समाधान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना।

(v) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को और अधिक स्वायत्ता और राष्ट्रीय खेल परिसंघों से सरकार के नियंत्रण को कम करना।

(vi) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत लाना जिसमें खिलाड़ियों से संबंधित व्यक्तिगत/गोपनीय सूचनाओं को सुरक्षित रखने संबंधी प्रावधानों को न रखा जाए।

(vii) एंटी डोपिंग प्रावधान में विशेष प्रावधान जोड़ा गया है जिसमें राष्ट्रीय एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) द्वारा विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) कोड के उन प्रावधानों को लागू करने से अलग रखा जा सके जिनमें अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसंघ कर्ता नहीं होता।

(viii) कोचों, संरक्षकों और अन्य सहायक कार्मिकों को भी ये दायित्व सौंपे गए हैं कि वे खेलों में गैर एथिकल प्रणालियों जैसे डोपिंग एवं आयु संबंधी फ्राड से बचें।

राष्ट्रीय खेल परिसंघ, राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति, भारतीय खेल प्राधिकरण न केवल उपचारात्मक उपाय करते है जिससे खिलाड़ियों खेल स्थलों पर यौन शोषण से बचाया जा सके अपितु कार्य, विश्राम, स्वास्थ्य एवं हाईजीन के संबंध में महिलाओं के लिए उचित परिस्थिति सुलभ कराई जायें, ऐसा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत तंत्र की स्थापना हेतु अन्य उपाय भी किये गये है जिसमें महिला की अध्यक्षता में समिति बनायी जाये या विशेष काउन्सलर रखा जाये साथ ही गोपनीयता के सिद्धांत का पालन किया जाये।

[अनुवाद]

मृदा गुणवत्ता

3111. **श्री रमेश विश्वनाथ काट्टी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ गैर-सरकारी संगठनों ने देश में मृदा गुणवत्ता की स्थिति के संबंध में सर्वेक्षण आरंभ किया है और मृदा गुणवत्ता में सुधार हेतु अर्थोपाय सुझाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मृदा गुणवत्ता में सुधार हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) "ग्रीनपीस इण्डिया" ने "लिविंग स्वायल कैंपेन" शुरू किया है जिसमें असम, ओड़िशा, कर्णाटक, मध्य प्रदेश और पंजाब के चयनित जिलों में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन नीतियों और स्कीमों का सोशल ऑडिट शामिल हैं। इन सिफारिशों में अन्य बातों के साथ-साथ सबसे निचले स्तर पर नीतियों की समाभिरूपता की आवश्यकता, पारिस्थितिकीय उर्वरण हेतु अम्ब्रेला नीति की आवश्यकता, पारिस्थितिकीय उर्वरण पर मिशन शुरू करना, पारिस्थितिकीय उर्वरण पद्धतियों के विभिन्न घटकों जैसे

स्व-स्थाने और स्थान बाह्य बायों मांस सृजन, खेतों पर और खेतों के बाहर कम्पोस्टिंग, जैव उर्वरक और खेतों पर बनाए हुए तरल खाद्य, मृदा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए मृदा स्वास्थ्य और संस्थागत समर्थन बनाए रखने के लिए इको-बोनस शामिल हैं।

(ग) सरकार मृदा स्वास्थ्य और उसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए उर्वरकों के मृदा परीक्षण आधारित संतुलित और तर्कसंगत प्रयोग, स्थैतिक/गतिशील मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना/सुदृढ़ीकरण, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के कर्मचारियों/विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण, कार्बनिक खाद, मृदा सुधारकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग सहित उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर खेतों में प्रदर्शन को बढ़ावा दे रही है।

[हिन्दी]

चुम्बकीय बम की धमकी

3112. **श्री सतपाल महाराज:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार का चुम्बकीय बम से उत्पन्न बढ़ते फ्रीलांस आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस योजना बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो क्या सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ग) रिमोट मैग्नेटिक बम दुनिया के कई आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में एक पुरानी एवं प्रचलित आतंकी तकनीक है। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एन.एस.जी.) बम निपटान के विभिन्न पहलुओं अर्थात उनके युद्ध कौशल को बढ़ाने के दृष्टिकोण से आई.ई.डी. की तलाश करने, पता लगाने, पहचान करने, सुरक्षित ढंग से निपटान करने में राज्य तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सी.ए.पी.एफ.) के कार्मिकों के लिए "प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.)" पाठ्यक्रम का आयोजन करता है।

एन.एस.जी. द्वारा आयोजित किए गए बम निपटान प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	एक प्रशिक्षण वर्ष में पाठ्यक्रम	प्रति पाठ्यक्रम क्षमता
1.	बम निपटान (राज्य पुलिस)	03	100
2.	बम निपटान (रक्षा सेवाएं/केन्द्रीय पुलिस संगठन)	01	100
3.	बम निपटान	01	100

[अनुवाद]

जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत समेकित सीवेज व्यवस्था

3113. **श्री संजय भाई:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.यू.आर.एम.) के अंतर्गत समेकित सीवेज व्यवस्था के तहत ओडिशा के किन-किन शहरों को शामिल किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ निधियों के आवंटन की स्वीकृति दे दी है;

(ग) यदि हां, तो शहर/कस्बे-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत समेकित सीवेज व्यवस्था के तहत ओडिशा के और शहरों को शामिल करने की योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) से (ग) जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) के उप-मिशन शहरी अवस्थापना एवं शासन (यू.आई.जी.) के अंतर्गत मिशन शहर भुवनेश्वर के लिए 49891.35 लाख रु. की अनुमोदित लागत और 39913.08 लाख रु. की वचनबद्ध अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) से एक समेकित सीवरेज परियोजना अनुमोदित की गई है।

जे.एन.एन.यू.आर.एम. की छोटे एवं मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.) के तहत मिशन शहर सम्बलपुर के लिए 593.23 लाख रु. की अनुमोदित लागत और 483.48 लाख रु. की वचनबद्ध अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) से एक सीवरेज परियोजना अनुमोदित की गई है।

(घ) और (ङ) मिशन ने अपना सामान्य कार्यकाल दिनांक 31 मार्च 2012 को पूरा कर लिया है। सरकार ने दिनांक 31 मार्च 2012 तक स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने तथा जारी सुधारों के लिए मिशन का कार्यकाल आगे दो वर्ष यथा 31 मार्च 2014 तक बढ़ा दिया है। इसमें कोई नई परियोजना स्वीकृत करने पर विचार नहीं किया गया है।

[हिन्दी]

अवैध बंग्लादेशियों के विरुद्ध कार्य योजना

3114. **श्री मनसुखभाई डी. वसावा:**

श्रीमती रमा देवी:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए वर्ष 2002 में कोई कार्य योजना तैयार की थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ग) भारत संघ एवं अन्य के विरुद्ध श्री चेतन दत्त द्वारा दायर रिट याचिका सं. 3170/2001 में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के दिनांक 12-4-2002 के निदेशों के अनुसरण में प्रारंभ में एक कार्य योजना तैयार की गई थी और मई, 2002 में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी। तत्पश्चात्, भारत संघ द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एस.एल.पी.) में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 18-7-2005 के आदेश के अनुसरण में एक संशोधित कार्य योजना माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई थी और यह माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28-9-2005 को हुई सुनवाई में स्वीकार कर ली गई थी। माननीय न्यायालय द्वारा यथा अनुमोदित कार्य योजना में अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए कार्य बलों का गठन, पता लगाए गए अवैध प्रवासियों को तब तक अवरुद्ध (डिटेन्शन) केन्द्रों में रखना जब तक कि वे वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित नहीं कर दिए जाते हैं, प्रत्यावर्तन की मासिक प्रगति की समीक्षा करने के लिए संयुक्त सचिव (विदेशी विषयक), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में एक निगरानी प्राधिकरण की स्थापना आदि शामिल हैं। यद्यपि रिट याचिका माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 27-9-2007 को खारिज कर दी गई है, फिर भी निगरानी प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के प्रत्यावर्तन में हुई प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का पता लगाने तथा उन्हें प्रत्यावर्तित किए जाने के लिए एक संशोधित प्रक्रिया भी नवम्बर, 2009 में सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को परिचालित की गई थी, जिसमें फरवरी, 2011 में आंशिक आशोधन किया गया था। इस प्रक्रिया में, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में बसे हुए अवैध प्रवासियों का पता लगाने, उनकी पहचान करने तथा उन्हें रोकने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के प्रत्येक जिले में विशेष कार्य बलों का गठन, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अवरुद्ध (डिटेन्शन) केन्द्रों की स्थापना, जहां संदिग्ध अवैध प्रवासी प्रत्यावर्तित किए जाने तक नजरबंद रहेंगे, भारत में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के दौरान सीमा पर रोके गए अवैध प्रवासियों को उसी समय वहां से वापस भेजना आदि शामिल हैं।

प्रिंट मीडिया और फिल्मों में आपत्तिजनक दृश्य/सामग्री

3115. **श्री गोरखनाथ पाण्डेय:**

श्री ए.टी. नाना पाटील:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रिंट मीडिया और फिल्मों के माध्यम से हिंसा/अश्लीलता/आपत्तिजनक दृश्य/सामग्री का चित्रण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रकाश में आए ऐसे मामलों/शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का प्रिंट मीडिया/फिल्म-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का ऐसी आपत्तिजनक विषय-वस्तु को नियंत्रित करने के लिए नई संहिता लाने/मौजूदा अधिनियम/दिशानिर्देशों

में संशोधन करने और निगरानी तंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है जिससे बच्चों और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव को रोका जा सके;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाये गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) से (ङ) भारत में समाचारपत्रों और समाचार एजेंसियों के मानकों को बरकरार रखने व उनमें सुधार लाने तथा प्रैस के बीच स्व-विनियमन के सिद्धांतों को आत्मसात कराने के उद्देश्य से प्रैस परिषद अधिनियम, 1978 के अंतर्गत भारतीय प्रैस परिषद (पी.सी.आई.) नामक एक सांविधिक स्वायत्तशासी निकाय की स्थापना की गई है। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पी.सी.आई. ने प्रैस परिषद अधिनियम, 1978 की धारा 13(2)(ख) के अंतर्गत पत्रकारिता संबंधी आचरण के मानदंड तैयार किए हैं जिनमें पत्रकारिता के सिद्धांत व आचार शामिल हैं। "हिंसा को महिमामंडित न किया जाए" नामक विषय से संबंधित मानदंड 19 तथा "अश्लीलता व अभद्रता से परहेज किया जाए" नामक विषय से संबंधित मानदंड 17 को संलग्न विवरण-I में दिया गया है। प्रिंट मीडिया द्वारा इन मानदंडों का अनुपालन किया जाना चाहिए। प्रिंट मीडिया के अनुपालनार्थ वर्ष 2010 में पी.सी.आई. के 'पत्रकारिता संबंधी आचरण के मानदंड' का मौजूदा संस्करण जारी किया गया था। प्रिंट मीडिया में विषय-वस्तु, जिससे 'पत्रकारिता संबंधी आचरण के मानदंडों' का उल्लंघन होता है, के बारे में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर पी.सी.आई. द्वारा प्रैस परिषद अधिनियम, 1978 की धारा 14 के अंतर्गत न्यायनिर्णय किया जाता है।

गत तीन वर्षों के दौरान प्रिंट मीडिया में हिंसक/अश्लील विषय-वस्तु के विरुद्ध प्राप्त हुई शिकायतों और उन पर पी.सी.आई. द्वारा की गई कार्रवाई को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

जहां तक फिल्मों का संबंध है, हिंसा व अश्लीलता का चित्रण करने वाले कार्यक्रमों सहित सभी प्रकार की विषय-वस्तु का विनियमन चलचित्र अधिनियम, 1952 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों व विनियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। उक्त अधिनियम के अनुसार, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड फिल्मों की विषय-वस्तु का प्रमाणन करता है और तदनुसार फिल्मों के लिए प्रमाण-पत्र जारी करता है।

विवरण-I

19. हिंसा को महिमान्वित न किया जाए

(i) **आतंकवादी हमलों, सांप्रदायिक झगड़ों तथा दुर्घटनाओं के चित्र छापना**

आतंकवादी हमलों या सांप्रदायिक दंगों के बारे में समाचार देते समय मीडिया को चाहिए कि क्षत-विक्षत लाशों के चित्र या अन्य ऐसे चित्र प्रकाशित/प्रसारित न करे जिनसे आतंक अथवा घृणा फैले या लोगों में सांप्रदायिक भावना भड़के।

(ii) समाचारपत्र/पत्रकार हिंसा, सशस्त्र डकैतियों, आतंकवादी, गतिविधियों को इस प्रकार प्रस्तुत नहीं करेंगे जिससे अपराधकर्मियों के कृत्य, घोषणाएं तथा मृत्यु जनता की नजरों में महिमान्वित हो। समाचारपत्र असामाजिक तत्वों के साथ ऐसी भेंटवार्ताओं को प्रकाशित न करें जिनमें अपराधियों और उनकी गतिविधियों को महिमान्वित किया गया हो।

17. अश्लीलता तथा अशिष्टता से बचा जाए:

(i) समाचारपत्र/पत्रकार ऐसी कोई बात प्रकाशित नहीं करेंगे जो अश्लील, अशिष्ट अथवा जनता की सुरुचि के प्रतिकूल हो।

(ii) समाचारपत्र ऐसे विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेंगे जो अश्लील हों या जिनमें नग्न अथवा कामुक मुद्रा में प्रदर्शित किसी महिला की ओर पुरुषों की ललचाई दृष्टि आकर्षित होती हो जैसे कि वह स्वयं ही बिक्री के लिए कोई वाणिज्यिक वस्तु हो।

(iii) कोई चित्र अश्लील है या नहीं, इसका निर्णय तीन परीक्षाओं के आधार पर किया जाए, अर्थात:

(क) क्या यह अशिष्ट तथा अभद्र है?

(ख) क्या यह मात्र अश्लीलता की कृति है?

(ग) क्या इसका उद्देश्य केवल पैसा कमाने के लिए किशोरों की यौन भावनाओं को गुदगुदाना है जिनके बीच वह संचारित होगी? अर्थात् क्या यह वाणिज्यिक लाभ के लिए एक दूषित स्वार्थसाधन है?

अन्य संगत बात यह है कि क्या वह चित्र पत्रिका की विषय-वस्तु से संबंधित है। अर्थात क्या उसके प्रकाशन से कला, चित्रकारी, चिकित्सा शोध या यौन सुधार के संदर्भ में किसी महान् सामाजिक अथवा सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति होती है?

(iv) कोई छायाचित्र या कोई चित्रकला एक कलाकृति होती है और कलाकार को उसका चित्रण करने में कलात्मक स्वतंत्रता प्राप्त होती है। तथापि, इस बात को समझा जाना चाहिए कि पारखियों द्वारा किसी कलाकृति का रसास्वादन किया जाता है, उसके संबंध में निर्णय लिया जाता है और उसका मूल्यांकन किया जाता है। ऐसी चित्रकला के लिए किसी समाचारपत्र के पृष्ठ सर्वाधिक उपयुक्त स्थान नहीं हो सकता है।

(v) भूमंडलीकरण और उदारीकरण से मीडिया को यह लाइसेंस नहीं मिल जाता कि वह प्रेस की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करे तथा समाज के मूल्यों को कम करे। मीडिया सार्वजनिक उद्देश्य की एक विशिष्ट भूमिका निभाता है जिसके लिए उसे उन वाणिज्यिक धारणाओं से ऊपर उठना चाहिए जो अन्य उद्योगों तथा व्यापार द्वारा अपनाई जाती हैं। जहां तक उस भूमिका का संबंध है, मीडिया का एक कर्तव्य यह है कि वह हमारी सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक मूल्यों का संरक्षण करे और उन्हें आगे बढ़ाए।

(vi) समाचारपत्र में पाठकों के निजी प्रश्नों का उत्तर देने वाले 'नितांत व्यक्तिगत' जैसे स्तंभ जनता की शालीनता का उल्लंघन करने वालीं या जनता की मानसिकता को भ्रष्ट करने वाली घोर अरुचिकर प्रस्तुतियां न बन जाएं।

(vii) प्रेस का यह प्रयास होना चाहिए कि व्यापकत: समाज के मानदंडों, न कि मात्र कुछेक मानदंडों, के अनुरूप कवरेज का सुनिश्चियन किया जाए। यह भी हमारा दायित्व है कि संस्कृति व मानकों के ह्रास को रोका जाए और समाज की मन:स्थिति व विचार प्रक्रिया को ढालने में अपनी पहुंच व प्रभाव के साथ प्रेस एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

(viii) भारतीय पाठक काफी अधिक परिपक्व है और वह अच्छी पत्रकारिता की पहचान करने में सक्षम है तथा दीर्घकाल में 'तथाकथित लोकप्रिय अनुज्ञात्मकता' का संवर्धन करके पश्चिम की नकल करने के प्रयास से समाचारपत्र के प्रसार को बढ़ाने के बुनियादी उद्देश्य को पूरा करने में विफलता मिल सकती है।

(ix) समाचारपत्र अपने लेखन के जरिए लेकिन समाचारों या छायाचित्रीय साक्ष्य के प्रतिबंधित प्रस्तुतिकरण में समुचित सावधानी बरतते हुए सार्वजनिक स्थलों में होने वाले अनैतिक कार्यकलापों को उजागर कर सकता है।

विवरण-II

वर्ष 2009-2010 के दौरान हिंसा/अश्लील/आपत्तिजनक तस्वीरों (चित्रों) से संबंधित मामलों का विवरण

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
1.	श्री बिपिन राजगोपाल, बैंगलोर	इण्डियन टूडे	यौन सर्वेक्षणों का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 22-04-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रेस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
2.	श्री विनिल कपूर, फरीदाबाद	द टाइम्स ऑफ इण्डिया	अश्लील तस्वीरों (चित्रों) का प्रकाशन	परिषद के पत्र के तहत मई, 2009 में शिकायतकर्ता से प्रेस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम,

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
				1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
3.	श्रीमती नीतू, औरंगाबाद	अनेक समाचारपत्र	अश्लील विज्ञापनों का प्रकाशन	पत्ते के अभाव के कारण प्रकरण को समाप्त कर दिया गया है।
4.	श्री एन.जी. वागले, मुम्बई	फ्री प्रेस जर्नल, मुम्बई	अश्लील विज्ञापनों का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 22-05-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
5.	श्री अजगर अली तेली	नई दुनिया	अश्लील विज्ञापनों का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 22-04-2009 के पत्र के तहत जून, 2009 में शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
6.	श्री ए.के. जैन, गुड़गांव	द हिन्दुस्तान टाइम्स	अश्लील विज्ञापनों का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 12-06-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
7.	श्री सोमाशेखर सास्वतुला, आन्ध्र प्रदेश	विभिन्न समाचार-पत्र	अश्लील/फोटोग्राफों विज्ञापनों का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 01-07-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
8.	अध्यक्ष, वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन, भोपाल	नवभारत	अश्लील और अभद्र विज्ञापनों का प्रकाशन	प्रकरण परिषद् की जांच समिति के सम्मुख रखने के लिए तैयार है।
9.	श्री अमिताभ यश, लखनऊ	विभिन्न समाचार-पत्र	अशिष्ट विज्ञापनों का प्रकाशन	सामग्री को दिनांक 07 सितम्बर, 2009 को आयोजित परिषद की बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। कार्यवृत्त का सार अनुलग्नक-"क" में संलग्न है।
10.	श्री आर.बी. नर्वेकर, कोल्हापुर	समाचारपत्र एवं टीवी	अश्लील चित्र का प्रकाशन	परिषद के पत्र के तहत शिकायतकर्ता जुलाई, 2009 में प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
11.	श्री चन्द्र मोहन दुआ, कीर्ति नगर, दिल्ली	नवभारत टाइम्स	अश्लील चित्र का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 23-07-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
12.	श्रीमती रेक्स जूलियाना	पंजाब केसरी	समाचार में अश्लील और अशिष्ट भाषा का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 02-08-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
13.	श्री नारायन मातल, दिल्ली	हिन्दुस्तान	अश्लील चित्र का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 19-08-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रैस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
14.	श्री सुख देओ सिंह, राजस्थान	राजस्थान पत्रिका	अश्लील चित्र का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 19-08-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रेस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
15.	श्री बद्री प्रसाद उनियाल, नई टिहरी	दैनिक जागरण एवं अन्य	अश्लील चित्र का प्रकाशन	परिषद के दिनांक 16-08-2009 के पत्र के तहत शिकायतकर्ता से प्रेस परिषद (पूछताछ के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया था। अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
16.	श्री एन.वी. रामकिशन, केरल	फायर मैगजीन	पूरी पत्रिका में अश्लील फोटोग्राफों का प्रकाशन	प्रकरण परिषद् की जांच समिति के सम्मुख रखने के लिए तैयार है।
17.	श्री जगन प्रसाद, एम.एल.ए., आगरा-02	श्री योगेन्द्र वार्षणेय, जर्नलिस्ट	मारने की धमकी दी गई	चार्टर से बाहर होने के कारण 23-12-2009 को बंद कर दिया गया।
18.	श्री राम सिंह एवं अन्य, बूरारी, दिल्ली	बूरारी टाइम्स	पत्रकारिता की आड़ में भयादोहन और धमकियों के संबंध में।	कार्रवाई जारी हैं।
19.	श्री डी. वेंकाटेशन, चेन्नई-14	आउटलुक	राष्ट्रीय झंडे का अपमान	मामला चेन्नई में 27-02-2012 को जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध किया गया।

वर्ष 2010-2011 के दौरान हिंसा/अश्लील/आपत्तिजनक तस्वीरों (चित्रों) से संबंधित मामलों का विवरण

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
1.	श्री कुलदीप बावा, शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी, पंजाब की अपने अधिवक्ता के द्वारा	मुख्य संपादक, रोजाना स्पोक्समैन	महिला का शरीर दर्शाते हुए प्रकाशन	जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध करने के लिए यह मामला तैयार हैं।
2-10.	जनरल सैक्ट्री, जस्ट सोसायटी, कोलाहपुर की पुलिस उप आयुक्त (इंर्फोसमेंट) के द्वारा	1. मिड डे 2. मुम्बई मिर्र, 3. टाइम्स ऑफ इण्डिया	मसाज पार्लर के आपत्तिजनक विज्ञापन का प्रकाशन	जारी न रखने पर 11.05 2011 को समाप्त।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
		4. हिन्दुस्तान टाइम्स 5. डी.एन.ए. 6. हमारा महानगर 7. नवभारत टाइम्स 8. पुदारी 9. लोकसत्ता		
11.	डॉ. जोरा सिंह, अध्यक्ष देश भगत ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट, पंजाब	टाइम्स ऑफ इण्डिया	अशिष्ट चुटकुलों का प्रकाशन	नई दिल्ली में 30-01-2012 को जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध।
12.	मुस्लिम कम्युनिटी ऑफ बिलारी की श्री आर. नीसार अहमद, अवर सचिव, भारत सरकार, बैंगलौर के द्वारा	कन्नडा प्रभा	सांप्रदायिक तनाव संबंधी समाचार का प्रकाशन	जारी न रखने पर 31-03-2011 को बंद कर दी गई।
13.	विंग कमांडर, एस.सी. कपूर (रिटर्यड), नोएडा	द टाइम्स ऑफ इण्डिया	आपत्तिजनक कार्टून का प्रकाशन	जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध किये जाने के लिए यह मामला तैयार हैं।
14.	श्री ओएश खान, भोपाल	दैनिक भास्कर	आपत्तिजनक तस्वीर (चित्र) का प्रकाशन	अहिंसक होने पर 05-08-2010 को बंद कर दी गई।
15.	श्री. एस.वी. मनी, चेन्नई-600 044	टाइम्स ऑफ इण्डिया	अश्लील और अभद्र समाचार का प्रकाशन	चेन्नई में 27-02-2012 को जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध।
16.	श्री पंकज नारंग, पुणे, महाराष्ट्र	पुणे मिर्र	अश्लील फोटोग्राफों का प्रकाशन	जारी न रखने पर 30-05-2011 को बंद कर दी गई।
17.	वोमेन ऑफ उदीप की उप आयुक्त, कर्नाटक सरकार, उदीप	इण्डिया टुडे	एक महिला का अशिष्ट फोटोग्राफ।	चेन्नई में 27-02-2012 को जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध।
18.	श्रीमती अनिता वर्मा सिंह, सदस्य सचिव, यूपी एस्टेट वोमेन कमीशन, लखनऊ की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय	टाइम्स ऑफ इण्डिया	टाइम्स ऑफ इण्डिया 'लखनऊ टाइम्स' पत्रिका में अश्लील तस्वीरों (चित्रों) का प्रकाशन	लखनऊ में 26-03-2012 को जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध।
19.	श्रीमती ममता और अन्य जयपुर (राजस्थान)	ईवनिंग पोस्ट	असंयमित और अभद्र समाचार प्रकाशित करने के संबंध में	जारी न रखने पर 23-01-2012 को बंद कर दी गई।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
20.	सुश्री प्रतिभा नैथानी, मुम्बई	आउटलुक	अभिनेत्री याना गुप्ता के अश्लील चित्र प्रकाशन	जांच समिति के सम्मुख सूचीबद्ध करने के लिए यह मामला तैयार हैं।
21.	श्री महेश कुमार फॉम्बले, पंचशील नगर	1. पुदारी 2. लोकमत	अभद्र विज्ञापनों का प्रकाशन	23-01-2012 को जारी न रखने पर बंद कर दी गई।
22.	अध्यक्ष, हमारी संस्कृति, मुम्बई की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के द्वारा	मीडिया	अश्लीलता के प्रकाशन के संबंध में।	क्षेत्राधिकार से बाहर होने पर 7-03-2011 को बंद कर दी गई।
23.	श्री के.सी. रवि, संस्थापक, दिल्ली विकास संस्था, करोल बाग, नई दिल्ली-05	नवभारत टाइम्स	अश्लील विज्ञापन और लेख	कार्रवाई चल रही है।
24.	श्री पार्था सरकार, कलकत्ता-700 063	कोलकता टीवी	वाणिज्यिक उद्देश्य से राष्ट्रीय ध्वज का दुरुपयोग।	क्षेत्राधिकार से बाहर होने पर 10-05-2011 को बंद कर दी गई।

वर्ष 2011-2012 के दौरान हिंसा/अश्लील/आपत्तिजनक तस्वीरें (चित्रों) से संबंधित मामलों का ब्यौरा

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
1.	श्री रंजीत मेनन, अभिनेत्री, 31/10 हबीबुलाह रोड, चेन्नई।	इलैक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया	नित्यानंद परमहंस के साथ अश्लील वीडियो/ फोटोग्राफों का प्रकाशन/ प्रसारण	न्यायाधीन होने के कारण 12-05-2011 को बंद कर दी गई।
2-4.	श्री साईमन जोसेफ	1. टाइम्स ऑफ इण्डिया 2. हिन्दुस्तान टाइम्स 3. मिड-डे	अश्लीलता और अभद्रता के प्रकाशन के संबंध में	जारी न रखने पर 14-02-2012 को बंद कर दी गई।
5.	श्री सुरेन्द्र त्यागी, एम्स, नई दिल्ली	टाइम्स ऑफ इण्डिया	अश्लील चित्रों का प्रकाशन	जारी न रखने पर 14-02-2012 को बंद कर दी गई।
6-7.	श्री मनीष बापना, नोएडा (उत्तर प्रदेश)	1. टाइम्स ऑफ इण्डिया 2. हिन्दुस्तान टाइम्स	अश्लील और अभद्र फोटोग्राफों का प्रकाशन	जारी न रखने पर 05-03-2012 को बंद कर दी गई।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
8.	डॉ. राम प्रकाश शर्मा, सी-4/331, सेक्टर-6, रोहिणी, दिल्ली-85	नवभारत टाइम्स	अशिष्ट विज्ञापन का प्रकाशन	जांच विनियम, 1979 की अपेक्षापूर्ण करने के लिए शिकायतकर्ता को 12-10-2011 को अनुस्मारक भेजा गया। जारी न रखने पर 9-02-2012 को बंद कर दी गई।
9.	श्री अवतार सिंह, 2315ए, सेक्टर 19सी, चंडीगढ़	मीडिया	अशिष्ट विज्ञापन का प्रकाशन	जारी न रखने पर 9-02-2012 को बंद कर दी गई।
10-11.	श्री एस.पी. राजवत, जयपुर।	1. हिन्दुस्तान टाइम्स 2. हिन्दू	एंबलम ऑफ इण्डिया (भारतीय संप्रतीक) के उल्लंघन में डी.ए.वी.पी. द्वारा जारी विज्ञापन का प्रकाशन	कार्रवाई चल रही हैं।
12.	श्री गुरमीत सिंह, द्वारका, नई दिल्ली	टाइम्स ऑफ इण्डिया	अश्लील और व्यस्क फोटोग्राफ का प्रकाशन	जारी न रखने पर 2-03-2012 को बंद कर दी गई।
13.	श्री रविन्द्र द्विवेदी, ठाणे-401 104 (मुम्बई)।	टाइम्स ऑफ इण्डिया	महिला के अश्लील फोटोग्राफों का प्रकाशन	ठोस न होने पर 25-01-2012 को बंद कर दी गई।
14-15.	श्री रविन्द्र द्विवेदी, ठाणे-401 104	1. जन कल्याण 2. टाइम्स ऑफ इण्डिया	पूनम पांडे के अर्धनग्न फोटोग्राफ का प्रकाशन	ठोस न होने पर 14-02-2012 को बंद कर दी गई।
16.	सुश्री प्रतीभा नेथानी, बोरीवली (वेस्ट), मुम्बई	टाइम्स ऑफ इण्डिया, बाम्बे टाइम्स	अश्लील फोटो का प्रकाशन	ठोस न होने पर 10-01-2012 को बंद कर दी गई।
17.	श्री रविन्द्र द्विवेदी, ठाणे-401 104	नवभारत टाइम्स	अभद्रता का प्रकाशन	ठोस न होने पर 06-03-2012 को बंद कर दी गई।
18.	श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग, जिला मुज्जफरनगर (उत्तर प्रदेश)	अमर उजाला	अश्लील/अभद्र फोटोग्राफों और विज्ञापन का प्रकाशन	शिकायतकर्ता को परिषद् के पत्र दिनांक 19-01-2012 के द्वारा परिषद् की जांच प्रक्रिया, 1979 को पूर्ण करने का अनुरोध किया गया था किन्तु अभी तक उनका कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
19.	श्री हरीश दीवान, सफदरगंज इन्क्लेव, नई दिल्ली-21	टाइम्स ऑफ इण्डिया	पूनम पांडे के वक्तव्य और टाइम्स ऑफ इण्डिया द्वारा प्रकाशित अश्लील/अभद्र फोटोग्राफों के संबंध में	शिकायतकर्ता को परिषद् के पत्र दिनांक 27-01-2012 के द्वारा परिषद् की जांच प्रक्रिया, 1979 को पूर्ण करने का अनुरोध किया गया था किन्तु अभी तक उनका कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

क्र.सं.	शिकायतकर्ता	प्रतिवादी	विषय	की गई कार्रवाई/स्थिति
20-22.	श्री अनवर अली, अधिवक्ता, सिविल कोर्ट, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)	1. राष्ट्रीय सहारा 2. शाहफत 3. हिन्दुस्तान एक्सप्रेस	मुस्लिम युवाओं में धार्मिक कट्टरता से संबंध प्रकाशन सामग्री और अश्लील एवं आपत्तिजनक विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में।	कार्रवाई चल रही है।

फिल्मों की गुणवत्ता

3116. **श्री दत्ता मेघे:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में निर्मित की जा रही फिल्मों की घटिया गुणवत्ता के बारे में चिंतित है;

(ख) यदि हां, तो फिल्मों की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान निर्मित हिंदी और क्षेत्रीय फिल्मों की संख्या का भाषा-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है; और

(ङ) यदि हां, तो उक्त रिपोर्ट के परिणाम क्या रहे?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सी.बी.एफ.सी.) चलचित्र अधिनियम, 1952 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों व दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार फिल्मों का प्रमाणन करता है।

(ग) वर्ष 2009, 2010 और 2011 के दौरान सी.बी. एफ.सी. द्वारा प्रमाणित हिंदी व क्षेत्रीय भाषिक फिल्मों की संख्या संलग्न विवरण में दी गई है।

(घ) सचिव (सूचना एवं प्रसारण) की अध्यक्षता में कोई समिति गठित नहीं की गई है।

(ङ) उपर्युक्त (घ) के उत्तर के मद्देनजर लागू नहीं।

विवरण

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

दिनांक 01-01-2009 से 31-12-2009 तक प्रमाणित भारतीय फीचर फिल्में (क्षेत्र-वार, भाषा-वार (सैलूलॉयड फिल्में)

क्र. सं.	भाषा	मुंबई	कोलकाता	चेन्नई	बैंगलूर	तिरूवनंतपुरम	हैदराबाद	नई दिल्ली	कटक	गुवाहाटी	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	हिन्दी	163	-	16	10	3	41	2	-	-	235
2.	मराठी	99	-	-	-	-	-	-	-	-	99
3.	गुजराती	62	-	-	-	-	-	-	-	-	62
4.	तमिल	7	-	146	2	9	26	-	-	-	190
5.	पंजाबी	15	-	-	-	-	-	-	-	-	15
6.	बंगाली	5	75	-	-	-		-	4	-	84

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
7.	भोजपुरी	60	3	-	-	-	1	-	-	-	64
8.	अंग्रेजी	8	-	-	-	-	-	1	-	-	9
9.	तेलूगु	12	-	27	6	2	171	-	-	-	218
10.	कन्नड	2	-	-	175	-	-	-		-	177
11.	नेपाली	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1
12.	राजस्थानी	4	-	-	-	-	-	1	-	-	5
13.	हरियाणवी	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1
14.	असमी	1	-	-	-	-	-	-	-	4	5
15.	मलयालम	1	-	1	4	77	11	-	-	-	94
16.	राजवंशी	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
17.	नागपुरी	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
18.	ओडिया	-	1	-	-	-	-	-	16	-	17
19.	मैथिली	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
20.	संथाली	-	1	-	-	-	-	-	1	-	2
21.	कोडवा	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1
22.	सांबलपुरी	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1
23.	मिशिंग	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1
24.	कोंकणी	3	-	-	1	-	-	-	-	-	4
	कुल	444	83	190	199	91	250	4	22	5	1288

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

दिनांक 01-01-2009 से 31-12-2010 तक प्रमाणित भारतीय फीचर फिल्में (क्षेत्र-वार, भाषा-वार (सैलूलॉयड फिल्में)

क्र. सं.	भाषा	मुंबई	कोलकाता	चेन्नई	बैंगलूर	तिरूवनंतपुरम	हैदराबाद	नई दिल्ली	कटक	गुवाहाटी	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	हिन्दी	167	-	11	5	1	30	1	-	-	215
2.	**मराठी**	116	-	-	-	-	-	-	-	-	**116**

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
3.	भोजपुरी	65	1	-	-	-	-	1	-	-	67
4.	गुजराती	62	-	-	-	-	-	-	-	-	62
5.	तेलुगु	20	-	33	7	2	119	-	-	-	181
6.	बंगाली	4	102	1	-	-	-	-	3	-	110
7.	उड़िया	1	1	-	-	-	-	-	24	-	26
8.	मैथिली	-	1	-	-	-	1	-	-	-	2
9.	तमिल	18	-	160	2	7	15	-	-	-	202
10.	कन्नड	-	-	-	143	-	-	-	-	-	143
11.	मलयालम	2	-	-	-	92	10	-	-	1	105
12.	नेपाली	-	-	-	-	-	-	1	-	-	1
13.	हरियाणवी	3	-	-	-	-	-	1	-	-	4
14.	पंजाबी	15	-	-	-	-	-	-	-	-	15
15.	अंग्रेजी	7	1	-	-	-	-	-	-	-	8
16.	छत्तीसगढ	3	-	-	-	-	-	-	-	-	3
17.	अंगिका	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1
18.	राजस्थानी	2	-	-	-	-	-	-	-	-	2
19.	कोडवा	-	-	-	2	-	-	-	-	-	2
20.	कोंकणी	2	-	-	-	-	-	-	-	-	2
21.	दखनी	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1
22.	तुलु	-	-	-	2	-	-	-	-	-	2
23.	असमी	-	-	-	-	-	-	-	-	4	4
	कुल	489	106	205	161	102	175	4	27	5	1274

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

दिनांक 01-01-2011 से 31-12-2011 तक प्रमाणित भारतीय फीचर फिल्में (क्षेत्र-वार, भाषा-वार (सैलूलॉयड फिल्में)

क्र. सं.	भाषा	मुंबई	कोलकाता	चेन्नई	बैंगलूर	तिरूवनंतपुरम	हैदराबाद	नई दिल्ली	कटक	गुवाहाटी	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	हिन्दी	166	2	7	2	-	28	-	-	1	206
2.	मराठी	107	-	-	-	-	-	-	-	-	107

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
3.	तेलुगु	12	-	44	8	10	118	-	-	-	192
4.	तमिल	14	1	150	7	3	10	-	-	-	185
5.	कन्नड	-	-	1	137	-	-	-	-	-	138
6.	बंगाली	9	110	-	-	-	-	-	3	-	122
7.	मलयालम	3	-	-	2	84	6	-	-	-	95
8.	भोजपुरी	69	3	-	-	-	-	2	1	-	74
9.	गुजराती	59	-	-	-	-	-	-	-	-	59
10.	ओरिया	-	1	-	-	-	-	-	37	-	38
11.	पंजाबी	8	-	-	-	-	-	-	-	-	8
12.	असमी	1	-	-	-	-	-	-	-	6	7
13.	अंग्रेजी	5	-	-	-	-	1	-	-	-	6
14.	राजस्थानी	5	-	-	-	-	-	-	-	-	5
15.	हरियाणवी	2	-	-	-	-	-	1	-	-	3
16.	दखनी	2	-	-	-	-	-	-	-	-	2
17.	मालवी	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1
18.	म्यारी	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1
19.	तुलु	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1
20.	सुर्यापुरी	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
21.	कोंकणी	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1
22.	उर्दू	-	-	-	-	-	1	-	-	-	1
23.	मणिपुरी	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1
24.	डोग्री	-	-	-	-	-	-	1	-	-	1
	कुल	462	118	202	159	97	164	4	41	8	1255

डेयरी विकास

3117. **श्री वीरेन्द्र कुमार:**

श्री प्रेमचन्द्र गुड्डू:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मध्य प्रदेश सहित देश में डेयरी विकास कार्यकलापों से संबंधित व्यय में बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है; **और**

(ग) 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान **कृषि विकास कार्यकलापों**

पर कुल व्यय की तुलना में डेयरी विकास कार्यकलापों पर कितना प्रतिशत व्यय किया गया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) से (ग) योजना आयोग ने बताया है कि 12वीं पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया गया और पंचवर्षीय योजना में राज्य-वार आवंटन नहीं किया गया है। तथापि, इस विभाग की डेयरी विकास परियोजनाओं के लिए 12वीं योजना के पहले वर्ष अर्थात् 2012-13 के दौरान बजट प्रावधान 392.00 करोड़ रुपए है जो 11वीं योजना के दौरान औसत वार्षिक बजट की अपेक्षा काफी अधिक है।

[अनुवाद]

डी.एम.एस. द्वारा डेयरी उत्पादों की बिक्री

3118. **श्रीमती रमा देवी:**

श्री एस. अलागिरी

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली दुग्ध योजना (डी.एम.एस.) बूथ मांग के अनुसार डेयरी उत्पादों की बिक्री करते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) डी.एम.एस. बूथों द्वारा बिक्री किए जाने वाले दुग्ध और अन्य उत्पादों की औसत बिक्री का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन दुग्ध उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) दिल्ली दुग्ध योजना तरल दुध की मांग पूरा करने के बाद अधिशेष दूध से डेयरी उत्पाद तैयार करती है। इस समय डी.एम.एस. अपने डेयरी उत्पादों की मांग को पूरा कर रही है।

(ग) विगत दो वर्षों के दूध और अन्य उत्पादों की औसत बिक्री का संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) डी.एम.एस. खुद के निर्मित सभी दुग्ध उत्पादों की बिक्री करने में सक्षम है।

विवरण

वर्ष 2010-11 और 2011-12 के दौरान दुग्ध और दुग्ध उत्पादों की बिक्री को दर्शाने वाला ब्यौरा

दूध और दुग्ध उत्पाद	2010-11	2011-12
	औसत बिक्री प्रतिदिन	औसत बिक्री प्रतिदिन
दूध (लाख ली. में)	3.13	3.07
दुग्ध उत्पाद		
घी (ली. में)	1386	1535
बटर (किलोग्रा. में)	114	137
फ्लेवर्ड मिल्क (200 मि.ली. बोतल की सं.)	414	198
दही (100 ग्रा. वाले कप/कुल्हड की संख्या)	470	457
दही (200 ग्रा. वाले कप/कुल्हड़ की संख्या)	227	296
छाछ (200 मिली पाउच की सं.)	438	452
पनीर (किग्रा. में)	107	121

ग्रामीण भंडारण योजना

3119. **श्री एम.के. राघवन:**

श्रीमती मीना सिंह:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार और केरल सहित देश में ग्रामीण भंडारण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक भंडारण क्षमता सहित सुविधाओं के सृजन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) योजना के अंतर्गत वृद्धि की गई भंडारण क्षमता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान गोदामों के निर्माण हेतु केरल और बिहार सहित विभिन्न राज्यों को कितनी राजसहायता/निधियां जारी की गई;

(घ) क्या सरकार विभिन्न राज्यों में और अधिक ग्रामीण गोदाम का निर्माण करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) ग्रामीण भंडारण योजना के अंतर्गत वर्ष 2001 में स्कीम की शुरूआत से 29 फरवरी, 2012 तक देश में 310.29 लाख मीट्रिक टन की कुल क्षमता वाले 27110 गोदामों की संस्वीकृत किया गया है। बिहार और केरल सहित ग्रामीण गोदामों की राज्य-वार प्रगति का ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर दी गई है।

(ग) से (ङ) ग्रामीण भंडारण योजना स्कीम उद्यम आधारित है और मांग में अनुकूल है। अतः परियोजनाएं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.) द्वारा प्रस्तावों की प्राप्ति के आधार पर संस्वीकृत की जाती हैं। केरल और बिहार के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान स्कीम के अंतर्गत उद्यमों हेतु निर्मुक्त राजसहायता का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर दिया गया है।

विवरण-I

ग्रामीण गोदाम स्कीम की प्रगति दर्शाने वाला ब्यौरा

(20.2.2012 की तिथि तक स्थिति-समग्र)

(वास्तविक)

क्र.सं.	राज्य/अन्य	परियोजना की संख्या	क्षमता टन में
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	1197	4577016
2.	अरुणाचल प्रदेश	1	945
3.	असम	198	347577
4.	बिहार	791	242087
5.	छत्तीसगढ़	382	1136740
6.	गोवा	3	290
7.	गुजरात	7546	2355157
8.	हरियाणा	1534	3096434
9.	हिमाचल प्रदेश	56	8122
10.	जम्मू और कश्मीर	5	6751

1	2	3	4
11.	झारखण्ड	6	8597
12.	कर्नाटक	2982	1988085
13.	केरल	166	63467
14.	मध्य प्रदेश	1937	3815220
15.	महाराष्ट	2657	3803551
16.	मेघालय	15	12499
17.	मिजोरम	1	756
18.	नागालैण्ड	2	250
19.	ओडिशा	296	559334
20.	पंजाब	1488	3348626
21.	राजस्थान	1045	704385
22.	तमिलनाडु	1439	745908
23.	उत्तर प्रदेश	840	2790277
24.	उत्तराखंड	182	397661
25.	पश्चिम बंगाल	2340	1018103
26.	त्रिपुरा	1	996
	कुल	27110	31028834

विवरण-II

ग्रामीण भंडारण योजना के अंतर्गत निर्मुक्त राजसहायता

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	राज्य	2009-10	2010-11	2011-12 (फरवारी 2012 तक)
		राजसहायता निर्मुक्त	राजसहायता निर्मुक्त	राजसहायता निर्मुक्त
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	743.79	604.5381	3253.3219
2.	असम	176.882	124.5728	140.1172
3.	बिहार	131.8875	96.0915	163.8565

1	2	3	4	5
4.	छत्तीसगढ़	209.285	147.673	335.006
5.	गुजरात	832.0889	1556.2393	1834.7297
6.	हरियाणा	1062.012	1632.6383	1344.3897
7.	हिमाचल प्रदेश	2.9726	0	0
8.	जम्मू और कश्मीर	0.833	8.85	0
9.	झारखंड	2.041	0	12.659
10.	कर्नाटक	676.5377	785.8758	1889.4872
11.	केरल	27.7177	23.2623	32.5194
12.	मध्य प्रदेश	1192.849	508.2957	798.2543
13.	महाराष्ट्र	543.2415	1453.9525	2868.8355
14.	मेघालय	5.8026	32.985	0
15.	मिजोरम	2.5198	0	0
16.	ओडिशा	142.2336	58.4154	276.9456
17.	पंजाब	0.6255	0.9808	3.1252
18.	राजस्थान	308.849	367.7069	360.8431
19.	तमिलनाडु	253.1149	121.9735	338.4675
20.	उत्तर प्रदेश	312.7313	385.1547	332.6773
21.	उत्तराखंड	92.263	193.058	372.833
22.	पश्चिम बंगाल	326.6222	201.7328	315.8162
23.	त्रिपुरा	0	0	4.15
	कुल	7046.895	8304.0012	14678.0343

[हिन्दी]

खेल अकादमियों के लिए निधियां

3120. **श्री देवराज सिंह पटेल:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात सहित राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही खेल अकादमियों के नामों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार राज्यों में चल रही कतिपय खेल अकादमियों को प्रोत्साहन/प्रचालन हेतु राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता/निधियों का प्रतिशत प्रदान करती है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार और खेल-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) गुजरात सहित राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही खेल अकादमी संघ सरकार के कार्यक्षेत्र में नहीं आती।

(ख) से (घ) संघ सरकार राज्य सरकारों द्वारा स्थापित खेल अकादमियों की स्थापना या रखरखाव के लिए निधियां उपलब्ध नहीं कराती। तथापि, खेल विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2011-12 में शहरी खेल अवसंरचना योजना नामक एक प्रायोगिक स्कीम लागू की है। इस स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारें, स्थानीय सिविक निकाय, कॉलेज, विश्वविद्यालय और खेल नियंत्रण बोर्ड, खेल अवसंरचना जैसे बहुउद्देशीय हाल, जिमनाजियम, एथलेटिक ट्रैक, हॉकी टर्फ, फुटबॉल मैदान आदि के सृजन के लिए समुचित सहायता के पात्र हैं।

[अनुवाद]

सोने की हॉलमार्किंग

3121. **श्री किसनभाई वी. पटेल:**

श्री प्रदीप माझी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्वर्ण आभूषणों की शुद्धता के लिए क्या मानक बनाए गए है;

(ग) क्या सरकार आंकलन और हॉलमार्क केन्द्रों की स्थापना के लिए आभूषण विक्रेताओं को प्रोत्साहन दे रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा स्वर्ण आभूषण हेतु प्रचालन लाइसेंसों की संख्या सहित मान्यता प्राप्त आंकलन और हॉलमार्क केन्द्रों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उपभोक्ताओं में हॉलमार्क स्वर्ण के बारे में प्रोत्साहन और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) जी, नहीं, वर्तमान में स्वर्णाभूषणें की हॉलमार्किंग स्वैच्छिक प्रकृति की है।

(ख) भारतीय मानक ब्यूरो ने मानक आई.एस. 1417 : 1999 'स्वर्ण और स्वर्ण मिश्रित धातुएं, आभूषण/कलाकृतियां - शुद्धता और चिह्नांकन विनिर्देशन' प्रतिपादित किया है। यह स्वर्णाभूषण/कलाकृतियों के निर्माण में उनके स्वर्ण अंश के आधर पर स्वर्ण की नौ श्रेणियों को विनिर्देशित करता है। ये श्रेणियां निम्नलिखित हैं:-

श्रेणी	न्यूनतम शुद्धता	कैरेट
शुद्ध स्वर्ण	999	-
मानक स्वर्ण	995	-
958.3	958	23
916.6	916	22
875	875	21
750	750	18
708	708	17
585	585	14
375	375	9

(ग) जी, नहीं।

(घ) जिन उद्यमियों का आभूषण व्यापार के साथ संपर्क नहीं है, उनको एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना के लिए दिए गए वित्तीय प्रोत्साहन नीचे दिए गए हैं:

हॉलमार्किंग को प्रोत्साहित करने और देश भर में इसको प्रसारित करने के लिए केन्द्रीय सहायता से प्रयोगिक आधार पर 35 चुनिंदा जिलों में स्वर्णाभूषणों के लिए एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना की एक स्कीम सरकार द्वारा 5.75 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ 10वीं पंचवर्षीय योजना के तहत नवम्बर, 2005 में अनुमोदित की गई थी। स्कीम को 10.50 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ ग्यारहवीं योजना में जारी रखा गया था।

एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्र की स्थापना की कुल लागत के प्रतिशत के रूप में उद्यमियों को दी जाने वाली सहायता की दर निम्ननुसार है:-

क्षेत्र	दर	
	निजी उद्यमी के लिए	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के लिए
सामान्य	30%	50%
पूर्वोत्तर/विशेष श्रेणी के राज्य/ग्रामीण क्षेत्र	50%	75%

आज की तारीख तक स्वर्णाभूषण के लिए 9253 लाइसेंस प्रचलन में हैं। स्वर्णाभूषण के लिए प्रचलित लाइसेंसों की राज्यवार सूची संलग्न विवरण-I पर और स्वर्ण-हालमार्किंग/एसेइंग केन्द्रों की राज्य-वार सूची संलग्न विवरण-II में दी गई है।

(ङ) देश में हॉलमार्किंग को प्रोत्साहित करने के लिए, भारतीय मानक ब्यूरो जौहरियों/उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम और इलैक्ट्रानिक और प्रिंट मीटिया के जरिए प्रचार कर रहा है।

विवरण-I

देश में राज्यवार स्वर्णाभूषणों के लिए प्रचालन लाइसेंसों की संख्या

राज्य	प्रचालन स्वर्ण-लाइसेंसों की संख्या
1	2
आन्ध्र प्रदेश	659
अरुणाचल प्रदेश	0
असम	66
बिहार	217
छत्तीसगढ़	46
गोवा	15
गुजरात	1040
हरियाणा	148
हिमाचल प्रदेश	61
जम्मू और कश्मीर	31
झारखंड	129
कर्नाटक	615
केरल	1179
मध्य प्रदेश	119
महाराष्ट्र	1393
मणिपुर	0
मेघालय	0
मिजोरम	0
नागालैंड	0
ओडिशा	297
पंजाब	202
राजस्थान	204
सिक्किम	0
तमिलनाडु	933
त्रिपुरा	22
उत्तराखंड	0
उत्तर प्रदेश	213
पश्चिमी बंगाल	1050
संघ राज्य क्षेत्र	
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	10
चण्डीगढ़	89
दादरा व नगर हवेली	5
दमन और दीव	4
पुडुचेरी	27
दिल्ली	479
लक्षद्वीप	0
कुल	9253

विवरण-II

एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की राज्यवार संख्या

क्र.सं.	राज्य	स्थान	मान्यताप्राप्त केन्द्रों की संख्या		
			केन्द्रीय सहायता के बिना	केन्द्रीय सहायता प्राप्त	कुल
1	2	3	4	5	6
	कर्णाटक				
1.		बंगलौर	8	0	8
2.		मंगलौर	1	0	1
3.		मैसूर	3	1	4
4.		हुबली	0	1	1
5.		टिपटूर	0	1	1
6.		हसन	0	1	1
	केरल				
7.		कालीकट	5	0	5
8.		कोचीन (एर्नाकुलम)	6	0	6
9.		कन्नूर	1	0	1
10.		कोट्टयम	1	1	2
11.		त्रिचूर	7	0	7
12.		त्रिवेन्द्रम	3	0	3
13.		कोल्लम	1	1	2
14.		एल्लपी	0	1	1
15.		पाल्लकाड	1	0	1
16.		थिरुवल्ला	1	0	1
17.		थेलेसरी	0	1	1
	आन्ध्र प्रदेश				
18.		हैदराबाद	3	0	3
19.		विजयवाड़ा	2	1	3

1	2	3	4	5	6
20.		विशाखापत्तनम	0	1	1
21.		सिकन्दराबाद	2	0	2
22.		गूंटूर	0	1	1
23.		भीमावरण	0	1	1
24.		तेनाली		1	1
	तमिलनाडु				
25.		चेन्नई	14	0	14
26.		कोयम्बतूर	10	0	10
27.		मदुरै	3	1	4
28.		सेलम	1	2	3
29.		तिरूचिरापल्ली	1	0	1
30.		नागरकोइल	2	0	2
31.		त्रिची	1	0	1
32.		कुड्डालोर	1	0	1
	गुजरात				
33.		अहमदाबाद	8	0	8
34.		राजकोट	1	0	1
35.		सूरत	1	0	1
36.		बड़ोदरा	1	0	1
37.		अन्जार, कच्छ	0	1	1
38.		जूनागढ़	1	0	1
	महाराष्ट्र				
39.		मुंबई	17	0	17
40.		पुणे	3	0	3
41.		ठाणे	0	1	1
42.		कल्याण	1	0	1

1	2	3	4	5	6
43.		नासिक	1	0	1
	गोवा				
44.		पणजी	0	1	1
	पश्चिमी बंगाल				
45.		कोलकाता	10	0	10
46.		सालगाचिया	0	1	1
	ओडिशा				
47.		भुवनेश्वर	1	1	2
	झारखण्ड				
48.		जमशेदपुर	0	1	1
	बिहार				
49.		पटना	0	1	1
	नई दिल्ली				
50.		नई दिल्ली	18	0	18
	मध्य प्रदेश				
51.		इन्दौर	1	0	1
52.		जबलपुर	0	1	1
53.		भोपाल	0	1	1
	राजस्थान				
54.		जयपुर	2	1	3
55.		जोधपुर	0	1	1
56.		उदयपुर	0	1	1
	उत्तर प्रदेश				
57.		मेरठ	1	1	2
58.		कानपुर	1	1	2
59.		लखनऊ	0	1	1

1	2	3	4	5	6
	पंजाब				
60.		लुधियाना	1	1	2
61.		जालन्धर	0	1	1
62.		अमृतसर	0	1	1
63.		होशियारपुर	0	1	1
	चंडीगढ़				
64.		चंडीगढ़	1	1	2
	हरियाणा				
65.		अम्बाला	0	1	1
66.		पानीपत	0	1	1
	जम्मू और कश्मीर				
67.		जम्मू	0	1	1
		कुल	148	39	187

[हिन्दी]

कृषि आदानों की कीमत

3122. **श्री अनंत कुमार हेगड़े:**

श्री राजीव रंजन सिंह *उर्फ* ललन सिंह:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान बीजों, डीजल, उर्वरकों, कीटनाशकों की कीमतों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान उक्त आदानों की दर में किस हद तक वृद्धि हुई है; और

(ग) कृषि आदानों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) विगत तीन कृषि वर्षों (जुलाई से जून) के लिए कृषि आदानों हेतु थोक बिक्री मूल्य के सूचकांक के वार्षिक औसत (आधार 2004-05+100) के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं।

वर्षिक औसत (जुलाई से जून)	उर्वरक	विद्युत (कृषि उपयोग)	कीटनाशक	गैर विद्युत मशीनरी	ट्रैक्टर	लुब्रीकेन्ट	डीजल आयल (एचएसडीओ)	डीजल आयल (एडीओ)
2011-12*	135.20	133.80	115.16	121.87	137.40	234.36	167.80	253.44
2010-11	119.19	127.15	113.62	118.99	127.88	200.28	153.86	208.66
2009-10	110.02	118.14	111.42	116.45	123.31	177.78	138.09	172.45
2008-09	106.88	114.57	110.76	111.86	117.58	176.01	133.81	159.33

स्रोत: *आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय*

*मार्च 2012 तक

(ग) खेती की बढ़ती हुई आदान लागत के प्रभाव का संतुलन उस न्यूनतम समर्थन मूल्य को सुनिश्चित करने के माध्यम से किया जाता है जो किसानों के पूंजी निवेश पर पर्याप्त मुनाफा प्राप्त करने के लिए उन्हें मदद करता है। केन्द्र सरकार की एजेंसियां तथा राज्य स्तरीय निकाये बाजार में अपने प्रापण संचालनों के माध्यम से विशेषकर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उस समय अपने उत्पाद बेचने में किसानों की सहायता करते हैं जब उस जिन्स के लिए बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हो जाते हैं। सरकार कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में सुधार लाने तथा तत्पश्चात खेती की लागत को कम करने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकीयों तथा कृषि व्यवसायों तथा एकीकृत कीट प्रबंधन, एकीकृत पोषाहार प्रबंधन, अभियान्त्रिकी, जल संरक्षण आदि को भी बढ़ावा देती है तथापि सरकार अनेक कार्यक्रमों यथा राष्ट्रीय बागवानी मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को सहायता के माध्यम से खेती की आर्थिक संभाव्यता में भी सुधार करती है।

[अनुवाद]

पशुपालन विकास

3123. **श्री रमेन डेका:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान असम में पशुपालन विकास हेतु जारी निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का असम में उपर्युक्त क्षेत्र के अंतर्गत नई योजना आरम्भ करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ये योजनाएं किसानों के लिए हद तक लाभाकारी हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) विगत तीन प्रत्येक वर्षो के दौरान असम में पशुपालन क्षेत्र के विकास के लिए जारी निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) योजना आयोग ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए पशुपालन और डेयरी पर कार्यदल गठित किया है जिसने 12वीं पंचवर्षीय योजना में पशुपालन क्षेत्र पर अधिक बल देने की सिफारिश की है।

(घ) पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजना से किसानों को लाभ हुआ है और इसके परिणामस्वरूप पशुधन उत्पादन और उत्पादकता तथा नस्लों के विकास और संरक्षण में वृद्धि हुई है।

विवरण

विगत प्रत्येक तीन वर्ष के दौरान विभिन्न केन्द्रीय और केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत असम को जारी धनराशि

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	योजना के नाम	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5
	पशुपालन			
	केन्द्रीय प्रायोजित			
1.	राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना	614.41	74.08	728.21
2.	कुक्कुट विकास			
	(क) ग्रामीण घरेलू कुक्कुट विकास	0.00	157.33	0.00
	(b) कुक्कुट उद्यम पूंजीगत कोष	25.00	2.50	29.27
3.	पशुधन के संकटाधीन नस्लों का संरक्षण	0.00	28.50	0.00

1	2	3	4	5
4.	केन्द्रीय प्रायोजित चारा और आहार विकास योजना	0.00	0.00	218.20
5.	पशुधन बीमा योजना	50.00	148.50	200.00
6.	एकीकृत नमूना सर्वेक्षण	3.30	5.00	10.00
7.	पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण			
	(क) पशुधन रोग नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता	0.00	0.00	404.74
	(ख) राष्ट्रीय पशुप्लेग अनुमूलन कार्यक्रम	0.00	15.00	15.00
	(ग) पशुचिकित्सा अस्पतालों व दवाखानों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण	0.00	872.00	978.00
	(घ) राष्ट्रीय ब्रुशलोसिस नियंत्रण कार्यक्रम	0.00	0.00	338.30
	(ङ) राष्ट्रीय पशुरोग रिपोर्टिंग प्रणाली	0.00	4.00	0.00
	(च) एवियन इंफ्लूएंजा को तैयारी नियंत्रण और रोकथाम	0.00	0.00	15.70
	केन्द्रीय क्षेत्र योजना			
8.	सूअर विकास		58.12	315.93

[हिन्दी]

कृषि योग्य भूमि

3124. **कुमारी सरोज पाण्डेय:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कृषि योग्य भूमि के क्षेत्रफल में वृद्धि करने के लिए कार्यान्वयनाधीन योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में राज्यों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता/पैकेज का राज्य-वार और योजनावार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक क्या उपलब्धि हासिल की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) भारत सरकार, कृषि मंत्रालय कृष्य/खेती योग्य भूमियों का क्षेत्र बढ़ाने के लिए कोई विशेष स्कीम/कार्यक्रम को बढ़ावा नहीं देती है। तथापि मृदा अपरदन और भूमि अवक्रमण को रोकने तथा भूमि की उत्पादकता में सुधार लाने के उद्देश्य से भारत सरकार, कृषि मंत्रालय पूरे देश में विभिन्न पनधारा विकासात्मक कार्यक्रम नामतः वर्षासिंचित क्षेत्रों हेतु राष्ट्रीय पनधारा विकास परियोजना, नदी घाटी परियोजना और बाढ़ प्रवण नदियों के आवाह क्षेत्र में मृदा संरक्षण, क्षारीय और अम्लीय भूमि का सुधार और विकास तथा झूम खेती क्षेत्रों में पनधारा विकास परियोजना कार्यान्वित कर रही है। पिछले तीन वर्षों (2008-11) में से प्रत्येक वर्ष तथा वर्ष 2011-12 के दौरान इन कार्यक्रम के अंतर्गत वास्तविक और वित्तीय उपलब्धियों का राज्यवार और स्कीमवार ब्यौरे संलग्न विवरण-I और II में दिए गए हैं।

विवरण-I

पनधारा विकास कार्यक्रम की राज्यवार, स्कीमवार और वर्षवार वास्तविक उपलब्धि को दर्शाने वाला ब्यौरा

वास्तविक क्षेत्र (हैक्टे. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	2008-09 के दौरान पनधारा विकास कार्यक्रम की वास्तविक उपलब्धि				2009-10 के दौरान पनधारा विकास कार्यक्रम की वास्तविक उपलब्धि			
		एनडब्ल्यूडी पीआरए	आरवीपी और एफपीआर	आरएडीएएस	डब्ल्यूडीपीए एससीए	एनडब्ल्यूडी पीआरए	आरवीपी और एफपीआर	आरएडीएएस	डब्ल्यूडीपीए एससीए
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आन्ध्र प्रदेश	400.00	591.45	125.44		74.42	722.08	2.37	0.00
2.	अरुणाचल प्रदेश	519.00	124.31		175.00	1408.65	184.19		175.00
3.	असम	300.00	79.03	135.00	600.00	0.00	143.56		700.00
4.	बिहार	6.19	61.08			220.85	36.84		
5.	छत्तीसगढ़	1198.52	304.81			765.60	305.80		
6.	गुजरात	963.44	2369.92	869.26		1475.73	1025.01	135.00	
7.	हरियाणा	190.73	296.18	180.00		222.85	302.88	120.00	
8.	हिमाचल प्रदेश	633.31	1098.40			399.99	751.08		
9.	झारखंड	871.03	1169.31			823.20	51.51		
10.	जम्मू और कश्मीर	543.00	2748.86			250.52	2337.97		
11.	कर्नाटक	2248.29	1946.05			1250.55	1250.00		
12.	केरल	175.70	240.82			200.24	129.24		
13.	मध्य प्रदेश	3127.48	2252.77			2424.83	2694.54		
14.	महाराष्ट्र	1867.00	3459.99			1439.62	2456.91		
15.	मणिपुर	408.00	430.50		885.00	409.00	453.00		755.00
16.	मेघालय	628.00	39.00	38.55	550.00	1036.00	127.46		550.00
(ग) और (घ) हाल ही में, दिनांक 14 मार्च, 2012 को ओडिशा के कंधमाल जिले के दारिंगीबाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र से सी.पी.आई. (माओवादी) द्वारा दो स्थानीय युवकों सहित इटली के दो नागरिकों श्री पाओलो बोस्को तथा श्री क्लोडियो कोलंगेलों का अपहरण किया गया था। एक अन्य घटना में ओडिशा के कोरापुट जिले के तोयापुट गांव के पास लक्ष्मीपुर पुलिस थाना क्षेत्र से दिनांक 23-24 मार्च, 2012 की अर्धरात्रि को सी.पी.आई. (माओवादी) तथा चासी मुलिया आदिवासी संघ (एन.एल. गुट, सी.पी.आई. माओवादी का एक फ्रंट) के कार्यकर्ताओं द्वारा श्री झीना हिकाका, विधान सभा सदस्य, लक्ष्मीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का अपहरण कर लिया गया था।

(ङ) कानून एवं व्यवस्था राज्य के विषय होने के कारण, ऐसे मामलों को सीधे संबंधित राज्य सरकारें देखती हैं। तथापि, जब कभी राज्य सरकारों द्वारा अनुरोध किया जाता है, भारत सरकार उन्हें सभी संभव सहायता मुहैया करवाती है।

[अनुवाद]

फर्जी राशन कार्ड

3169. **श्री अब्दुल रहमानः**
श्री नीरज शेखरः
श्री हरीश चौधरीः
श्री यशवीर चौधरीः
श्री इज्यराज सिंहः
श्री ए.के.एस. विजयनः
श्रीमती श्रुति चौधरीः

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कुछ राज्यों में वी.आई.पी. के नाम पर फर्जी बी.पी.एल. राशन कार्ड जारी होने का पता चला है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस बारे में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने राज्यों को बी.पी.एल. तथा अन्त्योदय अन्न योजना (ए.ए.वाई.) के लाभान्वितों की सूची की समीक्षा करने तथा फर्जी कार्डो को कम करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लीकेज को कम करने के लिए एक कुशल व वास्तविक समय प्रबंधन सूचना प्रणाली लगाने का निदेश दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है तथा उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां यह प्रणाली सफलतापूर्वक काम कर रही है;

(ङ) सभी राज्यों में इस प्रणाली का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) जाली कोर्डो को कम करने के लिए पी.डी.एस. को सुचारू बनाने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (च) कुछ क्षेत्रों/राज्यों में जाली राशन कार्डो की मौजूदगी सहित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन में अनियमितताओं के बारे में रिपोर्टें मिली हैं। जब कभी व्यक्तियों और संगठनों तथा प्रैस रिपोर्टों के जरिए सरकार को ऐसी शिकायतें प्राप्त होती हैं तो इन्हें जांच और उचित कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भेजा गया है। प्राप्त शिकायतों के राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिए गए हैं। तथापि, अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वी.आई.पी.) के नाम पर गरीबी रेखा से नीचे का जाली राशन कार्ड जारी करने का ऐसा कोई मामला सरकार के ध्यान में नहीं आया है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001 के अनुसार राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अपात्र परिवारों के नाम काटने और पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के प्रयोजनार्थ प्रत्येक वर्ष गरीबी रेखा से नीचे और अंत्योदय अन्न योजना परिवारों की सूचियों की समीक्षा करनी होती है। जाली/अपात्र कार्डों को निरस्त करना और पात्र परिवारों को शामिल करना एक सतत् प्रक्रिया है और राज्य सरकारों को इसे आवधिक रूप से करना होता है।

इसके अलवा, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से परामर्श करते हुए 2006 में एक 9 सूत्री कार्य योजना तैयार की गई थी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ गरीबी रेखा से नीचे/

अंत्योदय अन्न योजना की सूचियों की लगातार समीक्षा करना और खाद्यान्नों का लीकेज मुक्त वितरण सुनिश्चित करने के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने सहित जाली/अपात्र राशन कार्डों को समाप्त करना शामिल है। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से यह अनुरोध भी किया गया था कि वे जाली/अपात्र राशन कार्ड जारी करने के लिए जिम्मेदार पाए गए सरकारी कर्मचारियों और ऐसे राशन कार्डों को रखने वाले परिवारों/व्यक्तियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई शुरू करें। सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अनुदेश जारी किए गए थे कि वे गरीबी रेखा से नीचे/अंत्योदय अन्न योजना परिवारों की मौजूदा सूचियों की समीक्षा करने और अपात्र/जाली राशन कार्डों को समाप्त करने के लिए अक्तूबर, 2009 से दिसम्बर, 2009 तक गहन अभियान चलाएं। सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को यह अनुदेश भी जारी किए गए हैं कि वे समाचार-पत्रों में विज्ञापन देकर जाली राशन कार्ड धारकों को जाली राशन कार्ड वापस करने के लिए चेतावनी जारी करें।

इसके परिणामस्वरूप 26 राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों ने सूचित किया है कि 31.03.2012 तक 248.05 लाख जाली/अपात्र राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। जुलाई, 2006 से मार्च, 2012 तक राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा निरस्त किए गए जाली/अपात्र राशन कार्डों की राज्य-वार संख्या बताने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

जहां तक जाली कार्डों को समाप्त करने और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन लीकेज को कम करने के लिए वास्तविक समय प्रबंधन सूचना प्रणाली क्रियान्वित करने का संबंध है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कंप्यूटरीकरण करने के लिए राशन कार्डों का डिजीटीकरण प्राथमिक कदम है ताकि लाभार्थियों की सही पहचान की जा सके जाली/अपात्र राशन कार्डों को समाप्त किया जा सके और लक्षित लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जिन्सों का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। आन्ध्र प्रदेश, अंडमान व निकोबार द्वीप-समूह, दमन और दीव, दिल्ली, कर्णाटक, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने सूचित किया है कि उन्होंने राशन कार्डों के डिजीटीकरण का काम पहले ही पूरा कर दिया है।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना और सरल बनाना एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में सुधार करने के लिए सरकार राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से नियमित रूप से अनुरोध करती रही है कि वे गरीबी रेखा से नीचे और अंत्योदय अन्न योजना परिवारों की सूचियों की लगातार समीक्षा करें, उचित दर दूकानों पर समय से खाद्यान्नों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करें, विभिन्न स्तरों पर अधिक मॉनिटरिंग और सतर्कता लायें तथा संशोधित नागरिक अधिकार-पत्र अपनाएं और विभिन्न स्तरों पर लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रचालनों का कंप्यूटरीकरण जैसी नई प्रौद्योगिकियां लागू करें तथा उचित दर दुकानों की सक्षमता में सुधार करें।

विवरण-I

2010 से 2012 तक (31.03.2012 तक) व्यक्तियों, संगठनों और मीडिया रिपोर्टों आदि के जरिए विभाग में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संबंध में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा

क्र.सं..	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2010	2011	मार्च, 2012 तक
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	3	1	-
2.	अरुणाचल प्रदेश	2	2	-
3.	असम	1	1	-
4.	बिहार	13	6	3
5.	छत्तीसगढ़	5	1	-
6.	दिल्ली	37	16	14

1	2	3	4	5
7.	गोवा	1	-	इ
8.	गुजरात	3	2	2
9.	हरियाणा	24	7	3
10.	हिमाचल प्रदेश	-	4	-
11.	जम्मू और कश्मीर	3	-	2
12.	झारखंड	5	3	3
13.	कर्णाटक	2	1	1
14.	केरल	3	1	-
15.	मध्य प्रदेश	13	9	1
16.	महाराष्ट्र	5	8	3
17.	मणिपुर	-	1	-
18.	मेघालय	-	1	-
19.	नागालैंड	1	-	-
20.	ओडिशा	3	2	
21.	पंजाब	2	-	4
22.	राजस्थान	6	6	-
23.	सिक्किम	2	-	-
24.	तमिलनाडु	2	3	1
25.	उत्तराखंड	1	1	1
26.	उत्तर प्रदेश	33	68	22
27.	पश्चिम बंगाल	2	-	2
28.	चंडीगढ़	2	-	-
29.	पुडुचेरी	-	-	-
	जोड़	174	144	62

विवरण-II

जुलाई, 2006 से राज्य सरकारों/संघ राज्स क्षेत्र प्रशासनों द्वारा समाप्त किए गए बोग्स/ अपात्र राशन कोर्डो की संख्या दर्शाने वाला ब्यौरा

(31.03.2012 को अद्यतन)

क्र.सं..	राज्य	समाप्त किए गए बोगस/अपात्र राशन कोर्डो की संख्या (लाख में)
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	27.27
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.05
3.	असम	0.56
4.	बिहार	1.60
5.	छत्तीसगढ़	5.62
6.	दिल्ली	16.32
7.	गुजरात	8.64
8.	हरियाणा	0.03
9.	हिमाचल प्रदेश	0.03
10.	झारखंड	0.65
11.	कर्णाटक	30.19
12.	केरल	0.00 &&
13.	मध्य प्रदेश	24.97
14.	महाराष्ट्र	54.07
15.	मेघालय	0.00 *
16.	मिजोरम	0.02
17.	ओडिशा	5.07
18.	राजस्थान	0.03
19.	सिक्किम	0.01
20.	तमिलनाडु	3.97
21.	उत्तर प्रदेश	9.04
22.	उत्तराखंड	0.16
23.	पश्चिम बंगाल	59.67 (व्यक्तिगत कार्ड)
24.	चण्डीगढ़	0.08
25.	लक्षद्वीप	0.00$
26.	पुडुचेरी	0.00**
	जोड़	248.05

वास्तविक आंकड़े && 114, *341, $ 300, **16 (नगण्य होने के कारण इन्हें शून्य दर्शाया गया है।)

पुलिसकर्मियों की तैनाती

3170. **श्री आनंद प्रकाश परांजपे:**

श्री यशवीर सिंह:

श्री असादूद्दीन ओवेसी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान अति विशिष्ट व्यक्तियों (वी.आई.पी.) की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या पुलिस अनुसंधान तथा विकास ब्यूरो (बी.पी.आर.डी.) ने हाल ही में देश में व्यक्तियों तथा वी.आई.पी. सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती के बारे में आंकड़े जारी किए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वी.आई.पी. तथा आम नागरिकों के बीच पुलिस बल की तैनाती को तर्कसंगत बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

खाद्य वस्तुओं में वायदा कारोबार

3171. **श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर:**
श्री राधा मोहन सिंह:
श्री अब्दुल रहमान:
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:
श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक:
श्री आनंद प्रकाश परांजपे:
श्री जोस के. मणि:
श्री जी.एम. सिद्देश्वर:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कमोडिटी एक्सचेंजों में व्यापार की जाने वाली खाद्य वस्तुओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने गेहूं, दालों तथा तिलहनों सहित उक्त वस्तुओं के वायदा व्यापार का उनके हाजिर मूल्यों पर प्रभाव का मूल्यांकन किया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त मूल्यांकन किया है;

(घ) क्या सरकार का खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए उनके वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा वायदा कारोबार में पारदर्शिता लाने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) कमोडिटी एक्सचेंजों में व्यापारित खाद्य वस्तुओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) वस्तु भावी सौदा बाजार के विनियामक वायदा बाजार आयोग ने, अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 के उपबंधों के तहत 'गेहूं, चीनी, दालें और ग्वार में वायदा व्यापार का किसानों पर प्रभाव' नामक एक अध्ययन कार्य वर्ष 2008 में भारतीय प्रबंधन संस्थान, बंगलौर को सौंपा था। हालांकि, अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य यह पता लगाना था कि वायदा व्यापार इन वस्तुओं की मुख्य श्रृंखला में प्रमुख पणधारियों की किस प्रकार मदद कर रहा है, यह इन वस्तुओं के मूल्यों पर वायदा व्यापार के प्रभाव को भी दर्शाता है। इस अध्ययन से भावी सौदा व्यापार और मूल्य संचलन के बीच स्पष्ट संपर्क का पता नहीं चला और यह सुझाव दिया गया कि मूल्य परिवर्तनों के मुख्य कारण से इन मूल्य सिद्धांतों में परिवर्तन (मुख्यत: आपूर्ति पक्ष पर) होते हैं। सरकार ने प्रो. अभिजीत सेन, सदस्य योजना आयोग की अध्यक्षता के तहत एक विशेषज्ञ समिति भी गठित की है। अध्ययन रिपोर्ट से पता चलता है कि विश्लेषित आंकड़ों से भावी व्यापार के कारण स्पॉट मूल्यों के उतार-चढ़ाव में कमी अथवा वृद्धि का कोई स्पष्ट पता नहीं चलता है।

(घ) और (ङ) केन्द्र सरकार का, किसी ऐसी खाद्य वस्तु के भावी-सौदा व्यापार पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव नहीं है जिसका वर्तमान फ्यूचर्स एक्सचेंजों में व्यापार किया जा रहा है। जैसाकि उपर्युक्त प्रश्न (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लेख किया गया है, वायदा व्यापार वस्तुओं में मूल्य वृद्धि में योगदान नहीं देता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2009-10 (जुलाई, 2010) की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह भी निष्कर्ष निकाला है कि वायदा व्यापार भारत में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में किसी भी प्रकार की वृद्धि का कारण नहीं था।

(च) वायदा बाजार आयोग वस्तु भावी सौदा बाजार को विनियमित करता है, जो मूल्य खोज और मूल्य जोखिम प्रबंधन के लिए एक तंत्र है। अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 के तत्वावधान के तहत पांच राष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंज स्थापित किए गए हैं जिनका ऑन लाइन व्यापार और कम्प्यूटरीकृत निकासी और निपटान तंत्र है जो उच्च स्तर की पारदर्शिता को सुनिश्चित करता है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, वायदा बाजार आयोग सदस्यों के अनिवार्य पंजीकरण, अपने ग्राहक के मानकों की पहचान और ग्राहकों तथा सदस्यों आदि के पृथक बैंक खातों का भी निर्धारण करता है।

विवरण

वस्तु एक्सचेंजों में व्यापारित खाद्य मदों की सूची

क्र.सं.	वस्तु का नाम
1	2
क.	**कृषिजन्य वस्तुएं**
(क)	**खाद्य वस्तुएं**
1.	जौ
2.	चना
3.	आलू

1	2
4.	चीनी
5.	गेंहू
(ख)	**अन्य खाद्य वस्तुएं:**
6.	बादाम
7.	इलायची
8.	लाल मिर्च
9.	कॉफी
10.	कच्चा पाम आयल
11.	गुड़
12.	धनिया
13.	सोयाबीन/बीज
14.	इसबगोल/बीज
15.	रिफाइंड सोया तेल
16.	कच्ची घानी/सरसों का तेल
17.	जीरा
18.	काली मिर्च
19.	हल्दी
20.	नारियल तेल
21.	मूंगफली
22.	सुपारी
23.	यैलो पीज
24.	रेपसीड/सरसों
25.	आर.बी.डी. पामोलीन

भारतीय खेल प्राधिकरण के केन्द्रों में कोच

3172. **श्री के.सी. सिंह 'बाबा':** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण में उपलब्ध स्थायी तथा अस्थायी कोच की केन्द्रवार संख्या कितनी है और इनमें कितने कोच नियोजित हैं;

(ख) भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा नियुक्त महिला कोचों की केन्द्रवार संख्या कितनी है;

(ग) क्या वर्तमान वर्ष के दौरान नए कोचों की भर्ती की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) इस समय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 1133 नियमित कोच हैं, जिनमें से महिलाओं कोचों की संख्या 173 है तथा अनुबंध आधार पर 141 कोच हैं जिनमें से महिला कोचों की संख्या 32 है। कोचों का केन्द्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर तथा महिला कोचों का केन्द्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर दिया गया है।

(ग) और (घ) नियमित आधार पर कोचों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। प्रथम चरण में, प्रविष्टि ग्रेड अर्थात ग्रेड III में 100 कोचों की भर्ती की जानी है।

विवरण-I

भारतीय खेल प्राधिकरण में केन्द्रवार कोचों की संख्या (नियमित और अनुबंधित) का ब्यौरा

साई पश्चिमी केन्द्र, गांधी नगर

क्र. सं.	राज्यों के नाम	नियमित कोच	अनुबंधित कोच	कुल
1	2	3	4	5
1.	गुजरात	27	01	28
2.	राजस्थान	49	00	49

1	2	3	4	5
3.	महाराष्ट्र	36	03	39
4.	गोवा	10	00	10
5.	दमन और दीव	02	00	02
	कुल	**124**	**04**	**128**
साई उत्तरी केन्द्र, सोनीपत				
1.	हरियाणा	69	07	76
2.	दिल्ली	95	05	100
	कुल	**164**	**12**	**176**
साई पूर्वोत्तर केन्द्र ईम्फाल				
1.	मणिपुर	31	19	50
2.	नागालैंड	02	04	06
	मिजोरम	00	07	07
	कुल	**33**	**30**	**63**
साई पूर्वोत्तर उप केन्द्र, गुवाहाटी				
1.	असम	23	17	40
2.	मेघालय	05	04	09
3.	सिक्किम	03	00	03
4.	अरुणाचल प्रदेश	00	02	02
	कुल	**31**	**23**	**54**
साई उत्तरी केन्द्र, चण्डीगढ़ और एन.आई.एस. पटियाला				
1.	पंजाब	154	14	168
2.	चंडीगढ़	30	00	30
3.	हिमाचल प्रदेश	37	00	37
4.	जम्मू और कश्मीर	19	00	19
	कुल	**240**	**14**	**254**

1	2	3	4	5
साई पूर्वी केन्द्र, कोलकाता				
1.	पश्मिच बंगाल	81	05	86
2.	अंडमान और निकाबार द्वीप समूह	03	01	04
3.	बिहार	21	01	22
4.	झारखंड	18	01	19
5.	ओडिशा	23	04	27
6.	त्रिपुरा	21	00	21
	कुल	**167**	**12**	**179**
साई उप केन्द्र, लखनऊ				
1.	उत्तर प्रदेश	62	09	71
2.	उत्तराखंड	24	03	27
	कुल	**86**	**12**	**98**
साई केन्द्रीय क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल				
1.	मध्य प्रदेश	43	11	54
2.	छत्तीसगढ़	09	01	10
	कुल	**52**	**12**	**64**
साई दक्षिणी केन्द्र, बंगलुरू				
1.	आन्ध्र प्रदेश	54	05	59
2.	कर्णाटक	76	05	81
3.	तमिलनाडु	36	02	38
4.	केरल	61	10	71
5.	पुडुचेरी	09	00	09
	कुल	**236**	**22**	**258**

विवरण-II

भारतीय खेल प्राधिकरण में केन्द्रवार महिला कोचों की संख्या (नियमित और अनुबंधित) का ब्यौरा

साई पश्चिमी केन्द्र, गांधी नगर

क्र.सं.	राज्य का नाम	नियमित कोच	अनुबंधित कोच	कुल
1	2	3	4	5
1.	गुजरात	05	00	05
2.	राजस्थान	03	00	03
3.	महाराष्ट्र	05	00	05
4.	गोवा	01	00	01
5.	दमन और दीव	00	00	00
	कुल	**14**	**00**	**14**
साई उत्तरी केन्द्र, सोनीपत				
1.	हरियाणा	07	04	11
2.	दिल्ली	23	01	24
	कुल	**30**	**05**	**35**
साई पूर्वोत्तर केन्द्र, ईम्फाल				
1.	मणिपुर	08	05	13
2.	नागालैंड	00	00	00
3.	मिजोरम	00	01	01
	कुल	**08**	**06**	**14**
साई पूर्वोत्तर उप केन्द्र, गुवाहाटी				
1.	असम	03	04	07
2.	मेघालय	00	01	01
3.	सिक्किम	00	00	00
	कुल	**03**	**05**	**08**
साई उत्तरी केन्द्र, चंडीगढ़ और एन.आई.एस. पटियाला				
1.	पंजाब	27	05	32

1	2	3	4	5
2.	चंडीगढ़	13	00	13
3.	हिमाचल प्रदेश	12	00	12
4.	जम्मू और कश्मीर	04	00	04
	कुल	**56**	**05**	**61**
साई पूर्वी केन्द्र कोलकाता				
1.	पश्चिम बंगाल	11	01	12
2.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	00	00	00
3.	बिहार	02	00	02
4.	झारखंड	03	00	03
5.	ओडिशा	02	01	03
6.	त्रिपुरा	02	00	02
	कुल	**20**	**02**	**22**
साई उप केन्द्र, लखनऊ				
1.	उत्तर प्रदेश	09	03	12
2.	उत्तराखंड	03	00	03
	कुल	**12**	**03**	**15**
साई केन्द्रीय क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल				
1.	मध्य प्रदेश	05	02	07
2.	छत्तीसगढ़	01	01	02
	कुल	**06**	**03**	**09**
साई दक्षिणी केन्द्र, बंगलुरू				
1.	आन्ध्र प्रदेश	05	00	05
2.	कर्णाटक	07	01	08
3.	तमिलनाडु	05	00	05
4.	केरल	06	02	08
5.	पुडुचेरी	01	00	01
	कुल	**24**	**03**	**27**

अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा

3173. **श्री ओम प्रकाश यादव** : क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए जेड स्तरीय सुरक्षा सहित सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ख) क्या वी.आई.पी. की सुरक्षा के लिए मंजूरी संख्या से अधिक सुरक्षा कार्मिकों की तैनाती की जानकारी मिली है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें जेड सुरक्षा सहित सुरक्षा प्रदान की गई है और उस पर गत तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष में राज्य-वार कितना व्यय हुआ है;

(घ) क्या जिन लोगों को ऐसी सुरक्षा प्रदान की गई है वे भी व्यय के अंश का वहन करते हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और व्यय की वसूली सहित व्यय को घटाने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ग) व्यक्तियों को, सुरक्षा एजेन्सियों द्वारा किए गए आकलन के अनुसार उनके लिए खतरे की आशंका के आधार पर अथवा उनके द्वारा धारित पदों के संबंध में खतरे के आकलन के आधार पर सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। सुरक्षा निर्धारित अनुदेशों एवं नियमों के अनुसार प्रदान की जाती है, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रदान किए गए सुरक्षा कवर के वर्गीकरण के आधार पर सुरक्षा कवर के विशिष्ट घटकों को मुहैया कराने के लिए तैनात किए जाने वाले सुरक्षा कर्मियों की संख्या निर्धारित है। सुरक्षा एजेन्सियों से अथवा राज्य सरकारों से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती ऐसी कोई रिपोर्ट इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) से (ङ) जहां तक केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले सुरक्षा कवर का संबंध है, ऐसी सुरक्षा पर होने वाले व्यय के किसी हिस्से को सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति द्वारा वहन नहीं किया जाता है। तथापि, चूंकि सुरक्षा कवर पूर्णरूपेण खतरे के आकलन के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है और यह आवधिक समीक्षा के अधीन होता है, इसलिए कभी-कभी उन मामलों में, जहां सुरक्षा में कमी की जाती है या वापस ले ली जाती है, वहां व्यय में परिणामी कमी होती है।

[हिन्दी]

यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. के अंतर्गत अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता

3174. **श्री खिलाड़ी लाल बैरवा:**

श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) के लघु तथा मध्यम नगरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.) हेतु आबंटन राशि को बढ़ाने का है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) की दूसरी तथा परवर्ती किस्तें जारी कर दी हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या केन्द्र सरकार का विचार 15 यू.आई.डी.एस. एस.एम.टी. परियोजनाओं के लिए 109.01 करोड़ रुपये जारी करने का है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार डी.पी.आर. की तैयारी पर 12 नगर निगमों द्वारा खर्च किए गए 2.07 करोड़ रु. की प्रतिपूर्ति करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) छोटे और मझोले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.) के अंतर्गत स्वीकृत 808 परियोजनाओं के लिए 11373 करोड़ रु. की कुल केंद्रीय वचनबद्धता में से, 465 परियोजनाओं के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को संलग्न विवरण के अनुसार 3014.63 करोड़ रु. की दूसरी और अंतिम किस्त जारी की जा चुकी है।

(घ) से (च) चूंकि स्कीम की मिशन अवधि दिनांक 31-03-2012 को पूर्ण हो चुकी है, अत: यू.आई.डी.एस. एस.एम.टी. के अंतर्गत तत्पश्चात कोई नवीन परियोजना स्वीकृत नहीं की जा सकती है।

विवरण

यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी किस्तें

राज्य का नाम	परियोजनाओं की संख्या जिनके लिए दूसरी किस्त जारी की गई है	अब तक जारी दूसरी किस्त की राशि (करोड़ रु.)
आन्ध्र प्रदेश	79	944.1
अरुणाचल प्रदेश	9	17.71
असम	10	28.81
छत्तीसगढ़	4	67.36
गुजरात	47	151.97
हरियाणा	2	29.13
हिमाचल प्रदेश	5	8.08
कर्नाटक	28	211.15
मध्य प्रदेश	13	46.86
महाराष्ट्र	77	739.78
पुडुचेरी	1	15.67
पंजाब	1	19.82
राजस्थान	15	37.52
सिक्किम	5	17.97
तमिलनाडु	98	213.8
त्रिपुरा	3	27.60
उत्तर प्रदेश	55	367.20
पश्चिम बंगाल	13	70.10
कुल	465	3014.63

[अनुवाद]

मानव दुर्व्यापार

3175. **डॉ. अनूप कुमार साहा:**
श्री रमाशंकर राजभर:
श्री माणिकराव होडल्या गावित:
श्री प्रदीप माझी:
श्री घनश्याम अनुरागी:
श्री वरुण गांधी:
श्री अधलराव पाटील शिवाजी:
श्री गजानन ध. बाबर:

श्री किसनभाई वी. पटेल:

श्रीमती मेनका गांधी:

श्री धर्मेन्द्र यादव:

श्री ई.जी. सुगावनम:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय दंड सहिता में 'बाल शोषण' शब्द को परिभाषित किया गया है ताकि इस अपराध को स्पष्टता प्रदान की जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार मानव दुर्व्यापार के मामले में शामिल पाए गए ट्रेवेल एजेंटों के लिए कठोर दांडिक उपबंध अधिनियमित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार देश में और अधिक मानव दुर्व्यापार रोधी इकाइयों की स्थापना करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है सरकार द्वारा उक्त इकाइयों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) भारतीय दण्ड संहिता 1860 में "बाल-शोषण" शब्द को परिभाषित करने वाला कोई विशिष्ट उपबंध नहीं है। तथापि, भारतीय दण्ड संहिता में अनेक कठोर प्रावधान हैं जो "बाल-शोषण" के अलग-अलग रूपों से निपटने के लिए लागू हैं।

इन धाराओं के लिए अवयस्क शब्द को, पुरुष के मामले में 16 वर्ष तथा महिला के मामले मे 18 वर्ष के रूप में परिभाषित किया गया है।

धारा	339	-	सदोष अवरोध
धारा	340	-	सदोष परिरोध
धारा	360	-	निर्यात हेतु अपहरण
धारा	361	-	विधिसम्मत संरक्षक से अपहरण
धारा	364क	-	फिरौती के लिए अपहरण
धारा	363	-	अपहरण के लिए सजा
धारा	363क	-	भिक्षावृत्ति के लिए अवयस्क का अपहरण अथवा उसे विकलांग बनाना
धारा	366	-	विवाह के लिए मजबूर करने हेतु अपहरण
धारा	366क	-	अवयस्क लड़कियों की खरीद
धारा	367	-	दासता के लिए अपहरण
धारा	372 और 373	-	वैश्यावृत्ति के लिए अवयस्कों की खरीद-फरोख्त

(ग) और (घ) पर्यटन मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार, स्टेक होल्डरों से व्यापक परामर्श करने के पश्चात, इनबाउण्ड टूर आपरेटर, एडवेंचर टूर आपरेटर, ट्रेवल एजेन्ट, डोमेस्टिक टूर आपरेटर और टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट आपरेटर की श्रेणी के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा मान्यता दिए जाने संबंधी दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया है ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक पर्यटन संबंधी आचार संहिता में समाहित किया जा सके तथा आवेदक के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा उनके अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके।

(ङ) और (च) जी, हां। गृह मंत्रालय ने वर्ष 2010-11 में 115 मानव-दुर्व्यापार-रोधी इकाईयों (ए.एच.टी.यू.) की स्थापना करने के लिए 8.72 करोड़ रुपए की निधियां जारी की हैं। 140 इकाइयों की स्थापना पहले ही की जा चुकी है। 110 और मानव दुर्व्यापार-रोधी इकाइयों की स्थापना करने के लिए वर्ष 2011-12 में 8.338 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

"पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय होने के कारण मानव-दुर्व्यापार के अपराधों की रोकथाम करने तथा उनसे निपटने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है। तथापि, भारत सरकार ने गृह मंत्रालय में दुर्व्यापार-रोधी नोडल प्रकोष्ठ की स्थापना करके, गृह मंत्रालय की सहभागिता से इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (आई.जी.एन.ओ.यू.) द्वारा मानव-दुर्व्यापार विषय पर प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम आयोजित करके और समेकित मानव दुर्व्यापार रोधी-इकाइयों की स्थापना तथा प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण द्वारा विधि प्रवर्तन कार्रवाई को सुदृढ़ बनाने संबंधी एक व्यापक योजना का कार्यान्वयन करके मानव-दुर्व्यापर का मुकाबला करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भी दुर्व्यापार पीड़ितों सहित कठिन परिस्थितियों में

फंसी महिलाओं के लिए शार्ट-स्टे होम्स, स्वाधार होम्स जैसे आश्रय आधारित गृहों का संचालन करता है।

[हिन्दी]

कृषि सर्वेक्षण

3176. **श्री दिनेश चन्द्र यादव:**

श्री खगेन दास:

श्री राजीव रंजन सिंह *उर्फ* ललन सिंह:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में हाल ही में कोई कृषि सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके निष्कर्ष क्या रहे;

(ग) सरकार द्वारा उस पर क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गयी है;

(घ) क्या सरकार का विचार कृषि सुधार प्रक्रिया के भाग के तौर पर आर्थिक सर्वेक्षण की तर्ज पर अगले वित्तीय वर्ष से वार्षिक कृषि सर्वेक्षण करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) कृषि मंत्रालय ने भारतीय कृषि की स्थिति 2011-12 पर एक रिपोर्ट तैयार की है तथा इसे संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत कर दिया गया है। इस रिपोर्ट को कृषि एवं सहकारिता विभाग की बेवसाइट www.agricoop.nic.in पर भी अपलोड किया गया है। इस रिपोर्ट में प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रचार-प्रसार द्वारा कम उत्पादकता वाले क्षेत्रों में पैदावार के अंतर को भरने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, जो सक्षम आपूर्ति एवं कार्य पद्धति तथा कृषि अनुसंधान एवं विकास को सुदृढ़ तथा पुर्न-अभिमुखीकृत करके उच्च उत्पादकता वाले क्षेत्रों में उत्पादन सीमा में वृद्धि करने, क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने वर्षासिंचित क्षेत्रों को लक्षित करने, पूर्वी भारत में राज्यों के विकास पर जोर आदि के साथ मिलाया जा सकता है। जनसंख्या के बढ़ते हुए दबाव तथा कृषि योग्य भूमि की घटती हुई प्रति व्यक्ति उपलब्धता के साथ, भू-उत्पादकता के साथ सामंजस्य स्थापित किए बिना फसलीय तीव्रता में वृद्धि करने की आवश्यकता है। उत्पादकता में बढ़ोत्तरी करने के लिए, गुणवत्ता बीजों, उर्वरकों, कीटनाशकों, सिंचाई जैसे आदानों की आसान एवं विश्वस्त पहुंच; विशिष्ट अपेक्षाओं के लिए प्रद्धत उपयुक्त प्रौद्योगिकी तक पहुंच, सक्षम एवं प्रभावी रूप से बहुसंख्यक छोटी जोतों से आदान को एकत्रित करने तथा उसका विपणन करने के लिए सहायता अंतर्संरचना एवं नवाचार विपणन पद्धतियों की उपस्थिति अपेक्षित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की घटती हुई हिस्सेदारी के साथ, कृषि पर जनसंख्या के क्रमिक उच्च दबाव तथा भू-जोतों के टुकड़ों में बढ़ोत्तरी जिसके परिणामस्वरूप प्रति परिवार खेती किए गए भू-क्षेत्र की उपलब्धता में कमी हुई है, ग्रामीण घरों की जीविका को बरकरार रखने के लिए केवल कृषि क्षेत्र मुश्किल से अतिरिक्त रोजगार अवसरों को सृजित करने की स्थिति में होगा। अत: इस रिपोर्ट में गैर-फार्म एवं विनिर्माण क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार अवसरों के सृजन पर जोर दिया गया है। इसमें लोगों के उपयुक्त कौशल विकास की आवश्यकता है ताकि सतत रूप से कृषि को व्यवहार्य बनाने के लिए गैर-कृषि क्रियाकलापों में उन्हें लाभप्रद रूप से तैनात किया जा सके।

(घ) और (ङ) यह तय किया गया है कि प्रति वर्ष, बजट से पूर्व, सरकार भारतीय कृषि की स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। कृषि मंत्रालय ने संसद के दोनों सदनों में 2011-12 के लिए पहले ही एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

[अनुवाद]

महिलाओं का पीछा करने के मामले

3177. **श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोड:**

श्री कपिल मुनि करवारिया:

डॉ. मन्दा जगन्नाथ:

श्री राम सुन्दर दास:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विशेषकर पीछा करने के मामलों के दोषसिद्धि की कम दर के मद्देनजर ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मुम्बई उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में पीछा करने के संबंध में कठोर कानूनों के अंगीकरण का सुझाव दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस बारे में क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) महिलाओं के विरुद्ध अपराध यथा बलात्कार, छेड़छाड़ तथा पीछा करने की घटनाओं के दोषसिद्धि की मामूली दर के मद्देनजर कठोर कानून लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग सहित विभिन्न संगठनों से प्राप्त सिफारिशों का ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (च) राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार, महिलाओं का पीछा करने वाले मामलों के केन्द्रीय स्तर पर पृथक रूप से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

"मुम्बई उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में मीरन बोरवांकर, महानिरीक्षक, राज्य सी.आई.डी. की संलिप्तता वाले मामले में दिए अपने निर्णय में महिलाओं का पीछा करने-रोधी कानूनों (एन्टी स्टाकिंग लाज) को अंगीकार करने का सुझाव दिया था।"

"बलात्कार कानून की समीक्षा करने संबंधी मुद्दों की जांच करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया था जिसने ड्राफ्ट" दण्डिक विधि (संशोधन) विधेयक, 2011 तैयार किया है।

"दिल्ली पुलिस ने, संकट में फंसी महिलाओं के लाभार्थ चौबीसों घण्टे प्रतिदिन (24x7) आधार पर एन्टी स्टाकिंग हेल्पलाइन 1096 आरम्भ की है।"

"राष्ट्रीय महिला आयोग (एन.सी.डब्ल्यू.) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, आयोग ने धारा 375, 376 और 304-ख में संशोधन किए जाने की सिफारिश की है। महिलाओं का पीछा करने को एक अपराध बनाए जाने के लिए आयोग ने एक नई धारा जोड़ने की भी सिफारिश की है।

[हिन्दी]

कृषि उत्पादन में गिरावट

3178. **श्री राम सुन्दर दास:**

श्री कपिल मुनि करवारिया:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अत्यधिक बाढ़ तथा सूखे के कारण कृषि क्षेत्र में उत्पादन तथा रोजगार अवसरों में गिरावट आई है; और

(ख) यदि हां, तो इन प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में उक्त समस्याओं से निबटने के लिए सरकार ने क्या कार्य-योजना तैयार की है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) प्राकृतिक आपदाओं सहित प्रकृति के उतार-चढ़ाव कृषि को प्रभावित करते हैं जो कृषि उत्पादन में कमी के द्वारा परिलक्षित होता है।

प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों के पास राज्य आपदा अभिक्रिया निधि (एस.डी.आर.एफ.) के अन्तर्गत निधियां उपलब्ध रहती हैं। कुल मिलाकर एस.डी.आर.एफ. से प्रभावित राज्यों (एस) द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत करने पर स्थापित प्रक्रिया के अनुसरण में राष्ट्रीय आपदा अभिक्रिया निधि (एन.डी.आर.एफ.) से अतिरिक्त सहायता पर विचार किया जाता है। इन निधियों से राहत सहायता प्रदान करने के लिए मदें एवं प्रतिमानक निर्धारित किए गए हैं।

रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) आरम्भ किया है।

कृषि एवं सहकारिता विभाग ने अत्यधिक अथवा कम वर्षा स्थिति में आवश्यक आकस्मिकता उपाय करने के लिए राज्य सरकारों को समर्थ बनाने के लिए "कृषि आकस्मिकता योजना" तैयार की है।

[अनुवाद]

कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

3179. **श्री के. सुगुमार:**

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण:

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा:

श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कृषि क्षेत्र उच्च जनसंख्या वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन दोनों के कारण दबाव में है;

(ख) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) ने तीन वर्षों के दौरान देश में खाद्यान्नों के उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) खाद्यान्न उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) बढ़ती हुई आबादी के लिए उच्च कृषि उत्पादन की जरूरत होंगी। इसके अलावा, कृषि उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव के बारे में भी रिपोर्ट मिली है।

(ख) और (ग) भा.कृ.अ.प. की जलवायु परिवर्तन नैटवर्क परियोजना (एन.पी.सी.सी.) के तहत किए गए भारतीय अध्ययनों से पता लगा है कि जलवायु परिवर्तन से वर्ष 2020 में समय पर बोई जाने वाली सिंचित गेहूं की पैदावार में लगभग 6% की कमी आएगी। पछेती और अत्यंत पछेती बुवाई वाले गेहूं में यदि अनुकूलन उपाय नहीं अपनाए गए तो पैदावार में 18% की अनुमानित कमी हो सकती है। इसी प्रकार, इस अध्ययन में 2020 तक चावल की पैदावार में 4-6 प्रतिशत, सिंचित खरीफ मक्का में 18 प्रतिशत तथा बारानी ज्वार में 2.5 प्रतिशत की कमी का अनुमान लगाया गया है।

(घ) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्रवाई योजना को हिस्से के रूप में कृषि एवं सहकारिता विभाग तथा कृषि अनुसंधान एवं शिक्षार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्टेकहोल्डरों सहित राज्य सरकारों के साथ परामर्श से टिकाऊ कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.एस.ए.) पर मिशन दस्तावेज तैयार किया गया और जलवायु परिवर्तन पर प्रधानमंत्री परिषद द्वारा इसे सैद्धांतिक रूप में अनुमोदित किया गया।

[हिन्दी]

कृषि योजनाएं

3180. **श्री गजानन ध. बाबर:**

श्री धर्मेन्द्र यादव:

श्री अधल राव पाटील शिवाजी:

श्री आनंदराव अडसुल:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कृषि संबंधी 52 परियोजनाओं को मिलाकर सात प्रमुख योजनाएं बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन योजनाओं को तर्कसंगत बनाने के पीछे क्या कारण हैं;

(ग) क्या केन्द्र प्रायोजित सभी योजनाओं की समीक्षा करने तथा उनकी संख्या में महत्वपूर्ण कमी लाने के लिए उनके समेकन हेतु तरीके सुझाने के लिए बी.के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है;

(घ) यदि हां, तो क्या उक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है; और

(ङ) यदि हां, तो उसमें निष्कर्ष क्या हैं और केन्द्र सरकार द्वारा उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) कृषि क्षेत्र से संबंधित विशिष्ट क्षेत्रों में संकेन्द्रित दृष्टिकोण उपलब्ध कराने के विषय में तथा समस्याओं और बाधाओं के समाधान के लिए, कृषि एवं सहकारिता विभाग की विद्यमान स्कीमों की समीक्षा की गई थी, जिसके फलस्वरूप दो विद्यमान मिशन अर्थात् राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन तथा तीन नए मिशन अर्थात् राष्ट्रीय सतत् कृषि मिशन; तिलहन और ऑयल पाम प्रौद्योगिकी मिशन; राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी मिशन तथा किसानों की आय सुरक्षा स्कीम योजना आयोग द्वारा अनुमोदित की गई हैं।

(ग) से (ङ) योजना आयोग ने अन्य बातों के साथ-साथ केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों (सी.एस.एस.) की पुनर्संरचना जांचने के लिए श्री बी.के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। अन्य बातों के साथ-साथ, निविष्टियों के आधार पर योजना आयोग किसानों की आय सुरक्षा स्कीम के अलावा तीन नए मिशनों तथा दो विद्यमान मिशनों के लिए सहमत हो गया है।

[अनुवाद]

महिलाओं में खेलकूद को प्रोत्साहन

3181. **डॉ. विनय कुमार पाण्डेय:**

श्री नारनभाई कछाड़िया:

डॉ. सुचारु रंजन हल्दर:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में महिलाओं के बीच खेलकूद को प्रोत्साहित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कार्यान्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसी योजनाओं के अंतर्गत राज्य-वार और योजना-वार दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या खेलकूद से संबंधित बजट में जेंडर बजटिंग और महिला खिलाड़ियों के लिए अलग से बजट का आवंटन करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की सभी स्कीमों का उद्देश्य खेलों में जन सहभागिता है और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है जो कि महिलाओं पर भी समानरूप से लागू है।

वर्ष 2008-09 से शुरू की गई पंचायत युवा क्रीडा और खेल अभियान (पायका) स्कीम लड़कियों के लिए अधिकाधिक संख्या में खेलों में भाग लेने का बड़ा अवसर प्रदान करती है क्योंकि पायका की यह स्कीम जमीनी स्तर पर संचालित की जाती है। इस स्कीम का उद्देश्य अगले 10 वर्ष के दौरान देश में एक चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों और ब्लॉक पंचायतों में बुनियादी खेल सुविधाओं का सृजन तथा ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संगठित खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी करना है। इसके आलावा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की खेलों को बढ़ावा देने वाली विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत महिला खिलाड़ियों की आवक संख्या में वृद्धि करने के सतत प्रयास किये जा रहे हैं। वर्तमान में देशभर में विभिन्न खेलों में साई के विभिन्न केन्द्रों में 4,227 महिला प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल परिसंघों के लिए सभी तीन वर्गों अर्थात सीनियर, जूनियर और सब सूनियर में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करना अपेक्षित है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल परिसंघों को प्रत्येक वर्ग में सीनियरों के लिए 2.00 लाख रु. की दर से एक राष्ट्रीय स्तरीय चैम्पियनशिप आयोजन करने जूनियर चैम्पियनशिप के लिए 4 लाख रु. और सब जूनियर चैम्पियनशिप के लिए 6 लाख रु. की सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों को राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के रूप में 6 क्षेत्रीय चैम्पियनशिप तक प्रति चैम्पियनशिप एक लाख रु. की दर से सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का उद्देश्य प्रतिभागियों को मुख्यत: आवास, भोजन और परिवहन उपलब्ध करना है।

इसके अलावा 1975 में शुरू की गई राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप का लक्ष्य महिलाओं के बीच खेलों को सवंर्धित करना है। इस स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और इसके बाद छोटे स्तर की प्रतियोगिताएं (जिला एवं राज्य स्तर) आयोजित की गई जिसके लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की गई। महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप योजना को अब पंचायत युवा क्रीडा खेल अभियान (पायका) के साथ समेकित कर दिया गया है और निम्निलिखित मानकों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है:

प्रतियोगिता स्तर	निधियन स्तर
जिला स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 10,000/- रु. की दर से 1.20 लाख रु.
राज्य स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 50,000/- रु. की दर से राज्यों के लिए 6 लाख रु.
	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 25,000/- रु. की दर से संघ क्षेत्र के लिए 3 लाख रु.
राष्ट्रीय स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 3.50 लाख रु. की दर से 42 लाख रु.

इस योजना में निम्नलिखित 12 खेल विधा शामिल हैं जिन्हें देश के विभिन्न राज्यों में राज्य खेल परिषद के सहयोग से महिलाओं के लिए खेल समारोह आयोजित करने के लिए चार समूहों में बांटा गया है।

क्र.सं.	समूह 1	समूह 2	समूह 3	समूह 4
1.	बास्केटबाल	हैंडबाल	एथलेटिक्स	खो-खो
2.	हॉकी	हॉकी	बैडमिंटन	कबड्डी
3.	टेनिस	टेनिस	टेबल टेनिस	वालीबाल

(ग) से (ङ) महिला खिलाड़ियों के लिए अलग से कोई बजट नहीं है क्योंकि मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की सभी स्कीमें एकीकृत स्कीमें है और इसमें महिलाओं के बीच खेलों के संवर्धन पर समान बल दिया गया है। तथापि, सरकार के मौजूदा निर्देशों के अनुसार लिंग तटस्थ कार्यक्रमों के अतंर्गत महिलाओं के लिए न्यूनतम 30% व्यय सुनिश्चित किया जाता है।

चीनी हेतु ऋण पर ब्याज

3182. **श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक:**

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:

श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर:

श्री आनंद प्रकाश परांजपे:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने चीनी मिलों को चीनी विकास निधि (एस.डी.एफ.) से दिए गए ऋणों पर ब्याज दर बढ़ा दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस कदम से चीनी उद्योग/चीनी कारखानों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने चीनी उद्योग/चीनी कारखानों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाये हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) चीनी विकास निधि से चीनी कारखानों की दिए जाने वाले ऋण पर संवितरण की तारीख को प्रचलित बैंक ब्याज दर से 2% कम ब्याज लगता है। प्रावधान में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने 13.02.2012 को कारोबार बन्द होने के समय से बैंक दर को 6% से बढ़ाकर 9.5% प्रति वर्ष कर दिया है। तदनुसार, 14.02.2012 को अथवा उसके बाद चीनी विकास निधि से चीनी कारखानों को संवितरित ऋण पर ब्याज दर बढ़कर 7.5% प्रति वर्ष हो गई है।

(ग) और (घ) चीनी विकास निधि से ऋण रियायती ब्याज दर पर अर्थात बैंक दर से 2 प्रतिशत कम पर दिए जाते हैं। बैंक दर बढ़ने के बावजूद चीनी विकास निधि से दिए जाने वाले ऋण अभी भी प्रचलित बाजार ब्याज दर से काफी सस्ते होते हैं।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहन

3183. **डॉ. थोकचोम मैन्या:**

श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में फुटबॉल खिलाड़ियों व अन्य सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट खिलाड़ियों के समान प्रोत्साहन और बढ़ावा देती है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार और खेल-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विशेषकर छात्रावास में रहने वाले छात्रों और ग्रामीण युवकों के लिए आवंटित राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में विजयी खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की कोई योजना अथवा नीति मौजूद है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) खिलाड़ियों को नगद पुरस्कारों, विशेषरूप से चिन्हित प्रमुख प्रतियोगिताओं जैसे - एकल/बहुखेल कोन्टीनेन्टल/विश्वस्तरीय चैम्पियनशिपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पेंशन के रूप में प्रोत्साहन सभी खेलविधाओं के लिए एक समान प्रदान किया जाता है।

(ख) खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजताओं और उनके प्रशिक्षकों को विशेष पुरस्कार की योजना के अंतर्गत विशेष नकद पुरस्कार भी दिये गये हैं। खिलाड़ियों को निम्न तालिका में वर्णित पुरस्कार राशि के अनुसार नकद पुरस्कार दिये गये हैं।

प्रतियोगिता का नाम	स्वर्ण पदक/प्रथम स्थान	रजत पदक/ द्वितीय स्थान	कांस्य पदक तृतीय स्थान
(क) सीनीयर्स			
1. ओलम्पिक खेल	50 लाख रुपये	30 लाख रुपये	20 लाख रुपये
2. एशियाई खेल/राष्ट्रीयमंडल खेल	20 लाख रुपये	10 लाख रुपये	
3. ओलम्पिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमण्डल खेल विधा में विश्व चैम्पियनशिप	10 लाख रुपये	5 लाख रुपये	3 लाख रुपये
एशियाई चैम्पियनशिप/ राष्ट्रमण्डल चैम्पियनशिप	3 लाख रुपये	2 लाख रुपये	1 लाख रुपये
(ख) विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर तथा सब जूनियर)			
1. जूनियर	2 लाख रुपये	1.50 लाख रुपये	1 लाख रुपये
2. सब जूनियर	1 लाख रुपये	80 हजार रुपये	60 हजार रुपये
(ग) एशियाई तथा राष्ट्रमण्डल चैम्पियनशिप (जूनियर तथा सब जूनियर)			
1. जूनियर	1 लाख रुपये	80 हजार रुपये	60 हजार रुपये
2. सब जूनियर	50 हजार रुपये	40 हजार रुपये	30 हजार रुपये

टीम खेलों में पुरस्कार की धन राशि टीम में खिलाड़ियों की संख्या पर आश्रित/निर्भर करती है। तथापि किसी भी मामले में, पदक विजेता टीम के खिलाड़ियों को मिलने वाली धनराशि व्यक्तिगत पदक विजेता को मिलने वाली धन राशि की आधी से कम नहीं होगी।

प्रशिक्षक को प्रदान की जाने वाली पुरस्कार की धन राशि खिलाड़ी को मिलने वाली धन राशि की 50% होगी।

साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ी जिन्होंने ओलम्पिक खेल, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल तथा पैरालंपिक खेलों की विधाओं में ओलम्पिक खेल, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल, विश्व चैम्पियनशिपों में पदक जीते हो, को सक्रिय खेल जीवन से संन्यास या 30 वर्ष होने पर, जो भी बाद में हो, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की पेंशन की योजना के अंतर्गत निम्नलिखित दरों पर मासिक पेंशन दी जाती है:-

क्र.सं.	उत्कृष्ट खिलाड़ियों की श्रेणी	पेंशन की दर (रुपये प्रति माह)
1	2	3
1.	ओलंपिक खेलों के पदक विजेता	-10000
2.	ओलंपिक तथा एशियाई खेल विधाओं में विश्वकप/विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता	-8000
3.	ओलंपिक तथा एशियाई खेल विधाओं में विश्वकप/विश्व चैम्पियनशिपों में रजत तथा कांस्य पदक विजेता	-7000

1	2	3
4.	एशियाई/राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता	-7000
5.	एशियाई/राष्ट्रमण्डल खेलों को रजत और कांस्य पदक विजेता	-6000
6.	पैरा-ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता	-5000
7.	पैरा-ओलंपिक खेलों में रजत पदक विजेता	-4000
8.	पैरा-ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता	-3000

(ग) छात्रावास विद्यार्थियों और ग्रामीण युवाओं के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अलग से निधियों का आवंटन नहीं था।

(घ) और (ङ) सरकार के मौजूदा अनुदेशों के अनुसार, उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए केन्द्रीय सरकारी कार्यलयों में वर्ग 'ग' और पूर्व के वर्ग 'घ' के पदों में सीधी भर्ती रिक्तियों में 5% का प्रावधान है।

[हिन्दी]

खाद्यान्नों का आवंटन

3184. **श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र:**
श्री जोस के. मणि:
शेख सैदुल हक:
श्री देवराज सिंह पटेल:
श्री कोडिकुन्नील सुरेश:
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:
श्री के. सुगुमार:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने राज्यों की पात्रता/मांग के अनुरूप सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) के तहत खाद्यान्नों और अन्य वस्तुओं का आवंटन किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य-वार पात्रता/मांग और वास्तविक आवंटन क्या रहा है;

(ग) राज्यों की मांग के अनुरूप उक्त वस्तुओं को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं;

(घ) क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए आवंटन/पात्रता वर्ष 2001 की जनगणना पर आधारित है;

(ङ) यदि हां, तो क्या राज्यों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली जनसंख्या बढ़ने को ध्यान में रखकर राज्यों ने केन्द्र सरकार से उनका कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(छ) उचित दर की दुकान के मालिकों को प्रोत्साहन देने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (च) जिंसवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

खाद्यान्न:- देश में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्नों का आवंटन योजना आयोग के 1993-94 के गरीबी अनुमानों और भारत के महापंजीयक के 1 मार्च, 2000 के आबादी अनुमानों के आधार पर 2.43 करोड़ अंत्योदय अन्न योजना परिवारों सहित गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की 6.52 करोड़ की संपूर्ण स्वीकृत संख्या के लिए 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की दर पर किया जाता है। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए खाद्यान्नों का आबंटन केन्द्रीय पूल में खाद्यान्नों के स्टाक की उपलब्धता और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए पिछले उठान पर निर्भर करते हुए किया जाता है। फिलहाल, ये आबंटन 15 से 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की रेंज में हैं।

आबादी बढ़ने के आधार पर खाद्यान्नों का अधिक आवंटन करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं। केन्द्रीय पूल में अधिशेष स्टाक की उपलब्धता और राज्यों/संघ का

राज्य क्षेत्रों के अनुरोधों पर विचार करते हुए समय-समय पर राज्यों के लिए खाद्यान्नों का तदर्थ अतिरिक्त आवंटन किया गया है। इसमें 2011-12 के दौरान गरीबी रेखा से नीचे, अंत्योदय अन्न योजना और गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए अतिरिक्त खाद्यान्नों का 123.69 लाख टन का आवंटन शामिल है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान अंत्योदय अन्न योजना/गरीबी रेखा से नीचे और गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए किए गए खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) के सामान्य और अतिरिक्त/तदर्थ आवंटनों के राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण-I से III में दिए गए हैं।

मिट्टी का तेल: देश में लिक्विफाइड पैट्रोलियम गैस और पाइप वाली प्राकृतिक गैस के ग्राहक लगातार बढ़ रहे हैं और अधिकाधिक लोग स्वच्छ ईंधन अर्थात् घरेलू एल.पी.जी./पी.एन.जी. उपयोग अपनी खाना पकाने की जरूरत के लिए कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मिट्टी के तेल की आवश्यकता घट रही है। 2011-12 और वर्तमान वर्ष के दौरान कई राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों नामत: आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चण्डीगढ़, दादर और नगर हवेली, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, मेघालय, पुडुचेरी, तमिलनाडु, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल से विभिन्न आधारों अर्थात् अपर्याप्त कोटा, राशन कार्डधारकों की संख्या में वृद्धि, जलवायु परिस्थितियां आदि पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मिट्टी के तेल के कोटे को बढ़ाने/बहाल करने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इन आधारों में कोटा बढ़ाने के लिए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की संख्या मैं वृद्धि होना शामिल है। इन अनुरोधों को इस मंत्रालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सका है। पिछले तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मिट्टी के तेल के आवंटन के आंकड़े संलग्न विवरण-IV में दिए गए हैं।

पूर्वोत्तर राज्यों, द्वीप-समूहों और जम्मू व कश्मीर तथा राष्ट्रीय औसत से कम एलपीजी कवरेज वाले राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में अप्रैल से दिसम्बर, 2009 और जनवरी से दिसम्बर, 2010 तक के दौरान संबंधित अवधि के लिए एलपीजी कवरेज में वृद्धि होने के कारण मिट्टी के तेल का सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कोटा कम कर दिया गया था। इसके अलावा, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में 2010-11 की प्रथम 3 तिमाहियों के दौरान भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली का व्यपगत कोटा कम कर दिया गया था। 2011-12 के दौरान प्रति व्यक्ति अधिक आबंटन को ध्यान में रखते हुए कोटे में समायोजन भी किया गया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मिट्टी के तेल के कोटे को बढ़ाने/बहाल करने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मिट्टी के तेल के कोटे के आवंटन को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

लेवी चीनी : फरवरी, 2001 में केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर रूप से लक्षित करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन लेवी चीनी की आपूर्ति को पूर्वोत्तर राज्यों, पहाड़ी राज्यों और द्वीप-समूहें, जहां 2001 की जनगणना के आधार पर सर्वसुलभ कवरेज जारी रखने की अनुमति दी गई थी, को छोड़कर गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए सीमिति कर दिया है। केन्द्र सरकार सभी राज्यों/संघ्ज्ञ राज्य क्षेत्रों को उनके लिए मासिक आधार पर निर्धारित मासिक कोटे के अनुसार लेवी चीनी का आवंटन कर रही है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और मिजोरम की सरकारों ने मासिक लेवी चीनी कोटे को बढ़ाने का अनुरोध किया था। पिछले तीन मौसमों (2008-09 से 2010-11) के दौरान लेवी चीनी के राज्य-वार आवंटन बताने वाला ब्यौरा संलग्न विवरनण-V में दिया गया है। तथापि, राज्य सरकारों के अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया जा सका, क्योंकि इसके लिए चीनी मिलों पर लेवी दायित्व को बढ़ाना अपेक्षित होगा।

(छ) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001 के अनुसार उचित दर दुकानों को लाइसेंस जारी करने और उनकी मानीटरिंग करने तथा कमीशन आदि के भुगतान के जरिए उचित दर दुकानों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की होती है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत और कारगर बनाना एक सतत् प्रक्रिया है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में सुधार करने के लिए सरकार ने संकल्प लिया है कि उचित दर दुकानों द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं का वितरण करने की मानीटरिंग स्थानीय निकायों/सामुदायिक समूहों/गैर-सरकारी संगठनों द्वारा सामाजिक लेखापरीक्षा के जरिए की जाए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं को ढोने वाले वाहनों के संचलन का पता लगाने के लिए जीपीएस प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाए, एसएमएस एलर्ट भेजे जाएं, एफपीडीएस की सीसी टीवी मानीटरिंग की जाए, मुफ्त कॉल सेंटरों के जरिए शिकायतों का निपटान किया जाए और वैब आधारित शिकायत पंजीकरण तथा मानीटरिंग प्रणाली लागू की जाए।

विवरण-I

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्ष 2009-10, 2010-11 तथा 2011-12 हेतु खाद्यान्नों का आबंटन

(हजार टन में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आबंटन		
		2009-10	2010-11	2011-12**
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	3,884.25	3,676.48	3,738.25
2.	अरुणाचल प्रदेश	101.56	101.56	101.56
3.	असम	1,485.97	1,673.13	1,806.76
4.	बिहार	3,437.48	3,543.19	3,650.31
5.	छत्तीसगढ़	1,091.95	1,168.03	1,218.75
6.	दिल्ली	592.55	595.73	597.86
7.	गोवा	46.71	68.75	60.32
8.	गुजरात	1,618.49	1,886.00	2,018.74
9.	हरियाणा	980.47	685.24	732.42
10.	हिमाचल प्रदेश	497.47	508.99	519.15
11.	जम्मू और कश्मीर	756.80	757.10	756.80
12.	झारखंड	1,311.79	1,319.41	1,339.03
13.	कर्नाटक	2,167.49	2,260.48	2.386.65
14.	केरल	1,301.60	1,399.65	1,431.67
15.	मध्य प्रदेश	3,030.87	2,610.45	2,680.74
16.	महाराष्ट्र	4,509.36	4490.41	4,647.11
17.	मणिपुर	117.15	141.84	160.45
18.	मेघालय	147.28	182.93	181.70
19.	मिजोरम	82.91	70.14	70.14
20.	नागालैण्ड	129.55	126.88	126.88
21.	ओडिशा	2,115.85	2,221.79	2,118.91
22.	पंजाब	1,213.92	786.35	814.10
23.	राजस्थान	1,945.46	2,037.13	2,115.14
24.	सिक्किम	44.22	44.25	44.27
25.	तमिलनाडु	3,767.83	3,722.83	3,722.83
26.	त्रिपुरा	302.00	302.62	308.03
27.	उत्तर प्रदेश	7.039.89	6,948.95	7,114.59
28.	उत्तराखंड	436.00	474.12	501.70
29.	पश्चिम बंगाल	3,316.54	3,601.86	3,763.75

1	2	3	4	5
30.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	31.96	34.02	34.02
31.	चण्डीगढ़	25.80	31.38	34.98
32.	दादरा और नगर हवेली	8.88	9.92	10.28
33.	दमन और दीव	4.32	4.98	5.43
34.	लक्षद्वीप	4.61	4.62	4.62
35.	पुडुचेरी	53.71	56.11	58.91
	जोड़	47,602.70	47,547.33	48,876.85

** गरीबी की रेखा से ऊपर की श्रेणी हेतु आबंटन में दिनांक 30-06-2012 को किया गया 50.00 लाख टन का अतिरिक्त आबंटन शामिल है।

विवरण-II

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) का विशेष तदर्थ अतिरिक्त आबंटन

(हजार टन में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	20-1-2010 को अं.अ.यो./ग.रे.नी./ग.रे.ऊ. के लिए किया गया आबंटन	19-5-2010 को अं.अ.यो./ग.रे.नी./ग.रे.ऊ. के लिए किया गया आबंटन	7-9-2010 और 6-1-2011 को ग.रे.ऊ. के लिए किया गया आबंटन	6-1-2011 को ग.रे.ऊ. के लिए किया गया आबंटन	16-5-2011 को ग.रे.नी. के लिए किया गया आबंटन
1	2	3	4	5	6	7
1.	आन्ध्र प्रदेश	316.420	268.957	511.570	255.220	311.570
2.	अरुणाचल प्रदेश	4.840	4.114	12.592	3.104	7.592
3.	असम	89.860	196.381	290.794	282.673	220.794
4.	बिहार	237.580	201.943	500.214	116.258	600.214
5.	छत्तीसगढ़	88.220	149.974	143.784	205.047	143.784
18.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19.	नागालैंड	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20.	ओडिशा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
21.	पंजाब	8	1	0	1	1	0	15	3	1	6	3	1
22.	राजस्थान	158	11	1	13	13	1	153	6	1	9	9	1
23.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	3	0	0	0	0	0
24.	तमिलनाडु	19	4	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0
25.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
26.	उत्तर प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
27.	उत्तराखंड	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
28.	पश्चिम बंगाल	1	1	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0
	कुल राज्य	**826**	**90**	**7**	**,160**	**135**	**10**	**816**	**81**	**8**	**130**	**108**	**12**
29.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
30.	चंडीगढ़	11	0	1	0	0	3	9	1	0	10	4	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
32.	दमन और द्वीव	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
33.	दिल्ली संघ शासित	25	1	1	2	1	2	28	2	0	1	2	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
35.	पुदुचेरी	1	1	1	1	1	1	4	0	0	0	0	0
कुल संघ शासित		**38**	**2**	**3**	**3**	**2**	**6**	**41**	**3**	**0**	**11**	**6**	**0**
कुल अखिल भारत		864	92	10	163	137	16	857	84	8	141	114	12

क्र.सं.	राज्य	2010					
		सी.आर.	सी.एस.	सी.वी.	पी.ए.आर.	पी.सी.एस.	पी.सी.वी.
1	2	15	16	17	18	19	20
1.	आन्ध्र प्रदेश	55	11	13	6	16	13
2.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0
3.	असम	0	0	0	0	0	0
4.	बिहार	0	0	0	0	0	0
5.	छत्तीसगढ़	6	3	1	1	1	3
6.	गोवा	4	0	0	0	0	0
7.	गुजरात	121	13	0	15	15	0

1	2	15	16	17	18	19	20
8.	हरियाणा	24	1	0	0	1	0
9.	हिमाचल प्रदेश	4	0	0	0	0	0
10.	जम्मू और कश्मीर	0	0	0	0	0	0
11.	झारखंड	0	0	0	0	0	0
12.	कर्णाटक	30	3	0	1	1	0
13.	केरल	9	4	0	5	5	0
14.	मध्य प्रदेश	93	7	3	9	9	5
15.	महाराष्ट्र	198	23	3	51	53	4
16.	मणिपुर	0	0	0	0	0	0
17.	मेघालय	0	0	0	0	0	0
18.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0
19.	नागालैंड	0	0	0	0	0	0
20.	ओडिशा	0	0	0	0	0	0
21.	पंजाब	11	0	0	0	0	0
22.	राजस्थान	119	2	3	2	2	1
23.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0
24.	तमिलनाडु	0	0	0	0	0	0
25.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0
26.	उत्तर प्रदेश	0	0	0	0	0	0
27.	उत्तराखंड	0	0	0	0	0	0
28.	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	0
	कुल राज्य	**674**	**67**	**23**	**90**	**103**	**26**
29.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0
30.	चंडीगढ़	6	1	0	6	1	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0

1	2	15	16	17	18	19	20
32.	दमण और दीव	0	0	0	0	0	0
33.	दिल्ली संघ शासित	45	1	0	1	1	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0
35.	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0
	कुल संघ शासित	**51**	**2**	**0**	**7**	**2**	**0**
	कुल अखिल भारत	725	69	23	97	105	26

स्रोत: भारत में अपराध

नोट: पुलिस और न्यायालयों द्वारा निपटान के मामलों में पूर्व वर्षों के लंबित मामलों की सूचना भी सम्मिलित है।

पूर्वी नागालैंड के लिए अलग राज्य

3196. **श्री सी.एम. चांग:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूर्वी नागालैंड के लिए अलग राज्य की मांग से संबंधित ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स आरगेनाइजेशन, तेनसांग, नागालैंड और नागालैंड सरकार द्वारा क्रमश: दिनांक 25.11.2010 तथा 27.07.2011 को प्रधान मंत्री को लिखे गये पत्रों का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ग) ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स आर्गनाईजेशन (ई.एन.पी.ओ.) ने प्रधानमंत्री को लिखे गए दिनांक 25.11.2010 के अपने ज्ञापन में नागालैंड के चार पूर्वी जिलों, जिनमें मोन, तेनसांग, लोंगलेंग और किफायर शामिल हैं, में विकास की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट किया था और यह मांग की थी कि इन जिलों को शामिल करते हुए विशेष दर्जे और प्रावधानों के साथ एक अलग राज्य बनाया जाए। ई.एन.पी.ओ. की मांगों और शिकायतों की जांच करने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय समिति ने नागालैंड के चार पूर्वी जिलों में विकास की कमी को स्वीकार किया है।

चूंकि अलग राज्य की मांग इस अवधारणा से उत्पन्न हुई है कि नागालैंड के चार पूर्वी जिलों में विकास की पर्याप्त कमी है, इसलिए राज्य सरकार को नागलैंड के चार पूर्वी जिलों में विकास संबंधी पहलों को तेज करने का परामर्श दिया गया है।

[हिन्दी]

मेट्रो रेल, जयपुर के लिए निधियां

3197. **श्री राम सिंह कास्वां:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान सरकार ने जयपुर में प्रस्तावित मेट्रो रेल नेटवर्क के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितनी वित्तीय सहायता मांगी गई है; और

(ग) राज्य को कितनी वित्तीय सहायता दी गई है/दिये जाने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी हां।

(ख) राजस्थान सरकार का विचार भारत सरकार (जी.ओ.आई.) से इक्विटी और अनुषंगी ऋण के रूप में 630 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता से मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 3,149 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 12.067 कि.मी. लम्बे जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के फेज-I (कोरीडोर-II) का कार्यान्वयन करने का है।

(ग) यद्यपि इस प्रस्ताव को भारत सरकार द्वारा कोई औपचारिक अनुमोदन नहीं दिया गया है फिर भी शहरी विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों में वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए 25.00 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है।

[अनुवाद]

टी.वी. चैनलों पर नियंत्रण

3198. **श्री असादुद्दीन ओवेसी:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में प्रचालित/कार्यरत समाचार और मनोरंजन टी.वी. चैनलों की संख्या अलग-अलग क्या है और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान श्रेणी-वार ऐसे नये चैनलों के प्रचालन के लिए अनुमति प्रदान किए जाने हेतु प्राप्त अनुरोधों/प्रस्तावों की संख्या क्या है और सरकार द्वारा मंजूर किये गए/अभी तक लम्बित अनुरोधों की संख्या कितनी है;

(ख) लंबित प्रस्तावों को कब तक मंजूर किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या प्रसारण क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सरकार का विचार टी.वी. चैनलों की बढ़ती संख्या को विनियमित/नियंत्रित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने टी.वी. चैनलों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए मानक/दिशानिर्देश बनाए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिये जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) दिनांक 10.04.2012 तक की स्थिति के अनुसार, इस मंत्रालय के अपलिंकिंग/डाउनलिंकिंग दिशानिर्देशों के अंतर्गत दूरदर्शन के 35 चैनलों सहित 441 समाचार एवं समसामयिक विषयक चैनलों तथा 427 गैर-समाचार व समसामयिक विषयक सैटेलाइट टी.वी. चैनलों की अनुमति प्रदान की गई है। गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा अनुमति प्रदत्त/उसके पास लंबित श्रेणी-वार अनुरोधों की संख्या के साथ नए समाचार व समसामयिक विषयक तथा गैर-सामाचार व समसामयिक विषयक टी.वी. चैनलों को प्रचालित करने की अनुमति प्राप्त करने के संबंध में सरकार को प्राप्त हुए अनुरोधों की संख्या संलग्न विवरण में दी है।

(ख) चूंकि प्राइवेट सैटेलाइट टी.वी. चैनलों के लिए आवश्यक अंतर-मंत्रालयीय अनापत्तियां प्राप्त होने के पश्चात ही अनुमोदन दिया जा सकता है, इसलिए लंबित प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की जा सकती। तथापि, सभी अनापत्तियां प्राप्त होने के पश्चात 4 माह के भीतर अनुमोदन प्रदान किया जा रहा है।

(ग) से (च) प्रसारण क्षेत्र में अधिक संख्या में चैनलों की विद्यमानता को ध्यान में रखते हुए टी.वी. चैनलों की बढ़ रही संख्या को विनियमित/विनियंत्रित करने की जरूरत के संबंध में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को एक पत्र भेजा गया था। ट्राई ने सिफारिश की है कि उपग्रह आधारित टी.वी. चैनलों की संख्या पर कोई उच्च सीमा नहीं होनी चाहिए क्योंकि टी.वी. प्रसारण के लिए बड़ी संख्या में भारतीय व विदेशी दोनों प्रकार के ट्रांसपोडर उपलब्ध हैं। तथापि, उनकी सिफारिशों के आधार पर सरकार ने टी.वी. चैनलों की अपलिंकिंग का डाउनलिंकिंग से संबंधित मौजूदा नीतिगत दिशानिर्देशों में कतिपय संशोधन करने का प्रस्ताव किया था जिसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 7 अक्तूबर, 2011 को हुई उसकी बैठक में अनुमोदित किया गया। इन दिशानिर्देशों को 5 दिसंबर, 2011 को मंत्रालय की वेबसाइट (www.mib.nic.in) पर अपलोड किया गया था।

विवरण

वर्ष 2008 से दिनांक 10.04.2012 तक निजी सैटेलाइट टी.वी. चैनलों की अनुमति के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या और संबंधित स्थिति

विवरण	श्रेणी	2008	2009	2010	2011	2012 (10 अपैल तक)	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8
प्राप्त आवेदन	समाचार	88	55	150	116	6	415
	गैर-समाचार	91	49	151	109	2	402
	कुल	**179**	**104**	**301**	**225**	**8**	**817**

1	2	3	4	5	6	7	8
दी गई अनुमति	समाचार	50	43	90	25	4	212
	गैर-समाचार	86	44	87	24	9	250
	कुल	**136**	**87**	**177**	**49**	**13**	**462**
जांचाधीन	समाचार	38	12	52	95	6	203
	गैर समाचार	05	05	63	77	2	152
	कुल	**43**	**17**	**115**	**162**	**8**	**355**

मत्स्यन के प्रति विमुखता

3199. **श्री संजय दिना पाटील:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ राज्यों में अनेक मछुआरे मत्स्यन के लिए समुद्र में जाने के प्रति विमुखता दर्शा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) से (ग) पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, कृषि मंत्रालय के पास ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है।

कम लागत आवासीय योजना हेतु अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता

3200. **श्री हरिश्चंद्र चव्हाण:** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ सरकार का विचार राज्यों के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) प्रदान कर कम लागत आवासीय योजना में राज्यों को सहायता प्रदान करने का है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों और निम्न आय वर्ग हेतु लक्षित सभी योजनाओं के लिए आवास का आबंटन और निगरानी करेगी; और

(ग) यदि हां, तो संघ सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ग) सरकार ने 65 चयनित शहरों में शहरी गरीबों की मूलभूत सेवाएं (बी.एस.यू.पी.) तथा अन्य शहरों/कस्बों में एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आई.एच.एस.डी.पी.) के तहत शहरी गरीबों/स्लम निवासियों को आवास और मूलभूत सुविधाओं के प्रावधान से संबंधित कार्यक्रमों को प्रारंभ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता देने के लिए 03.12.2005 को जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) शुरू किया। जे.एन.एन.यू.आर.एम. की अवधि 7 वर्ष थी जो 2005-06 से आरंभ हुई थी। सरकार ने मार्च, 2012 तक स्वीकृत की गई परियोजनाओं को पूरा करने और 3 गरीब हितैषी सुधारों के कार्यान्वयन के लिए जे.एन.एन.यू.आर.एम. की अवधि को वित्तीय वर्ष 2013-14 के अंत तक 2 वर्ष बढ़ाने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

यह भी कि राजीव आवास योजना के तहत उन राज्यों को केन्द्रीय अनुदान उपलब्ध कराया गया है जो स्लम निवासियों को संपदा अधिकार प्रदान करने के इच्छुक हैं।

इन स्कीमों के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए तिमाही/मासिक प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से प्रगति की निगरानी करने के अतिरिक्त केन्द्रीय/राज्य स्तरों पर नियमित समीक्षाएं की जाती है। राज्यों को समय-समय पर कार्यान्वयन एजेंसी और राज्य स्तर पर परियोजनाएं की निगरानी करने तथा तृतीय पक्ष निरीक्षण और निगरानी एजेंसियों की नियुक्ति का परामर्श दिया जाता रहा है।

बांधों के लिए खतरा

3201. **श्री ई.जी. सुगावनम:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अनेक बड़े बांध आतंकवादियों के निशाने पर हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकारों ने अपने संबंधित राज्यों में बांधों की सुरक्षा हेतु सुधार के लिए संघ सरकार के साथ मुद्दे को उठाया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (घ) जी, हां। सरकार को महत्वपूर्ण बांधों को निशाना बनाने की आतंकवादियों की योजनाओं के बारे में सूचित करने वाली खतरे की जानकारी की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं।

इन खतरों की जानकारियों का संबंधित राज्यों एवं बांध प्रबंधन प्राधिकारियों के साथ आदान-प्रदान किया गया है। सुरक्षा संबंधी उपायों का समन्वय करने और बांधों की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा इन खतरों से निपटने के लिए संबंधित राज्य पुलिस बलों, बांध प्रबंधन प्राधिकारियों और केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठकें भी आयोजित की गई हैं।

जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान

3202. **श्री ए.के.एस. विजयन:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान किन कृषि उत्पादों पर जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान किया गया है;

(ख) किन उत्पादों पर अनुसंधान पूरा कर लिया गया है;

(ग) सरकार किन कृषि उत्पादों के वाणिज्यीकरण पर विचार कर रही है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के मुख्य क्षेत्रों में चावल, मक्का, बैंगन, कपास, चना, अरहर, ज्वार, गन्ना, बंदगोभी, फूलगोभी और टमाटर में कीट प्रतिरोधिता; आलू, कपास, तरबूज, टमाटर, पपीता और मूंगफली में रोग प्रतिरोधिता; चावल, ज्वार, चना और मूंगफली के साथ-साथ चावल में सुगंध/दाने की लंबाई/लवण सहिष्णुता/ दाना भरन में सूखा सहिष्णुता; मक्का और कपास में खरपतवार सहिष्णुता; आलू में प्रोटीन गुणवत्ता सुधार तथा शीत प्रेरित मीठापन; चावल और सरसों के लिए नरबंध्यता वंशक्रम; पशुधन और कुक्कट रोगों के लिए आण्विक नैदानिक किट तथा वैक्सीन; न्यूट्रास्यूटिकल्स तथा प्रायोगिक आहार, भ्रूण की क्लोनिंग तथा स्टेम कोशिका अनुसंधान शामिल हैं।

(ख) व्यवसायिक खेती के लिए चावल में जीवाण्विक अंगमारी प्रतिरोधिता वाली सांबा महसुरी, उन्नत पूसा बासमती-1 और स्वर्णा-सब-1; मक्का में क्यू.पी.एम. विवेक हाईब्रिड-9; बाजरा में रोमिल फफूंद प्रतिरोधी उन्नत एच.एच.बी. 67; कपास में कीट प्रतिरोधिता के लिए बोलगार्ड । और बोलगार्ड ॥, आई.आई.टी. खड़गपुर की इवेंट ।, जी.एफ.एम. क्राई1ए तथा इवेंट 9124 को अनुमोदित किया गया पशुधन में मुंहपका और खुरपका रोग के लिए दीवा और इलिसा किट, नीली जीभ रोग और जठरांत्र परजीवी के लिए नैदानिक किट विकसित की गई।

(ग) उक्त उत्पादों का व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है। वैक्सीनों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है।

(घ) वर्तमान समय में बी.टी. बैंगन, एक जी.एम. जैव प्रौद्योगिकी उत्पाद को स्थगित रखा गया है।

दूरदर्शन की डी.टी.एच. सेवाओं पर निजी चैनल

3203. **श्री एन. पीताम्बर कुरूप:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दूरदर्शन की फ्री टू एयर डायरेक्ट टू होम सर्विसेज में और अधिक निजी चैनलों को सम्मिलित करने के प्रस्ताव को वापस ले लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसके कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) इस समय दूरदर्शन के डी.टी.एच. प्लेटफॉर्म की 59 स्टैन्डर्ड डेफिनीशन (टी.वी.) चैनलो की क्षमता है। दूरदर्शन के डी.टी.एच. प्लेटफॉर्म का 97 टी.वी. चैनलों तक उन्नयन करते हुए एक योजनागत स्कीम का सरकार द्वारा अगस्त, 2010 में अनुमोदन किया गया था। बाद में, प्रसार भारती बोर्ड ने दूरदर्शन के डी.टी.एच. प्लेटफॉर्म का 150 टी.वी. चैनलों तक विस्तार करने के संबंध में अपना अनुमोदन दिया। डी.टी.एच. प्लेटफॉर्म के उन्नयन हेतु एक अतिरिक्त सैटेलाइट ट्रांसपोंडर की आवश्यकता थी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग द्वारा अभी तक अतिरिक्त सैटेलाइट ट्रांसपोंडर उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसलिए, प्रसार भारती ने उपलब्ध सैटेलाइट ट्रांसपोंडरों का उपयोग करते हुए डी.टी.एच. प्लेटफार्म की क्षमता को 75 चैनलों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

विज्ञापन/प्रसारण उद्योग की वृद्धि

3204. **श्री एस. पक्कीरप्पा:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान विज्ञापन और प्रसारण उद्योग की उद्योग-वार औसत वार्षिक विकास दर क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त उद्योग का कुल कारोबार कितना था; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन उद्योगों के संवर्धन हेतु सरकार द्वारा प्रदान किये गये वित्तीय और अन्य प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल परिसंघ (फिक्की) - के.पी.एम.जी. द्वारा प्रदत्त मीडिया व मनोरंजन उद्योग रिपोर्ट, 2012 के अनुसार, वर्ष 2007 से 2011 के दौरान विज्ञापन/प्रसारण उद्योग में हुई वृद्धि तथा किए गए व्यवसाय का कुल मूल्य संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) इस उद्योग के विकास में मदद करने के लिए सरकार द्वारा सतत रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने आर्थिक मंदी के कारण प्रिंट मीडिया के लिए एक राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी, जोकि दिनांक 27.02.2009 से 31.12.2009 तक वैध था और जिसमें निम्नलिखित बातें शामिल थीं:

(i) डी.ए.वी.पी. के विज्ञापनों पर 15% एजेंसी कमीशन का परित्याग।

(ii) गैर-सरकारी विज्ञापनों के राजस्व में पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में हुई हानि के दस्तावेजीय प्रमाण के अध्यधीन डी.ए.वी.पी. की दरों में 10% की वृद्धि (एक अलग घटक के रूप में प्रदत्त और 'विशेष राहत' के रूप में नामोदिष्ट)।

विवरण

विज्ञापन/प्रसारण उद्योग की वृद्धि

समग्र उद्योग आकार (आई.एन.आर. बिलियन)

	2007	2008	2009	2010	2011	2010 की तुलना में 2011 में वृद्धि
टीवी	211.0	241.0	257.0	297.0	329.0	10.8%
प्रिंट	160.0	172.0	175.2	192.9	208.8	8.3%
फिल्म	92.7	104.4	89.3	83.3	92.9	11.5%
रेडियो	7.4	8.4	8.3	10.0	11.5	15.0%
संगीत	7.4	7.4	7.8	8.6	9.0	4.7%
ओ.ओ.एच.	14.0	16.1	13.7	16.5	17.8	7.6%
एनिमेशन ऐंड वी.एफ.एक्स.	14.0	17.5	20.1	23.6	31.0	31.2%
गेमिंग	4.0	7.0	8.0	10.0	13.0	30.0%
डिजिटल विज्ञापन	4.0	6.0	8.0	10.0	15.4	54.0%
कुल	**514**	**580**	**587**	**652**	**728**	**11.7%**

विज्ञापन राजस्व (आई.एन.आर. बिलियन)

टीवी	71.0	82.0	88.0	103.0	116.0	12.6%
प्रिंट	100.0	108.0	110.4	126.0	139.4	10.6%
रेडियो	7.4	8.4	8.3	10.0	11.5	15.0%
ओ.ओ.एच.	14.0	16.1	13.7	16.5	17.8	7.6%
डिजिटल विज्ञापन	4.0	6.0	8.0	10.0	15.4	54.0%
कुल	**196.0**	**220.0**	**228.0**	**266.0**	**300.0**	**13.1%**

खराब होने वाली वस्तुओं का परिवहन

3205. **श्री प्रताप सिंह बाजवा:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के साथ संयोजन में खराब होने वाली वस्तुओं की लंबी दूरी तक के परिवहन की सुविधा के लिए समर्पित मालभाड़ा रेल नेटवर्क की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) आने वाले वर्षों में देश में बागवानी सहित खराब होने वाली वस्तुओं के परिवहन की पर्याप्त सुविधा प्रदान करने के लिए क्या अन्य कदम उठाए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) मुम्बई-भूसावल-आजादपुर के बीच ताजे बागवानी उत्पादों के लिए एक बहु-मॉडल कंटेनरयुक्त परिवहन प्रणाली का डिजाइन किया गया है और ट्रेल रन कराया गया है।

(ग) मंत्रालय ने पूरे देश में बागवानी सहित नष्ट होने वाले उत्पादों के पर्याप्त परिवहन प्रदान कराने के लिए फ्रेश एण्ड हेल्दी इंटरप्राइज लिमिटेड (कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक सहायक संस्था) को अभिमानित किया है।

एन.एफ.एस.एम. का कार्यान्वयन

3206. **श्री हरीश चौधरी:**

श्रीमती रमा देवी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गेहूं के संबंध में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन को राजस्थान के वाड़मेर और जैसलमेर तथा बिहार के शिवहर में लागू किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो देश के विभिन्न भागों में इसके कार्यान्वयन हेतु अंगीकृत मापदण्ड क्या हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.)-गेहूं को बिहार के 25 जिलों तथा राजस्थान के 15 जिलों सहित, 9 राज्यों के 142 जिलों में कार्यान्वित किया जा रहा है। गेहूं के अधीन 50 प्रतिशत सिंचाई कवरेज से अधिक और राज्य के औसत से कम उत्पादकता वाले आकार के जिलों को एन.एफ.एस.एम. गेहूं के अन्तर्गत शामिल किए जाने हेतु अभिज्ञात किया गया था। चूंकि बिहार का शिवहर जिला और राजस्थान के बाडमेर, जैसलमेर जिले विनिर्दिष्ट मानदण्डों की अर्हरता पूरी नहीं करते हैं इसलिए इन्हें एन.एफ.एस.एम.-गेहूं के अधीन शामिल नहीं किया गया है।

प्याज खरीद हेतु सब्सिडी

3207. **श्री राजय्या सिरिसिल्ला:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नेफेड ने प्याज की खरीद हेतु विभिन्न राज्यों के लिए सब्सिडी के रूप में कोई राशि उपलब्ध कराई हैं; और

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) नेफेड ने गत तीन वर्षों में तथा चालू वर्ष में प्याज की खरीद के लिए राज्यों को कोई सब्सिडी उपलब्ध नहीं कराई है।

[हिन्दी]

लाभ संबंधी अधिकतम सीमा

3208. **श्री अशोक कुमार रावत:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पैकेटयुक्त वस्तुओं पर वास्तविक उत्पादन लागत और छपी कीमत के मध्य अर्जित लाभ की सीमा तय करने के संबंध में विद्यमान प्रावधान क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को उक्त प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विनिर्माताओं द्वारा लिए जा रहे अत्यधिक लाभ और ग्राहकों के हितों को संरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) जी, नहीं। उत्पादन की वास्तविक लागत और मुद्रित लागत के बीच अर्जित लाभ की मात्रा को सीमित करने के लिए कोई विशिष्ट उपबंध नहीं है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम, 2011 के तहत निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य के उपबंध उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

मलिक बाया का मकबरा

3209. **श्री रामकिशुन:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार के बिहार शरीफ में मलिक बाया का मकबरा संरक्षित स्मारक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार/भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का विचार उक्त मकबरे को टिकटयुक्त स्मारक घोषित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) बिहार में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अधीन बिहार शरीफ, जिला नालन्दा में इब्राहिम बाया का मकबरा, जिसे मलिक बाया के मकबरे के नाम से भी जाना जाता है, राजपत्र अधिसूचना सं. 1589 ई दिनांक 27-08-1915 के तहत एक संरक्षित स्मारक है।

(ग) से (ङ) यह स्मारक एक पहाड़ी के ऊपर स्थित है और बहुत कम आगंतुक इसे देखने आते हैं। कभी-कभी, स्मारक पर धार्मिक गतिविधियां भी होती हैं। इस मकबरे को टिकटयुक्त स्मारक के रूप में घोषित करने का अब तक कोई प्रस्ताव नहीं है।

[अनुवाद]

रियलटी शो हेतु निर्देश

3210. **श्रीमती जे. शांता:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने टीवी चैनलों में रियल्टी शो के प्रसारण को इनकी परिपक्व सामग्री को देखते हुए देर रात प्रसारित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई समिति गठित की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है; और

(ङ) यदि हां, तो उक्त समिति द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है और उक्त सिफारिशों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) से (ङ) प्राइवेट सैटेलाइट/केबल टेलीविजन नेटवर्कों

पर प्रसारित कार्यक्रमों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम संहिता के अनुसार विनियमित किया जाता है। उक्त संहिता में देर रात्रि के समय प्रौढ़ विषय-वस्तु के प्रसारण का प्रावधान नहीं है। इसलिए, सरकार ने टी.वी. चैनलों को देर रात्रि के समय में प्रौढ़ विषय-वस्तु वाले रियल्टी शोज प्रसारित करने की अनुमति देने के संबंध में कोई निर्णय नहीं किया है। तथापि, वर्ष 2010 के दौरान कलर्स चैनल द्वारा प्रसारित "बिग बॉस सीजन IV" और इमेजिन टी.वी. द्वारा प्रसारित "राखी का इंसाफ" नामक कार्यक्रमों के मामले में सरकार ने चैनलों को प्रसारण समय रात्रि 11.00 बजे के बाद रखने के लिए कहा था। कलर्स चैनल ने मंत्रालय के आदेश को न्यायालय में चुनौती दी थी और स्थगनादेश प्राप्त कर लिया था। दिनांक 22.04.2012 को सोनी टीवी द्वारा हिन्दी फिल्म, "दि डर्टी पिक्चर", जिसे केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सी.बी.एफ.सी.) द्वारा "यूए" प्रामण-पत्र दिया गया है, के प्रस्तावित प्रसारण के संबंध में सी.बी.एफ.सी. ने सलाह दी थी कि उक्त फिल्म को रात्रि 11.00 बजे के पश्चात देर रात्रि के समय प्रसारित किया जाना चाहिए। तदनुसार, मंत्रालय ने दिनांक 21.04.2012 को सोनी टीवी को सलाह दी कि वह उक्त फिल्म को दिन के समय में प्रसारित न करे और रात्रि 11.00 बजे के पश्चात उसका प्रसारण करने का विचार करे। चैनल ने दिनांक 22.04.2012 को उक्त फिल्म का प्रसारण नहीं किया है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि पूर्वोक्त कार्यक्रम संहिता में देर रात्रि के समय प्रौढ़ विषय-वस्तु का प्रसारण करने का प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसी किसी समिति का गठन नहीं किया गया है।

पुलिस भर्ती

3211. **श्री सुरेश कुमार शेटकर**: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार ने संघ सरकार से अनुरोध किया है कि पुलिस भर्ती हेतु हैदराबाद को जोन-VI में रखा जाए; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) आन्ध्र प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से आन्ध्र प्रदेश लोक रोजगार (स्थानीय संवर्गों का संगठन और सीधी भर्ती का विनियमन) आदेश, 1975 के पैरा 14 (च) को हटाने की मांग पर विचार करने का अनुरोध किया था ताकि हैदराबाद शहर को शहर की पुलिस में भर्ती हेतु जोन vi में रखा जा सके।

सावधानी पूर्वक विचार करने के पश्चात, सरकार ने आन्ध्र प्रदेश लोक रोजगार (स्थानीय संवर्गों का संगठन और सीधी भर्ती का विनियमन) आदेश, 1975 के पैरा 14 के खण्ड (च) को हटाने का निर्णय लिया है। इस आशय का दिनांक 12.08.2011 का राष्ट्रपति का आदेश संख्या 621 (अ) जारी किया गया था।

शौचालयों का निर्माण

3212. **डॉ. रत्ना डे**: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में शौचालयों के निर्माण और स्वस्थता सुविधाओं हेतु राज्यों, गैर-सरकारी संगठनों को निधियां प्रदान करने वाली योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर प्रमुख शहरों और महानगरों में विद्यमान स्वच्छता सुविधाओं के संबंध में विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान कोई अध्ययन करवाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) भारत सरकार, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के माध्यम से संशोधित एकीकृत कम लागत स्वच्छता (आई.एल.सी.एस.) स्कीम को कार्यान्वित कर रही है जिसका उद्देश्य देश के शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए शुष्क शौचालयों को दो गर्त वाले जलवाही शौचालयों में परिवर्तन तथा नये स्वच्छ शौचालयों का निर्माण करना है। अब तक इस मंत्रालय ने 2,51,963 शुष्क शौचालयों को जलवाही शौचालयों, में परिवर्तित करने और 15 राज्यों यथा बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, नागालैंड, मणिपुर, महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और राजस्थान में 1,55,937 नए शौचालयों के निर्माण हेतु परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। आई.एल.सी.एस. स्कीम के अंतर्गत राज्य पर्याप्त फील्ड अनुभव वाले गैर सरकारी संगठनों को चुन सकते हैं जिनका वित्तपोषण कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर परियोजना लागत के अतिरिक्त अधिकतम 15% तक केन्द्र और राज्य द्वारा 5:1 के अनुपात में किया जाएगा। स्कीम के अंतर्गत एन.जी.ओ. को निधियां सीधे जारी नहीं की जाती हैं। एन.जी.ओ. के चयन और उनको कार्य सौंपने का दायित्व राज्य सरकार का है।

भारत सरकार, पेयजल और स्वच्छता विभाग के माध्यम से समग्र स्वच्छता अभियान (टी.एस.सी.) का संचालन कर रही है जो खुले में शौच करने कुप्रथा के उन्मूलन और स्वच्छ वातावरण को सुनिश्चित करने के मुख्य लक्ष्य के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं की सुनिश्चिता के लिए एक व्यापक कार्यक्रम है। कार्यक्रम के तहत मुख्य घटकों में व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आई.एच.एच.एल.), स्कूल स्वच्छता और स्वास्थ्यकर शिक्षा (एस.एस.एच.ई.) के लिए प्रोत्साहन, समुदाय स्वच्छता परिसरों, आंगनवाड़ी शौचालयों और ठोस और द्रव अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्ल्यू.एम.) के लिए सहायता शामिल हैं। समग्र स्वच्छता अभियान (टी.एस.सी.) जिले को एक इकाई के रूप में लेने वाले कार्यक्रम के आधार पर एक मांग आधारित परियोजना है। टी.एस.सी. परियोजनाओं में देश के 607 ग्रामीण जिलों को शामिल किया जाएगा।

* राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों के प्रयासों में सहायता करने के लिए भारत सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय के माध्यम से वर्ष 2005 में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) आरंभ किया था जिसका उद्देश्य सुधारोन्मुखी कार्यसूची के साथ देश के सभी शहरों के लिए पेय जलापूर्ति, सीवरेज, वर्षा जल निकासी और ठोस कचरा प्रबंधन आदि सहित अवसरंचना सुविधाएं मुहैया कराना था। जे.एन.एन.यू.आर.एम. के दो उप-मिशन हैं नामत: शहरी अवस्थापना और शासन (यू.आई.जी.) और छोटे और मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.)। जे.एन.एन.यू.आर.एम. के यू.आई.जी. घटक के अंतर्गत अभी मेट्रो शहरों सहित एक मिलियन जनसंख्या वाले 65 शहर वित्तपोषण हेतु पात्र है और शेष कस्बे यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. घटक के अंतर्गत पात्र हैं।

* शहरी विकास मंत्रालय ने एक मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के सैटेलाइट कस्बों हेतु शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.) तैयार की है। अन्य बातों के साथ इस स्कीम का उद्देश्य सात मेगा शहरों के आस-पास वाले सैटेलाइट कस्बों/काउंटर मैग्नेट शहरों में जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी, ठोस कचरा प्रबंधन आदि जैसी अवस्थापना सुविधाओं का विकास करना है।

* शहरी विकास मंत्रालय ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास हेतु 10 प्रतिशत तक मुश्त प्रावधान की एक स्कीम भी आरंभ की है।

(ख) और (ग) सरकार ने देश में प्रमुख शहरों और महानगरों में विद्यमान सफाई सुविधाओं के संबंध में विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान जनगणना आंकड़ा एकत्रीकरण के अलावा कोई अध्ययन नहीं किया है।

[हिन्दी]

दूरदर्शन केन्द्र/आकाशवाणी का कार्यकरण

3213. **श्री लक्ष्मण टुडु:**

श्री अंजनकुमार एम. यादव:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अपर्याप्त स्टाफ या अन्य कारणों से कई दूरदर्शन केंद्र और आकाशवाणी केंद्र सही ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं या अंशत: कार्य कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्थान-वार इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) बंद किए गए दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों की दूरदर्शन/आकाशवाणी-वार और स्थान-वार संख्या क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा दूरदर्शन/आकाशवाणी के सुचारू कार्यकरण हेतु उठाए गए/उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदम क्या हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि इस समय दूरदर्शन नेटवर्क में 67 दूरदर्शन स्टूडियो केंद्र और 1415 टीवी ट्रांसमीटर हैं। स्टाफ की अनुपलब्धता के कारण 46 अल्प शक्ति ट्रांसमीटर इस समय आंशिक प्रसारण कर रहे हैं और 23 स्टूडियो केंद्रों में कार्यकलाप सीमित हैं (राज्य-वार अवस्थितियां संलग्न विवरण-I में दी गई हैं)। यद्यपि सभी दूरदर्शन केंद्रों का कार्यकरण सामान्यतया संतोषजनक है, तथापि, कुछेक ट्रांसमीटरों के सुचारू ढंग से कार्य न करने के संबंध में समय-समय पर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं और इनका तत्काल निदान किया जाता है।

दूरदर्शन नेटवर्क में स्टाफ का भीषण अभाव है। गत लगभग ग्यारह वर्षों से नए केंद्रों की देख-रेख करने के लिए स्टाफ को संस्वीकृत नहीं किया गया है और अन्य केंद्रों से स्टाफ की पुनर्प्रतिनियुक्ति करके बड़ी संख्या में केंद्रों को प्रचालित किया गया है। दूरदर्शन का उपलब्ध संसाधनों में से ही सुविधाओं का इष्टतम उपयोग करने का सतत् प्रयास रहता है।

जहां तक आकाशवाणी का संबंध है, 24 केंद्र/चैनल, जिनके लिए ओ. एंड एम. स्टाफ की संस्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है, उप-इष्टतम रूप में कार्य कर रहे हैं क्योंकि आकाशवाणी की इन परियोजनाओं/स्कीमों को अन्य मौजूदा केंद्रों से स्टाफ की पुनर्प्रतिनियुक्ति करके शुरू/प्रचालित किया गया था और इसलिए जनशक्ति के अभाव के कारण, निर्माण संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता के बावजूद ये आकाशवाणी केंद्र/चैनल या तो कार्यक्रमों को रिले कर रहे हैं/या वे यथा अपेक्षित तीन पालियों की बजाए एकल या दो पालियों में कार्य कर रहे हैं। अवस्थिति-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। सुविधाओं के इष्टतम उपयोग हेतु इन केंद्रों/चैनलों के लिए अपेक्षित स्टाफ की संस्वीकृत हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

निधियों के संकट और स्टाफ व कल-पुर्जो की कमी के कारण कुछ आकाशवाणी केंद्रों पर आंशिक रूप से प्रभाव पड़ा है। आकाशवाणी के 51 मीवे/शॉवे/एफ.एम. ट्रांसमीटर उप-इष्टतम रूप से कार्य कर रहे हैं क्योंकि ये ट्रांसमीटर बहुत पुराने हैं और अधिक समय हो जाने के कारण उनकी दक्षता में कमी आई है। अवस्थिति-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में भुसावल स्थित अल्प शक्ति टीवी ट्रांसमीटर को बंद कर दिया गया था। इस एल.पी.टी. को जलगांव स्थित उच्च शक्ति टीवी ट्रांसमीटर, जोकि एल.पी.टी. भुसावल के पूर्व कवरेज क्षेत्र को टीवी कवरेज मुहैया कराता है, की कमीशनिंग के फलस्वरूप बंद कर दिया गया था।

जनशक्ति के अभाव के कारण अथवा किसी अन्य कारण से किसी आकाशवाणी केंद्र को बंद नहीं किया गया है। तथापि, जम्मू (जम्मू और कश्मीर), रांची (झारखंड) और कोहिमा (नागालैंड) में अधिष्ठापित 50 किवा शॉवे ट्रांसमीटर तथा अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) स्थित 250 किवा शॉवे ट्रांसमीटर कल-पुर्जो के अभाव के कारण कार्य नहीं कर रहे हैं।

(घ) आकाशवाणी केंद्रों के सुचारू कार्यकरण हेतु आकाशवाणी द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:-

(i) ओ. एंड एम. स्टाफ की संस्वीकृति जारी करने और महत्वपूर्ण रिक्तियों को भरने के कार्य पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

(ii) पुराने ट्रांसमीटरों के लिए कल-पुर्जो के अधिप्रापण की प्रक्रिया चल रही है।

(iii) पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत पुराने ट्रांसमीटरों के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से अद्यतन डिजिटल प्रौद्योगिकी के ट्रांसमीटर लगाए जा रहे हैं।

विवरण-I

सीमित कार्यकलाप वाले स्टूडियो केंद्र और अल्पशक्ति ट्रांसमीटर

राज्य	सीमित कार्यकलाप वाले स्टुडियो केंद्र	आंशिक प्रसारण करने वाले अल्प शक्ति ट्रांसमीटर
1	2	3
आन्ध्र प्रदेश	विजयवाडा	पुंगानुर
	वारंगल	मरियालगुडा
		कंडुकुर
		कोल्हापुर
	तिरुपति	मोदुगुला
		पेडापल्लि
		सिरपुर
		सिरसिला

1	2	3
		तलकोंदपल्ली
		वेमलवाडा
बिहार		बांका
		भबुआ
		रामनगर
चंडीगढ़	चंडीगढ़	-
छत्तीसगढ़	जगदलपुर	खरोद
		कोंता
		पंडारिया
हरियाणा	हिसार	फतेहाबाद
		कैथल
जम्मू और कश्मीर	राजौरी	-
कर्नाटक		इंडी
		कोप्पा
		मुढ़ोल
		मुडार्गी
		सिंदनूर
		तालिलकोटा
केरल	कालिकट	-
	त्रिचूर	-
मध्य प्रदेश	ग्वालियर	सिंधवा
	इंदौर	बरेली
		बडवानी
		लखनदोन
महाराष्ट्र	पुणे	भामरागड
		धड़गांव
		शिर्डी
मेघालय		चेरापूंजी

1	2	3
ओडिशा	भवानीपटना	बौध
		अथमलिक
		बहलदा
		बालिगुडा
		भुबन
		बीरमित्रपुर
		दूधर्कोट
		पदमपुर
		रैराखोल
		सोहेला
पंजाब	पटियाला	-
सिक्किम	गंगटोक	-
तमिलनाडु	मदुरै	मदुरै (डीडी न्यूज)
	कोयम्बतूर	
त्रिपुरा	-	अंबास्सा
	-	जोलैबारी
उत्तराखंड	देहरादून	
उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद	-
	मथुरा	
	वाराणसी	
पश्चिम बंगाल	जलपाईगुडी	कूच बिहार
	शांतिनिकेतन	

विवरण-II

ओ. एंड एम. स्टाफ की संस्वीकृति न होने के कारण उप-इष्टतम रूप से कार्य कर रहे आकाशवाणी केंद्रों/चैनलों के नाम

क्र. सं.	राज्य	स्थान	ट्रांसमीटर की क्षमता
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	मचरेला	3 कि.वा. एफ.एम.
2.		सूर्यापेट	1 कि.वा. एफ.एम. (अंतरिम स्थापना)

1	2	3	4
3.	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	10 कि.वा. एफ.एम.
4.	छत्तीसगढ़	सरायपल्ली	1 कि.वा. एफ.एम.
5.	गुजरात	हिम्मतनगर	1 कि.वा. मी. वेब
6.	हरियाणा	रोहतक	10 कि.वा. एफ.एम.
7.	कर्नाटक	बरेली	10 कि.वा. एफ.एम.
8.		गुलबर्गा	10 कि.वा. एफ.एम.
9.	केरल	मंजेरी	3 कि.वा. एफ.एम.
10.	मध्य प्रदेश	मंडला	1 कि.वा. एफ.एम.
11.		राजगढ़	3 कि.वा. एफ.एम.
12.	महाराष्ट्र	ओरस	5 कि.वा. मी. वेब
13.	मणिपुर	इम्फाल	10 कि.वा. एफ.एम.
14.	मिजोरम	आइजोल	6 कि.वा. एफ.एम.
15.	नागालैंड	कोहिमा	1 कि.वा. एफ.एम. (अंतरिम स्थापना)
16.	ओडिशा	सोरी	1 कि.वा. मी. वेब
17.	राजस्थान	कोटा	20 कि.वा. मी. वेब
18.	तमिलनाडु	धर्मापुरी	10 कि.वा. एफ.एम.
19.		मदुरई	10 कि.वा. एफ.एम.
20.		तिरूनलवेली	10 कि.वा. एफ.एम.
21.	त्रिपुरा	अगरतला	10 कि.वा. एफ.एम.
22.	उत्तर प्रदेश	गोरखपुर	10 कि.वा. एफ.एम.
23.	पश्चिम बंगाल	शांतिनिकेतन	3 कि.वा. एफ.एम.
24.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (संघ राज्य क्षेत्र)	पोर्टब्लेयर	10 कि.वा. एफ.एम.

विवरण-III

एजिंग/घटकों की खराबी के कारण उप-इष्टतम रूप से कार्य कर रहे आकाशवाणी ट्रांसमीटरों की सूची

आकाशवाणी ट्रांसमीटरों की सूची जो एजिंग/कमपोनेन्ट फेल्युर होने के कारण सब-औप्टमली चल रहे हैं

क्र. सं.	स्थान	राज्य	क्षमता (कि.वाट)	टिप्पणी
1	2	3	4	5
(क) मीडियम वेब ट्रांसमीटर				
1.	आदिलाबाद	आन्ध्र प्रदेश	1	बदला जा रहा है
2.	कोकराझार	असम	20	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
3.	जम्मू	जम्मू और कश्मीर	300	बदला जा रहा है
4.	भवानीपटना	ओडिशा	200	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
5.	जालंधर	पंजाब	300	बदला जा रहा है
6.	ओटकामुंड	तमिलनाडु	1	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
7.	पोर्टब्लेयर	यू.टी. (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	100	गिरे हुए मास्ट को पुन: स्थापित करने के लिए कार्यवाही की जा रही है
(ख) शार्ट वेब ट्रांसमीटर				
1.	पणजी	गोवा	250	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
2.	लेह	जम्मू और कश्मीर	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
3.	आइजोल	मिजोरम	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
4.	अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	250	बदला जा रहा है
5.	करसियांग	पश्चिम बंगाल	50	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
6.	पोर्टब्लेयर	यू.टी. (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
(ग) एफ.एम. ट्रांसमीटर				
1.	अनंतपुर	आन्ध्र प्रदेश	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है

1	2	3	4	5
2.	कोठागुदड्म		6	बदला जा रहा है
3.	मरकापुरम		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
4.	तिरूपती		10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
5.	विशाखापटनम्		10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
6.	धुबरी	असम	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
7.	हाफलांग		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
8.	जोरहट		10	बदला जा रहा है
9.	नोगांग		6	बदला जा रहा है
10.	पुर्णिया	बिहार	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
11.	पणजी	गोवा	6	बदला जा रहा है
12.	धर्मशाला	हिमाचल प्रदेश	10	बदला जा रहा है
13.	जम्मू	जम्मू और कश्मीर	3	बदला जा रहा है
14.	जम्मू	जम्मू और कश्मीर	10	12वीं योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रतिस्थापन
15.	चाईबासा	झारखंड	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
16.	रांची		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
17.	चित्रदुर्ग	कर्नाटक	6	बदला जा रहा है
18.	होसपेट		10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
19.	बेतुल	मध्य प्रदेश	6	बदला जा रहा है
20.	कोल्हापुर	महाराष्ट्र	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
21.	यावतमल		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है

1	2	3	4	5
22.	इम्फाल	मणिपुर	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
23.	शिलांग	मेघालय	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
24.	आइजोल	मिजोरम	6	बदला जा रहा है
25.	बरहामपुर	ओडिशा	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
26.	राउरकेला		6	बदला जा रहा है
27.	पटियाला	पंजाब	6	बदला जा रहा है
28.	जोधपुर	राजस्थान	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
29.	माउंट आबु		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
30.	कोइम्बटूर	तमिलनाडु	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
31.	नागरकोल		10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
32.	अगरतला	त्रिपुरा	10	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
33.	बेलोनिया		6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है
34.	कैलाशहर		6	बदला जा रहा है
35.	फैजाबाद	उत्तर प्रदेश	6	बदला जा रहा है
36.	ओबरा		6	बदला जा रहा है
37.	मसूरी	उत्तराखंड	10	बदला जा रहा है
38.	आसनसोल	पश्चिम बंगाल	6	12वीं योजना के अन्तर्गत बदलने का प्रस्ताव है

[अनुवाद]

गैर-सरकारी संगठनों के लिए अनुदान

3214. **श्री नलिन कुमार कटील:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संस्कृति कार्यकलापों में संलग्न स्वायत्त संगठनों/गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता/अनुदान प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान विभिन्न ऐसे संगठनों को जारी की गई निधियों का संगठन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार देश के प्रसिद्ध व्यक्तियों के जन्म दिवस मनाने हेतु निधियां प्रदान कर रही है;

(घ) यदि हां, तो उक्त प्रयोजन हेतु जारी निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

लोनार सरोवर की स्थिति

3215. **श्री हंसराज गं. अहीर:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र राज्य में लोनार सरोवर स्थल जीर्ण अवस्था में है;

(ख) यदि हां, तो क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उक्त स्थल के उचित अनुरक्षण हेतु कोई कार्य-योजना तैयार की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या संघ सरकार ने उक्त स्थल के जीर्णोद्धार और अनुरक्षण हेतु महाराष्ट्र सरकार से कोई वित्तीय अनुरोध प्राप्त किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ग) लोणार सरोवर स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का संरक्षित स्मारक नहीं है। तथापि, लोणार झील की परिधि में कुछ स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित हैं जिनका संरक्षण कार्य मरम्मत की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित रूप से किया जा रहा है तथा वे भली-भांति परिरक्षित हैं।

(घ) और (ङ) महाराष्ट्र सरकार से ऐसा कोई विशेष अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

[अनुवाद]

राष्ट्रीय बीज सम्मेलन

3216. **श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय बीज सम्मेलन आयोजित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम निकले; और

(ग) सरकार द्वारा ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन सम्मेलनों के निष्कर्षों के अनुसरण में क्या रुपरेखा तैयार की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) राष्ट्रीय बीज अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र (एन.एस.आर.टी.सी.), वाराणसी, उत्तर प्रदेश, जो कि कृषि एवं सहकारिता विभाग के अन्तर्गत एक अधीनस्थ कार्यालय है, ने गत तीन वर्षों के दौरान 'राष्ट्रीय बीज कांग्रेस' संगठित की है जिसके कार्य इस प्रकार हैं:-

दिनांक	स्थान	परिणाम
1	2	3
18-20 जनवारी, 2010	नई दिल्ली	कांग्रेस ने बीज क्षेत्र के विभिन्न तथ्यों अर्थात उत्पाद, भण्डारण, प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी, उपजातीय विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सहक्रियाओं पर विचार-विमर्श किया और तदनुसार इसकी विशिष्ट सिफारिशें की।
29-31 जनवरी, 2011	पुणे, महाराष्ट्र	फील्ड प्रतिमानकों को सुधारने, बीज गुणवत्ता आश्वासन, बीज उत्पादन एवं बीज गुणवत्ता पर अनुसंधान के तीव्रीकरण और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बीच अन्तर को पाटने इत्यादि के लिए विचार-विमर्श आयोजित किया तथा संबंधित सिफारिशें की।

1	2	3
23-25 जनवरी, 2012	चण्डीगढ़, हरियाणा	विचार-विमर्श तथा सिफारिशों में बीज उत्पादन तथा बीज गुणवत्ता के लिए नए क्षेत्र खोजना शामिल किया गया ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को रोका जा सके, अनुवांशिक रूप से आशोधित खाद्य फसलों की निर्मुक्ति सुलभ बनाने के लिए अनुकूल नीति वातावरण का प्रावधान किया जा सके, प्रजनन अनुरक्षण का सुदृढ़ीकरण, बीज अवसंरचना और बीज गुणवत्ता प्रतिमानकों का सुधार, सार्वजनिक निजी भागीदारी को पुन: जीवनक्षम बनाया जा सके।

(ग) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बीजों की उपलब्धता 2007-2008 में 194.31 लाख क्विंटल से 2011-2012 में 353.62 लाख क्विंटल तक बढ़ी।

कांग्रेस बीज विज्ञान और गुणवत्ता विनियंत्रण, कार्यनीतियों के नियोजन इत्यादि तथा ज्ञान/दक्षताओं में की गई प्रगति की समीक्षा के लिए एक मंच के रूप में उभर कर सामने आई है। 11वीं योजना के दौरान आयोजित विचार-विमर्शों/सिफारिशों/निरंतर राष्ट्रीय सम्मेलनों के परिणामों ने विद्यमान स्कीम से संबंधित हस्तक्षेपों और समय-समय पर बीज क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा की गई विभिन्न नीति पहलों के मार्गदर्शन की सेवा दी है।

फार्म आवंटन

3217. **श्री पोन्नम प्रभाकर**: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में फार्म आवंटन में 18 प्रतिशत वृद्धि की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आन्ध्र प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य से प्राप्त सिफारिशों और अब तक इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) जी, हां। कृषि एवं सहकारिता विभाग का योजना आबंटन 2011-12 में 17,122.87 करोड़ रु. से बढ़ाकर 2012-13 में 20,208 करोड़ रु. कर दिया गया है जो कि 18 प्रतिशत होता है। संबंधित स्कीमों के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाता है।

[अनुवाद]

मीडिया कर्मियों के लिए सुविधाएं

3218. **श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी**: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दिल्ली सहित देश में कार्यरत मीडिया कर्मियों/पत्रकारों को स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज सहित अन्य कल्याण सुविधाओं हेतु विशेष पैकेज प्रदान करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) आन्ध्र प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य को प्रदान की जा रही सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) से (ग) भारत सरकार के पास "पत्रकार कल्याण निधि" नामक एक मौजूदा स्कीम है जिसमें मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में पत्रकारों/उनके परिवारों को; साथ ही, बड़ी बीमारियों के लिए इलाज की लागत को कवर करने के लिए भी तथा उन दुर्घटनाओं के मामले में जिनमें गंभीर चोटें लगी हों और अस्पताल में भर्ती करना आवश्यक हो गया हो, तात्कालिक आधार पर एकमुश्त अनुग्रही राहत राशि प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) में स्थित और पत्र सूचना कार्यालय (पी.आई.बी.) द्वारा प्रत्यायित मीडिया कर्मियों को मानदंडों के अनुसार निम्नलिखित सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं:-

* केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा (सी.जी.एच.एस.) के अंतर्गत सुविधाएं।
* प्रेस पूल के अंतर्गत सरकारी आवास का आबंटन।

भारतीय रेलवे द्वारा रेल के किराये पर रियायत दिया जाना।

भारतीय फिल्म उद्योग

3219. **श्री अशोक तंवर:**

श्री पी.टी. थॉमस:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय फिल्म उद्योग को भारत तथा विदेशों में बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए क्रिया-कलापों का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान भारतीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई और कितना व्यय कार्यक्रम/योजना-वार किया गया; और

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा पूरी तरह/आंशिक रूप से वित्तपोषित फीचर फिल्मों का ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) देश और विदेश में भारतीय फिल्म उद्योग का संवर्धन करने के उद्देश्य से इस मंत्रालय की 11वीं योजनावधि के दौरान "भारत व विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात-संवर्धन" तथा "भारत व विदेश के फिल्म बाजारों में सहभागिता" नामक दो योजनागत स्कीमों के अंतर्गत शुरू किए गए कार्यकलापों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

भारत व विदेश के फिल्म बाजारों में सहभागिता:

(i) कान फिल्म बाजार, फ्रांस

(ii) फिल्म बाजार, गोवा

(iii) यूरोपीय फिल्म बाजार, बर्लिन

(iv) मिपकॉम

(v) काहिरा फिल्म समारोह

(vi) टोरंटो फिल्म समारोह, कनाडा

(vii) अमरीकी फिल्म बाजार

(viii) हांग कांग फिल्म बाजार

उपर्युक्त फिल्म बाजारों में लगाए गए भारतीय मंडप ने भारतीय फिल्म उद्योग को अपनी फिल्मों का विपणन करने के लिए विदेश क्रेताओं के साथ वार्ता करने/संपर्क स्थापित करने हेतु एक मंच मुहैया कराया। उपर्युक्त फिलम समारोहों/बाजारों में उदीयमान नए निर्देशकों को प्रोत्साहन मिला है।

भारत व विदेश में फिल्म बाजारों के जरिए निर्यात-संवर्धन:

(i) प्रत्येक वर्ष भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

(ii) प्रत्येक वर्ष भारतीय पैनोरमा के अंतर्गत फिल्मों का भारत व विदेश में आयोजित फिल्म समाहरोहों में प्रदर्शन किया गया है।

(iii) भारत व विदेश में आयोजित अनेक फिल्म समारोहों में भाग लिया।

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान निम्नलिखित स्कीमों के अंतर्गत किए गए आबंटन में से हुए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

भारत व विदेश के फिल्म बाजारों में सहभागिता:

वर्ष	आबंटन (लाख रु. में)	व्यय (लाख रु. में)
2009-10	220	193.85
2010-11	220	175.32
2011-12	420	403.35

भारत व विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात-संवर्धन:

वर्ष	आबंटन (लाख रु. में)	व्यय (लाख रु. में)
2009-10	416	405.18
2010-11	494.14	488.32
2011-12	684.13	678.19

(ग) एन.एफ.डी.सी. ने वर्ष 2006-07 से फिल्मों के लिए वित्तीय सहायता देने/निधियां प्रदान करने और आंशिक रूप से निधियां प्रदान करने का कार्य बंद कर दिया है।

जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत शहरी बसें

3220. **श्री एस.एस. रामासुब्बू:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) के अंतर्गत शहरी बसों की खरीद के लिए देश में विभिन्न राज्यों को निधियां आवंटित की हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कई राज्यों ने इस प्रयोजनार्थ आवंटित निधियों का उचित तरीके से उपयोग नहीं किया है और उसका अन्यत्र उपयोग किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी हां। भारत सरकार द्वारा जनवरी, 2009 में घोषित दूसरे प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) के अंतर्गत राज्यों को शहरी परिवहन के लिए बसों की खरीद हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता मुहैया करने के लिए स्कीम के तहत उनकी शहरी परिवहन प्रणाली के लिए बसों की खरीद हेतु एक-बारगी उपाय के रूप में वित्तीय सहायता मुहैया की जाती है। यह वित्तीय सहायता विशेष रूप से सभी मिशन शहरों के लिए शहरी बस सेवा और द्रुत बस परिवहन प्रणाली (बी.आर.टी.एस.) के लिए ही है।

भारत सरकार ने 61 मिशन शहरों में शहरी परिवहन प्रणाली के लिए जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत 15260 बसों की खरीद हेतु राज्य सरकारों के अनुरोध के आधार पर अनुमानित अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) के रूप में 2088.80 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमोदित की थी। इस अनुमानित धनराशि में से, राज्यों/संघ शासित राज्यों को 1346.91 करोड़ रुपये (लगभग) जारी किए गए हैं और 12772 बसें खरीद ली गई हैं। अनुमेय अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) और जारी निधियों के राज्य-वार ब्यौरे विवरण के रूप में संलग्न हैं।

(ग) जी नहीं। केवल बिहार सरकार ने (बोधगया और पटना शहर के लिए) उनको प्रथम किस्त के रूप में जारी निधियों से बसों की खरीद संबंधी कोई सूचना नहीं दी है।

(घ) शहरी विकास मंत्रालय ने बिहार सरकार को जे.एन.एन.यू.आर.एम. के तहत स्वीकृत बसों की खरीद के बारे में अपने इरादे बताने के लिए पत्र लिखा है अथवा पहले जारी किए जा चुके अनुदानों को रद्द अथवा वापस लिया माना जाए।

विवरण

जे.एन.एन.यू.आर.एम. के तहत शहरी परिवहन प्रणाली के लिए बसों की खरीद हेतु वर्षवार और राज्यवार स्वीकृत और जारी ए.सी.ए.

(करोड़ रुपये)

क्र.. सं..	राज्य	अनुमेय केन्द्रीय अंश (ए.सी.ए.)	वर्षवार जारी निधियां			
			2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7
क.	**विशेष श्रेणी के राज्य**					
1.	अरुणाचल प्रदेश	3.74	1.95	0	0	0.9913
2.	असम	47.29	7.11	0	13.49	
3.	हिमाचल प्रदेश	6.08	3.04	0	2.43	
4.	जम्मू और कश्मीर	23.76	0	5.94	0	13.04

1	2	3	4	5	6	7
5.	मणिपुर	6.08	3.04	0	0	
6.	मेघालय	14.76	0	3.69	3.69	
7.	मिजोरम	2.93	1.46	0	0	
8.	नागालैंड	2.7	0	0.68	0	
9.	सिक्किम	2.70	0	0.68	1.12	
10.	त्रिपुरा	14.65	7.65	0	0	2.71
11.	उत्तराखंड	21.74	10.87	0	2.65	
	योग (क)	**146.43**	**35.12**	**10.99**	**23.38**	**16.7413**
ख.	**गैर-विशेष श्रेणी के राज्य**					
1.	आन्ध्र प्रदेश	176.5	90.88	0	19.1	1.06
2.	बिहार	25.35	12.68	0	0	
3.	छत्तीसगढ़	11.88	5.94	0	0	
4.	गोवा	6.16	3.08	0	1.96	
5.	गुजरात	88.2	39.08	0	0	
6.	हरियाणा	27.3	13.65	0	0	
7.	झारखंड	23.9	11.95	0	0	
8.	कर्णाटक	159.04	72.12	0	26.52	12.14
9.	केरल	78.22	39.11	12.04	0	
10.	मध्य प्रदेश	101.12	50.56	0	0	3.98
11.	महाराष्ट्र	299.6	142.67	0	16.29	17.38
12.	ओडिशा	15.84	7.92	3.68	2.59	
13.	पंजाब	49.15	24.63	0	0	
14.	राजस्थान	77.57	38.68	0	0	17.08
15.	तमिलनाडु	192.35	96.18	0	13.09	13.08
16.	उत्तर प्रदेश	142.92	130.3	0	0	
17.	पंश्चिम बंगाल	145.4	68.5	0	0	
	योग (ख)	**1620.50**	**847.93**	**15.72**	**79.55**	**64.72**

1	2	3	4	5	6	7
(ग)	**संघ राज्य क्षेत्र**					
1.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार	274.75	115.52	1.75	0	106.88
2.	पुदुचेरी	12.92	0	3.23	0	
3.	चंडीगढ़	34.20	17.1	0	8.28	
	योग (ग)	**321.87**	**132.62**	**4.98**	**8.28**	**106.88**
	कुल योग (क+ख+ग)	2088.8	1015.67	31.69	111.21	188.3413
	कुल जारी 1346.9113 करोड़ रुपये					

अध्यक्ष महोदया: सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

पर्वाह्न 11.11 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदया *पीठासीन हुईं)*

मध्याह्न 12.00 बजे

[अनुवाद]

अध्यक्ष द्वारा उल्लेख

भारत द्वारा अग्नि-पांच प्रक्षेपास्त्र का सफल प्रक्षेपण और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यगण, 19 अप्रैल 2012 को भारत ने ओडिशा समुन्द्रतट के समीप स्थित एक परीक्षण रेंज से अग्नि-5 मिसाइल का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। सतह-से-सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की भारक क्षमता 5000 कि.मी. है जिसे भारत की मिसाइल प्रौद्योगिकी और सेना की अवरोधक क्षमता में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। इस प्रक्षेपण से भारत उन देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास अन्तर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है।

यह सभा भारतीय वैज्ञानिकों को उनकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देती है तथा भविष्य के सभी प्रयासों के लिए सफलता की कामना करती है।

माननीय सदस्यगण, आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। इसी दिन, 19 वर्ष पहले अर्थात् 24 अप्रैल, 1993 को संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 लागू होने से महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज का सपना साकार हुआ था। वास्तव में यह हमारी प्रजातांत्रिक राजनीति की एक युगप्रवर्तक घटना है। पंचायती राज हमारे देश की प्रजातांत्रिक प्रणाली की जड़ें मजबूत करने की दृष्टि से ग्राम स्तर पर लोगों को शक्तियां प्रदान करता है। आईए। हम इस अवसर पर अपने देश में प्रजातंत्र को सुदृढ़ करने के लिए पंचायतों और पंचायतों राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दें।

अपराह्न 12.03 बजे

[अनुवाद]

सभा पटल पर रखे गए पत्र

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय : अब, सभा पटल पर पत्र रखे जाएंगे।

...*(व्यवधान)*

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): मैं भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 की धारा 39 अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (वैज्ञानिक संवर्ग में भर्ती) संशोधन विनियमन, 2012 जो 2 अप्रैल, 2012 के भारत

के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 278(ङ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा-पटल पर रखता हूं। ...*(व्यवधान)*

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6552/15/12]

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृत्तान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**...

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो सौगत राय): मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2010-2011 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2010-2011 के लेखापरीक्षित लेखाओं की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1क) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।...(व्यवधान)...

[ग्रंथालय में रखे गए, **देखिए** संख्या एल.टी.-6553/15/12]

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंगर्तत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) मार्च, 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, संघ सरकार का प्रतिवेदन, - (2011-12 का संख्यांक 27)- राजस्व विभाग (प्रत्यक्ष कर)।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6554/15/12]

(दो) मार्च, 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, संघ सरकार का प्रतिवेदन, - (2011-12 का संख्यांक 1) संघ सरकार के लेखे।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6555/15/12]

(2) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):--

(एक) वर्ष 2010-11 के लिए संघ सरकार - वित्त लेखा।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6556/15/12)]

(दो) वर्ष 2010-11 के लिए संघ सरकार - विनियोग लेखा (सिविल)।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6557/15/12]

(तीन) वर्ष 2010-11 के लिए संघ सरकार - रक्षा सेवाओं के विनियोग लेखे।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6558/15/12]

(चार) वर्ष 2010-11 के लिए संघ सरकार - विनियोग लेखा (डाक सेवाएं)।

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6559/15/12]

[हिन्दी]

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) लक्षद्वीप विकास निगम लिमिटेड, कावारत्ती के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) लक्षद्वीप विकास निगम लिमिटेड, कावारत्ती का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

[ग्रंथालय में रखी गयी, **देखिए** संख्या एल.टी.-6560/15/12]

---

*कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

अपराह्न 12.03¼ बजे

वित्त संबंधी स्थायी समिति

51वें से 55वां प्रतिवेदन।

[अनुवाद]

श्री यशवंत सिन्हा (हजारी बाग): मैं वित्त संबंधी स्थायी समिति (2011-12) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:

(1) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य, व्यय, वित्त सेवाएं और विनिवेश विभागों) की अनुदानों की मागों (2012-13) के संबंध में इक्यावनवां प्रतिवेदन।

(2) वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) अनुदानों की मांगों (2012-13) के संबंध में बावनवां प्रतिवेदन।

(3) योजना मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2012-13) के संबंध में तिरेपनवां प्रतिवेदन।

(4) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2012-13) के संबंध में चौवनवां प्रतिवेदन।

(5) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2012-13) के संबंध में पचपनवां प्रतिवेदन।...*(व्यवधान)*...

अपराह्न 12.03½ बजे

विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति

12 वां प्रतिवेदन

[हिन्दी]

डॉ. भोला सिंह (नवादा): अध्यक्ष महोदया, मैं वर्ष 2011-12 के लिए प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के संबंध में नौवें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति का बारहवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

अपराह्न 12.04 बजे

जलदस्युता विधेयक, 2012*

...*(व्यवधान)*...

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: मद संख्या 9 - श्री ई. अहमद।

इनके भाषण के अलावा कार्यवाही वृत्तान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)***...

विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ई. अहमद): महोदया, मैं श्री एस.एम. कृष्णा की ओर से जलदस्युता पर रोक लगाने तथा जल दस्युता संबंधी अपराध के लिए दंड की व्यवस्था करने और उससे संबंधित मामलों या घटनाओं के लिए विशेष प्रावधान करने के लिए विधेयक पुरःस्थापित करने के लिए अनुमति चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया: प्रश्न यह है:

"कि जलदस्तुता पर रोक लगाने तथा जलदस्युता संबंधी अपराध के लिए दंड की व्यवस्था करने तथा उससे संबंधित तथा उससे संसक्त मामलों के लिए विशेष उपबंध करने के लिए विधेयक पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री ई. अहमद: मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

[अनुवाद]

...*(व्यवधान)*...

अध्यक्ष महोदया: अब हम 'शून्य काल' से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

श्री जसवंत सिंह

...*(व्यवधान)*...

अध्यक्ष महोदया: कृपया अपने स्थान पर वापस जाइए। श्री जसवंत सिंह जो कहेंगे उसके अलावा कुछ भी कार्यवाही वृतान्त में शामिल नहीं किया जाएगा।

...*(व्यवधान)**...

---

* भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग था, खंड-II, दिनांक 24.04.2012 में प्रकाशित

** कार्यवाही वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

श्री जसवंत सिंह (दार्जीलिंग): महोदय, मैं एक ऐसी अपील कर रहा हूं जो मैंने पहले कभी नहीं की है...(व्यवधान) मैंने एक अत्यंत महत्वपूर्ण मामले पर चर्चा करने के लिए प्रश्नकाल निलंबित करने का नोटिस दिया है।...(व्यवधान) यह मामला हमारे देश की रक्षा तैयारी और सशस्त्र बलों की सामरिक कारगरता के बारे में है। दुर्भाग्यवश जो मैं कहना चाहता हूं उसे शोर-शराबे के कारण नहीं कह पा रहा हूं। ...*(व्यवधान)* महोदया, मैं अपील करता हूं कि सरकार इस मुद्दे को स्पष्ट करे और हमें बिना शोर-शराबे के उचित तरीके से अपने सभी सरोकारों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया जाए। यह शोर-शराबा मुद्दे से भटकाने के लिए है जिसे सत्ताधारी दल के सदस्य ...*(व्यवधान)* मैं इस शोर-शराबे की बराबरी नहीं कर सकता। मैं यह अपील करने के अलावा कुछ नहीं कर सकता कि आप सरकार को निर्देश दें ताकि हम इस मुद्दे पर समुचित चर्चा कर सकें। ...(व्यवधान)

अपराह्न 12.06 बजे

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जिलाधिकारी के कथित अपहरण के बारे में

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: डॉ. एम. तम्बिदुरई

...*(व्यवधान)*

डॉ. एम. तम्बिदुरई (करुर) : महोदया, छत्तीसगढ़ में सकमा जिले के कलेक्टर श्री एलेक्स पॉल मेनन का माओवादियों ने 21 अप्रैल 2012 को अपहरण किया, जब वे किसी राजकीय निरीक्षण के लिए दूरस्थ गांव में थे। ...*(व्यवधान)* महोदय, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजकीय दौरे पर गये किसी अधिकारी का माओवादियों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। इससे माहौल खराब होगा एवं कार्यकारी अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों का हौसला टूटेगा ...*(व्यवधान)* महोदया, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को आवश्यक कार्रवाही के लिए पत्र लिखा है एवं यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि कलेक्टर को माओवादियों से छुड़ाया जाए। महोदया, यह एक महत्वपूर्ण विषय है। ...*(व्यवधान)* हाल में ही, ओडिशा में भी एक विधायक का अपहरण हुआ है और उन्हें क्या हुआ है इसके बारे में हमें ज्ञात नहीं है। इस तरह की घटनाऐं भारत में हो रही हैं। अत: अब वक्त आ गया है कि गृह मंत्री केन्द्र सरकार इस पर विचार करें कि माओवादियों की समस्या का समाधान कैसे निकलेगा? साथ ही, अधिकारी श्री एलेक्स पॉल मेनन को माओवादियों के कब्जे से जल्द छुड़ाया। यह मेरा विनम्र निवेदन है। ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: श्री टी.आर. बालू

श्री टी.आर. बालू (श्रीपेरूम्बुदूर): अध्यक्ष महोदया, यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के कलक्टर, श्री एलेक्स पॉल मेनन का विगत सप्ताह माओवादियों ने अपहरण कर लिया। ...*(व्यवधान)* सभी तमिल लोग उनके के लिए काफी चिंतित हैं। ...*(व्यवधान)* इसके बारे में हमारे नेता डॉ. कलिगनार करुणानिधि ने बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने सरकार से हस्तेक्षप कर एवं उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। ...*(व्यवधान)* महोदया, इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई हैं। इस तरह की घटनायें दूसरी जगहों पर एवं छत्तीसगढ़ में भी घटित हुई हैं।...*(व्यवधान)* यह अधिकारी दमा से पिड़ित है एवं इनका स्वास्थ्य, लगातार गिर रहा है। ...*(व्यवधान)* अत: केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों को उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए।...*(व्यवधान)* जनता को उपयुक्त सुरक्षा मिलनी चाहिए।...*(व्यवधान)* जब कलेक्टर को ठीक से सुरक्षा नहीं मिल रही है, तो जनता को पूरी सुरक्षा मिलने की क्या संभावना है?...*(व्यवधान)* मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार, दोनों से अनुरोध करता हूं कि कलेक्टर को माओवादियों से छुड़ाया जाये ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: श्री एस.एस. रामसुब्बू

...*(व्यवधान)*

श्री एस.एस. रामासुब्बू (तिरुनेलवेली): अध्यक्ष महोदया, यह काफी महत्वपूर्ण समस्या है। देश यह जानकर स्तब्ध है कि शनिवार 21 अप्रैल 2012 की दोपहर में प्रतिबंधित माओवादियों ने सुकमा के जिला अधिकारी, श्री एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया। वे मेरे निर्वाचन क्षेत्र तिरुनेलवेली, तमिलनाडु से हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पलयामकोट्टई से पूरी की है। श्री मेनन एक बुद्धिमान, कुशल मेहनती एवं निष्ठावान अधिकारी हैं। मेरे जिले के सभी व्यक्ति इस घटना से हतप्रभ हैं। ...*(व्यवधान)*

श्री मेनन के परिवार वालों की तरफ से मैं केन्द्र सरकार से विनम्र आग्रह करता हूं कि कृपया इस मामले में हस्तक्षेप करें एवं माओवादियों द्वारा अपहृत श्री मेनन की शीघ्र रिहाई के लिए उचित कार्यवाही करें। साथ ही, इस हादसे में मारे गये उनके अंगरक्षकों के परिवार वालों को पर्याप्त मुआवाज़ा दें। ...*(व्यवधान)*

यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि माओवादी उग्रवादी की घटनाएं ओडिशा में लगातार हो रही हैं। पहले एक कलेक्टर का अपहरण किया गया था। अब मेरे निर्वाचन क्षेत्र के एक बुद्धिमान एवं युवा अधिकारी का अपहरण किया गया है। कृपया उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए जरूरी कार्रवाई करें। *...(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: श्री पी लिंगम, श्री शिवकुमार उदासी, श्री पी.टी. थॉमस, श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री देवजी एम. पटेल, डॉ. किरीट प्रेम जी भाई सोलंकी, श्री जे.एम.आरुन रशीद, श्री मानिक टैगोर, श्रीमती जे. हेलन डेविडसन, श्री एस.आर. जेयदुरई, श्री ए सम्पत, श्री वीरेन्द्र कुमार, और श्रीमती बोसे झांसी लक्ष्मी, श्री एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण से संबंधित मुद्दों से अपने को संबद्ध कर सकते हैं।

...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): महोदया, मैं आज एक महत्वपूर्ण मुद्दा आपके समक्ष रख रहा हूं जिसका संबंध हमारे देश के लाखों व्यक्तियों से है। वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री के बार-बार आश्वासन देने के बावजूद कि वे आश्वयक वस्तुओं के मूल्यों में बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण एवं रोक लगाएंगे, आज मुद्रास्फीति दहाई के ऑकड़े पर पहुंच गयी है। इस दौरान अधिकांश आवश्यक वस्तुओं जैसे दालों, खाद्य तेलों, सब्जियां, चावल, गेहूं इत्यादि सभी मूल्यों में बढ़ोत्तरी हुई है। केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। सरकार ने काली सेम में सट्टेबाजी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने खाद्यान्नों में अन्तर्राज्जीय व्यापार की भी मंजूरी दी है। केन्द्र सरकार की नितियों को अधिकांश आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिला है। *...(व्यवधान)*

महोदया, 70 प्रतिशत लोगों, की आजीविका केवल 20 रुपये प्रतिदिन पर निर्भर है। महोदया, मैं इस ज्वलंत विषय पर चर्चा की मांग करता हूं, जिससे लाखों व्यक्तियों का संबंध है। स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि आज कुल जनसंख्या का एक चौथाई हिस्सा भूखे पेट सोने पर विवश है। सरकार इस विषय पर उदासीन है। यू.पी.ए.-II सरकार की गलत नीतियों और निष्क्रियता के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और मुद्रास्फीति दहाई के आंकड़े पर आ गई है। मैं यह मांग करता हूं कि सरकार कुछ ठोस कदम उठाये आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों की बढ़ोत्तरी की रोकथाम करे। ताकि बढ़ती महंगाई को नियंत्रित किया जा सके, और लोगों की आज़ीविका सुरक्षित की जा सके। *...(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: श्री शेख सैदुल हक, श्री बसुदेव आचार्य द्वारा उठाए गये मुद्दे से स्वयं को संबद्ध करना चाहते हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: श्री गुरुदास दासगुप्त।

श्री गुरुदास दासगुप्त (घाटल): महोदया, क्या मैं यहां से अपनी बात कह सकता हूं?

अध्यक्ष महोदया: जी हां।

...(व्यवधान)

श्री गुरुदास दासगुप्त: महोदया, मुद्दा यह है कि सरकार पूरी तरह विफल रही है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों और उदारीकरण की असफलता है यह सरकार के आर्थिक सुधारों की भी असफलता है। यह सरकार पूरी तरह से निष्प्रभावी हो रही है। यह अपने दल के सदस्यों पर भी नियंत्रण रखने में असमर्थ हैं। यह सरकार इस तरीके से कार्य कर रही है।

इस सरकार की अयोग्यता मूल्य वृद्धि में सामने आई है, और इसकी अपनी ही संसदीय दल के बैठक में और सभी जगह सामने आयी है।

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार कुछ और कह रहे हैं जबकि मंत्री कुछ और। यह अक्षम निषप्रभावी एवं असंवेदनशील सरकार पूरी तरह से विफल रही है। सरकार की निष्क्रियता अत्यधिक निंदनीय है।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि महंगाई के मुद्दे पर सरकार तुरंत एक सर्वदलीय बैठक बुलाए। सरसों के तेल का मूल्य 100 रुपये हो गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 10 अकों से ऊपरी चला गया है। एक बार फिर मैं यह कहना चाहूंगा कि सर्वदलीय बैठक होनी चाहिये दूसरे, केन्द्र सरकार को तुरंत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलानी चाहिये जिसमें बढ़ती महंगाई रोकने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किया जाना चाहिये।

हम इस बात को हमेशा उठाते रहेंगे जब तक सरकार इस संबंध में प्रभावी कदम नहीं उठाती। संसद के संकल्प को कार्यान्वयन नहीं किया गया है।

अत: यह एक अभूतपूर्व स्थिति है और हम चाहते हैं कि सरकार इस पर कार्यवाही करे और हमें यह बताए कि इस बारे में वह क्या कर रही है। *...(व्यवधान)*

श्री शिव कुमार उदासी (हावेरी): मैं मूल्यों में वृद्धि के मुद्दे पर श्री गुरुदास गुप्त द्वारा कही गयी बातों से स्वयं को संबद्ध करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया: सभा अपराह्न 2 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 12.18 बजे

तत्पश्चात लोकसभा अपराह्न 2 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अपराह्न 2.00 बजे

लोक सभा अपराह्न 2.00 बजे पुन: समवेत् हुई।

(श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना *पीठासीन हुए)*

...(व्यवधान)

अपराह्न 2.0¼ बजे

इस समय, श्री पोन्नम प्रभाकर, श्री मधुगौड, यास्की, और कुछ माननीय सदस्य आगे आकर सभापटल के निकट फर्श पर खड़े हो गये।

...(व्यवधान)

अपराह्न 2.0½ बजे

नियम 377 के अधीन मामले*

[अनुवाद]

सभापति महोदय: माननीय सदस्यगण नियम 377 के तहत मामले सभा पटल पर रख दें वे सदस्य जिन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे व्यक्तिगत रूप से 20 मिनट के अंदर सभा पटल पर मेज पर पर्चियां रख दें। केवल वही मामले सभा पटल पर रखे हुए समझे जाएंगे जिनके बारे में पर्चियां निर्धारित समय में सभापटल पर प्राप्त हैं हुई है बाकी मामले व्यपगत समझे जायेंगे।

[अनुवाद]

(एक) सैफ्टी माचिस ओर मैच स्किलेट्स को फोकस उत्पाद स्कीम से विशेष फोकस उत्पादन स्कीम में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता

श्री मानिक टैगोर (विरुद्धनगर): सेफ्टी माचिशे लघु और उद्यम क्षेत्र में बनायी जाती हैं जिसके लिए न्यूनतम पूंजी की आवश्यकता होती है, पर ये ज्यादा संख्या में मजदूरों को नौकरी देते हैं। ये उद्योग ज्यादातर दक्षिण तमिलनाडु के सूखा प्रवण जिलों में स्थित हैं और ये 50000 कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रोजगार मुहैया कराते हैं जिसमें ज्यादातर अकुशल महिलाएं होती हैं।

सेफ्टी माचिश (टैरिफ नं. 36050010) और मैच स्किलेट्स (टैरिफ नं. 36050090) वर्तमान में अफ्रीकी, लेटिन अमरीकी और दूसरे देशों में निर्यात किए जा रहे हैं जहां उन्हें चीन, इन्डोनेशिया, पाकिस्तान और अन्य देशों से कड़ी प्रतिर्स्पधा का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान में सेफ्टी माचिश को 'फोकस प्रोडक्ट स्कीम' के तहत रखा गया है जिसमें 2% लाभ प्राप्त होता है। सेफ्टी माचिश और मैच स्किलेट्स को बनाने में ज्यादा श्रम मूल्य लगता है। इसलिए मैं केन्द्र एवं वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से निवेदन करता हूं कि सेफ्टी माचिश और मैच स्किलेट्स को 'स्पेशल फोकस प्रोटक्ट स्कीम' में शामिल करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं। इससे इस बड़े श्रम प्रदाता उद्योग को प्रतिस्पर्धा प्रदान होगी और निर्यात के बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

(दो) देश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के व्यक्तियों के विरुद्ध अत्याचार को रोकने के लिए कानून का प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): मैं आपका आभारी हूं कि मुझे आपने एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 तथा संविधान में की गयी विशेष व्यवस्थाओं के बावजूद इस वर्ग के विरुद्ध अत्याचार की घटनाएं घटित हो रही हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 के तहत वर्ष 1995 में बनाए गए नियम के अनुसार पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास की व्यवस्था भी की गयी है, लेकिन अपराधों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो अत्यंत गंभीर विषय है। आज देखने में आता है कि पुलिस थानों में रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती और यदि किसी दबाव में रिपोर्ट दर्ज भी कर ली जाती है तो पुलिस किसी न किसी दबाव में अपराधियों को ही संरक्षण देती नजर आती है। यदि सब कुछ इसी तरह चलता रहेगा तो पीड़ित परिवारों को न्याय कैसे मिलेगा और बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ कार्यवाही किस प्रकार सुनिश्चित की जा सकती है। 90 प्रतिशत से भी

*सभा पटल पर रखे माने गये।

अधिक बलात्कार की शिकार अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाएं हो रही हैं। इससे ऐसा साफ प्रतीत होता है कि या तो वर्तमान कानून में कोई कमी है या इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है, जिसकी समीक्षा की जानी अति आवश्यक है।

मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए बनाए गए कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा उक्त कानून की समीक्षा की जाए और यदि आवश्यक हो तो इसमें संशोधन भी किया जाए।

(तीन) उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से होते हुए आनंद नगर और घुघुली के बीच नई रेल लाइन का निर्माण करने के लिए निधियां प्रदान किए जाने की आवश्यकता

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उत्तर प्रदेश): पूर्वोत्तर रेलवे में आनंदनगर-घुघुली बरास्ता महाराजगंज नई रेल लाइन निर्माण हेतु योजना आयोग ने मार्च 2012 में सैद्धांतिक रूप से अपनी सहमति इस शर्त के साथ दी है कि प्रदेश सरकार इस परियोजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही निर्माण व्यय का 50 फीसदी भार वहन करें।

संबंधित रेल लाइन का निर्माण क्षेत्र के पिछड़ेपन को समाप्त कर विकास को गति देगा सामरिक महत्व की दृष्टि से नेपाल की सीमा से सटे जनपद महाराजगंज के मुख्यालय को रेल मार्ग से जोड़ेगा एवं बिहार के मुजफ्फरपुर से गोण्डा के मध्य वैकल्पिक रेल मार्ग का भी कार्य करेगा।

विगत लगभग 15 वर्षों में संपूर्ण देश में नई रेल लाइन पर हुए लगभग 20 हजार करोड़ रुपये व्यय के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में मात्र 2.4 प्रतिशत एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिर्फ 0.6 प्रतिशत का व्यय किया गया है। यह स्थिति उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन को और भी अधिक बढ़ाती है।

क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने का दायित्व केन्द्रीय सरकार का है। उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े राज्य से नई रेल लाइन निर्माण हेतु धन की अपेक्षा करना न्यायसंगत नहीं है।

ऐसी दशा में मेरी मांग है कि योजना आयोग की सैद्धांतिक सहमति के पश्चात् उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े प्रदेश में नई रेल लाइन निर्माण हेतु परियोजनाओं के लिए प्रदेश से अपेक्षित धनराशि को विशेष पैकेज के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाए। प्रदेश के पिछड़ेपन को समाप्त कर विकास के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए व्यापक जनहित में केन्द्र सरकार द्वारा यह कदम तत्काल उठाया जाना आवश्यक है।

(चार) लक्षद्वीप की इंडिया रिजर्व बटालियन को लक्षद्वीप स्टेट आर्म्ड फोर्स के रूप में परिवर्तित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को क्रियान्वित किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री हमदुल्लाह सईद (लक्षद्वीप): मैं आपका ध्यान इस तथ्य की ओर करना चाहूंगा कि इंडिया रिजर्व बटालियन के कार्मिकों को लक्षद्वीप से दमन और दीव, एवं दादर नगर हवेली स्थानान्तरण करने के कारण उन्हें आर्थिक असमानता, बच्चों के शिक्षा माध्यम में परिवर्तन एवं दयनीय पारिवारिक जीवन जैसी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

द्वीप के आई.आर.बी.एन. में कार्य करने वाले लोग जब लक्षद्वीप में पद स्थापित किये जाते हैं तो उन्हें ज्यादा वेतन मिलता है और उन्हें अनुसूचित जनजाति होने का भी फायदा मिलता है जो उन्हें लक्षद्वीप के बाहर पदस्थापित होने से प्राप्त नहीं हो पाता है। लक्षद्वीप के लोग सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं। सरकारी नौकरी उनकी आजीविका का बड़ा श्रोत है। लक्षद्वीप से दूसरी जगह स्थानान्तरण होने से उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। आई.आर.बी.एन. में कार्य कर रहे लोगों की सहायता हेतु माननीय गृह मंत्री, आई.आर.बी.एन. को लक्षद्वीप स्टेट आर्मड फोर्स के परिवर्तन के सुझाव पर सहमत हुए थे जिससे द्वीपवासी केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में रह सकें।

अत: मैं सरकार से विनम्र निवेदन करता हूं कि इस 'कार्य परिवर्तन' मामले में तेजी लाई जाए और तब तक उन्हें लक्षद्वीप से दमन एवं दीव और दादर नगर हवेली स्थानान्तरित किया जाए।

(पांच) केरल को मिट्टी के तेल का मासिक कोटा बहाल किए जाने की आवश्यकता।

श्री कोडिकुन्नील सुरेश (मावेलीकारा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा जिससे केरल के गरीबी रेखा से नीचे के लोगों पर तथा मछुआरों पर प्रतिकूल रूप से प्रभाव पड़ा है।

केरल में राशन दुकान से मिलने वाला मिट्टी तेल बंद हो गया है। डिपो को निर्देश दिया गया है कि सरकार के अगले निर्देश तक वे केरोसिन का स्टॉक करें। इस संकट का करण

केन्द्र सरकार द्वारा केरल सरकार को केरोसिन दिये जाने वाले हिस्से में कटौती है। पिछले दस सालों में ऐसा दूसरी बरी हुआ है कि केन्द्र ने राज्य को दिये जाने वाले केरोसीन का हिस्सा कम कर दिया है। केन्द्र सरकार से केरल को 15,960 किलोलीटर केरोसिन मिल रहा था, जो अब 10,016 किलोलीटर तक कम हो चुका है। इस प्रस्ताव ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों, मछुआरों एवं अंत्योदय अन्न, योजना में शामिल किये गए लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है जो केरोसिन पर खाना बनाने, घरों में रोशनी करने और मछली पकड़ने वाली नाव चलाने के लिए निर्भर थे।

अत: मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करुंगा कि वह अपने इस निर्णय पर पुर्नविचार करे एवं केरल के मासिक हिस्सेदारी को गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों और मछुआरों को ध्यान में रखकर यथाशीघ्र बहाल करे।

(छह) राजस्थान के जालोर और सिरोही जिलों में पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): खेलकूद किसी भी देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह शिक्षा और मानव व्यक्तित्व विकास का भी एक घटक है। खेलकूद को जनजीवन में लोकप्रिय बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में खेलकूद की मूल सुविधाओं की जरूरत होती है। अपने देश में आबादी का करीब 75 प्रतिशत हिस्सा आमतौर पर ग्रामीण इलाकों में रहता है और वह खेलकूद की बुनियादी सुविधा से वंचित है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जालौर और सिरोही जिले अत्यंत ही पिछड़े जिले हैं। जिले में खेलकूद के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। बुनियादी सुविधाओं का पर्याप्त न होना और सामुदायिक कोचिंग सुविधाओं का अभाव। जिले भर में लड़के लड़कियों में खेल भावना को विकसित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान और स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।

जालौर जिले में दो साल से पायका योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता नहीं हो रही है तथा बीते साल पायका की सभी प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई।

जालौर और सिरोही जिले में पायका योजना के अंतर्गत नियमित पंचायत/ब्लॉक व जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

(सात) बिहार के नवादा जिले के रजौली में परमाणवीय विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता

डॉ. भोला सिंह (नवादा): भारत सरकार ने तीन वर्ष पूर्व बिहार राज्य के नवादा जिले के अंतर्गत रजौली में आणविक विद्युत परियोजना लगाने की घोषणा की थी। इस संदर्भ में स्थान की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भी भेजी गई। उस टीम ने सारी बातों पर सहमति जताते हुए पानी की उपलब्धता पर एक प्रश्नचिन्ह लगाया था। उसके संदर्भ में बिहार सरकार ने संबंधित मंत्रालय को सूचित किया कि इसके लिए फुलवरिया डैम से आधा पानी और धनंजय नदी पर डैम बनाकर पानी की आपूर्ति कर दी जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने भी समय-समय पर माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया है पर अभी तक कोई ठोस कदम उठाने के संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। यहां यह बताना उचित होगा कि बिहार राज्य के विद्युत थर्मल पावर स्टेशन बरौनी एवं कांटी वर्षों से ठप्प पड़ा है। यहां बिहार सरकार के घोर प्रयास करने के बाद नाममात्र का विद्युत उत्पादन हो पाता है। इसलिए रजौली आणविक विद्युत परियोजना बिहार के लिए प्राणवायु की तरह है। यदि केन्द्र ने इस संबंध में सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो यह बिहार के लिए त्रासदी होगी।

अत: अविलंब केन्द्र सरकार बिहार सरकार के आश्वासन के आलोक में आणविक विद्युत परियोजना को स्वीकृति देकर उसके कार्यान्वयन की दिशा में ठोस कार्यवाही करे। इस ओर मैं सरकार का ध्यान और विशेषकर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट करता हूं।

(आठ) गुजरात में सामुद्रिक विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद पूर्व): मैं आपके समक्ष यह बात लाना चाहता हूं कि गुजरात राज्य की तट रेखा सबसे लंबी है जो 1600 कि.मी. की है। यहां एक प्रमुख पत्तन (कांडला पत्तन न्यास) और 41 लघु पत्तन हैं। कांडला सहित गुजरात की सभी बंदरगाहें भारत के कुल कारगो का 31% संचालन करती है; और गुजरात मैरिटाइम बोर्ड पोर्ट ट्रस्ट भारत के सभी

लघुपत्तन का 80% का संचालन करती है। गुजरात के बंदरगाहों पर सालाना लगभग 7000 जहाज आते हैं। इसलिए यहां श्रम शक्ति की आवश्यकता काफी अधिक है। अत: इस क्षेत्र में आवश्यक समुद्री श्रमशक्ति लगाने हेतु गुजरात प्रदेश ने केन्द्र सरकार से यहां सामुद्रिक विश्वविद्यालय बनाने की मांग की है। सामुद्रिक विश्वविद्यालय बनाने का उद्देश्य उन स्नातक और स्नाकोत्तर विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना है जो सामुद्रिक क्षेत्र में काम करना चाहते है। यह विश्वविद्यालय बंदरगाह प्रबंधन, सामुद्रिक अभिनियंत्रिकी, सामुद्रिक माप विज्ञान, जहाज निर्माण इत्यादि पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत करेगा। भारत सरकार ने दो विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की है जिसमें से एक पूर्वी तट पर और दूसरा पश्चिमी तट पर होगा, और यह भी बताया गया है कि सामुद्रिक विश्वविद्यालय बनाने की कांडला पत्तन न्यास को दी गयी है। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया है कि गुजरात मैरिटाईम बोर्ड एक सामुद्रिक संख्या बना सकता है जिसकी शाखा स्वीकृति सामुद्रिक विश्वविद्यालय से मिल सकती है।

(नौ) उत्तर प्रदेश के हरदोई से लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, शाहाबाद और संदीला तक मेमु ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई): देश में रेलवे का जो नेटवर्क है उसका दूसरा कोई विकल्प नहीं हो सकता। मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई में रेलवे के विभिन्न कार्यों के लिए जनता की लंबे समय से मांग रही है। जन समस्याओं से जुड़ी बात अनेक माध्यमों से जनप्रतिनिधि रेलवे के पास पहुंचाते रहे हैं पर जायज मांगों पर भी रेलवे की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है।

हरदोई से लखनऊ-बरेली-शाहजहांपुर-शाहाबाद-संडीला के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा लोकल ट्रेन चलाने की भारी मांग को देखते हुए वर्ष 2007 में रेल बजट में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा घोषणा की गई थी और इसके लिए कुछ रेलवे ट्रैकों को चिन्हित कर विभिन्न कार्य भी पूर्ण कराए गए थे पर खेद की बात है कि आज तक किसी मेमो ट्रेन का संचालन प्रारंभ नहीं हुआ है। इसके कारण स्थानीय जनता में रेलवे के प्रति असंतोष है। वे जानना चाहते है कि आखिरकार रेलवे अपनी घोषणाओं के अनुरूप कार्य क्यों नहीं करता।

मैं मांग करती हूं कि स्थानीय जनता के जायज मांगों के अनुरूप मंत्रालय अविलंब हरदोई जनपद से मेमों ट्रेनों का संचालन प्रारंभ करने की व्यवस्था करे।

(दस) उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत तथा उत्तर प्रदेश के देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बरहज और मऊ के बीच घाघरा नदी पर एक पुल निर्माण कराने के लिए निधियां आबंटित किए जाने की आवश्यकता

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): देश के कई इलाके बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पिछड़ेपन के शिकार हैं। देश के पिछड़ेपन को दूर करने हेतु कई योजनाएं चल रही हैं परंतु पिछड़ेपन को दूर करने हेतु बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश द्वारा जितने धन की मांग की जाती है उसका दो-तिहाई भी उसे नहीं दिया जाता। केन्द्रीय सड़क निधि में उपकर के माध्यम से उत्तर प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल बेचकर केन्द्र सरकार पैसा ले रही है परंतु सड़कों के विकास के लिए उत्तर प्रदेश को धन नहीं दे रही। उत्तर प्रदेश में 43 राष्ट्रीय राजमार्ग है जिनकी लंबाई 6681 किलोमीटर है जिसमें से 3178 किलोमीटर का रखरखाव उत्तर प्रदेश सरकार के पास है। इन सड़कों को ठीक करने एवं नवीकरण की मांग को पूरा करने एवं मरम्मत कार्य करने के लिए केन्द्र सरकार धन नहीं दे रही है। वर्षा एवं बाढ़ से हुए सड़कों के नुकसान के लिए 43 करोड़ रुपये की धनराशि की मांग को केन्द्र सरकार ने अभी तक लंबित रखा हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया में पड़ने वाली घाघरा नदी पर एक पुल बनाने की मांग कई दशकों से की जा रही है। यह पुल बरहज के परिसिया दिकर से मउ को जोड़ने का काम करेगा जिससे बनारस की ओर जाने वाले वाहनों को कई किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी इससे पेट्रोल एवं डीजल की खपत को कम किया जा सकता है। इससे इस पुल के आसपास के गांवों को विकास के अवसर मिलेंगे जो बुरी तरह पिछड़े क्षेत्र हैं।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राज्यों के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के कार्यो में वह अपना योगदान दे क्योंकि देश के पिछड़े क्षेत्र के विकास से ही देश का विकास हो सकता है एवं मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित घाघरा नदी पर बरहज से मउ को जोड़ने के लिए पुल के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान करें।

(ग्यारह) बिहार के हाजीपुर से सूचना प्रणाली केन्द्र को कोलकाता ले जाने संबंधी प्रस्तावित कदम की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता।

प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र): मैं रेल मंत्री जी का ध्यान रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र हाजीपुर, पूर्व-मध्य रेलवे को

कोलकाता में स्थानांतरित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की ओर दिलाना चाहता हूं।

यहां नया डाटा सर्वर लगाने की योजना थी एवं उसके अनुसार पूर्व-मध्य रेलवे सारी आधारभूत संरचनाओं में काफी निवेश कर चुका है।

इस केन्द्र के कोलकाता स्थानांतरित होने पर जो सुविधाएं पूर्व-मध्य रेलवे, हाजीपुर को मिली थी, उसमें काफी कमी आ जाएगी और कोलकाता पर निर्भरता बढ़ जाएगी। पूर्व-मध्य रेलवे से भारी संख्या में यात्रियों द्वारा अनारक्षित टिकट प्रणाली टिकटों को उपयोग में लाया जाता है। अत: इससे यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि छोटी से छोटी त्रुटियों का समाधान करने के लिए कोलकाता पर निर्भर रहना होगा।

पटना जोकि स्वयं एक मेट्रो शहर का दर्जा पाने की ओर अग्रसर है, यहां पर सूचना आधारित केन्द्रों का रहना अनिवार्य है।

वर्तमान रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र कोलकाता को पटना से हटाने का निर्णय जनसुविधाओं के अनुकूल नहीं है।

अत: इस निर्णय को स्थगित कर कार्यालय को बनाए रखा जाए।

(बारह) तमिलनाडु के धर्मपुरी स्थित केन्द्रीय विद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों को भरे जाने तथा साथ ही इस विद्यालय का उच्चतर-माध्यमिक स्तर के विद्यालय के रूप में उन्नयन किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री आर. थामराईसेलवन (धर्मापुरी): मेरे संसदीय क्षेत्र के कुप्पूर गांव में काफी पहले वर्ष 2007 में एक केन्द्रीय विद्यालय खोला गया था जिसे 10वीं कक्षा तक स्तरोन्नत किया गया है। वर्तमान में इस विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या 450 है। मेरे संसदीय क्षेत्र के इस एकमात्र केन्द्रीय विद्यालय के लिए शिक्षकों के संस्वीकृत पदों की कुल संख्या 27 है, परन्तु आज की तारीख में वहां केवल 13 शिक्षक कार्यरत हैं और शिक्षकों के शेष पद काफी लम्बे समय से खाली पड़े हुए है। इस विद्यालय में छात्र-शिक्षक अनुपात 1:36 है जो केन्द्रीय विद्यालयों को देखते हुए काफी कम है। केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षा की गुणवत्ता का ह्रास हुआ है और छात्रों के अध्ययन में रुकावट आयी है और उनका शैक्षिक भविष्य खतरे में है। इसके अतिरिक्त इस विद्यालय को 12वीं कक्षा तक स्तरोन्नत किए जाने की मांग की है क्योंकि इस विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को उच्चतर कक्षाओं में प्रवेश पाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और इन छात्रों को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रवेश पाना काफी कठिन हो जाता है। अत: मैं मंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि वह केन्द्रीय विद्यालय धर्मापुरी शिक्षकों के रिक्त पद शीघ्र भरने के साथ-साथ इस विद्यालय को 12वीं कक्षा तक स्तरोन्नत करने के लिए शीघ्र कदम उठाने हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन को शीघ्र निर्देश दें।

(तेरह) केरल में श्री नारायण गुरू द्वारा स्थापित मठ में 'शारदा प्रतिष्ठा' की शताब्दी मनाने के उपलक्ष्य में सिक्का जारी किए जाने की आवश्यकता

श्री ए. सम्पत (अटिंगल): श्री नारायण गुरु भारत के एक प्रसिद्ध समाज सुधारक हैं जिन्होंने केरल के लगभग सभी क्षेत्रों को अंधकार युग से लेकर सुधार और आधुनिक युक में परिवर्तित कर दिया है। वर्तमान अटिंगल लोक सभा संसदीय क्षेत्र के वर्काला शिवगिरि में उनका समाधि स्थल हैं और उनके द्वारा स्थापित **शिवगिरि मठ में "शारदा प्रतिष्ठा"** (1 मई, 1912) हैं जिसे शिक्षा, ज्ञान और मुक्ति की देवी माना जाता है। वर्काला शिवगिरि में वर्ष 1925 (13 मार्च) में महात्मा गांधी और श्री नारायण गुरु के बीच एक ऐतिहासिक बैठक हुई थी। हमारे महान राष्ट्रकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भी 22 नवम्बर, 1922 को सारदा मन्दिर के दर्शन किए थे और गुरू के साथ की गई चर्चा से वह बहुत प्रभावित हुए थे।

यह वर्ष, 2012 श्री नारायण गुरू द्वारा स्थापित ऐतिहासिक 'शारदा प्रतिष्ठा' का शताब्दी वर्ष है और राष्ट्र द्वारा सामाजिक न्याय और सामाजिक सुधार के इस प्रतीक को आदर प्रदान करने का यह उपयुक्त समय है। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों ने विभिन्न अवसरों पर इस स्थान का दौरा किया है।

अत: मैं भारत सरकार से 'शारदा प्रतिष्ठा' की शताब्दी की स्मृति में 5 रु. के मूल्य का सिक्का जारी करने का आग्रह करता हूं।

(चौदह) ओडिशा राज्य सरकार को राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों विशेषकर भद्रक और चंडीखोले के बीच के राजमार्गों की मरम्मत कराने के लिए निधियां मुहैया कराए जाने की आवश्यकता

श्री अर्जुन चरण सेठी (भद्रक): इस वर्ष लगातार वर्षा के कारण ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत बहुत

खराब हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राज्य लोक निर्माण विभाग के पास निधि रखनी चाहिए ताकि नियमित मरम्मत की जा सके और नियमित आधार पर रख-रखाव किया जा सके। भद्रुक और चांडीखोल के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 5 की हालत विशेषकर बहुत खराब है। अत: इसकी मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए अपेक्षित निधि शीघ्र उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

(पंद्रह) कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के तहत वृद्ध पेंशन-भोगियों को दी जा रही पेंशन में संशोधन किये जाने की आवश्यकता

श्री जोस के. मणि (कोट्टयम): मैं 1971 और 1995 की परिवार पेंशन और पेंशन स्कीमों के अंतर्गत शामिल सेवानिवृत्त कर्मचारियों की दयनीय हालत के बारे में बताना चाहता हूं जिन्हें वर्तमान में 300 से 2000 रु. प्रतिमाह की मामूली राशि प्राप्त हो रही है। इन स्कीमों के लिए शुरूआत के समय यह राशि निर्धारित की गई थी और सरकार की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि इन स्कीमों के अंतर्गत दी जाने वाली राशियों में महंगाई दर और जीवन यापन की लागत में वृद्धि के अनुरूप हर तीन वर्ष के बाद संशोधन किया जाएगा।

तब से रुपये का कई बार अवमूल्यन हो चुका है और वर्तमान में दी जा रही मासिक राशि वृद्धावस्था में गरिमापूर्ण जीवन यापन के लिए बुनियादी जरूरतों - भोजन, कपड़ा, चिकित्सा सुविधा और आवास उपलब्ध कराने की लागत के एक हिस्से के बराबर भी नहीं है। कर्मचारी भविष्य निधि पेंशन प्राप्तकर्ता संघों से प्राप्त कई अभ्यावेदन अभी भी सरकार के पास लम्बित हैं जिनमें वर्तमान जीवन यापन सूचकांक के अनुसार इन स्कीमों के तहत पेंशन राशियों में संशोधन करने की मांग की गई है। मेरे विचार से सरकार की ओर से वृद्धावस्था पेंशन प्राप्तकर्ताओं की वैध मांगों को नकारने का कोई औचित्य नहीं है। इन व्यक्तियों को गरिमापूर्ण जीवन यापन करने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है क्योंकि आवश्यक वस्तुओं की लागतें। कीमतें इतनी बढ़ चुकी हैं कि वे उन्हें प्राप्त होने वाली मामूली पेंशन की क्षमता से काफी अधिक है। अत: मैं श्रम और रोजगार मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि वह वृद्धावस्था पेंशन प्राप्तकर्ताओं की काफी समय से लम्बित इस मांग का समाधान करें।

[अनुवाद]

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, कृपया अपना स्थान ग्रहण करें। आपने अपनी बात कह दी है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: कृपया अपने स्थान पर जाएं। सभा की कार्यवाही में विघ्न न डालें।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: कार्यवाही वृत्तात में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(व्यवधान)...*

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, कृपया अपने स्थान पर जाएं। आपको चेतावनी दे रहा हूं मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: मैं चेतावनी दे रहा हूं कि कार्रवाई की जाएगी। कृपया अपने स्थान पर जाएं।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, कृपया अपने स्थान पर जाएं। सभापति को कार्रवाई करने के लिए वाध्य न करें।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, मैं आखिरी बार आपको चेतावनी दे रहा हूं, कपया अपने स्थान पर जाएं।

...(व्यवधान)

अपराह्न 2.02 बजे

सभा के सेवा से सदस्यों के निलंबन के बारे में

[अनुवाद]

संसदीय कार्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि सदस्यगण सर्वश्री पोन्नम प्रभाकर, मधु गौड यास्खी, डॉ. मंदा जगन्नाथ, सर्वश्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी, के.आर.जी. रेड्डी, राजय्या सिरिसिल्ला, पी. बलराम नायक और डॉ. जी. विवेकानंद को आज के चार दिनों तक सभा की सेवा से निलम्बित किया जाता है।"

सभापति महोदय: प्रश्न यह है:

"कि सदस्यगण सर्व श्री पोन्नम प्रभाकर, मधु गौड यास्खी,

डॉ. मंदा जगन्नाथ, सर्वश्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी, के.आर.जी. रेड्डी, राजय्या सिरिसिल्ला, पी. बलराम नायक और डॉ. जी. विवेकानंद को आज के चार दिनों तक सभा की सेवा से निलम्बित किया जाता है।"

प्रस्ताव स्वीककृत हुआ।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: निलम्बन का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है। सर्वश्री श्री पोन्नम प्रभाकर, मधु गौड यास्खी, डॉ. मंदा जगन्नाथ, सर्वश्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी, के.आर.जी. रेड्डी, राजय्या सिरिसिल्ला, पी. बलराम नायक और डॉ. जी. विवेकानंद को आज के चार दिनों तक सभा की सेवा से निलम्बित किया जाता है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: माननीय सदस्य, अब कृपया सभा से बाहर चले जाएं। आप लोगों को सभा की सेवा से निलम्बित कर दिया गया है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय: सभा अपराह्न 2.30 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 2.04 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा अपराह्न 2.30 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अपराह्न 2.30 बजे

लोक सभा अपराह्न 2.30 बजे पुन: समवेत हुई।

(श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना *पीठासीन हुए)*

...(व्यवधान)

[अनुवाद]

सभापति महोदय: सभा कल पूर्वाह्न 11.00 बजे पुन:समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 2.30¼ बजे

तत्पश्चात् लोक सभा 25 अप्रैल, 2012/5 वैशाख, 1934 (शक) को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अनुबंध-I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	प्रश्न सं.
1	2	3
1.	श्री भरत राम मेघवाल	261
	श्री हरिभाऊ जावले	
2.	श्रीमती ज्योति धुर्वे	262
	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	
3.	श्री नवीन जिन्दल	263
4.	श्री अदगुरू एच. विश्वनाथ	264
	श्री प्रदीप माझी	
5.	श्री प्रताप सिंह बाजवा	265
	श्री राम सिंह कस्वां	
6.	डॉ. शशी थरूर	266
	श्री आनंदराव अडसुल	
7.	राजकुमारी रत्ना सिंह	267
	श्री हरीश चौधरी	
8.	श्री मंगनी लाल मंडल	268
	श्री संजय धोत्रे	
9.	श्री गणेश सिंह	269
10.	डॉ. संजीव गणेश नाईक	270
	श्रीमती सुप्रिया सुले	
11.	श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम	271
	श्री बैजयंत पांडा	
12.	श्री सी. राजेन्द्रन	272
	श्री टी.आर. बालू	
13.	श्री हंसराज गं. अहीर	273
14.	श्री राधे मोहन सिंह	274
	श्री ए.टी. नाना पाटील	
15.	श्री नीरज शेखर	275
16.	श्री राधा मोहन सिंह	276
	श्री भूदेव चौधरी	
17.	श्री अशोक तंवर	277
	श्री आर. थामराईसेलवन	
18.	श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी	278
19.	श्रीमती अश्वमेध देवी	279
20.	श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे	280

अतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री ए.के.एस. विजयन	3009, 3086, 3169, 3202
2.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी	3081, 3103, 3175, 3180
3.	श्री आनंदराव अडसुल	3072, 3180
4.	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	3040, 3070
5.	श्री राजेन्द्र अग्रवाल	3088
6.	श्री हंसराज गं. अहीर	3215
7.	श्री बदरूद्दीन अजमल	3140, 3168
8.	डॉ. रतन सिंह अजनाला	3104
9.	श्री नारायण सिंह अमलाबे	3126, 3187
10.	श्री अनंत कुमार हेगड़े	3093, 3122

1	2	3
11.	श्री सुरेश अंगड़ी	3042, 3089
12.	श्री घनश्याम अनुरागी	3061, 3175
13.	श्री जयवंत गंगाराम आवले	3144
14.	श्री गजानन ध. बाबर	3072, 3081, 3175, 3180
15.	श्रीमती हरसिमरत कौर बादल	3029
16.	श्री विजय बहुगुणा	3147
17.	श्री खिलाड़ी लाल बैरवा	3166, 3174
18.	श्री कामेश्वर बैठा	3013, 3072, 3158
19.	श्री प्रताप सिंह बाजवा	3164, 3205
20.	श्री अम्बिका बनर्जी	3067
21.	श्री कुंवरजीभाई मोहनभाई बावलिया	3125
22.	श्री सुदर्शन भगत	3152
23.	श्री ताराचन्द भगोरा	3070
24.	श्री संजय भोई	3072, 3113
25.	श्री समीर भुजबल	3188
26.	श्री कुलदीप बिश्नोई	3039
27.	श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी	3136
28.	श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला	3166
29.	श्री सी. शिवासामी	3000, 3108, 3168
30.	श्री सी.एम. चांग	3002, 3196
31.	श्री हरीश चौधरी	3169, 3206
32.	श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण	3081, 3179
33.	श्री हरिश्चंद्र चव्हाण	3006, 3101, 3200

1	2	3
34.	श्री एन.एस.वी. चित्तन	3086
35.	श्री भूदेव चौधरी	3077, 3086
36.	श्रीमती श्रुति चौधरी	3018, 3159, 3169
37.	श्री अधीर चौधरी	3128
38.	श्री भक्त चरण दास	3190
39.	श्री खगेन दास	3080, 3176
40.	श्री राम सुन्दर दास	3177, 3178
41.	श्री गुरुदास दासगुप्त	3091
42.	श्री रमेन डेका	3123
43.	श्रीमती रमा देवी	3114, 3118, 3206
44.	श्री संजय धोत्रे	3161, 3188
45.	श्री आर. ध्रुवनारायण	3015, 3072
46.	श्री निशिकांत दुबे	3148, 3166, 3188
47.	श्री निनोंग ईरींग	3065, 3133
48.	श्री एकनाथ महादेव गायकवाड	3089, 3171, 3182
49.	श्रीमती मेनका गांधी	3149, 3175
50.	श्री वरुण गांधी	3009, 3092, 3175
51.	श्री दिलीप कुमार मनसुखलाल गांधी	3135
52.	श्री माणिकराव होडल्या गावित	3046, 3168, 3175
53.	श्री अनंत गंगाराम गीते	3095
54.	श्री राजेन गोहैन	3007
55.	श्री एल. राजगोपाल	3047

1	2	3
56.	श्री शिवराम गौडा	3034
57.	श्री डी.वी. चन्द्रे गौडा	3081, 3083, 3168
58.	डॉ. सुचारू रंजन हल्दर	3092, 3181
59.	प्रो. शेख. सैदुल हक	3099, 3184
60.	श्री महेश्वर हजारी	3013, 3072, 3158, 3162, 3163
61.	श्री के. जयप्रकाश हेगड़े	3131, 3168
62.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन	3017, 3038, 3134, 3168, 3184
63.	श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	3012
64.	श्री बलीराम जाधव	3063, 3077
65.	डॉ. मन्दा जगन्नाथ	3167, 3177
66.	डॉ. संजय जायसवाल	3146
67.	श्री गोरख प्रसाद जायसवाल	3082, 3101, 3134
68.	श्री बद्रीराम जाखड़	3026
69.	श्री हरिभाऊ जावले	3194
70.	श्री नवीन जिन्दल	3154, 3195
71.	श्री कैलाश जोशी	3164, 3166
72.	श्री महेश जोशी	3060
73.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी	3093, 3185
74.	श्रीमती कैसर जहां	3166
75.	श्री सुरेश कलमाडी	3138
76.	श्री पी. करुणाकरन	3053, 3068, 3081

1	2	3
77.	श्री कपिल मुनि करवारिया	2996, 3177, 3178
78.	श्री राम सिंह कस्वां	3197
79.	श्री नलिन कुमार कटील	3023, 3164, 3214
80.	श्री काट्टी रमेश विश्वनाथ	3111
81.	श्री कौशलेन्द्र कुमार	3041
82.	श्री चंद्रकांत खैरे	3022, 3097
83.	डॉ. क्रुपारानी किल्ली	3126, 3128, 3165
84.	डॉ. किरोड़ी लाल मीणा	3179
85.	श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे	3072
86.	श्री विश्व मोहन कुमार	3053
87.	श्री पी. कुमार	3084, 3085, 3168
88.	श्री एन. पीताम्बर कुरुप	3010, 3203
89.	श्री यशवंत लागुरी	2998, 3082
90.	श्रीमती सुमित्रा महाजन	3142, 3190
91.	श्री सतपाल महाराज	3112, 3168
92.	श्री नरहरि महतो	3021, 3143
93.	श्री प्रदीप माझी	3087, 3121, 3175
94.	श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार	3001, 3157
95.	श्री मंगनी लाल मंडल	3161
96.	श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक	3089, 3171, 3182
97.	श्री जोस के. मणि	3003, 3054, 3077, 3171, 3184

1	2	3
98.	श्री हरि मांझी	3028, 3037, 3173
99.	श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोड	3167, 3177
100.	श्री दत्ता मेघे	3116
101.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	3027, 3160
102.	डॉ. थोकचोम मैन्या	3183
103.	श्री महाबल मिश्रा	3025
104.	श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र	3184
105.	श्री पिनाकी मिश्रा	3086
106.	श्री विलास मुत्तेमवार	3150, 3161
107.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	3080, 3086, 3110, 3188
108.	डॉ. संजीव गणेश नाईक	3166
109.	श्री नामा नागेश्वर राव	3089, 3130
110.	श्री इंदर सिंह नामधारी	3129
111.	श्री नारनभाई कछाड़िया	3024, 3165, 3181
112.	श्री असादूद्दीन ओवेसी	3004, 3170, 3198
113.	श्री पी.आर. नटराजन	3127
114.	श्री वैजयंत पांडा	3058, 3168
115.	श्री प्रबोध पांडा	3079
116.	श्री राकेश पाण्डेय	3160
117.	श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय	3066
118.	कुमारी सरोज पाण्डेय	3124
119.	श्री गोरखनाथ पाण्डेय	3115
120.	डॉ. विनय कुमार पाण्डेय	3092, 3181

1	2	3
121.	श्री आनंद प्रकाश परांजपे	3089, 3170, 3171, 3182
122.	श्री देवराज सिंह पटेल	3120, 3184
123.	श्री देवजी एम. पटेल	3044
124.	श्री आर.के. सिंह पटेल	3090
125.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल	3056
126.	श्री किसनभाई वी. पटेल	3087, 3121, 3175
127.	श्री हरिन पाठक	3166
128.	श्री संजय दिना पाटील	3005, 3166, 3199
129.	श्री एन.टी. नाना पाटील	3115, 3193
130.	श्रीमती भावना पाटील गवली	3152
131.	श्री सी.आर. पाटिल	3096
132.	श्री दानवे रावसाहेब पाटील	3105
133.	श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर	3089, 3171, 3182
134.	डॉ. पद्मसिंह बाजीराव पाटील	3063
135.	श्रीमती कमना देवी पटेल	2994
136.	श्री पोन्नम प्रभाकर	3031, 3217
137.	श्री अमरनाथ प्रधान	3049
138.	श्री नित्यानंद प्रधान	3058, 3168
139.	श्री प्रेमचन्द गुड्डू	3073, 3117
140.	श्री पन्ना लाल पुनिया	3076, 3097
141.	श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ	3034
142.	श्री एम.के. राघवन	3119
143.	श्री बी.वाई. राघवेन्द्र	3023

1	2	3
144.	श्री अब्दुल रहमान	3083, 3169, 3171
145.	श्री प्रेम दास राय	3087
146.	श्री रमाशंकर राजभर	3078, 3175
147.	श्री एम.बी. राजेश	3074, 3086
148.	श्री पूर्णमासी राम	3072, 3141
149.	श्री रामकिशुन	3016, 3209
150.	श्री राजेन्द्रसिंह राणा	3165
151.	श्री निलेश नारायण राणे	2997, 3105
152.	श्री रायापति सांबासिवा राव	3018, 3063
153.	श्री जे.एम. आरुन रशीद	3106
154.	श्री रामसिंह राठवा	3048, 3080, 3165
155.	डॉ. रत्ना डे	3020, 3212
156.	श्री अशोक कुमार रावत	3014, 3208
157.	श्री अर्जुन राय	3093, 3185
158.	श्री रुद्रमाधव राय	2992, 2993
159.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	3030, 3179, 3183, 3216
160.	श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी	3032, 3218
161.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी	3047, 3050
162.	श्री नृपेन्द्र नाथ राय	3143
163.	श्री एस. अलागिरी	3118, 3139
164.	श्री एस. सेम्मलई	3055
165.	श्री एस. पक्कीरप्पा	3011, 3081, 3204
166.	श्री एस.आर. जेयदुरई	3094, 3100

1	2	3
167.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	3035, 3088, 3168, 3220
168.	डॉ. अनूप कुमार साहा	3175
169.	श्री ए. सम्पत	3074
170.	श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना	3062
171.	श्रीमती सुशीला सरोज	3013, 3072, 3158, 3162, 3163
172.	श्री तूफानी सरोज	3097
173.	श्री हमदुल्लाह सईद	3081
174.	श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया	3151, 3188
175.	श्री एम.आई. शानवास	3154
176.	श्रीमती जे. शांता	3017, 3187, 3210
177.	श्री शरीफुद्दीन शारिक	3071
178.	श्री जगदीश शर्मा	3161
179.	श्री नीरज शेखर	3053, 3059, 3168, 3169
180.	श्री गोपाल सिंह शेखावत	3137
181.	श्री सुरेश कुमार शेटकर	3019, 3167, 3211
182.	श्री एंटो एंटोनी	3081
183.	श्री जी.एम. सिद्देश्वर	2991, 3171, 3192
184.	डॉ. भोला सिंह	3054, 3084
185.	श्री भूपेन्द्र सिंह	3045, 3161
186.	श्री गणेश सिंह	3148, 3165
187.	श्री इज्यराज सिंह	3101, 3169, 3186

1	2	3
188.	श्री जगदानंद सिंह	3126
189.	श्री के.सी. सिंह 'बाबा'	3036, 3164, 3172
190.	श्रीमती मीना सिंह	3119, 3155
191.	श्री पशुपति नाथ सिंह	3153
192.	श्री प्रदीप कुमार सिंह	3057, 3155
193.	श्री राधा मोहन सिंह	3037, 3171, 3173
194.	डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह	3126, 3132
195.	श्री रोकेश सिंह	3168
196.	श्री रतन सिंह	3189
197.	श्री सुशील कुमार सिंह	3087, 3166
198.	श्री यशवीर सिंह	3059, 3168, 3169, 3170
199.	चौधरी लाल सिंह	3109
200.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	3122, 3145, 3176
201.	डॉ. संजय सिंह	3139, 3186
202.	श्री राजय्या सिरिसिल्ला	2992, 3159, 3207
203.	डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी	3052
204.	श्री ई.जी. सुगावनम	3008, 3175, 3201
205.	श्री के. सुगुमार	3168, 3179, 3184
206.	श्रीमती सुप्रिया सुले	3166
207.	श्री कोडिकुन्नील सुरेश	3081, 3094, 3184

1	2	3
208.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	2995, 3074, 3191
209.	श्री मानिक टैगोर	3075
210.	श्रीमती अन्नू टन्डन	3107
211.	श्री अशोक तंवर	3065, 3188, 3219
212.	श्री मनीष तिवारी	3051
213.	डॉ. एम. तम्बिदुरई	3088
214.	डॉ. शशी थरूर	3164
215.	श्री पी.टी. थॉमस	3096, 3156, 3219
216.	श्री मनोहर तिरकी	3001, 3157
217.	श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी	3043
218.	श्री नरेन्द्र सिंह तोमर	3166
219.	श्री जोसेफ टोप्पो	3065
220.	श्री लक्ष्मण टुडु	2998, 3213
221.	श्रीमती सीमा उपाध्याय	3013, 3072, 3158, 3162, 3163
222.	श्री हर्ष वर्धन	3093, 3145
223.	श्री मनसुखभाई डी. वसावा	3114, 3189
224.	डॉ. पी. वेणुगोपाल	3108
225.	श्री सज्जन वर्मा	3110
226.	श्रीमती ऊषा वर्मा	3013, 3072, 3158, 3162, 3163
227.	श्री वीरेन्द्र कुमार	3117

1	2	3
228.	श्री पी. विश्वनाथन	2999
229.	श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे	3072, 3102
230.	श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े	3077, 3126, 3174
231.	श्री अंजनकुमार एम. यादव	3012, 3033, 3213
232.	श्री धर्मेन्द्र यादव	3072, 3081, 3084, 3175, 3180
233.	श्री दिनेश चन्द्र यादव	3176
234.	श्री ओम प्रकाश यादव	3173
235.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	3098

अनुबंध-II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

कृषि	:	264, 265, 268, 275
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण	:	261, 266, 271, 272
संस्कृति	:	279
उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास	:	278
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	:	262, 274
गृह	:	267, 269, 273, 277
आवास और शहरी गरीबी उपशमन	:	276, 280
सूचना और प्रसारण	:	270
शहरी विकास	:	
युवा कार्यक्रम और खेल	:	263

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

कृषि	:	2995, 3001, 3006, 3015, 3017, 3018, 3019, 3021, 3022, 3023, 3026, 3027, 3030, 3032, 3034, 3037, 3038, 3043, 3044, 3045, 3052, 3067, 3068, 3072, 3079, 3081, 3083, 3085, 3087, 3088, 3090, 3094, 3099, 3102, 3106, 3109, 3111, 3117, 3118, 3119, 3122, 3123, 3124, 3125, 3126, 3135, 3143, 3145, 3148, 3156, 3157, 3158, 3161, 3176, 3178, 3179, 3180, 3186, 3187, 3199, 3202, 3205, 3206, 3207, 3216, 3217
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण	:	3010, 3014, 3031, 3048, 3049, 3050, 3058, 3069, 3074, 3082, 3084, 3105, 3121, 3133, 3134, 3139, 3141, 3151, 3160, 3167, 3169, 3171, 3182, 3184, 3185, 3208
संस्कृति	:	2996, 2997, 3012, 3046, 3092, 3097, 3101, 3131, 3144, 3152, 3159, 3188, 3209, 3214, 3215
उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास	:	3002, 3065, 3140
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	:	3080, 3128, 3142, 3190
गृह	:	2992, 2993, 3003, 3004, 3011, 3016, 3020, 3024, 3028, 3029, 3039, 3042, 3051, 3053, 3054, 3055, 3056, 3057, 3059, 3064, 3066, 3070, 3071, 3078, 3091, 3096, 3100, 3104, 3112, 3114, 3129, 3132, 3153, 3155, 3162, 3163, 3168, 3170, 3173, 3175, 3177, 3189, 3193, 3194, 3195, 3196, 3201, 3211

आवास और शहरी गरीबी उपशमन	:	2994, 3061, 3073, 3107, 3130, 3150, 3200, 3212
सूचना और प्रसारण	:	2991, 3005, 3007, 3025, 3040, 3047, 3089, 3093, 3115, 3116, 3127, 3137, 3138, 3154, 3165, 3192, 3198, 3203, 3204, 3210, 3213, 3218, 3219
शहरी विकास	:	2998, 2999, 3013, 3033, 3041, 3060, 3062, 3063, 3076, 3077, 3086, 3095, 3098, 3103, 3113, 3136, 3147, 3166, 3174, 3191, 3197, 3220
युवा कार्यक्रम और खेल	:	3000, 3008, 3009, 3035, 3036, 3075, 3108, 3110, 3120, 3146, 3149, 3164, 3172, 3181, 3183.

इन्टरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

http://www.parliamentofindia.nic.in

लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का लोक सभा टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की सभा समाप्त होने तक होता है।

लोक सभा वाद-विवाद बिक्री के लिए उपलब्ध

लोक सभा वाद-विवाद के मूल संस्करण, हिन्दी संस्करण और अंग्रेजी संस्करण की प्रतियां तथा संसद के अन्य प्रकाशन, विक्रय फलक, संसद भवन, नई दिल्ली-110001 पर बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

पी.एल.एस. - 48/24/15/2012 (एन.)
230

4&D

© 2012 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (चौदहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और चौधरी मुद्रण केन्द्र, मौजपुर, दिल्ली-110053 द्वारा मुद्रित।